छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

SUNDAY

रायपुर, रविवार, 8 जून 2025

वर्ष - 67 | अंक - 53 | पृष्ठ - 12

मूल्य - 4.00 रु.

www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...

प्रेस पंजीयन- 06072/59

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

मड़ई
लोक संगीत सम्राट: खुमान साव — पृष्ठ 6

हमारी पूरी कोशिश एफआईएच प्रो लीग में खिताब जीतने की : फुल्टन
टेस्ट सीरीज के लिए यूके पहुंची भारतीय टीम, 'गिल एंड कंपनी' के हौसले बुलंद — पृष्ठ 8

देश विदेश
रूस के खिलाफ नए प्रतिबंधों पर निर्णय लेंगे : ट्रंप
एलन मस्क ने 'द अमेरिका पार्टी' बनाने का दिया संकेत
रूस का यूक्रेन पर अब तक का सबसे शक्तिशाली हमला — पृष्ठ 7

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी का भाजपा पर बड़ा आरोप**

# महाराष्ट्र मैच फिक्सिंग से जीता, अब बिहार की बारी

**नई दिल्ली**, 7 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि पिछला महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 'मैच फिक्स' करके जीता और अब बिहार में भी ऐसा ही किया जाएगा। श्री गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक अंग्रेजी दैनिक में छपे अपने लेख को पोस्ट करते हुए शनिवार को लिखा, चुनाव की चोरी का पूरा खेल। वर्ष 2024 का महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लोकतंत्र में धांधली का ब्लूप्रिंट था। अपने आर्टिकल में मैंने विस्तार से बताया है कि कैसे यह साजिश कदम-दर-कदम रची गई।

- कांग्रेस नेता ने कहा, टारगेट करके फर्जी वोटिंग कराई गई, फिर सबूतों को छिपाया, इससे लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर होती है
- राहुल ने सोशल मीडिया पर साझा किया अपना लेख

> 2024 का महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लोकतंत्र में धांधली का ब्लूप्रिंट था : राहुल गांधी, कांग्रेस नेता



उन्होंने आरोप लगाया कि पहले चुनाव आयोग की नियुक्ति करने वाले पैनल पर कब्जा किया गया फिर वोटर लिस्ट में फर्जी मतदाता जोड़े गए, फिर मतदान प्रतिशत बढ़ा-चढ़ा कर दिखाया गया और जहां भाजपा को जिताना था, वहां टारगेट करके फर्जी वोटिंग कराई गई और फिर सबूतों को छुपा दिया गया। श्री गांधी ने कहा कि यह समझना बिल्कुल मुश्किल नहीं है कि महाराष्ट्र में भाजपा इतनी बौखलाई हुई क्यों थी। लेकिन चुनाव में धांधली भी मैच फिक्सिंग जैसी होती है, जो पक्ष धोखाधड़ी करता है, वह भले ही जीत जाए लेकिन इससे लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर होती हैं और जनता का नतीजों से भरोसा उठ जाता है।

**मैच फिक्सिंग लोकतंत्र के लिए जहर**

राहुल ने कहा, हर जिम्मेदार नागरिक को सबूतों को खुद देखना चाहिए, सच्चाई समझनी चाहिए और जवाब मांगने चाहिए। क्योंकि महाराष्ट्र की यह 'मैच फिक्सिंग' अब बिहार में और उसके बाद अन्यंत्र जहां भाजपा हार रही होगी वहां दोहराई जाएगी। श्री गांधी ने कहा कि चुनाव में मैच फिक्सिंग लोकतंत्र के लिए जहर हैं।

**हार तय मान फिक्सिंग की कहानी गढ़ रहे : नड्डा**

भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने श्री गांधी के 'चुनाव में धांधली के लिए फिक्सिंग' (साठ-गांठ) वाले लेख पर टिप्पणी करते हुए कहा, राहुल गांधी का ताजा लेख झूठी कहानी गढ़ने का एक खाका है। श्री गांधी लगातार हार-के-बाद-हार से खिन्न और हताश हैं और यह लेख उनकी हताशा की देन है। बिहार में अपनी हार निश्चित लगने लगी है, इसलिए वह संस्थाओं को बदनाम करने में जुट गए हैं।

### मैच हारने के बाद रेफरी को दोष देना नई आदत : चुनाव आयोग

चुनाव आयोग की तरफ से राहुल गांधी के इस आरोप का एक बार पहले भी सिलसिलेवार तरीके से जवाब दिया जा चुका है। एक बार फिर चुनाव आयोग की तरफ से इसका जवाब दिया गया है। आयोग ने कहा कि मैच हारने के बाद रेफरी को दोष देना अब एक नई और बेतुकी आदत बन चुकी है।'

चुनाव आयोग ने यह भी साफ कर दिया कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी को उनके द्वारा किए गए सवालों का जवाब पहले ही 24 दिसंबर 2024 को दिया जा चुका है। इसके साथ ही चुनाव आयोग ने यह भी बताया कि उन्हें दिया गया जवाब चुनाव आयोग की वेबसाइट पर भी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है। चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के आरोप को पूरी तरह बेबुनियाद और कानून का अपमान बताया। चुनाव आयोग ने इसके साथ ही कहा कि इस तरह की भाषा लोकतंत्र के लिए जहर जैसी है। चुनाव आयोग को बदनाम करना, केवल एक संस्थान पर नहीं बल्कि देश के लोकतांत्रिक ढांचे पर हमला है।

# मंत्रालय में वर्षों से अटैच कर्मियों को हटाने की तैयारी!

**रायपुर**, 7 जून (देशबन्धु)। मंत्रालय में सामान्य प्रशासन विभाग की बिना जानकारी के अटैच अधिकारी-कर्मचारी हटाए जाएंगे। सामान्य विभाग ने विभागों से ऐसे अधिकारियों-कर्मचारियों की जानकारी मांगी है। इस संबंध में जीएडी के अंडर सेक्रेटरी ने सभी विभागों को पत्र लिखा है। बताया जाता है कि मंत्रालय के विभिन्न विभागों को मिलाकर 200 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी सामान्य प्रशासन विभाग की बिना जानकारी के अटैच हैं।



**जीएडी ने तीन दिन में मांगी रिपोर्ट**

बताया जाता है कि मंत्रालय में तीन-चार विभाग ऐसे हैं, जहां 10-10 साल से अटैचमेंट है। इसकी जानकारी सामान्य प्रशासन विभाग को भी नहीं है। विभाग के संज्ञान में आने के बाद ही सभी विभागों को पत्र लिखकर अटैचमेंट अधिकारियों की सूची तीन दिन के भीतर मांगी गई है। रिपोर्ट आने के बाद सामान्य प्रशासन विभाग कार्रवाई की जाएगी। जरूरत होने पर ही कुछ अधिकारियों को रखा जा सकता है। बाकी अधिकारियों को उनके मूल विभाग में भेजे जाएंगे।

**विभागों में बैठने की जगह कम पड़ रही**

मंत्रालय सूत्रों के अनुसार, विभागों में बड़ी संख्या में अधिकारियों के अटैचमेंट होने से अधिकारियों के बैठने की जगह कम पड़ने लगी है। इसकी जानकारी सामान्य प्रशासन विभाग तक पहुंची तो पता चला कि विभागों ने अधिकारियों को अटैच किया है, इसकी जानकारी सामान्य प्रशासन विभाग को नहीं दी है। वहीं, इस मामले को लेकर मंत्रालयीन कर्मचारी संघ भी सामान्य प्रशासन विभाग से इसकी शिकायत की थी। तब सामान्य प्रशासन विभाग एक्शन में आया।

## सार संक्षेप

### जग जाहिर है आरएसएस-भाजपा की दलित विरोधी सोच : जिग्नेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है पिछले दस साल से भारतीय जनता पार्टी-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (भाजपा आरएसएस) के लोगों ने कमजोर लोगों पर अत्याचार किया है, इसलिए संविधान मानने वाले लोग जानते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और उनके संगठन बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान में यक़ीन नहीं करते हैं। गुजरात विधानसभा में कांग्रेस के विधायक जिग्नेश मेवानी में शनिवार को यहां पार्टी के नए मुख्यालय इंदिरा भवन में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इसी सोच के कारण पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली की सड़कों पर संविधान की कॉपी को जलाई गई, रोहित वेमुला को आत्महत्या के लिए मजबूर किया किया गया।

### टी रवि शंकर 16वें वित्त आयोग के अंशकालिक सदस्य नियुक्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर टी. रवि शंकर को 16वें वित्त आयोग का अंशकालिक सदस्य नियुक्त किया है। वह कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से लेकर आयोग की रिपोर्ट प्रस्तुत होने तक या 31 अक्टूबर, 2025 तक, जो भी पहले हो, पद पर बने रहेंगे। इनकी नियुक्ति पूर्णकालिक सदस्यों में से एक श्री अजय नारायण झा के व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा देने के परिणामस्वरूप हुई है।

### मैग्नस ने जीता नॉर्वे शतरंज का सातवां खिताब



**स्टवान्गर, (नॉर्वे)।** नॉर्वे के ग्रैंडमास्टर मैग्नस कार्लसन ने नॉर्वे शतरंज का सातवां खिताब जीत लिया है। वहीं अन्ना मुजीचुक ने महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट नॉर्वे शतरंज 2025 के राउंड 10 अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना से हारने के बाद डी गुकेश 14.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। गुकेश की हार का मैग्नस कार्लसन को फायदा हुआ। उन्होंने 10वें राउंड में भारत के ही अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ मुख्य बाजी ड्रॉ कराकर 16 अंकों के साथ खिताब अपने नाम किया।

### रायपुर सहित देशभर के ईदगाह में लाखों लोगों ने अदा की ईद-उल-अजहा की नमाज

**रायपुर**, 7 जून (देशबन्धु)। देशभर में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार भाईचारे के साथ मनाया गया। मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया, जहां लाखों लोग एकजुट होकर मुल्क की सलामती और अमन-चैन की दुआएं मांगी। वहीं राजधानी में भी बकरीद पर मस्जिदों और ईदगाह में नमाज अदा की गई। नमाज़ के बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।



### कटरा-श्रीनगर वंदे भारत आम लोगों के लिए शुरू

**जम्मू**, 7 जून (देशबन्धु)। कश्मीर को देश के बाकी हिस्से से जोड़ने वाली पहली ट्रेन शनिवार सुबह 8:10 बजे कटरा स्टेशन से रवाना हुई। तीन घंटे के सफर के बाद 11:02 बजे श्रीनगर स्टेशन पहुंच गई। पूरे सफर में यात्री उत्साहित रहे। वाराणसी के एक परिवार ने बच्चे का छठा जन्मदिन ट्रेन में मनाया। परिवार ने बताया कि खबरों में ट्रेन के बारे में सुन रहे थे। बच्चे का जन्मदिन यादगार बनाने के लिए टिकट बुक की और दुनिया के सबसे ऊंचे ब्रिज से ट्रेन के गुजरते समय केक काटा।

प्रधानमंत्री ने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज चिनाब पुल और देश के पहले केबल स्टे अंजी ब्रिज का भी उद्घाटन किया था। कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस के टिकट आईआरसीटीसी की वेबसाइट से बुक किए जा सकते हैं। ट्रेन में दो ट्रैवल क्लास हैं। चेयरकार का किराया 715 रुपए और एक्जीक्यूटिव क्लास का किराया 1320 रुपए है।

## प्रदेश में कोरोना ने फिर पकड़ी रफ्तार

### एक दिन में 17 नए मरीज, रायपुर में सबसे ज्यादा, एक्टिव केस पहुंचा 50



**रायपुर**, 7 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर कोरोना संक्रमण ने दस्तक दे दी है। शुक्रवार को प्रदेश में कुल 17 नए कोरोना पॉजिटिव मरीजों की पुष्टि हुई है, जिससे राज्य में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 50 हो गई है। रायपुर जिले में सबसे ज्यादा 11 मरीज मिले हैं, जबकि बिलासपुर में 5 और बालोद में 1 मामला सामने आया है।

मेडिकल बुलेटिन के अनुसार, अब तक प्रदेशभर में कुल 1183 लोगों की कोरोना जांच की जा चुकी है, जिनमें से 50 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। स्वास्थ्य विभाग ने इसे गंभीर संकेत मानते हुए निगरानी और जांच की प्रक्रिया तेज कर दी है। जिलावार स्थिति अनुसार रायपुर में 31 संक्रमित, बिलासपुर में 12 संक्रमित, दुर्ग में 5 संक्रमित, बालोद और बस्तर में 1-1 संक्रमित मरीज है।


शेष पृष्ठ 7 पर

### हाईकोर्ट के जज निकले कोरोना पॉजिटिव

बिलासपुर। प्रदेश में एक बार फिर कोरोना ने दस्तक दे दी है, लेकिन प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग अब भी बेपरवाह है। हाईकोर्ट के जस्टिस राकेश मोहन पांडेय के कोरोना पॉजिटिव निकलने के बाद स्वास्थ्य तंत्र की पोल खुल गई है। बिलासपुर में बीते एक हफ्ते में 10 संक्रमित मिल चुके हैं, जिसमें 8 साल की बच्ची से लेकर 86 वर्षीय बुजुर्ग तक शामिल हैं। लेकिन जिले का स्वास्थ्य विभाग अब तक यही दावा करता रहा कि शहर में एक भी मरीज नहीं है।

न निगरानी की व्यवस्था, न ट्रेसिंग की तैयारी — संक्रमितों की जानकारी खुद मरीज और परिजन दे रहे हैं। सबसे बड़ी चूक कोविड नोडल अधिकारी की मानी जा रही है, जिन्होंने न तो रिपोर्ट जिला कार्यालय को दी और न ही संक्रमितों की जानकारी जोड़ी। जस्टिस के संक्रमित होने के बाद हरकत में आए सिस्टम ने एक बार फिर ये साबित कर दिया कि जब तक खतरा सिर पर न आ जाए, तब तक हमारी तैयारी सिर्फ कागजों पर ही रहती है।

## आरएसएस झूठ की फैक्ट्री : भूपेश



- नेताम अगर विरोध नहीं करते तो बोधघाट बन गया होता

**रायपुर**, 7 जून (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आदिवासी नेता अरविंद नेताम के बयान पर संघ पर निशाना साधा है। बघेल ने कहा कि संघ झूठ की फैक्ट्री है। अरविंद नेताम उम्र दराज व्यक्ति हैं। उनके विचार और पार्टी बदलते रहते हैं। वैचारिक रूप से व्यक्ति की पहचान होती है। जिस व्यक्ति का कोई विचार ना हो उसका जीवन व्यर्थ है। नेताम आर आर एस कार्यालय से लौटे हैं। कार्यालय से सुनकर आए होंगे, संघ क्योंकि वह झूठ बोलने की फैक्ट्री है। वहां से लगातार झूठ फैलाए जा रहे हैं। भाखड़ा नांगल बांध बना और बिजली उत्पादन को लेकर भ्रम फैलाया। गणेश प्रतिमा तक को दूध पिला देते हैं। छत्तीसगढ़ में ट्रांसफर पोस्टिंग पर बैन हटने के मामले में भाजपा नेताओं ने बयान दिया कि कांग्रेस में

शेष पृष्ठ 7 पर

## आबकारी विभाग में 200 आरक्षकों, 90 उप निरीक्षकों की भर्ती होगी : साय

**रायपुर**, 7 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कॉरपोरेशन लिमिटेड के नए अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी के पदभार ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कांग्रेस सरकार पर बड़ा हमला बोला। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में शराब कारोबार के नाम पर 2000 करोड़ रुपये का घोटाला किया गया, जो पूरे प्रदेश के लिए शर्मनाक है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान आबकारी विभाग में नयी भर्ती का भी ऐलान किया।



मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि नए अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी की नियुक्ति से कॉरपोरेशन की कार्यप्रणाली में सुधार होगा और राजस्व में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। उन्होंने यह भी कहा, इनकी सादगी और ईमानदारी ड्रेस से ही झलक रही है। ये शराब को छूते तक नहीं हैं। ऐसे व्यक्ति के नेतृत्व में विभाग मजबूत होगा। मुख्यमंत्री ने इस दौरान आबकारी विभाग में नई भर्तियों की घोषणा करते हुए बताया कि जल्द ही विभाग में 200 आरक्षकों और 90 उप निरीक्षकों की भर्ती की जाएगी। इससे विभाग की निगरानी क्षमता में इजाफा होगा और अवैध शराब पर लगाम लगेगी।

**विसअध्यक्ष का भी निशाना**

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भी कांग्रेस पर करारा प्रहार करते हुए कहा, पिछली सरकार ने शराब की बिक्री के जरिए जनता को ठगा। हमने एक ईमानदार और कर्मठ व्यक्ति को इस बार अध्यक्ष नियुक्त किया है ताकि सिस्टम पारदर्शी बने और जनता को सीधा लाभ मिले।

**सत्यपाल मलिक ने अस्पताल से लिखा भावुक पोट**

## जिस भ्रष्टाचार को उजागर किया, उसी में फंसाया जा रहा

**नई दिल्ली**, 7 जून (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के किरू हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में चार्जशीट दाखिल होने के 15 दिन बाद जम्मू-कश्मीर के पूर्व गर्वनर सत्यपाल मलिक ने अस्पताल से भावुक पोस्ट लिखा है। मलिक 11 मई से दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती हैं। उन्होंने शनिवार को एक्स पर पोस्ट के जरिए भ्रष्टाचार के आरोपों का खंडन किया। कहा 'मैं पिछले लगभग एक महीने से अस्पताल में भर्ती हूं और किड़नी की समस्या से जूझ रहा हूं।'

उन्होंने बताया, 'परसों सुबह से मैं ठीक था लेकिन आज फिर से मुझे ढ्रुष्ट में शिफ्ट करना पड़ा। मेरी हालत बहुत गंभीर होती जा रही है। मैं रहूं या ना रहूं इसलिए अपने देशवासियों को सच्चाई बताना चाहता हूं। अगर आज मेरे पास दौलत होती तो मैं प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज करवाता। जिस मामले में मुझे फंसाना चाहते हैं, उस टेंडर को मैंने खुद निरस्त किया था, मैंने खुद प्रधानमंत्री को बताया था।' सीबीआई ने 22 मई को सत्यपाल मलिक समेत 5 लोगों के खिलाफ जम्मू-कश्मीर के किरू हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें करीब 2,200 करोड़ रुपए के सिविल वर्क्स कॉन्ट्रैक्ट में गड़बड़ी का आरोप है।

> मेरी हालत बहुत गंभीर होती जा रही है। मैं रहूं या ना रहूं इसलिए अपने देशवासियों को सच्चाई बताना चाहता हूं: सत्यपाल मलिक



**मलिक ने 2021 में लगाया था भ्रष्टाचार का आरोप**-सत्यपाल मलिक ने 17 अक्टूबर 2021 को राजस्थान के झुंझुनूं में एक कार्यक्रम में कहा था कि उन्हें जम्मू-कश्मीर का राज्यपाल रहते करोड़ों की रिश्वत ऑफर हुई थी। उस दौरान उनके पास दो फाइलें आई थीं। इनमें एक बड़े उद्योगपति और दूसरी महबूबा मुफ्ती और भाजपा की गठबंधन सरकार में मंत्री रहे एक व्यक्ति की थी।

**बेंगलुरु भगदड़ मामला**

## कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के दो अधिकारियों का इस्तीफा

**नई दिल्ली**, 7 जून (एजेंसियां)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने तीन जून को अपना पहला आईपीएल खिताब जीता। इसके अगले दिन बेंगलुरु में आरसीबी 'जश्न समारोह' के दौरान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मची, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई और कई घायल भी हुए।

कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के दो वरिष्ठ अधिकारियों ने 'नैतिक जिम्मेदारी' का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इन अधिकारियों में सचिव ए शंकर और कोषाध्यक्ष ईएस जयराम का नाम शामिल है, जिन्होंने अपना इस्तीफा केएससीए अध्यक्ष रघुराम भट को सौंपा है।

केएससीए को भेजे गए पत्र में शंकर और जयराम ने लिखा, पिछले दो दिनों में हुई अप्रत्याशित और दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं में हमारी भूमिका बहुत सीमित थी। लेकिन नैतिक जिम्मेदारी के चलते हम यह बताना चाहते हैं कि कल रात हमने केएससीए के सचिव और कोषाध्यक्ष के रूप में अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। बेंगलुरु हादसे पर स्थानीय पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। बेंगलुरु शहर के सेंट्रल डिवीजन में कब्बन पार्क पुलिस ने आरसीबी मैनेजमेंट को पहला, जबकि डीएनए इवेंट मैनेजमेंट कंपनी को दूसरा आरोपी बनाया है। इनके अलावा केएससीए की मैनेजमेंट कंपनी को तीसरा आरोपी बनाया गया है।

**रिपोर्ट** — *सरकार ने जारी किया कोविड से हुई मौतों का आंकड़ा*

## 2022 में कोविड से 86.5 लाख मौतें हुईं

**नई दिल्ली, 7 जून (एजेंसियां)। भारत में कोविड प्रभावित 2021 के मुकाबले 2022 में कोविड संक्रमण से लगभग 86.5 लाख मौतें दर्ज की गईं। यह मौतें 2021 में हुई 1.02 करोड़ मौतों से 15 फीसदी से भी अधिक कम हैं। यह खुलासा भारत के रजिस्ट्रार जनरल की जारी नागरिक पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस) की नई रिपोर्ट में किया गया है।**

*सीआरएस की रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में 15.74 लाख मौतों की गिरावट से मृत्यु दर 2020 जैसे महामारी से पहले के स्तर पर लौट आई हैं। सीआरएस के आंकड़ों के अनुसार, 2021 में देश भर में 1.02 करोड़ लोगों की मौतों के साथ मृतक संख्या में तेज उछाल दर्ज किया गया था, जबकि यह आंकड़ा 2020 में 81.1 लाख, 2019 में 76.4 लाख और 2018 में 69.5 लाख था। रिपोर्ट के मुताबिक, पंजीकृत मौतों की संख्या 2021 में 102.2 लाख से घटकर 2022 में 86.5 लाख हो गई, यानी इसमें 15.4 फीसदी की गिरावट आई। इस गिरावट में गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, बिहार और हरियाणा जैसे राज्यों का बड़ा योगदान रहा।*

*सरकार ने डब्ल्यूएचओ के अनुमान को गलत बताया था-लोकसभा में 29 जुलाई 2022 को दी गई जानकारी के अनुसार, 26 जुलाई 2022 तक भारत में कोविड-19 से लगभग 5.26 लाख मौतें दर्ज की गईं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत में 47 लाख से ज्यादा कोविड से जुड़ी मौतों का अनुमान लगाया था। इस पर सख्त एतराज जताते हुए भारत सरकार ने इसे गलत करार दिया था। सरकार ने कहा कि डब्ल्यूएचओ की गणना में कई गलतियां और गलत मान्यताएं थीं, जबकि भारत ने रजिस्ट्रार जनरल का प्रकाशित सटीक सीआरएस डाटा डब्ल्यूएचओ को पहले ही मुहैया करा दिया गया था।*

### पांच राज्यों में लू का अलर्ट

**नई दिल्ली**, 7 जून (एजेंसियां)। लोगों को अभी गर्मी से राहत मिलने वाली नहीं है। अभी भीषण गर्मी और कहर बरपाएगी। आईएमडी के मुताबिक उत्तर पश्चिम भारत में विशेष रूप से पश्चिमी राजस्थान में 9 जून को लू चलने की संभावना है। इसके अलावा, दक्षिणी पंजाब, दक्षिणी हरियाणा, दक्षिणी उत्तर प्रदेश और उत्तरी मध्य प्रदेश में 10 जून को लू चलने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण भारत में अगले तीन से चार दिनों के बाद मानसून दोबारा सक्रिय होने की संभावना जताई गई है। इसके अलावा, केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

# देश



उवाच



'राहुल गांधी से मैं कहूंगा कि चुनाव आयोग पर आरोप लगाने से पहले उन्हें मेरी दो लाइन की कविता याद करनी चाहिए।' 'राहुल गांधी जिंदगी भर आईना पोंछता रहा, बाद में पता चला कि राहुल गांधी के चेहरे पर ही धूल था।' ऐसे में वो जितना इस देश का आईना साफ कर रहे हैं, वो पहले अपना चेहरा साफ करें: दिलीप जायसवाल

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 41.0 | 30.0 |
| मुंबई | 30.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 30.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 37.0 | 30.0 |

राहुल गांधी के लेख पर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी का बयान, कहा

## लोकतंत्र की हत्या हुई, जनता भाजपा को देगी जवाब

नई दिल्ली, 7 जून (एजेंसियां)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपने एक आर्टिकल के माध्यम से भाजपा पर आरोप लगाया कि महाराष्ट्र चुनावों में 'मैच फिक्सिंग' की गई और अब कुछ ऐसा ही बिहार में दोहराया जाएगा। राहुल गांधी के इन विचारों की मुखालफत शुरू हो गई है। वहीं, कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने उनकी बातों का समर्थन किया है। उनके अनुसार 'राहुल गांधी ने कुछ भी नया नहीं लिखा है। लोकतंत्र की हत्या हुई है और देश की जनता भाजपा को सबक सिखाएगी।'

कांग्रेस सांसद ने कहा, 'महाराष्ट्र चुनावों में हुई धांधली को देखते हुए कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने एक प्रतिनिधिमंडल भेजा था। जिसमें पाया गया कि संसद और विधानसभा चुनावों के बीच वोटों का अंतर काफी बढ़ गया था और लगभग सभी बढ़े हुए वोट भारतीय जनता पार्टी को मिले थे। जिस दिन चुनाव खत्म हुआ उस दिन वोटिंग प्रतिशत कुछ और उसके अगले दिन कुछ और था। महाराष्ट्र चुनाव में जमकर फर्जी वोट डाले गए। लोकतंत्र की हत्या की गई। देश की जनता ने यह सब कुछ देखा है और भाजपा को अब इसका जवाब मिलेगा।'



**ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और सेना के शौर्य पर हमें गर्व है**

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के विधायक नरेंद्रनाथ चक्रवर्ती की ओर से ऑपरेशन सिंदूर को 'नाटक' करार दिए जाने की कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने निंदा की है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और सेना के शौर्य पर हमें गर्व है। अगर कोई ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल खड़ा करता है तो मैं उससे बिल्कुल भी सहमत नहीं हूं।

**जी-7 में पीएम मोदी अपना पक्ष रखें: तिवारी**

जी-7 में पीएम मोदी को न्योता मिलने पर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, 'मैं पीएम मोदी से आग्रह करूंगा कि वहां अपना पक्ष रखें और अन्य देशों से भारत के पक्ष में समर्थन लें। क्योंकि, मौजूदा समय में हम अलग-थलग पड़ गए हैं। समिट में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी होंगे, वहां उनसे कहे कि वह खंडन करें कि उन्होंने भारत-पाक का सीजफायर नहीं कराया। इस खंडन को सुनने की हम प्रतीक्षा कर रहे हैं।

**महाराष्ट्र चुनावों में हुई धांधली को देखते हुए कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने एक प्रतिनिधिमंडल भेजा था। जिसमें पाया गया कि संसद और विधानसभा चुनावों के बीच वोटों का अंतर काफी बढ़ गया था: प्रमोद तिवारी**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की 50 प्रतिशत आरक्षण को खत्म करने वाले बयान पर कांग्रेस सांसद ने कहा कि उन्होंने संसद में केंद्र सरकार से कहा था कि जातिगत-जनगणना करानी पड़ेगी। उनको आगे सरकार को झुकना पड़ा। यह कांग्रेस की जीत है। तेलंगाना मॉडल के बारे में सभी को मालूम है। कांग्रेस का संकल्प है कि गरीबों को हक मिलना चाहिए।

### भाजपा चुनावों में हेराफेरी करती है, राहुल गांधी का 'मैच फिक्सिंग' बयान सही : मृत्युंजय तिवारी



पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के महाराष्ट्र चुनाव में 'मैच फिक्सिंग' वाले बयान का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जो आरोप लगाया है वो सच है। भाजपा चुनावों में हेराफेरी करती है। राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी जो कह रहे हैं, वह बिल्कुल सही है। यहां तक कि जनता भी इस बारे में बात कर रही है। हर जगह लोग कह रहे हैं कि भाजपा चुनावों में हेराफेरी करती है, चाहे वह महाराष्ट्र हो या 2020 का बिहार विधानसभा चुनाव। सभी ने देखा कि कैसे तेजस्वी यादव और महागठबंधन को जनादेश दिया जा रहा था, लेकिन कैसे चीजें पलट गईं। ऐसे कई उदाहरण हैं जो गंभीर सवाल खड़े करते हैं। चुनाव आयोग को विपक्ष की ओर से उठाई गई चिंताओं को संबोधित करना चाहिए और संतोषजनक ढंग से जवाब देना चाहिए।

### महाराष्ट्र चुनाव पर राहुल गांधी का मैच फिक्सिंग आरोप बिल्कुल सही : उदित राज



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता उदित राज ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के उस बयान का समर्थन किया है, जिसमें उन्होंने महाराष्ट्र चुनाव में धांधली का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने महाराष्ट्र चुनाव को लेकर एक आर्टिकल शेयर किया है और दावा किया है कि जिस तरह से महाराष्ट्र चुनाव में 'मैच फिक्सिंग' की गई यह बिहार चुनाव में भी दोहराई जाएगी। क्योंकि, भाजपा जहां-जहां हारती है वहां हेराफेरी की जाती है। इस पर उदित राज ने कहा कि राहुल गांधी ने महाराष्ट्र चुनाव को लेकर मैच फिक्सिंग की बात बिल्कुल सही कही है।

गुरुग्राम क्लब बम धमाका मामला

## एनआईए ने आतंकी गोल्डी बराड़ समेत पांच आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की

**आतंकियों ने 10 दिसम्बर 2024 को गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित वेयरहाउस क्लब और ह्यूमन क्लब को निशाना बनाया था**





जोगेंद्र सोलंकी

नई दिल्ली, 7 जून (देशबन्धु)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने हरियाणा के गुरुग्राम के दो क्लबों में बम धमाकों से जुड़े 2024 के एक मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। इन आरोपियों में कुख्यात आतंकी और कनाडा में रहने वाला सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ भी शामिल है, जिसे भारत सरकार द्वारा नामित आतंकवादी घोषित किया गया है।

एनआईए ने इस मामले में जिन पांच लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है, उनमें गोल्डी बराड़ के अलावा सचिन तलियान, अंकित, भवेश और अमेरिका निवासी रणदीप सिंह उर्फ रणदीप मलिक शामिल हैं। इनमें से गोल्डी बराड़ और रणदीप मलिक फिलहाल फरार हैं, जबकि अन्य तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एनआईए की जांच में यह सामने आया कि यह बम धमाके की साजिश प्रतिबंधित आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल की बड़ी साजिश का हिस्सा थी, जिसका उद्देश्य हरियाणा और आस-पास के क्षेत्रों में सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ना और शांति भंग करना था। आरोपी आतंकियों ने 10 दिसंबर 2024 को गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित वेयरहाउस क्लब और ह्यूमन क्लब को निशाना बनाया था।

जांच में यह भी पाया गया कि यह आतंकी नेटवर्क न केवल बम और हथियारों की तस्करी में लिप्त है, बल्कि आम लोगों में भय पैदा करने और भारत की संप्रभुता, अखंडता और आर्थिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता, आर्म्स एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

**सार संक्षेप**

### जंगलराज देखा होता तो राहुल बिहार की कानून व्यवस्था पर सवाल नहीं करतेः केसी त्यागी

नई दिल्ली। जनता दल (यूनाइटेड) जदयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के उस बयान पर जोरदार पलटवार किया है जिसमें उन्होंने कहा कि बिहार, जो कभी सत्य, न्याय और अहिंसा की धरती था, आज 'क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया' बनता जा रहा है। राहुल के इस बयान पर केसी त्यागी ने कहा कि अगर उन्होंने बिहार में जंगलराज देखा होता तो वह शायद इस तरह की टिप्पणी नहीं करते। केसी त्यागी ने कहा कि राहुल गांधी को बयान देने से पहले बिहार के जंगलराज के बारे में जान लेना चाहिए। अगर जान लेंगे तो शायद बिहार की कानून व्यवस्था पर सवाल नहीं खड़े करेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में कानून व्यवस्था बिल्कुल ठीक है। अपराधियों को सजा दिलाई जा रही है। पीएम मोदी के जम्मू-कश्मीर दौरे की मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की ओर से की गई तारीफ को भी त्यागी ने सराहा।

### सर शर्म से झुक जाता है, मुजफ्फरपुर रेप कांड पर बोले खान सर

पटना। बिहार के प्रसिद्ध शिक्षक 'खान सर' इन दिनों अपनी शादी को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने एक रिसेप्शन पार्टी का आयोजन किया था। जिसमें शिक्षा और राजनीति के क्षेत्रों में प्रसिद्ध लोगों ने शिरकत की थी। खान सर ने शनिवार को मुजफ्फरपुर रेप कांड पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस तरह की घटनाएं नहीं होनी चाहिए। ऐसी घटनाओं से सर शर्म से झुक जाता है, राज्य की बदनामी होती है। खान सर ने कहा कि यह एक बहुत ही क्रूर घटना थी। बिहार के राज्यपाल ने भी इस पर दुख प्रकट किया है। कोई इंसान इतना असंवेदनशील कैसे हो सकता है कि कोई नौ साल की बच्ची के साथ बलात्कार करे और वह बच्ची रेंगती हुई बाहर आए। अस्पताल में भर्ती कराने के लिए उसे एंबुलेंस के चक्कर लगाने पड़े। मानवता कहां बची है।

### सहारनपुर पहुंचे अजय राय, मोदी सरकार और चुनाव आयोग पर बोला हमला

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय शनिवार को सहारनपुर पहुंचे, जहां उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर सवाल खड़े किए। उन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर से उठाए गए मुद्दों का समर्थन करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने जो सवाल उठाए हैं, वह पूरे देश की आवाज हैं। अजय राय ने कहा, 'राहुल गांधी ने जब महाराष्ट्र चुनावों की मतदाता सूची में 70 लाख फर्जी वोटरों की बात उठाई, तो चुनाव आयोग ने उन्हें पूरी जानकारी देने से इनकार कर दिया और केवल समय मांगता रहा।

## रोजगार, महंगाई से त्रस्त लोग आत्महत्या कर रहे हैं तो कैसे दूर हुई गरीबी : जिग्नेश मेवाणी



नई दिल्ली, 7 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी ने विश्व बैंक की रिपोर्ट को मानने से इंकार किया है जिसमें कहा गया है कि भारत में अत्यधिक गरीबी की दर में उल्लेखनीय कमी देखी गई है। कांग्रेस विधायक ने कहा कि जिस देश में छात्र, किसान, बेरोजगार और युवा आत्महत्या कर रहा हो वहां, गरीबी कैसे दूर हो गई? बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि आर्थिक तंगी के कारण इस वक्त भारत में किसान, मजदूर जूझ रहा है। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी ने युवाओं के साथ अन्य वर्गों की कमर तोड़ दी है। 25 करोड़ लोगों के सिर पर छत नहीं है। 500 रुपये के लिए आज भी दलित समुदाय के लोग नाले में उतरने को तैयार हैं। 500 से 700 रुपए के लिए कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करने वाले मजदूर मरने को तैयार हैं। छात्र, किसान, बेरोजगार युवा आत्महत्या कर रहे हैं। देश में ऐसी परिस्थिति है फिर कैसे कहे कि गरीबी दूर हो गई है। राहुल गांधी की ओर से महाराष्ट्र चुनाव में मैच फिक्सिंग वाले बयान पर कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी ने कहा कि वह बिल्कुल सही बात कह रहे हैं। सिर्फ महाराष्ट्र की जनता नहीं, इसे पूरे देश ने देखा है। लाखों वोट जोड़ दिए जाते हैं, ईवीएम में छेड़खानी की बात सामने आती है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इस मुद्दे को उठाते हैं। भाजपा और आरएसएस का काम है कि वह चुनाव को सिर्फ बाधित करते हैं।

कांग्रेस विधायक ने कहा कि पिछले 10 साल से आरएसएस-भाजपा के लोगों ने कमजोर लोगों पर सिर्फ और सिर्फ अत्याचार किया है। देश में संविधान को मानने वाले लोगों में इस बात को लेकर कोई कंफ्यूजन नहीं है कि नरेंद्र मोदी, अमित शाह, भाजपा और आरएसएस, बाबासाहेब अंबेडकर के संविधान में यकीन नहीं रखते हैं, बल्कि वह मनुस्मृति में यकीन रखते हैं।

## शिवसेना के मुखपत्र 'सामना' में छपी उद्धव और राज ठाकरे की तस्वीर, गठबंधन को लेकर अटकलें तेज

मुंबई, 7 जून (एजेंसियां)। उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे की एक पुरानी तस्वीर शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र 'सामना' के फ्रंट पेज पर छापी गई है। इससे राजनीतिक गलियारों में हलचल मच दी है। यह तस्वीर ऐसे समय में प्रकाशित हुई है, जब उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के साथ गठबंधन को लेकर सकारात्मक संकेत दिए हैं। आने वाले स्थानीय निकाय चुनावों को देखते हुए यह दोनों दलों के लिए रणनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है। गठबंधन की रूपरेखा और शर्तों पर अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

बता दें कि शुक्रवार को उद्धव ठाकरे से मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राज ठाकरे की पार्टी से गठबंधन को लेकर सवाल पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के



**आने वाले स्थानीय निकाय चुनावों को देखते हुए यह दोनों दलों के लिए रणनीतिक रूप से अहम माना जा रहा**


दिल में जो होगा वही होगा। हमारे और हमारे शिवसैनिकों के दिल में कोई भ्रम नहीं है। उनके (मनसे) दिमाग में भी कोई भ्रम नहीं है। हम कोई संदेश नहीं देंगे, हम सीधे खबर देंगे। इस तस्वीर और उद्धव के बयान ने जहां शिवसेना (यूबीटी) और मनसे कार्यकर्ताओं में जोश भरा है, वहीं विरोधी दलों में भी खलबली मच गई है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या ठाकरे बंधु वाकई एक बार फिर एक मंच पर नजर आएंगे। उल्लेखनीय है कि दोनों दलों के बीच गठबंधन की चर्चा लंबे समय से चल रही थी, लेकिन हाल के घटनाक्रम ने इसे और ठोस रूप दिया है।

### उद्धव और राज ठाकरे जब एक थे तो बड़ी ताकत थे : डॉ. वागीश सारस्वत

मुंबई। उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे की एक पुरानी तस्वीर शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र 'सामना' के फ्रंट पेज पर छपने के बाद महाराष्ट्र में सियासत तेज हो गई है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के महासचिव डॉ. वागीश सारस्वत ने इसे स्वागत योग्य बताया है। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे की फोटो एक साथ छपना आनंद की बात है। जब दोनों साथ थे तो बड़ी ताकत थे। उद्धव जन के मन को टटोलने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र 'सामना' पर तंज कसते हुए कहा कि सामना पहले शिवसेना की विचारधारा का प्रतीक था, लेकिन अब उसकी विश्वसनीयता घट गई है। उन्होंने कहा कि अगर इस काम में सफल हो जाते हैं और उद्धव और राज ठाकरे एक हो जाते हैं तो यह पूरे महाराष्ट्र के लिए अच्छी खबर होगी। इस पर फैसला सिर्फ उद्धव और राज ठाकरे को करना है, मीडिया में बयानबाजी की जगह सीधी बात होनी चाहिए, ताकि भ्रम न फैले।

## भारत का लक्ष्य 5 मध्य एशियाई देशों के साथ मिलकर दुर्लभ खनिजों की खोज करना

नई दिल्ली, 7 जून (एजेंसियां)। भारत और मध्य एशियाई देशों के बीच नई दिल्ली में भारत-मध्य एशिया वार्ता की चौथी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में चीन के पृथ्वी पर पाए जाने वाले दुर्लभ खनिजों और मैग्नेट के निर्यात पर रोक के बाद भारत और पांच मध्य एशियाई देशों ने दुर्लभ पृथ्वी खनिज (रेयर अर्थ) और महत्वपूर्ण खनिजों की संयुक्त खोज में रुचि व्यक्त की। नई दिल्ली में सितंबर 2024 में आयोजित पहले इंडिया-सेंट्रल एशिया रेयर अर्थ फोरम के परिणामों की सराहना करते हुए, मंत्रियों ने संबंधित अधिकारियों से जल्द से जल्द दूसरे इंडिया-सेंट्रल एशिया रेयर अर्थ फोरम बैठक आयोजित करने का आह्वान किया।



**मंत्रियों ने संबंधित अधिकारियों से जल्द से जल्द दूसरे इंडिया-सेंट्रल एशिया रेयर अर्थ फोरम बैठक आयोजित करने का आह्वान किया**

मंत्रियों ने महत्वपूर्ण खनिजों में सहयोग के नए क्षेत्रों का पता लगाने के लिए प्रतिनिधिमंडलों के आदान-प्रदान को भी प्रोत्साहित किया। भारत सरकार घरेलू विनिर्माण क्षमताओं को विकसित करना चाहती है और रेयर अर्थ मटीरियल के क्षेत्र में कंपनियों को उत्पादन-आधारित राजकोषीय प्रोत्साहन देने पर विचार कर रही है। इस बीच, कजाकिस्तान, किर्गिज गणराज्य, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्रियों ने भारत और मध्य एशियाई देशों के बीच व्यापार और निवेश के मौजूदा स्तर पर ध्यान दिया। साथ ही, आपसी व्यापार की पूरी क्षमता को साकार करने के लिए फार्मास्यूटिकल्स, सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि, ऊर्जा, कपड़ा, रत्न और आभूषण आदि क्षेत्रों में ठोस प्रयास करने के महत्व पर बल दिया। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, मंत्रियों ने भारत और मध्य एशियाई देशों के बीच अधिक वित्तीय संपर्क के महत्व को रेखांकित किया, जिसमें डिजिटल भुगतान प्रणाली, बेहतर अंतर-बैंक संबंध और राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार शामिल है।

बयान के अनुसार, वित्तीय और बैंकिंग संबंधों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, पक्षों ने भारत और मध्य एशियाई भागीदारों के बीच बैंकिंग और वित्तीय संपर्क को गहरा करने के तरीकों का पता लगाने के लिए एक संयुक्त कार्य समूह की स्थापना में भी रुचि व्यक्त की। मध्य एशियाई देशों ने डिजिटल परिवर्तन में तेजी लाने और बड़े पैमाने पर सार्वजनिक सेवा वितरण प्रदान करने में इंडिया स्टैक के महत्व पर ध्यान दिया।

## भविष्य के लिए मजबूत और आपदा-रोधी बुनियादी ढांचा बनाएं : पीएम मोदी

**यूरोप में पहली बार आयोजित हो रहे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'डिजास्टर रेजिलिएंट इन्फ्रास्ट्रक्चर' को वर्चुअली संबोधित किया**



**तटीय और द्वीपीय क्षेत्र जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं के कारण अत्यधिक खतरे में हैं। 'इस सम्मेलन की थीम है: तटीय क्षेत्रों के लिए एक लचीले भविष्य का निर्माण': पीएम मोदी**

नई दिल्ली, 7 जून (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को आपदा-रोधी बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर देते हुए वैश्विक स्तर पर इस दिशा में प्राथमिकताओं को रेखांकित किया। वह यूरोप में पहली बार आयोजित हो रहे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'डिजास्टर रेजिलिएंट इन्फ्रास्ट्रक्चर' को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और फ्रांसीसी सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा, 'मैं अपने मित्र राष्ट्रपति मैक्रों और फ्रांस सरकार का समर्थन के लिए धन्यवाद करता हूं। साथ ही आगामी संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन के लिए शुभकामनाएं देता हूं।' उन्होंने कहा कि तटीय और द्वीपीय क्षेत्र जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं के कारण अत्यधिक खतरे में हैं। उन्होंने कहा, 'इस सम्मेलन की थीम है: तटीय क्षेत्रों के लिए एक लचीले भविष्य का निर्माण। भारत और बांग्लादेश में चक्रवात 'रेमाल', कैरेबियन में 'हैरिकेन बेरिल', दक्षिण-पूर्व एशिया में 'हेलीन', और फिलीपींस में 'उसागी' जैसी आपदाओं से जान-माल का भारी नुकसान हुआ है।' प्रधानमंत्री ने भारत की पुरानी आपदाओं की याद दिलाते हुए कहा, 'भारत ने 1999 के सुपर साइक्लोन और 2004 की सुनामी की पीड़ा को झेला है। हमने इससे सीखते हुए लचीलापन अपनाया और तटीय इलाकों में चक्रवात शेल्टर बनाए। साथ ही, 29 देशों के लिए एक सुनामी चेतावनी प्रणाली विकसित करने में भारत ने मदद की।' भारत की वैश्विक भूमिका पर उन्होंने कहा कि 'कोएलिशन फॉर डिजास्टर रेजिलिएंट इन्फ्रास्ट्रक्चर (सीडीआरआई)' 25 छोटे द्वीपीय विकासशील देशों के साथ कार्य कर रही है, जिसमें मजबूत घर, अस्पताल, स्कूल, ऊर्जा प्रणालियां, जल सुरक्षा तंत्र और प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली शामिल हैं।

सवाल *कश्मीर में सब चंगा है, तो सबका एक ही सवाल*

## फिर क्यों जामा मस्जिद बंद और मीरवायज नजरबंद

सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 7 जून (देशबन्धु)। क्या कश्मीर में सब चंगा है? क्या कश्मीर की स्थिति को लेकर किए जाने वाले सभी दावे धरातल पर खरे उतरते हैं? अगर इनमें सच में सच्चाई है तो आखिर वर्ष 2019 से लगातार श्रीनगर की प्रसिद्ध जामा मस्जिद को बंद क्यों रखा गया है और उसमें नमाज क्यों नहीं अता करने दी जा रही और आज भी ईद के मौके पर मीरवायज उमर फारूक को उनके घर में नजरबंद क्यों रखा गया था।**

यह सवाल दागने वालों में कश्मीरी जनता के अतिरिक्त कश्मीर के नेता भी शामिल थे। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस मामले पर खेद व्यक्त करते हुए कहा था कि हम ईद मना रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य से एक बार फिर श्रीनगर की प्रतिष्ठित जामा मस्जिद में नमाज अदा करने की अनुमति नहीं दी गई है। वे कहते थे कि मुझे इन फैसलों का आधार नहीं पता, लेकिन हमें अपने लोगों पर भरोसा करना सीखना होगा। ये वही लोग हैं जो पहलगाम आतंकी हमले का विरोध करने के लिए बाहर आए थे। सरकार को ऐतिहासिक जामा मस्जिद में नमाज की अनुमति देने के बारे में सोचना चाहिए। ईद के मौके पर पीडीपी



अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि अफसोस है कि आज के दिन श्रीनगर के जामा मस्जिद को ताला लगा दिया है। उमर फारूक साहब को फिर से नजरबंद किया है। ये बहुत गलत है। इसके लिए मैं यहां की सरकार की मजम्मत करती हूं। मैं सभी लोगों को अपनी तरफ से ईद मुबारक दे रही हूं।

हालांकि बकरीद के मौके पर जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने

**2019 से लगातार श्रीनगर की प्रसिद्ध जामा मस्जिद है बंद**

**ईद के मौके पर मीरवायज उमर फारूक को उनके घर में नजरबंद रखा गया**

सभी को सभी को मुबारकबाद जरूरी दी। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि यह ईद भारत और दुनिया के मुसलमानों के लिए बेहतर दिन लेकर आएगी। मुझे उम्मीद है कि यह शांति लाएगी और भाईचारे को मजबूत करेगी। पीडीपी नेता इल्तिजा मुफ्ती ने भी ईद की बधाइयां देते हुए कहा कि अफसोस की बात यह है कि श्रीनगर जामा मस्जिद के दरवाजों को फिर से बंद कर दिया गया है। मीरवाइज उमर फारूक को नजरबंद किया गया है। मैं यहां मौजूद नेकां सरकार और उपराज्यपाल से पूछना चाहती हूं कि अगर आप दावा करते है कि परिस्थिति सामान्य है तो फिर क्यों उन्हें (मीरवाइज उमर फारूक) नजरबंद किया गया है? जानकारी के लिए जम्मू कश्मीर प्रशासन ने शनिवार को श्रीनगर के पुराने शहर में स्थित ईदगाह मैदान और जामा मस्जिद में ईद की नमाज अदा करने पर रोक लगा दी, जबकि हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने दावा किया कि उन्हें घर में नजरबंद कर दिया गया है। ऐतिहासिक जामा मस्जिद के प्रबंधन ने एक बयान में कहा था कि श्रीनगर स्थित अंजुमन औकाफ जामा मस्जिद को यह सूचित करते हुए गहरा खेद है कि अधिकारियों ने एक बार फिर ईदगाह के साथ-साथ श्रीनगर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा करने की अनुमति नहीं दी है।

बयान में कहा गया है कि प्रशासन ने सुबह (फज्र) की नमाज की भी अनुमति नहीं दी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में मीरवाइज ने प्रशासन के इस कदम की कड़ी निंदा की। मीरवाइज ने कहा कि ईद मुबारक! एक बार फिर कश्मीर को दुखद वास्तविकता का सामना करना पड़ा है। ईदगाह में ईद की नमाज नहीं पढ़ी गई और जामा मस्जिद लगातार सातवें साल भी बंद है। मुझे भी मेरे घर में नजरबंद रखा गया है।

व्यंग्य

# आलस्य-भक्त

■ बाबू गुलाबराय

**अजगर करै न चाकरी, पंछी करे न काम।**
**दास मलूका कह गए, सबके दाता राम ।।**



प्रिय ठलुआ-वृंद ! यद्यपि हमारी सभा समता के पहियों पर चल रही है और देवताओं की भाँति हमसे कोई छोटा-बड़ा नहीं है, तथापि लोगों ने मुझे इस सभा का पति बनाकर मेरे कुँआरेपन के कलंक को दूर किया है। नृपति और सेनापति होना मेरे स्वप्न से भी बाहर था। नृपति नहीं तो नारी-पति होना प्रत्येक मनुष्य की पहुँच के भीतर है, किंतु मुझ जैसे आलस्य-भक्त के लिए विवाह में पाणिग्रहण तक का तो भार सहन करना गम्य था। उसके आगे सात बार अग्नि की परिक्रमा करना जान पर खेलने से कम न था। जान पर खेलकर जान का जंजाल खरीदना मूर्खता ही है—'अल्पस्य हेतोर्बहु हातुमिच्छन् विचारमूढः प्रतिभासि मेत्वम्' का कथन मेरे ऊपर लागू हो जाता। 'ब्याहा भला कि क्वाँरा' वाली समस्या ने मुझे अनेकों रात्रि निद्रादेवी के आलिंगन से वंचित रखा था, किंतु जब से मुझे सभापतित्व का पद प्राप्त हुआ है, तब से यह समस्या हल हो गई है। आलसी के लिए इतना ही आराम बहुत है।

वैसे तो आलसी के लिए इतने वर्णन का भी कष्ट उठाना उसके धर्म के विरुद्ध है, किंतु आलस्य के सिद्धांतों को प्रचार किए बिना संसार की विशेष हानि होगी. मनुष्य-शरीर आलस्य के लिए ही बना है। यदि ऐसा न होता, तो मानव-शिशु भी जन्म से मृग-शावक की भाँति छलाँगें मारने लगता, किंतु प्रकृति की शिक्षा को कौन मानता है। मनुष्य ही को ईश्वर ने पूर्ण आराम के लिए बनाया है। उसी की पीठ खाट के उपयुक्त चौड़ी बनाई है, जो ठीक उसी से मिल जावे। प्राय: अन्य सब जीवधारी पेट के बल आराम करते हैं। मनुष्य चाहे तो पेट की सीमा से भी अधिक भोजन कर ले, उसके आराम के अर्थ पीठ मौजूद है। ईश्वर ने तो हमारे आराम की पहले ही से व्यवस्था कर दी है। हम ही उसका पूर्ण उपयोग नहीं कर रहे हैं।

निद्रा का सुख समाधि-सुख से भी अधिक है, किंतु लोग उस सुख को अनुभूत करने में बाधा डाला करते हैं। कहते हैं कि सवेरे उठा करो, क्योंकि चिड़ियाँ और जानवर सवेरे उठते हैं; किंतु यह नहीं जानते कि वे तो जानवर हैं और हम मनुष्य हैं। क्या हमारी इतनी भी विशेषता नहीं कि हम सुख की नींद सो सकें। कहाँ शय्या का स्वर्गीय सुख और कहाँ बाहर की धूप और हवा का असह्य कष्ट! इस बात के ऊपर निर्दयी जगाने वाले तनिक भी ध्यान नहीं देते! यदि उनके भाग्य में सोना नहीं लिखा है, तो क्या सब मनुष्यों का एक सा ही भाग्य है! सोने के लिए तो लोग तरसा करते हैं और सहस्त्रों रुपया डॉक्टरों और दवाइयों में व्यय कर डालते हैं और यह अवैतनिक उपदेशक लोग स्वाभाविक निद्रा को आलस्य और दरिद्रता की निशानी बतलाते हैं।

ठीक ही कहा है—'आए नाग न पूजिए वामी पूजन जाएँ।' लोग यह समझते हैं कि हम आलसियों से संसार का कुछ भी उपकार नहीं होता। मैं यह कहता हूँ कि यदि मनुष्य में आलस्य न होता, तो वह कदापि उन्नति न करता और जानवरों की भाँति संसार में वृक्षों के तले अपना जीवन व्यतीत न करता। आलस्य के ही कारण मनुष्य को गाड़ियों की आवश्यकता पड़ी। यदि गाड़ियाँ न बनतीं, तो आजकल वाष्पयान और वायुयान का भी नाम न होता। आलस्य के ही कारण मनुष्य को तार और टेलीफोन का आविष्कार करने की आवश्यकता हुई। अँगरेजी में एक उक्ति ऐसी है कि 'नेसेसिटी इज द मदर ऑफ इन्वेंशन' अर्थात् आवश्यकता आविष्कार की जननी है, किंतु वे लोग यह नहीं जानते कि आवश्यकता आलस्य की आत्मजा है। आलस्य में ही आवश्यकताओं का उदय होता है। यदि स्वयं जाकर अपने मित्रों से बातचीत कर आवें, तो टेलीफोन की क्या आवश्यकता थी? यदि मनुष्य हाथ से काम करने का आलस्य न करता, तो मशीनों को भला कौन पूछता? यदि हम आलसी लोगों के हृदय की आंतरिक इच्छा का मारकोनी साहब को पता चल गया तो शीघ्र ही एक ऐसे यंत्र का आविष्कार हो जावेगा, जिसके द्वारा हमारे विचार पत्र पर स्वत: अंकित हो जाया करेंगे। फिर हम लोग बोलने के कष्ट से भी बच जाएँगे। विचार की तरंगों को तो वैज्ञानिक लोगों ने सिद्ध कर ही दिया है। अब कागज पर उनका प्रभाव डालना रह गया। दुनिया के बड़े-बड़े आविष्कार आलस्य और ठलुआ-पंथी में ही हुए हैं। वॉट साहब ने (जिन्होंने वाष्प-शक्ति का आविष्कार किया है।) अपने ज्ञान को एक ठलुआ बालक की स्थिति से ही प्राप्त किया था। न्यूटन ने भी अपना गुरुत्वाकर्षण का सिद्धांत बेकारी में ही पाया था। दुनिया में बहुत बड़ी-बड़ी कल्पनाएँ उन्हीं लोगों ने की हैं, जिन्होंने चारपाई पर पड़े-पड़े ही अपने जीवन का लक्ष्य पूर्ण किया। अस्तु, संसार को लाभ हो या हानि, इससे हमको प्रयोजन ही क्या? सुख का पूरा-पूरा आदर्श वेदांत में बतलाया है। उस सुख के आदर्श में पलक मारने का भी कष्ट उठाना महान् पाप है, अष्टावक्र-गीता में कहा है—

व्यापारे खिद्यते यस्तु निमेषोन्मेषयोरपि;
तस्यालस्यधुरीणस्य सुखं नान्यस्य कस्यचित।

**(षोड्श प्रकरण, श्लोक 4)**

अर्थात् जो पुरुष नेत्रों के खोलने-मूँदने में भी परिश्रम मानकर दु:खित होता है, उस परम आलसी एवं ऐसे निष्क्रिय पुरुष को ही परम सुख मिला है, अन्य किसी को नहीं।

निद्रा का सुख समाधि-सुख से भी अधिक है, किंतु लोग उस सुख को अनुभूत करने में बाधा डाला करते हैं। कहते हैं कि सवेरे उठा करो, क्योंकि चिड़ियाँ और जानवर सवेरे उठते हैं; किंतु यह नहीं जानते कि वे तो जानवर हैं और हम मनुष्य हैं। क्या हमारी इतनी भी विशेषता नहीं कि हम सुख की नींद सो सकें। कहाँ शय्या का स्वर्गीय सुख और कहाँ बाहर की धूप और हवा का असह्य कष्ट! इस बात के ऊपर निर्दयी जगाने वाले तनिक भी ध्यान नहीं देते! यदि उनके भाग्य में सोना नहीं लिखा है, तो क्या सब मनुष्यों का एक सा ही भाग्य है! सोने के लिए तो लोग तरसा करते हैं और सहस्त्रों रुपया डॉक्टरों और दवाइयों में व्यय कर डालते हैं और यह अवैतनिक उपदेशक लोग स्वाभाविक निद्रा को आलस्य और दरिद्रता की निशानी बतलाते हैं।

लोग कहते हैं कि ऐसे ही आलस्य के सिद्धांतों ने भारतवर्ष का नाश कर दिया है। परंतु वे यह नहीं जानते कि भारतवर्ष का नाश इसलिए नहीं हुआ कि वे आलसी हैं, वरन् इसलिए कि अन्य देशों में इस आलस्य के स्वर्ण-सिद्धांत का प्रचार नहीं हो पाया है। बेचारे अर्जुन ने ठीक ही कहा था कि युद्ध द्वारा रक्त-रंजित राज्य को प्राप्त करके मैं अश्रेय का भागी बनना नहीं चाहता। वह वास्तव में आराम से घर बैठना चाहता था। किंतु वह भी कृष्णजी के बढ़ावे में आ गए और 'यशोलभस्व' के आगे उनकी कुछ भी न चल सकी। फिर फल क्या हुआ कि सारे वंश का नाश हो गया। इस युद्ध का कृष्ण भगवान् को अच्छा फल मिल गया। उनका वंश भी पहले की लड़ाई में नष्ट हो गया।

**महाभारत में कहा है—**

'दु:खादुद्विजते सर्वः सुखं सर्वस्य चेप्सितम्।'

अर्थात द:ख से सब लोग भागते हैं एवं सुख को लोग चाहते हैं। हम भी इसी स्वाभाविक नियम का पालन करते हैं। उद्योग करके सुख प्राप्त किया, तो वह किस काम का? आलसी जीवन के लिए सबसे अच्छा स्थान तो सफाखाने की चारपाई है। एक बार मेरा विचार हुआ था कि किसी बहाने से युद्धक्षेत्र में पहुँच जाऊँ तथा वहाँ पर थोड़ी-बहुत चोट खाकर सफाखाने के किसी पलंग में स्थान मिल जाए किंतु लड़ाई के मैदान तक जाने का कष्ट कौन उठाए और बिना गए तो उन पलंगों का उपभोग करना इतना ही दुर्लभ है, जितना पापी के लिए स्वर्ग।

भाग्यवश मुझे एक समय ऑपरेशन कराने की आवश्यकता पड़ गई और थोड़े दिनों के लिए बिना युद्धक्षेत्र गए ही मेरा मनोरथ सिद्ध हो गया; किंतु पुण्य क्षीण होने पर सफाखाना छोड़ना पड़ा। मैं बहुत चाहता था कि मुझे जल्दी आराम न हो, किंतु डॉक्टर लोग मारने वाले जीव थोड़े ही हैं; अति शीघ्र मुझे विदा कर दिया, मानो मेरे आराम से स्पर्धा होती थी। बैकुंठ को लोग क्यों चाहते हैं, क्योंकि वहाँ आलस्य धर्म का पूर्णतया पालन हो सकता है। वहाँ किसी बात का कष्ट ही नहीं उठाना पड़ता। कामधेनु और कल्पवृक्ष को ईश्वर ने हमारे ही निमित्त निर्माण किया है। आजकल कलियुग में और भी सुभीता हो गया है। कल्पवृक्ष बिजली के बटन के रूप में महीतल पर अवतरित हो गया है। बटन दबाइए, पंखा चलने लगेगा, झाड़ू भी लग जावेगी, यहाँ तक कि पका-पकाया भोजन भी तैयार होकर हाजिर हो जावेगा। बिना परिश्रम के चौथी-पाँचवीं मंजिल पर लिफ्ट द्वारा पहुँच जाते हैं। इन्हीं सब आलस्य की आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए संसार में उन्नति का क्रम चला है; और उन्नति में गौरव मानने वाले लोगों को हम आलसियों का अनुगृहीत होना चाहिए।

उपर्युक्त व्यवस्था से प्रकट हो गया कि आलस्य का इस संसार में इतना महत्त्व है। अब मैं आप महानुभावों के शिक्षार्थ एक आदर्श आलस्याचार्य का वर्णन कर, अपने वक्तव्य को समाप्त करूँगा।

कहा जाता है कि एक बड़े भारी आलसी थे। वह जहाँ तक होता था, हाथ क्या, अपनी उँगली को भी कष्ट नहीं देना चाहते थे। उनके मित्रवर्ग ने उनसे तंग आकर सोचा कि इनको जीवित ही कब्र की शांतिमयी निद्रा का सुख प्राप्त करा दें। इस इरादे से वह उनको चारपाई पर रख ले चले। रास्ते में एक धनाढ्य अमेरिकन महिला मिली। उसने जब यह शव-सा जाता हुआ मनुष्य देखा, तो उसका कुतूहल बहुत बढ़ा और उसने शय्या-वाहक से सब वृत्तांत पूछा। उस दयामयी स्त्री ने हमारे चरित्र-नायक से कहा कि आप मेरे यहाँ चलने की कृपा कीजिए। मैं आपको बिना कष्ट के ही भोजनादि से संतुष्ट करती रहूँगी। हमारे आलस्याचार्य ने पूछा कि आप मुझे भोजन में क्या-क्या देवेंगी? उस महिला ने बहुत से पदार्थों का नाम लिया, उनमें उबले हुए आलू भी थे। इस पर उन्होंने कहा कि आलुओं को छीलेगा कौन? (लंच में कभी-कभी वे छिले ही आलू देते हैं) इस पर उस स्त्री को बहुत झुँझलाहट आई। हमारे आलस्याचार्य ने कहा कि मैं तो पहले ही से जानता था कि आप मेरी सहायता न कर सकेंगी और आपने वृथा मेरा समय नष्ट किया, नहीं तो मैं अभी तक आर्यन आनंद-भवन में प्रवेश कर चुका होता। इतना कहकर उन्होंने शय्या-वाहकों को आगे चलने की आज्ञा दी।

इस आदर्श को मूर्खता न समझिए। भेद केवल इतना ही है कि इस प्रकार के जीवन को दार्शनिक रूप नहीं दिया गया है। इसलिए आप लोग जो इस सभा के सदस्य हैं, मेरे सिद्धांतों से सहमत हो निम्नलिखित प्रस्तावों को स्वीकार करें—

- यह सभा प्रस्ताव करती है कि भारत-सरकार के कानून-विभाग से यह प्रार्थना की जावे कि ताजीरात-हिंद में एक धारा बढ़ाकर दिन-रात में दस घंटों से कम सोना दंडनीय बनाया जावे।
- जो लोग ताश खेलना नहीं जानते हैं अथवा जो लोग तंबाकू न पीते हों, उन लोगों पर आमदनी के 5 रुपया प्रतिशत के हिसाब से कर लगाने की प्रार्थना की जावे। इससे सरकार की आमदनी बढ़ेगी।
- जो लोग इस सभा में रुपया-पैसा कमाने या और कोई उपयोगी बात जिसकी कीमत आने-पाइयों में हो सकती है, कहेंगे, वे इस सभा से बहिष्कृत कर दिए जावेंगे।
- अमेरिका और इंग्लैंड की मोटर-कंपनियों से निवेदन किया जावे कि भविष्य में जो मोटरें बनवाई जावें, वे ऐसी हों कि उनमें पैर पसारकर लेटे हुए सफर कर सकें। इसके अतिरिक्त ऐसी छोटी-छोटी मोटर-मशीनें तैयार करवाई जावें कि वे हमारी चारपाइयों में लगाई जा सकें और बटन दबाने से हमारी चारपाई एक स्थान से दूसरे स्थान तक जा सके। उड़नखटोला के स्थान में मोटर-पलंगों की आयोजना संसार की उन्नति के लिए परमावश्यक है।
- सरकार से यह प्रार्थना की जावे कि संसार में सबसे बड़े शांति-स्थापनाकर्ता को जो नोबेल प्राइज मिलता है, वह सबसे बड़े आलसी को दिया जावे! क्योंकि आलसियों के बराबर संसार में दूसरा कोई भी शांति-स्थापनाकर्ता हो ही नहीं सकता। यदि वह इनाम काम करनेवाले शक्तिशाली पुरुष को दिया जावेगा, तो वह कैंसर की भाँति संसार में युद्ध की ज्वाला को प्रचंड कर पुरस्कार-दाता की आत्मा को दु:ख देगा।

## दो लघुकथाएं

### हाथी के दांत

■ हरिन्दर सिंह गोगना



बच्चों के एक विशेष समारोह में मिसेज वर्मा को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया तो उन्होंने बच्चों के हित में भाषण लिखा जो समारोह के दौरान पढा जाना था। भाषण की आखिरी पंक्तियां कुछ इस तरह थीं, बच्चे देश का भविष्य होते हैं। हमें एक जुट होकर बाल मजदूरी जैसे कोढ़ को खत्म करना है। यह तभी संभव होगा जब देश मे कोई भी गरीब बच्चा अनपढ़ नहीं रहेगा। इसके लिए मुफ्त शिक्षा देना ही नहीं बल्कि और भी कई ठोस कदम उठाने होंगे जिससे बच्चों का भविष्य उज्वल हो सके।'

समारोह में जाने के लिए जैसे ही श्रीमती वर्मा अपनी नई गाड़ी में बैठने लगी तो उनके करीब उनकी घरेलू नौकरानी की बेटी रमैया दौड़ी हुई आई और बोली,'' मालकिन आज मां काम पर नहीं आ पायेगी...उसे बुखार है।'

'अरे आज तो मेरे यहां मेहमान आने वाले हैं...साफ सफाई कौन करेगा... ? ऐसे करो आज के लिए तुम कुछ काम कर जाओ...।'

' लेकिन मालकिन...मुझे तो स्कूल जाना है...।'

'ओफ हो...एक दिन स्कूल नहीं जाओगी तो कौन सा पहाड़ टूट पड़ेगा...जाओ भीतर...।'आगे से मैडम वर्मा का जवाब था। गाड़ी जा चुकी थी मगर रमैया वहीं दुविधा में खड़ी थी।

### हमदर्दी

*महिला मंडल की युवा नेता अपने सहयोगियों के साथ इलाके के शहीद की पत्नी के घर हमदर्दी जताने पहुंची और अपनी सरकार से हर तरह की मदद का भरोसा भी दिया। तभी महिला नेता के फोन पर उनके पति बोले,'' अरे भाई अब लौट भी आओ...मुन्ना तुम्हें याद कर काफी रो रहा है...फिर मुझे भी तो शहीदों के स्मारक पर माला चढ़ाने जाना है...।'*

*'आप मुन्ना को संभालें...मेरा इतना जल्दी यहां से निकलना ठीक नहीं...। जो गुजर गये उन पर माला चढ़ाना इतना जरूरी नहीं जितना कि जीवित लोगों का विश्वास जीतना...कुछ समझे न...?''*

*एकांत में जाकर अपनी बात कहने के उपरांत वह फिर से लोगों के घेरे में बैठी शहीद की बेवा से हमदर्दी जताने लगी।*

**कंट्रोलर दफ्तर, पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला**
**मो 9872325960**

## मेरा गांव

■ डॉ श्यामबाबू शर्मा

मेरे गांव का शिवाला
अंबिका मंदिर
और मस्जिद रिनोवेट हो रहे हैं।
पूजा पुजारी इबादत में इजाफा है
ज़मानत के बाद कलइया
ने संध्या का जिम्मा ले लिया है।
धरती धमक्का बाग सूख गया है
ढोर डंगर की गूं मूत नदारद है
गलियारों में खड़ंजा लग गया है।
किरहुना,बसुवा और लछुआ
ताल बेपानी हो गये हैं
वैसे जैसे मेरे गांव के लोग।
मेड़ें ऊंची हो गई हैं
खलिहान में बस्ती हो गई है
गेठुरा सीला तरी नदारद
आम कटहल महुआ और
भूसा की नीलामी हो गई है
मेरे गांव की आग मशीनी हो गई है
बिजली का उजाला हो गया है
चौराहे में सोहदे और
अंग्रेजी ठेका हो गया है
घरों में दीवारें पक्की हो गई हैं
इस दफा देखा तो
यकायक मेरे गांव में
कई रंग....हो गये हैं।

2

हमारे होशो हवास में
काल अकाल से फ्लू महामारी से
मजहबी वाइरस से
मर गईं रुकमाना बुआ
सीताराम हीरालाल भगवानदेई रानी बिटिया
बिटइया बदरी परधान टिर्रू जमींदार
खालिक चच्चा गुरू बाबा
बइठकुआ गंगा भाई मर गये।
मर गये अजिया-बाबा नाना-नानी
बड़े मामा औ माई
मर गये कई नात-रिश्तेदार
ऐसे कई चीन्हे लोग मर गये
मगर जिंदा थे इनके नाम काम
जिंदा थे इनके कुआं बावड़ी चबूतरे
जिंदा था इनका बैन व्यवहार
जिंदा थी इनकी भैयाचारी
जिंदा थी नाते रिश्तेदारी
उस दिन अचानक
मंडराने लगे गिद्ध
औ मुआ चिरई
तफ्सीस हुई ये अपशकुन कहां से
कैसे हमारे गांव में आये
कौन कहे कैसे कहे!
ये सारे गिद्ध गांव में छुपे थे ढके थे
बस अब तक छुपे थे।

## हाना

बुढ़वा कौआं कांव कांव करे।

जब मनखे मन बुढ़ा जाथे कुछु काम नइ कर सकें। हाथ-पांव नइ चलय त बैठे बैठे चिल्लात रहिथे तेकर बर ये हाना ल केहे जाथे।

## शब्द अरथ

1. छंदइया–छानने वाला। फंसाने वाला, बांधने वाला
2. छदई – छानने, फंसाने या बांधने की क्रिया या भाव
3. छदउनी– छानने, फंसाने या बांधने का खर्च या पारिश्रमिक
4. छंदना– छानने के लिए प्रयुक्त वस्तु फंसना, बंधना
5. छदनी–छदना
6. छंदल– छना हुआ,फंसा हुआ
7. छंदवइया– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने वाला
8. छदवई– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने की क्रिया या भाव
9. छदवउनी– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने का खर्च या पारिश्रमिक
10. छदवा– छाना हुआ, शुद्ध किया हुआ, फंसा हुआ, बंधा हुआ।

# आम महोत्सव के अपन मजा

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, छत्तीसगढ़ शासन अउ 'प्रकृति की ओर' सोसायटी मिल के छः- सात अउ आठ जून के कृषि महाविद्यालय परिसर रायपुर म 'फलों के राजा' आम के 'आम महोत्सव' लगने वाला है। इंहा आम के दू सौ प्रकार के आम रखे जाही अउ छप्पन प्रकार के कलेवा रखे जाही। देश भर के लोगन ल नेवता हावय ,अपन विशेष प्रकार के आम ल प्रदर्शनी यें रखंय। अउ प्रतियोगिता म घलो भाग लेवंय। छत्तीसगढ़ के बाहिर के आम उत्पादक मन भाग लिही। आम के कलेवा के घलो प्रतियोगिता होही। पंजीयन मुफ्त म होही। भाग लेय बर हे तभो कोनो शुल्क नइ लगय। सब मुफ्त म होही।

देशी आम रखे जाही। आम के संख्या दस होना चाही। हमर छत्तीसगढ़ के मन ल दूसर राज्य के आम देखे बर मिलही। जेन आमा देश भर म बेचाये बर आथे तेखर नाम हावय—दशहरी, लंगड़ा,चौसा,मालदा,हिमसाग, सुंदरजा, केसर, अलफांसो,तोतापरी,नीलम,बैगनफल्ली, पैरी, सिंदूरी, फज़ली। रायपुर म तो बैगनफल्ली, तोतापरी, कलमी, दसेरी ही ज्यादा मिलथे। इंहा के बाकी आम अलग अलग क्षेत्र म अलग अलग सुवाद के होथे। अभी एक झन जांजगीर के आम ला के दीस त ओ ह शक्कर असन मीठ रहिस हे । कलमी आम सरिख दिखत रहिस हे। आम पना बनायेंन त शक्कर डारे के जरुरत ही नइ रहिस हे। पहिली भिलाई के आम बगीचा के बहुत नाम रहिस हे। चूसनी आम, अचारी आम बहुत मिलय। छत्तीसगढ़ म अचार बनाये बर रेशा वाला आम प्रयोग म लानय जेन ल आजकल बूच वाला आम कहिथें। अब ये मिलबे नइ करय। बैतूल के आम रायपुर म आथे इही ल सब अचार बर लेथें। गांव-गांव के आम के पेड़ मन बुढ़ागे हावय। नवा पेड़ लगावत नइये। नवा पेड़ लगावत भी हें त हाइब्रिड वाला लगावत हावय जेखर ले अचार नइ बनय। महोत्सव म हाइब्रिड के ही बूच वाला अचार के प्रकार तैयार करना चाही। जेखर नाम ही अचारी आम होवय। दक्षिण म गुजरात म महाराष्ट्र म बिना रेशा वाला आम के अचार बनाथें फेर छत्तीसगढ़ म आज भी रेशा वाला आम के सुरता करथें। मलाजखंड म मिलथे, दुर्ग भिलाई म मिलथे। गाँव के मन आज भी अपन पेड़ के आम ल बेचे बर आथें। जेन पहुँच गे तेन ल मिलगे।

आम महोत्सव म आवव अउ आम देखे के खरीदे के मजा लेवव। आम के बने जिनिस ल खरीद के खाये के मजा लेवव।

**-सुधा वर्मा**

# लोक संगीत सम्राट: खुमान साव

**6 वीं पुण्यतिथि म विशेष**

कोनो भी अंचल के संस्कृति वो क्षेत्र के पहिचान होथे. येमा वोकर आत्मा ह वास करथे. जब अपन संस्कृति ल जन मानस समाज ह कोनो मंच म प्रस्तुति के रूप म देखथे त ऊंकर हिरदे म गजब उछाह भर जाथे. हमर छत्तीसगढ़ के लोक संस्कृति के अलगे पहिचान हे. येला जन जन तक बिखेरे म जउन महान कलाकार मन के हाथ हे वोमन म स्व. दुलार सिंह साव मंदराजी, स्व. दाऊ रामचंद्र देशमुख, स्व. महासिंग चन्द्राकर, स्व. हबीब तनवीर, स्व. देव दास बंजारे, स्व. झाड़ू राम देवांगन, श्रीमती तीजन बाई, स्व. केदार यादव, स्व. लक्ष्मण मस्तुरिया,स्व.शेख हुसैन, झुमुक दास बघेल, निहाई दास मानिकपुरी, ममता चन्द्राकार, कविता वासनिक, पूना राम निषाद, लालू राम साहू, स्व. मदन निषाद, स्व. गोविन्द निर्मलकर,माला मरकाम, फिदा बाई मरकाम, सूरुज बाई खांडे, चिन्ता दास बंजारे, रामाधार साहू, दीपक चन्द्राकार, शांति बाई चेलक, स्व. भैया लाल हेड़ाऊ,स्व.गंगा राम शिवारे, बद्री विशाल यदु परमानंद,शिव कुमार तिवारी, मिथलेश साहू, घुरवा राम मरकाम, डॉ. पीसी लाल यादव, शिव कुमार दीपक, नवल दास मानिकपुरी अउ संगीतकार श्रद्धेय स्व. खुमान साव के नांव ल आदर के साथ लेय जाथे. स्व. साव जी ह अपन साधना के बल म छत्तीसगढ़ी लोक संगीत ल खूब मांजिस. हमर लोक गीत ल पश्चिमी अउ फिल्मी संस्कृति ले बचा के माटी के खुशबू ल बिखेरिस. खुमान साव ह छत्तीसगढ़ के नामी कवि अउ गीतकार मन के गीत ल संगीतबद्ध कर के चंदैनी गोंदा के मंच म प्रस्तुति दिस.

छत्तीसगढ़ी लोक संगीत बर समर्पित खुमान साव के जनम 5 सितंबर 1929 म राजनांदगॉव के ग्राम खुर्सीटिकुल (डोंगरगॉव) म होय रिहिस. बाद म ठेकवा (सोमनी )म जाके बसगे. वोकर बाबू जी के नांव टीकमनाथ साव रिहिस. खुमान ल लोक गीत-संगीत के घर म सुग्घर वातावरण मिलिस काबर कि वोकर बाबू जी ह हारमोनियम बजाय. लइका खुमान ह घर म हारमोनियम बजाय म धियान लगाय. फेर वोहा रामायण मंडली म हारमोनियम बजाय ल शुरु करिस. खुमान ह नाचा के भीष्म पितामह स्व. मंदराजी दाऊ के मौसी के बेटा रिहिस .मंदरा जी दाऊ ह खुमान ल हारमोनियम बजाय बर प्रोत्साहित करे. खड़े साज म वोहा पहिली बार 13 साल के उमर म बसन्तपुर (राजनांदगॉव) के नाचा कलाकार मन सँग हारमोनियम बजइस. मंदरा जी दाऊ द्वारा संचालित रवेली नाचा पार्टी म वोहा 14 साल के उमर म सामिल होगे. साव जी नाचा म हारमोनियम म लोक धुन के सृजन कर छत्तीसगढ़ के माटी के महक ल बिखेरे के जब्बर काम करिस. साव जी ह बी. ए. तक शिक्षा प्राप्त करे रिहिन हे. वोहर म्युनिसीपल स्कूल राजनांदगॉव म शिक्षक रिहिन हे.

साव जी ह सन 1950-51 म राजनांदगॉव म आर्केस्टा पार्टी चलाइस. छत्तीसगढ़ के कतको शहर के सँगे -संग महाराष्ट्र अउ मध्यप्रदेश म आर्केस्टा के प्रस्तुति दिस. धीरे से वोकर मन ह आर्केस्टा डहर ले उचट गे. 1952 म सरस्वती कला मंडल के गठन करिस. खुमान साव जी के प्रतिभा ल देखके दाऊ रामचंद्र देशमुख ह अब्बड़ प्रभावित होइस. 1952 म दाऊ रामचंद्र देशमुख के गांव पिनकापार (बालोद )म मंडई के समय म नाचा होइस. ये कार्यक्रम म देशमुख जी हा साव जी ल हारमोनियम बजाय बर बुलाइस.1953 म घलो अइसने होइस.ये कार्यक्रम के अइसे प्रभाव पड़िस कि रवेली अउ रिंगनी नाचा पार्टी के विलय होगे. काबर कि येमा रवेली अउ रिंगनी पार्टी के संचालक मन ल छोड़ के बाकी नामी कलाकार मन ह आमंत्रित होय रिहिन हे. लोक संगीत अउ कला डहर कुछ अलग काम करे के इच्छा के सेति वोहा 1960 म शिक्षक सांस्कृतिक मंडल के गठन करिस. येमा भैया लाल हेडाऊ, गिरिजा सिन्हा, रामनाथ सोनी जइसे बड़का कलाकार मन शामिल होइस.

साव जी ह सबले पहिली स्व. रामरतन सारथी के 3 गीत मोला मइके देखे के साध, सुनके मोर पठौनी परोसिन रोवन लागे, सोन के चिरइया बोले ल लयबद्ध करिस. 1971 म आकाशवाणी रायपुर म वोकर संगीत निर्देशन म गाना रिकार्ड होइस .भैया लाल हेड़ाऊ अउ दूसर कलाकार मन ह गीत गाइस.

दाऊ रामचंद्र देशमुख ह रेडियो म खुमान साव अउ ऊंकर कलाकार मन के गीत ल सुनिस त साव जी ल अपन गांव बघेरा बुलाइस. वो समय दाऊ जी ह छत्तीसगढ़ के लोक कलाकार मन ल सकेल के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के उदिम करत रिहिस. साव जी ह दाऊ रामचंद्र देशमुख द्वारा स्थापित चंदैनी गोंदा म हारमोनियम वादक के रूप म जुड़गे. चंदैनी गोंदा म साव जी ल अपन प्रतिभा देखाय के सुग्घर मौका मिलिस. चन्दैनी गोंदा के प्रसिद्धी म संगीत पक्ष के गजब रोल रेहे हे. येकर श्रेय खुमान साव ल जाथे जउन ह अपन साधना के बल म नामी कवि /गीतकार लाला फूलचंद, द्वारिका प्रसाद तिवारी विप्र, रविशंकर शुक्ल, पवन दीवान, प्यारे लाल गुप्त, कोदू राम दलित, राम रतन सारथी, लक्ष्मण मस्तुरिया के गीत ल संगीतबद्ध करके चंदैनी गोंदा म प्रस्तुति दिस. साव जी ह मोर संग चलव रे..., धन धन मोर किसान, घानी मुनी घोर दे, छन्नर छन्नर पैरी बाजे, चिटिक अंजोरी निर्मल छइंहा, मोर धरती मइया जय होवय तोर, पता ले जा रे गाड़ी वाला, बखरी के तुमा नार बरोबर, मोर खेती खार रुमझुम जइसे कतको छत्तीसगढ़ी गीत ल संगीत दिस. ये गीत मन हा अब्बड़ लोकप्रिय होइस अउ आजो जनता के जुबान म बसे हे. छत्तीसगढ़ी लोकगीत गौरा गीत, सुवा गीत, बिहाव गीत, करमा ये मन ला लयबद्ध करे म ऊंकर गजब योगदान हवय.

लोक संगीत के ये महान कलाकार से मोर पहिली भेंट 17 मार्च 2002 म दिग्विजय स्टेडियम के सभागार म आयोजित साहित्यिक कार्यक्रम म होय रिहिस. दूसरइया भेंट मानस भवन दुर्ग मा आयोजित छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के प्रांतीय अधिवेशन म होइस .इहां के एक संस्मरण बतावत हवँ. कार्यक्रम ह चालू नइ होय रिहिस. साहित्यकार /कलाकार मन के पहुंचना जारी रिहिस. नामी साहित्यकर दानेश्वर शर्मा जी, खुमान साव जी सहित पांच -छै साहित्यकार स्वागत द्वार के पास खड़े होके एक दूसर ला पयलगी /जय जोहार करत रेहेन. इही बीच एक नव जवान कवि ह अइस अउ साव जी ल नइ पहिचान पाइस. हमर मन ले वो नव जवान कवि ह पूछे लागिस कि ये सामने म खड़े हे वोहा कोन हरे. मेहा साव जी के परिचय बताय बर अपन जबान खोलत रेहेंव त साव जी ह मोला रोक दिस अउ ओकर से पूछिस कि पहिली तँय ह बता तैंहा कोन गांव के हरस. नव जवान सँगवारी ह बोलिस - मेहा बघेरा (दुर्ग) के रहवइया अंव.

साव जी ह बोलिस कि- तैंहा बघेरा के हरस तब तो मोला तोला जानेच ल पड़ही. अउ मोर नांव नइ बता पाबे त तोला मारहू किहिस च्च् ये बात ल सुनके वो नव जवान ह सकपकागे!

वइसे मेहा साव जी के अख्खड़ स्वभाव ले परीचित रेहेन त देरी नइ करत वोला बतायेंव कि - यह महामानव चंदैनी गोंदा के संचालक आदरणीय खुमान साव जी हरे. अइसन सुनके वोहा तुरते साव जी ल पयलगी करिस. जे साव जी ह वोला मारहू केहे रिहिस वोहा वोकर मुड़ी म हाथ रखके आशीर्वाद प्रदान करिस. ये प्रसंग म हमन मुस्कात रहिगेन.

फेर साव जी ह नम्र स्वभाव ले वोकर से किहिस कि - तैंहा बघेरा रहिथो केहेस तेकर सेति केहेंव कि मोला जाने ल पड़ही .फेर वो नव जवान ल पूछिस कि दाऊ रामचंद्र देशमुख जी ल जानथस? श्री विश्वंभर यादव मरहा जी ल जानथस? त वोहा किहिस कि हव दूनों ल जानथव.

साव जी ह बोलिस कि महू ह दाऊ रामचंद्र देशमुख जी के घर रिहर्सल मा आंव जी .तेकर सेति तोला केहेंव रे बाबू कि मोला तोला जाने ल पड़ही.

ये घटना ले पता चलथे कि साव जी ह नारियल जइसे ऊपर ले

कठोर जरूर दिखय पर अंदर ले गजब नरम स्वभाव के रिहिस.

साव जी ह हमर साकेत साहित्य परिषद् सुरगी जिला राजनांदगॉव के वार्षिक समारोह म चार बेर पहुंचिस. 2012 म करेला (खैरागढ़) भवानी मंदिर मा आयोजित कार्यक्रम म, 2013 म सुरगी के पंचायत भवन म, 2015 म सुरगी के कर्मा भवन म अउ 2016 म सुरगी शनिवार बाजार चौक के मुख्य मंच मा आयोजित कार्यक्रम म पहुंच के हमन ल कृतार्थ करिस. 2015 म खुमान साव जी ह साकेत सम्मान स्वीकार कर हमन ल गौरवान्वित कर दिस. वर्ष 2016 म 87 साल के साव जी के चयन संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार -2015 बर चयनित होय के खुशी म साकेत साहित्य परिषद् सुरगी द्वारा नागरिक अभिनंदन करे गिस.

2015 अउ 2016 म सम्मानित होय के बेरा म साव जी ह किहिस कि -ञ्ज मोला जनता से जउन सम्मान मिलथे उही मोर बर सबले बड़का सम्मान हरे. आज तक मेहा राज्य सम्मान अउ पद्म श्री बर आवेदन नइ करे हवँ न अवइया बेरा म करव! हां शासन ह खुद मोला सम्मान देना चाहत हे त दे सकथे. छत्तीसगढ़ के लाखो जनता के प्रेम ह मोर बर सबसे बड़े पुरस्कार हरे.

हमर छत्तीसगढ़ी लोक संगीत के अइसन महान कलाकार ह 9 जून 2019 के दिन 89 साल के उमर म ये दुनियां ल छोड़ के स्वर्गवासी होगे. श्रद्धेय साव जी ल उंकर 6 वीं पुण्यतिथि म सत् सत् नमन हे।

**ओमप्रकाश साहू 'अँकुर'**
**सुरगी, राजनांदगॉव**

# बिहना के सरसर हवा

मुंदराहा ले कुकरा बासय,बसेरा ले निकल जाय
पहट बिहानिया सुरुज देव,जिनगी म अंजोर बगराय
आमा रुख म कोयली कुकय,मउँरे आमा ममहाय
बिहना के सरसर सरसर हवा,सबो के मन ल भाय
चिरई चिरगुन तान छेड़य,गीत मया के गाय
कोयली के मीठ सुग्हर बोली,बिहना ले कुहकुहाय
बिहानिया कुन गाय गरुवा,कोठा कुरिया म नरियाय
अंगना दुवार ल खरेरा मारे,डोकरी दाई ह खिसियाय
एति तेति दउंड़त भागत,बछरूं पिला चिचयाय
दुध दुहे बर राउंत बिचारा,बिहना ले नंगत गरियाय
घर के आंट म डोकरा बबा,गोलाबिड़ी ल सुलगाय
फुकुर फुकुर पिए बबा,धुंगगिया ल उड़ाय
छानी उपर कउंवा बईठ के,कांव कांव चिल्लाय
बिहना के सरसर सरसर हवा,सबो के मन ल भाय
ओनिहारी के पिंयर सरसो,लहर लहर लहलहाय
पहट बिहानिया सुरुज देव,जिनगी म अंजोर बगराय
बसंत बहार के महिना ,परसा फुल ललियाय
सुग्हर लागे लाली परसा,डारा पाना हरियाय!!

**– सोनु नेताम 'माया'**
**रुद्री नवागांव, धमतरी**

# सरग असन दुवारी

**कहिनी**

रमशिला के बिहने ले उठके घर द्वार ल बाहरना-बटोरना रोज के बुता आय। रोज के अपन पारा में सबले पहिली उठ के काम बुता में लग जथे। अपन काम ल बारों महीना बेरा में करे के आदत बना डरे हे। येला अपन फरज समझ के करत रहिथे। अपन घर परिवार में काम बुता खातिर कभु कोनो ल शिकायत के मौका नी दिस। पारा-मोहल्ला भर नहीं, गांव भर के मनखे रमशिला के बुता के गोठ करत रहिथे। आदत बेवहार में घलव बने। न ककरो चारी-चुगली,न ककरो के लेना न देना। अपन काम ले काम।

कतको माईलोगिन मन बिचारी के काम ले जलन घलव करत कहय। पारा मोहल्ला के माईलोगिन मन कहय-काली तरिया में कपड़ा कांचे ल गे रहेंव त मंडल पारा के मन तोर बुरई करत रिहिन या...। कहत रिहिन-बड़ घमंडिन हे ककरो घर आय जाय नहीं कहीके। कोनो ह कहे, सुन न या अतेक तोर काय बुता रिथे जेला देखबे ते मन किथे- इहि भर कमेलिन आय। तइसे लागथे, दिन भर घर में खुसरे रिथे। धंधाय बरोबर नी लगत होही का येला? कोनो कहे-येला माय मइके के सुध नी लगे तइसे लागथे। हमन कतको घांव मइके जाके आ जथन त ले दे के एकाध बेर चल दिस ते बहुत हे। येकर ल देख के हमर घर के मन हमन ल ताना मारथे। सास-ससुर, ननद- देवर वाला हो के अतका बुता में लगे रिथे। माईलोगिन मन एक जगा सकला के कहय- हमर मन बर तो रमशिला ह काल बरोबर होगे हे, दाई...। न मरन दे, न मोटान दे। तइसे होगे हे हमर मन बर।

रमशिला के बुरई करने वाला परानी मन घर के बंधना में नी रहत रिहिन। एकर सेती घर में गारी खाय। इकर घर के मन रमशिला के बुता के सराहना करय। येकरे सेती अइसन घर मन बर रमशिला ह गला के फांस बन जात रिहिस।

दूसर डहन रमशिला के काम बुता ल देख के सीख लेवय। जे परानी मन अलाली करत घर में गारी खाय, तेमन रमशिला के बुता ल देख के काम बुता में लग के घर में सराहे के लइक होगे।

रमशिला ह सोचय! मैंहा तो कोनो ल कुछु नी कहव, फेर मोर पाछू में काबर लगे रहत होहीं। फेर काकरो गोठ ल धरत नी रिहिस। एक कान ले सुने दूसर कान ले निकाल देत रिहिस। कोन ह काय किथे, ए सब ला घर परिवार में बताय।

घर में परिवार के बड़े मन रमशिला ल समझात किहीन- कोन ह काय कहत हे येला हसत उत्तर देय कर। कहे कर - मैंहा काय करत हो, काय नी करत हो, कतका बने करत हो, कतका गिनहा करत हो, एकर प्रभाव के आकलन तो मोर घर के मनखे मन करत हे। मोला तो बने गिनहा के जवाब घर में ही देना हे। मोला घर के बाहिर के मनखे मन काय कहत हे, उनकर बात में ध्यान दे के तो कोनो मतलब नई हे।

मेहा काकर घर काय होवत हे, वोला तो देखे ल नी जाव। अइसन में कोनो घर ल झाखे ले कोन ल काय मिलना हे। रमशिला ह अब कोनो कुछु कहय तब ईही उत्तर दे। धीरे धीरे माई लोगिन मन ल समझ आए लगीस, हमन ल दूसर के दुवारी ल झाके ले बदनामी भर मिलना हे, अपन घर ल झाके ल छोड़के दूसर घर झाखत हन, संगे संग जेन भी बोलत हन, करत हन वोकर एक दुवारी ले दूसर दुवारी मिल जाहि ते भेदभाव मेटाही अउ सुमत बाढ़ही। अभी जेन भी हमन करत हन वोह कोनो घर, परिवार, समाज बर बने नोहे।

सब परानी मन अब रमशिला जइसे अपन दुवारी ल सजाए में लगत गिन। सब मन अब बिहने ले उठके बहारना- बटोरना करे के बाद आंगन ल गोबर ले लीप के रंगोली बना के सजाथे। तहाने माटी के दीया बारथें। एकर प्रभाव ले गली मोहल्ला देवारी तिहार बरोबर जगमगाये लगथे। साफ सफई दिखथे तेन अलग। एकरे सेती कहे गेहे...घर दुवारी बने रही ते, तन बने रही, तन बने रही ते, मन बने रही। सियान मन किथे- हम बने ते सब बने। इही प्रभाव ले अब ये गांव म सुनता सुमत ले हर घर के देखे म सरग असन दुवारी लगत हे।

**डॉ. दीनदयाल साहू.**
**मॉडल टाऊन नेहरू नगर भिलाई**

# पानी नइये

का कहव संगी मय का सुनब संगी तय
कहे सुने के अब तो कहानी नइये
तोर मोर बीच गाथा सुहानी नइये
बस गरजना हाबे बादर म पानी न इये
मारत फुटानी टूरा बरा भजिया ल खाथे
फेर काबर करसं लें काचा मिरचा ल चाबे
चिरपुर बड़ देख बिचारा कइसें कलबलागे
हद होगे होटल म पानी नइये बोतल म पानी नइये
...
असनादे खुसरे समारु अपन नहानी घर म
चुपरत साबुन मगन गावे गीत सुहानी घर म
आंखी में परे गेजरा नल पोछत पंछा म चेहरा
बाल्टी में पानी नइये डोलची म पानी नइये ...
लगिन के नेवता भेजे हवे समयदास
जिहा दार भात उहा पहिदे माधोदास
दमकाते साठ थारी भात रेन्गे बाहिर सोज्झी घाट
नरवा म पानी नइये तरिया म पानी नइये ...
हमर पारा के पंचू भाई बनगे हवे पंच
फटफटी म किंदरत हे मंदहा सरपंच संग
मंत्री साहेब मन संग चलत हवे परपंच
मुड़ी कटइय्या जनता बर कोनो राजा रानी नइये ...
चल बने टूरी मन होवत हे टूरा मन ले आघु
फेर उकर करसतानी ले इकर करसतानी आघु
चुंदी नइये न फूंदरा अउ हवे मुड़ ह उघरा
बराबरी के चक्कर मं करे काम अलकर
बरदानी ओकर आचर फेर निरलजई होत काबर
आंखी में अब तो पहली कस लाजवानी नइये
जवानी तो हे फेर जवानी के रवानी नइये ...
का कहंव संगी मंय का सुनब संगी तंय
कहे-सुने के कोन्हों कहानी नइये
अब तोर-मोर गाथा सुहानी नइये
बस गरजना हवे बादर मं पानी नइये ...
अब तोर मोर बीच गाथा सुहानी नइये
बस गरजना हवे बादर मं पानी नइये

**डा अनिल भतपहरी**
**अमलीडीह रायपुर**

# घुमरा

> घुमुकंठ ह घुमरा बिधना ह निशान अऊ मणिकर्म ह ताल नाव के बाजा ल चंद्रध्वज राजा के आगू म लानिन । खुश होवत राजा ह चइत पुन्नी ( सोमवार ) के दिन इही तीनों ल एके संघरा बजवाय के मुहूरत तै करिस । बाजा बाजत गिस, बादर के गोड़ थिरकत गिस .. बादर घुमड़े लगिस ... एक सरवर रदरद रदरद पानी गिर के धरती ल हँसा दिस । महापुराण के कथा अनुसार सृष्टि के आदि म देवता मन के गौरव गान करइया ल गंधर्व अऊ बाजा बजावत नचइया ल किन्नर केहे गिस ।

बादर ल रिझाथे अऊ धरती ल हँसाथे। तइहा तइहा के बात आय । एती ओती किंजरइया खानाबदोश मनखे मन खेती करई शुरू करिन। येमन चंदा, सुरूज, हवा-पानी, रुख रई, पहाड़ ल अपन देवता मानय। उंकर मान्यता रिहिस के माटी महतारी अऊ बादर के पूजा करे म फसल बने होथे। ओकर बर तरहा तरहा के बलि तरपनी पूजा करय अऊ पूजा समे म खुशी मनात नाचय गावय।

कांचीपुर नगर म चंद्रध्वज नाव के एक झन राजा के रजधानी रिहिस । रानी के नाव उर्मि अऊ बेटा के नाव घुमुकंठ रिहिस । घुमुकंठ के पक्का संगवारी बिधना अऊ मणिकर्म रिहिस । लोहा पथरा में गढ़े के बुता म बिधना पारंगत रिहिस । मणिकर्म धातु कर्मी रिहिस । पाछू बिधना के वंशन विश्वकर्मा ( लोहार ) अऊ मणिकर्म के वंशज स्वर्णकार ( सोनार ) कहलइन । राजपुत्र घुमुकंठ मृतिकार अर्थात मूर्तिकार रिहिन । माटी के बर्तन बनाय म कुशल रिहिन । आगू चलके येकर वंशज मन कुम्भकार ( कुम्हार ) के नाव ले जाने जाय लगिन।

एक दिन राजा चंद्रध्वज हा तीनों संगवारी मनला बलइस अऊ किहिस के माटी महतारी अऊ बादर के पूजा के समे अइसे बाजा बाजय जेकरा ले बादर के गर्जन , बिजली के कड़क अऊ पानी के झर झर गिरे के आवाज आवय । ये आवाज ल सुनके बादर आकर्षित हो जाय अऊ माटी महतारी हा खुश होके बीजा म पीका फुटे बर मदत करय।

राजा के आज्ञा पाके तीनों संगवारी सलाह मशविरा करत अपन अपन क्षमता के हिसाब से बुता करे के पहिली रैयत परबत म ब्रम्हाजी ला खुश करे बर उपासना आराधना बर तपस्या करै लगिन। ब्रम्हाजी मन इनला दर्शन अऊ मार्गदर्शन दुनों दिन। राजा के इच्छानुसार बाजा बनाय के गुर पागिन।

घुमुकंठ ह धरती दाई के पूजा करके चौबीस मुट्ठी माटी लान के सान डरिस अऊ बाजा बनाय लगिस। शिवजी के ध्वनि यंत्र डमरू अऊ माता पार्वती के जल पात्र घड़ा दुनों के आकार ल जोड़ के घुमउमूरा नाव के बाजा बना डरिस। बाजा के लम्भा होत नाव ला बाद म लोगन मन छोटे करत घुमरा केहे लगिन। घुमरा ला घुमुकंठ हा बहुत तेज आगी म पकइस।

रैयत परबत म गोधि जात के एक नानुक मनखे चतुस्पाद रिहिस । ओहा गुहयतम मंत्र के जानकार रिहिस । ओला तिर तखार के मन गुहिया कहय । घुमुकंठ ह गुहिया ले चमड़ा मांग घुमरा के मुहुँ म मढ़ दिस । घुमरा ला सुग्घर बनाय बर कुबेर ले बहुत अकन मणि माणिक्य मिलिस । कनिहा म बाँधे बर कीर्तिवीर्य ह बारह पाँव डोरी दिस। दुर्गा माता ह घुमरा के गला बर अपन लुगरा के अँचरा दिस। दैव अनुदान के सेती घुमरा बाजा ल दैव बाजा के रूप म मान्यता मिलिस । बारह अंगुल मुख मंडल , चौबीस अंगुल ऊँच अऊ छत्तीस अंगुल उदरवृत्त वाला घुमरा के जनम भादो शुक्ल पक्ष सप्तमी तिथि मंगलवार दिन मृगशिरा नक्षत्र म होइस । स्वर पारखी गंधर्व ह घुमरा के पहिली नाद ल विजय घोष बतावत अंगुरी थिरकइस आवाज सुन बादर रीझगे अऊ धरती पुलकित होवत हरियागे।

विंध्यगिरि के लोहा खदान अऊ उंहा के लोहा के गुणवत्ता पता रिहिस चंद्रचूड़ ल। विधना ह इही चंद्रचूड़ के सहायता ले विंध्यागिरि ले लोहा पागिस । अर्धकुम्भ सांचा म लोहा ढाल के बाजा बनइस । ओला मजबूत बनाय बर लोहा के चौदह पट्टी ढांचा म आठ-आठ खीला लगाके जड़ दिस।

उही समे नील परबत म रौरभ नाव के गंधर्व रहय। ओहा चर्मपारखी रिहिस। उर्वशी नाव के अप्सरा ले ओकर एक झन बेटा रिहिस ओकर नाव विश्वबंधु रिहिस। चंद्रचूड़ अऊ विश्वबंधु संगवारी रिहिन। विश्वबंधु हा बिधना ल बाजा म चमड़ा छाय बर सहयोग करिस।

बहुला नाव के एक ठन गऊ माता ह नील परबत म चरे बर रोज आवय । चराई के बदला बहुला गाय हा नील पर्बत के स्वामी विश्वबंधु ला मोठ चमड़ा दे दिस । बिधना ह इही मोठ चमड़ा ल बाजा म छा दिस । बाजा के उँचाई सोलह अंगुल अऊ मुखवृत्त बत्तीस अंगुल रिहिस। आठ सौ अंगुल के बाधित (चमड़ा के डोरी ) म मुखवृत्त कसत सरलग पंचाक्षर मंत्र बोलत रिहिस बिधना ह । चैत मास के कृष्णपक्ष के पंचमी तिथि ... गुरुवार के दिन विद्याधर नाव के गंधर्व ह ओकर नाव निशान धरिस। ये बाजा के मेघगर्जन कस आवाज सुनके देंहे म जोश के संचार होय लगिस । वीर रस उद्दीपन क्षमता के सेती ये बाजा ल जुझारू बाजा कहे गिस। मेघराज इंद्र घला येकर आवाज म मोहित हो गिस।

निशान ल बजाय बर कामदेव अऊ ओकर बाई चम्पा हा मिलके चमेटिया बनइन । बर रुख के दूध अऊ लाख जइसन सात रुख के रसा निकाल रसायनिक विधि ले बहत्त अंगुल के लचीला डोरी तैय्यार करिस कामदेव ह । मोम कस डोरी ल छत्तीस छत्तीस अंगुल के दू भाग म बरोबर बाँट दिस । बारह अंगुल के लम्भा राखे बर तीन तीन भंजन करिस । सुने म आथे के चौसठ जोगिनी के हाजिरी म ये चिमटा बनिस तेकर सेती येला चौंसठिया घला कहिथे । पाछू नाव बनत बिगड़त चौमटिया ... चिमटिया अऊ अब चमेटिया हो गिस ।

येती बोलचाल के भाखा म ताल ल झांझ घला किथे । पौराणिक कथा के अनुसार कश्यप नाव के एक झन महात्मा रिहिन जेहा ताम्रगिरि म निवास करय । तांबा अऊ कांसा के भरपूर भंडार रिहिस ओ परबत म । स्वर .. ताल ,, झंकार के साधना म कश्यप जी सरलग लगे रहय । एक दिन दुनिया किंजरत नारद जी ताम्रगिरि अमर गिन । नारद जी के मुलाखात कश्यप महात्मा ले मिले के पहिली मणिकर्म ले हो चुके रिहिस । मणिकर्म ह धातु के टुकड़ा ल आपस म टकराके स्वर निकाले के कोशिश करत रहय। कश्यप महात्मा ले मिले म नारद जी ह मणिकर्म के बुता के बखान करिस। स्वर ताल झंकार के खोज म लगे कश्यप जी ल मणिकर्म के बुता के बात सुन बहुतेच खुशी होइस। ओहा मणिकर्म संग तांबा अऊ कांसा ल मिलाके ओकर पतला चद्दर बनइस अऊ ओकर स्वर परीक्षण करिस। ओकर झंकार के मधुरता सुन दुनों मने मन पुलकित होगिन । तहन मणिकर्म ह अठारह पल तांबा अऊ बारह विश्वास पीतल मिलाके बारह बारह अंगुल वृत्त पट्टी के दू नग तैय्यर करिस। ब्रम्हमंत्र अऊ यंत्र ले दुनों के बीचों बीच छेदा करिस। इंद्रपत्नि शचि के लुगरा बनाये के पाटडोर ( धागा ) के घुंडी बनाके उही छेदा म खुसेरिस .. ताल के जनम होगिस । झंकार होय के सेती ओकर नाव झांझ घला परिस।

उड़िया लोकसाहित्य 'म'त 'ह स्त्रीवर्ण अऊ' ल 'ह पुरुषवर्ण आय। इही 'त ' ले राधा अऊ च्च ल च्च ले कृष्ण अर्थात ताल ल राधाकृष्ण के उपमा दे गिस । ताल के झंकार म राधाकृष्ण .. राधा ङ्क कृष्ण उच्चारण स्वर आवृत्ति परखे गे हे । तेकरे सेती ओमन अपन भजन म छोटे बड़े ताल, झांझ मंजीरा के उपयोग करथे । कृष्ण के गोपी भाव के उपासक चैतन्य महाप्रभु घलाव राधाकृष्ण के कीर्तन इही ताल म करय।

महात्मा कश्यप जी ह तांबा अऊ कांसा के गुणवत्ता अऊ उपयोगिता के खोज कर इँकर विशेषता ले परिचित हो चुके रिहिन । अपन अनुचर लोगन ल घलाव इही धातु मनके उपयोग ले किसिम किसिम के निर्माण करे बर सिखा दिन । कालंतर म .. जेमन तांबा के बुता सीखिन तेमन तमेर अऊ कांसा के बुता सीखिन तेमन कसेर कहलइन।

घुमुकंठ ह घुमरा बिधना ह निशान अऊ मणिकर्म ह ताल नाव के बाजा ल चंद्रध्वज राजा के आगू म लानिन । खुश होवत राजा ह चइत पुन्नी ( सोमवार ) के दिन इही तीनों ल एके संघरा बजवाय के मुहूरत तै करिस । बाजा बाजत गिस, बादर के गोड़ थिरकत गिस .. बादर घुमड़े लगिस ... एक सरवर रदरद रदरद पानी गिर के धरती ल हँसा दिस । महापुराण के कथा अनुसार सृष्टि के आदि म देवता मन के गौरव गान करइया ल गंधर्व अऊ बाजा बजावत नचइया ल किन्नर केहे गिस ।

इतिहास के अनुसार छाल के पाछू .. घाँस पात पहिरत मनखे मन बर सुवर्ण प्रांत के एक झन पटु नाव के मनखे ह दुर्वा अर्थात घांस ले पट तैय्यार करय । पटु के बनाय कपड़ा ल पट कहय । काया के उपर म पड़के ओला ढाँके म येकर उपयोग करथे .. तेकर सेती येकर नाव .. काया + पड़ा कायापड़ा ह बनत बिगड़त कपड़ा हो गिस । पटु ह देव के अंगना म अपन सुवारी चन्द्रा संग मिलके बनावय तेकर सेती ओला पटकार के संगे संग देवांगन किहिन । कपास अऊ कोसा ले पट बनइया बर आजो कोस्टा सम्बोधन चलत हे। घुमरा बजइया मन ल खुश होके माता ह अपन धारण करे पट ल प्रसाद स्वरूप बांट दिन । घुमरा बजइया मन येला अपन मुड़ म धारण करिन। इही शिरोधार्य पट ह पागा कहलइस । पूर्वाभिमुख हो सूर्यमंत्र के उच्चारण करत पागा धारण करे के विधान बने हे।

मैसूर के जंगल म मोर के बहुतायत रिहिस । इँकर गिरे पंख ल सकेल के राखय लोगन मन । कथा के अनुसार कर्नाटक नरेश ह भगवान बद्रीनरायण ल मयूरपंखी मुकुट भेंट करिस । पुजारी मन परब अऊ मौसम के अनुसार दैव प्रतिमा के घला वस्त्रालंकार ल बदलथे । उतरे मोरपंखी मुकुट मिलिस घुमरा बजइया मनला । प्रसाद स्वरूप मिले मोर पंखी मुकुट ल पगड़ी म झंडा कस धारण करथे घुमरा बजइया मन । छत्तीसगढ़ अऊ उड़ीसा के सीमा म रहवइया मन येला झुंडा कहिथें । येमन मयूरपंखी म घुंडी बनाथे .. उही इँकर झुंडा आय । मयूरपंख के चंदोवा हा चमकीला होथे ओला झक झक कहिथें । बारह झुंठा अऊ अतके झक झक के गुच्छा ल घुमरा गवइया अपन पागा म धारण करथे तब इँकर खूबसूरती देखे लइक रहिथे।

घुमरा के बजइया .. गवइया अऊ नचइया मन अऊ दूसर साधक साध्वी मन जइसे सिंदूर घला लगाथे। सिंदूर शब्द सिद्ध + धूर ले बने हाबे। तत्व विज्ञान के अनुसार विहित प्रक्रम ले शक्तिवान , उपयोगी , पूर्ण होय तत्व सिद्ध कहाथे। बुता के पूरा होवइम ल घलाव सिद्ध कहिथन। भाषा विज्ञान के अनुसार धूर शब्द माने रेती या रज के पर्यायवाची आय। आजो रजकण , रेतकण या धूरकण कहिथन सुनथन लिखथन अऊ पढ़थन अऊ सबो के अर्थ ल एके समझथन । परात्पर ब्रम्ह श्री कृष्णजी के लीला भूमि च्च ब्रज च्च एक सांकेतिक शब्द आय जेहा ब्रम्ह रज ले बने हाबे । ब्रम्ह के पांव छुये के मतलब ओकर रज के स्पर्श पाना । लीला भूमि के ब्रम्ह रज के खुलासा अर्थ इही आय ङ्क ब्रम्ह के रेत । रेत के मतलब पौरूषेय ङ्क उर्जा । उइसने रज के मतलब हे नारी के धारण करे के शक्ति। वेद अनुसार च्च कालोडस्मि लोकक्षय कृत्प्रवृद्धो च्च ब्रम्ह के प्रलयेच्छा आय त दूसर कोति च्च एकोडहम बहुस्याम च्चओकर सृजनेच्छा आय । सृष्टि उपाख्यान म लिखाय हे - उत्पत्ति काल म प्रकृति अऊ पुरूष के रज रेत तेजस ह जेन जेन जगा ल प्रभावित करिस उहाँ के कण कण रक्तिम आभा ले दमक उचिस । इही कण ल सिद्ध धूर ( सिंदूर ) कहे गिस । साधक गण अऊ सुहागिन मन सिंदूर धारण कर अपन म दिव्य क्षमता महसूस करथे । येकरे सेती घुमरा गायक मन अपन उर्जा के केंद्र बिंदु भृकुटि के बीच म सिंदूर धारण करथे।

इंकर बहुतायत संख्या छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिला के सीमा म लगे जिला म हे । गरियाबंद जिला म छुरा अऊ देवभोग के सरहद म घुमरा बजइया अल्प संख्या म रहिथें । येमन धान बोंये के पहिली जेठ असाढ़ म धरती महतारी के पूजा करथे । सावन भादो म पानी गिरे के आस म मनौती करथे । कुँवार म फसल के सुरक्षा बर प्रार्थना करथे अऊ कातिक म फसल के अगवानी करत निहोरा मनाथे .. स्रिष्टिकर्त्ता के संगे संग धरती माता अऊ मेघराज ल आदर सहित धन्यवाद देवत घुमरा निशान अऊ ताल ल गहगहा के बजावत गावत नाचत करथे ।

कातिक म घुमरा मेला शुरू होथे । येमा तिर तखार के मन संघरथे । परम्परानुसार खाथे पीथे नाचथे गाथे । एक घुमरा टोली ह दूसर टोली ले घुमरा के उत्पत्ति अऊ वृतांत पूछथे । बताय म सन्मान पाथे नी बता सके म घुमरा बाजा ल पुछइया टोली ल भेंट करत ओकर शरणागत होय ल परथे। मेला के मुखिया ले घुमरा के बारे म सरी बात सीखे जाने बर परथे । अतको म कन्हो नी बता सकँय तब घुमरा समाज ले तब तक बहिस्कृत रहिथे जब तक काबिलियत प्रमाणित नी करय।

अनुसूचित जाति अऊ जनजाति के घुमरा गायक मन बीहड़ जंगल म रहिथें । सभ्य लोगन के संगत इनला जमय निही । सहज संकोची होथे येमन ।

आजादी के आठवां दशक शुरू हो चुके हे ... येमन भले बरसों ले अजाद हे फेर सरकारी सुभित्ता ले आजो पिछड़े हे । उड़िया मिश्रित गोंडी हल्बी छत्तीसगढ़ी बोलइया मनला निंगोटी पाटा के जगा म धोती पहिरे के साध हे । कभू कंदमूल म आश्रित लोगन अब कोदो कुटकी भात बासी सबों खाथे । जलकीपानी अऊ बागबाहरा गाँव ... जेहा तहसील मुख्यालय छुरा ले महज अठारह किलोमीटर धूर हे तिंहा के मन के संस्कृति ल बचाय बर कन्हो सरकारी पहल के अगोरा हे । इँकर अनकही व्यथा सामर्थ्यवान मन सुनय देखँय अऊ समे रहत वांछित सुविधा प्रदान करयं ताकि इंकर घुमरा हमरो प्रदेश म बाजत रहय बादर रीझत रइहि धरती खुश होवत रइहि ।

**गजानंद प्रसाद देवांगन, छुरा**

# देश विदेश

## इस वर्ष अब तक 34 लाख पर्यटक ट्यूनीशिया पहुंचे

**ट्यूनिस,** 7 जून (एजेंसियां)। ट्यूनीशिया के राष्ट्रीय पर्यटन कार्यालय के प्रमुख प्रमुख मोहम्मद मेहदी हलौई ने कहा है कि इस वर्ष के पहले पांच महीने में 34 लाख लोग देश में भ्रमण के लिए आएं। देश के निजी रेडियो स्टेशन 'मोसाइक एफएम' ने श्री हलौई के हवाले से कहा कि हम 2025 में एक करोड़ 10 लाख पर्यटकों का स्वागत करने के अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ट्यूनीशिया अपने पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सही रास्ते पर है। देश अपने होटल क्षेत्र की सेवा गुणवत्ता में सुधार कर रहा है। अधिकारी के अनुसार, ट्यूनीशिया ने 2024 में 7.5 अरब ट्यूनीशियाई दीनार (लगभग 2.54 अरब अमेरिकी डॉलर) का पर्यटन राजस्व अर्जित किया।

# रूस के खिलाफ नए प्रतिबंधों पर निर्णय लेंगे : ट्रंप

**वाशिंगटन,** 7 जून (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह रूस के खिलाफ नए प्रतिबंधों पर सीनेट के विधेयक को 'बहुत मजबूत' मानते हैं, लेकिन नए प्रतिबंध लगाने का निर्णय वह व्यक्तिगत रूप से लेंगे।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि उनके पास विधेयक है, यह मेरे ऊपर निर्भर करेगा। यह मेरा विकल्प है। उन्होंने इसे इस तरह बनाया है... यह एक बहुत मजबूत विधेयक है।

उन्होंने कहा कि सीनेट एक विधेयक पर विचार कर रही है, जो यूक्रेन में युद्ध के कारण रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाएगा – और रूस के साथ व्यापार करने वाले देशों पर द्वितीयक प्रतिबंध लगाएगा। श्री ट्रंप ने कहा कि मैंने इसका उपयोग करने का फैसला अभी नहीं किया है। यदि आवश्यक हुआ तो मैं इसका उपयोग करूंगा।

राष्ट्रपति पुतिन से शुक्रवार की सुबह यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूस के सबसे हालिया हमले के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यूक्रेन ने 'पुतिन को वहां जाकर बम गिराने का एक कारण दिया।' ये हमले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की चेतावनी के बाद हुए, जिसे ट्रम्प के माध्यम से बताया गया, कि रूस जवाबी हमला करेगा, क्योंकि यूक्रेनी ड्रोन ने रूस के भीतर कई रणनीतिक बमवर्षक विमानों को नष्ट कर दिया था।



**सीनेट एक विधेयक पर विचार कर रही है, जो यूक्रेन में युद्ध के कारण रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाएगा : डोनाल्ड ट्रंप, राष्ट्रपति अमेरिका**

### ट्रंप ने विवादित क्विट स्काईज प्रोग्राम किया बंद

ट्रंप प्रशासन ने विवादास्पद प्रोग्राम क्विट स्काईज को बंद कर दिया है, जिसमें गुप्त रूप से यूएस एयर मार्शल्स को उड़ानों के दौरान यात्रियों की निगरानी के लिए इस्तेमाल किया जाता था। इसके साथ ही एक सरकारी अधिकारी को भी हटाया है, जिसने राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड को इसमें शामिल करने की जिम्मेदारी ली थी।

डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी (डीएचएस) की सचिव क्रिस्टी नोएम ने गुरुवार को इस कार्यक्रम को बंद करने की घोषणा करते हुए इसकी जांच की बात कही है। डीएचएस ने कहा है कि इस प्रोग्राम पर हर साल करदाताओं का 200 मिलियन डॉलर खर्च होता था और यह एक भी आतंकवादी हमले को रोकने में विफल रहा है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने द वॉल स्ट्रीट जर्नल के हवाले से बताया कि हाल ही में संपन्न एक बैठक में, प्रशासन के अधिकारियों ने परिवहन सुरक्षा प्रशासन के नेतृत्व से इस बात पर टकराव किया कि बाइडन प्रशासन के तहत क्विट स्काईज कार्यक्रम का इस्तेमाल राजनीतिक उद्देश्यों के लिए किया गया था। उल्लेख किया गया कि क्विट स्काईज प्रोग्राम को लेकर विवाद, जो लंबे समय से नागरिक स्वतंत्रता समर्थकों के लिए चिंता का कारण रहा।

इस प्रोग्राम को साल 2010 में लॉन्च किया गया था, और इसके अस्तित्व को पहली बार 2018 में बोस्टन ग्लोब द्वारा उजागर किया गया था। उड़ान के दौरान अंडरकवर यूएस एयर मार्शल्स हवाई यात्रा करते हैं। क्विट स्काईज प्रोग्राम उन यात्रियों की पहचान करने के लिए काम करता है, जो एविएशन सिक्योरिटी के लिए जोखिम पैदा कर सकते हैं। यह प्रोग्राम, विश्लेषकों और अंडरकवर एयर मार्शल्स को हवाई अड्डों और उड़ानों के दौरान लोगों की निगरानी के लिए नियुक्त करता है, जिसमें आउट स्टैंडिंग वारंट, चेहरे की पहचान करने वाले सॉफ्टवेयर, संदिग्ध यात्रा पैटर्न और व्यवहार की पहचान के साथ अन्य डेटा का उपयोग करके आतंकवादी हमलों को रोकने की कोशिश की जाती है।

## एलन मस्क ने 'द अमेरिका पार्टी' बनाने का दिया संकेत



**वाशिंगटन।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलॉन मस्क ने अमेरिका में एक नई राजनीतिक पार्टी बनाने का संकेत दिया है, जिसका नाम 'द अमेरिका पार्टी' हो सकता है। उनके इस कदम से अमेरिकी राजनीति में नई हलचल पैदा हो गई है। हालांकि मस्क ने कोई प्रत्यक्ष घोषणा नहीं की है, लेकिन उनके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई पोस्ट ने व्यापक चर्चाओं को हवा दे दी है। एक पोस्ट में, मस्क ने एक पोल (सर्वे) किया था जिसमें उन्होंने पूछा था कि क्या संयुक्त राज्य अमेरिका में एक नई राजनीतिक पार्टी की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि 80 प्रतिशत लोगों ने इस विचार का समर्थन किया। उन्होंने लिखा कि जनता ने अपनी बात कह दी है। अमेरिका में मध्यम वर्ग के 80 प्रतिशत लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक नए राजनीतिक दल की आवश्यकता है। और ठीक 80 प्रतिशत लोग इससे सहमत हैं। यह भाग्य है। इसके बाद एक यूजर ने एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें अमेरिका पार्टी नाम का सुझाव दिया गया। मस्क ने जवाब दिया कि अमेरिका पार्टी नाम बहुत अच्छा लगता है। यह पार्टी वास्तव में अमेरिका का प्रतिनिधित्व करती है। इसके बाद उन्होंने एक और पोस्ट किया जिसमें लिखा था: 'द अमेरिका पार्टी' मस्क की ये पोस्ट्स ऐसे समय में आई हैं जब उनके अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच सार्वजनिक तनाव बढ़ रहा है। कभी करीबी राजनीतिक साझेदार रहे इन दोनों के रिश्ते में हाल ही में बड़ा बदलाव आया है।

## सुडोकू 6937

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | 1 | | 2 | |
| | 5 | | 3 | 9 | | 1 | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| 5 | | | 2 | 4 | | | | |
| | 7 | | | | | | 8 | |
| | | | | 7 | 6 | | | 5 |
| | | 9 | | | | | | 4 |
| | | 1 | | 8 | 4 | | 3 | |
| | 8 | | 7 | | | | | 6 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 8 जून, 2025 ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 13

### राशिफल

मेष – आज आप समाज और आम लोगों से वाहवाही प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही आपको आर्थिक लाभ भी हो सकता है। परिवार और वैवाहिक जीवन सुख और संतोष से भरपूर रहेगा। वाहनसुख प्राप्त कर सकेंगे।

वृषभ – शारीरिक मानसिक स्वस्थता के कारण आप अपना काम पूरा कर सकेंगे। आपको आर्थिक लाभ होगा। अस्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य में सुधार होगा। ननिहाल से अच्छा समाचार मिलेगा। ऑफिस में सहकर्मी आपकी मदद करेंगे।

मिथुन – आज संतान और जीवनसाथी के संबंध में चिंता होगी। वाद-विवाद या चर्चाओं में गहरे न उतरना हित में रहेगा। आत्मसम्मान को ठेस पहुंचेगी। मित्रों के लिए खर्च की संभावना है। पेट संबंधी बीमारियों से तकलीफ होगी।

कर्क – आपको आज आलस और भय का अनुभव होगा। मन में हताशा छा जाएगी। छाती में कोई पीड़ा या तकलीफ हो सकती है। परिजनों और सगे संबंधियों के साथ चर्चा और विवाद हो सकता है। नींद नहीं आएगी।

सिंह – आज आप शारीरिक मानसिक रूप से अस्वस्थ रह सकते हैं। भाइयों के साथ सम्बंध मजबूत बनेंगे। अपने मन के अनुसार काम कर सकेंगे। कोई छोटी यात्रा हो सकती है। आज आपको कोई बड़ा अवसर मिल सकता है।

कन्या – आपको उलझन का अनुभव होगा। मन में नकारात्मक भाव बने रहने से डर बना रहेगा। परिजनों के साथ मतभेद या विवाद हो सकता है। गलत खर्च होने की आशंका है। विद्यार्थी पढ़ाई में ध्यान केंद्रित नहीं कर सकेंगे।

तुला – यह समय आर्थिक योजनाएं बनाने के लिए बहुत अच्छा है। आपकी कलात्मकता और सृजनात्मकता बहुत अच्छी रहेगी। शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ अनुभव करेंगे।

वृश्चिक – आज आप मौज-मस्ती और मनोरंजन के पीछे धन खर्च करेंगे। शारीरिक और मानसिक समस्याएं दूर हो सकेंगी। व्यावहारिक उग्रता के कारण बड़ा विवाद हो सकता है। परिजनों के साथ मतभेद होने की आशंका भी है।

धनु – आप रोमांस के सुखद पल का आनंद उठा सकेंगे। आज का दिन आर्थिक, सामाजिक और पारिवारिक क्षेत्र के लिए अच्छा है। पारिवारिक जीवन में सुख शांति का वातावरण रहेगा।

मकर – आज आपके व्यापार में आय तथा प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में परिश्रम का अच्छा फल प्राप्त होगा। पारिवारिक और संतान सम्बंधी चिंता दूर होगी। संतोष और खुशी मिलेगी। व्यापार में थोड़ा व्यस्त रहेंगे।

कुंभ – आज आप शारीरिक अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। शरीर में ताजगी का अभाव होने से काम करने में उत्साह नहीं रहेगा। अधिकारियों से मनमुटाव होने की संभावना है। मौज-मस्ती या घूमने के पीछे खर्च हो सकता है।

मीन – स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। बीमारी के पीछे खर्च करने पड़ेंगे। अचानक धन खर्च होगा। अन्य कामकाज में भी आपको थोड़े विरोध का अनुभव करना पड़ सकता है। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव की संभावना है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# रूस का यूक्रेन पर अब तक का सबसे शक्तिशाली हमला

■ **तीन लोगों की मौत, 80 लोगों के घायल होने की सूचना**

**नई दिल्ली,** 7 जून (एजेंसियां)। रूस ने युद्ध शुरू होने के बाद से यूक्रेन पर अब तक का शक्तिशाली हवाई हमला किया है। शुक्रवार रात रूस ने यूक्रेन के पूर्वी शहर खार्किव में रूसी ड्रोन और मिसाइल से हमला किया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। इनके अलावा 80 लोगों के घायल होने की सूचना भी है।

यूक्रेन के सबसे बड़े शहरों में से एक, खार्किव रूसी सीमा से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जो पिछले करीब तीन साल से लगातार रूसी गोलाबारी का सामना कर रहा है। शनिवार सुबह टेलीग्राम मैसेंजर पर खार्किव के मेयर इहोर तेरेखोव ने कहा कि खार्किव में युद्ध की शुरुआत के बाद से अब तक का सबसे शक्तिशाली हमला हुआ है। इसके साथ ही इहोर ने बताया शहर में रातभर दर्जनों विस्फोट सुने गए हैं। रूसी सैनिक मिसाइल और ड्रोन से हमला कर रहे थे। तेरेखोव ने बताया कि इस हमले में बहुमंजिला और निजी



आवासीय इमारतों, एजुकेशनल और इंफ्रास्ट्रक्चर फैसिलिटी पर हमला किया गया। स्थानीय अधिकारियों और रॉयटर्स ने हमले के बाद की तस्वीरें ली हैं, जिसमें जले हुए और आंशिक रूप से तबाह हुए घर और गाड़ियां दिखाई दे रही हैं। इन तस्वीरों में बचाव दल घायलों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने के साथ मलबा हटाता नजर आ रहा है। खार्किव के गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने बताया है कि शहर की एक सिविलियन इंडस्ट्रियल फैसिलिटी पर 40 ड्रोन, एक मिसाइल और चार बम से हमला किया गया। इससे यहां आग लग गई।

## यूक्रेन की ओर से किए गए ड्रोन हमले में दो लोग घायल : वोरोब्योव



**मास्को।** रूस में मास्को क्षेत्र के गवर्नर आंद्रेई वोरोब्योव ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन की ओर से किए गए हमले में दो लोग घायल हुए हैं। वोरोब्योर ने टेलीग्राफ पर कहा कि वायु रक्षा प्रणाली ने मास्को क्षेत्र में दुश्मन के ड्रोन हमले को विफल कर दिया। पिछले 24 घंटे में ज़ारायस्क, ओडिंटसोवो, डोमोडेडोवो, इस्तरा और सोलनेचनोगोर्स्क क्षेत्र के ऊपर नौ ड्रोन को मार गिराया गया। इस्तरा में ड्रोन के टुकड़ों से दो नागरिक घायल हो गए। उन्होंने कहा कि घायलों को अस्पताल में सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जा रही है। उनकी हालत स्थिर है और जान को कोई खतरा नहीं है। उन्होंने कहा कि हमलों के कारण एक निजी घर भी क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही एक कार भी क्षतिग्रस्त हुई है। पीड़ितों के लिए पुनर्वास और सहायता की निगरानी की जा रही है।

## राष्ट्रपति ली जे-म्यांग जी-7 शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

**सियोल,** 7 जून (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्यांग इस महीने के अंत में कनाडा में होने वाले ग्रुप ऑफ सेवन (जी-7) उन्नत देशों के शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, क्योंकि उन्हें इस आयोजन के लिए निमंत्रण मिला है।



राष्ट्रपति के प्रवक्ता कांग यू-जंग के अनुसार, ली 15-17 जून तक अल्बर्टा में होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

3 जून के राष्ट्रपति चुनाव में जीत के बाद बुधवार को पदभार ग्रहण करने वाले ली का यह बहुपक्षीय कूटनीतिक मंच पर पहला कदम होगा।

दक्षिण कोरिया जी-7 का सदस्य देश नहीं है लेकिन उसे 2021 और 2023 में विस्तारित जी-7 सत्रों के लिए आमंत्रित किया गया था, जब ब्रिटेन और जापान क्रमश: मेजबान देश थे।

जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान ली की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और जापानी प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ द्विपक्षीय वार्ता होने की संभावना है। तीनों नेताओं के बीच त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन भी हो सकता है। अमेरिका-चीन के बीच नए तनाव के बीच ली ने राष्ट्रीय हितों पर केंद्रित व्यावहारिक कूटनीति अपनाने की शपथ ली। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया-अमेरिका गठबंधन सियोल की विदेश नीति का आधार बना हुआ है। उन्होंने अमेरिका और जापान के साथ त्रिपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने का संकल्प भी लिया, जिसे पिछले प्रशासन के तहत मजबूत किया गया था, जो एक ठोस सियोल-वाशिंगटन गठबंधन पर आधारित है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**प्रदेश में कोरोना ने फिर पकड़ी...**

मरीजों की हालत स्थिर, सावधानी जरूरी-स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, फिलहाल ज्यादातर मरीजों की हालत स्थिर है और उनमें केवल हल्के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन सावधानी और सतर्कता बेहद आवश्यक है। समय रहते लक्षणों की पहचान और परीक्षण बेहद जरूरी है।

**जांच और निगरानी तेज, रैपिड रिस्पॉन्स टीम अलर्ट पर**

राज्य सरकार ने कोरोना की संभावित वापसी को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। सभी जिलों में ऋज्ञक्ष्ट्रऔर ऋज्ञ जांच की संख्या बढ़ाई जा रही है। साथ ही रैपिड रिस्पॉन्स टीमों को अलर्ट पर रखा गया है ताकि किसी भी संभावित स्थिति से निपटा जा सके।

स्वास्थ्य विभाग की अपील-लोगों से अपील की गई है कि वे कोविड प्रोटोकॉल का पालन करें, भीड़भाड़ से बचें, मास्क पहनें और हाथों को नियमित रूप से सैनिटाइज करते रहें।

कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए जनसामान्य को सावधानी बरतने की जरूरत है, ताकि संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ा जा सके और स्थिति को नियंत्रण में रखा जा सके।

**आरएसएस झूठ की ...**

सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार हुआ है। इस बयान पर पलटवार करते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि किसी व्यवसायी, राइस मिलर, खदान वाले से पूछिए। अभी ट्रांसफर शुरू हुआ है उनसे पूछिए। युक्तियुक्तकरण जिनका हो रहा है उससे पूछिए. ? तब भ्रष्टाचार की बात निकालकर सामने आएगी।

नकटी गांव में ग्रामीणों के हो रहे प्रदर्शन पर भूपेश बघेल ने कहा कि गांव वालों का समर्थन कांग्रेस पार्टी ने किया है।

सरकार को इनका व्यवस्थापित करना चाहिए या फिर विधायकों के लिए दूसरी जगह खोजनी चाहिए। ऐसे किसी गांव को हटा देंगे तो थोड़ी ना बात बनेगी। बोधघाट परियोजना को लेकर प्रधानमंत्री और सीएम साय की मुलाकात पर निशाना साधते हुए बघेल ने कहा, बोधघाट परियोजना पेयजल, सिंचाई, निस्तारीकरण के लिए बनाया जा रहा था। अब उद्योगों के लिए बनाया जा रहा है।अंतर यही है। बोधघाट जब बनाया जा रहा था तो अरविंद नेताम शुरू से विरोध कर रहे थे। अरविंद नेताम अगर विरोध नहीं करते तो बोधघाट बन गया होता।

## वर्ग पहेली 6937

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | ■ | २३ | | | | | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. इधर-उधर की बातें, गपशप
३. जहर पीना
५. हमेशा
६. वृद्धिकारक
७. बचा-खुचा
९. कलदार
१०. नियमबद्ध करना
१२. नायाब
१३. यात्रियों का दल (उर्दू)
१४. कत्ल करने की जगह
१६. निर्माण, सृजन
१८. नीति विरुद्ध
२०. निषिद्ध, मनाही
२१. झूठ बोलने वाला
२३. किसी कहानी का मूल

**ऊपर से नीचे:-**

१. बुढ़ापा
२. स्वर्ण निर्मित
३. चीरने वाला, दिल दहलाने वाला
४. वर्षा ऋतु
५. निवारण, हल
८. रजामंद होना (मुहावरा)
१०. अवरोध रहित
११. अफसोस, दुख
१२. लाड़, प्यार, स्नेह
१३. वैधानिक (उर्दू)
१४. अधीनस्थ
१५. मुल्तवी, आगे के लिए बढ़ाया
१७. एक प्रसिद्ध पक्षी
१८. वरना
१९. अंधकार
२२. चिराग

### वर्ग पहेली-6936

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ना | सा | २ पु | ट | ■ | ■ | ३ व | नो | ४ प | ज |
| द्य | ■ | ष्प | ■ | ५ उ | द्धा | र | ■ | ई | ■ |
| ६ का | ल | वा | च | क | ■ | ७ त | र | स | ८ ना |
| र | ■ | टि | ■ | ९ सा | ध | ना | ■ | ■ | म |
| ■ | १० नि | का | ११ ल | ना | ■ | ■ | १२ से | व | क |
| ■ | र्झ | ■ | फ्फा | ■ | १३ आ | गा | ह | ■ | ना |
| १४ ह | र | १५ गि | ज | ■ | ला | ■ | १६ त | १७ रा | ना |
| म | ■ | रि | ■ | १८ कुं | द | १९ न | ■ | जी | ■ |
| २० सा | यु | ध | ■ | भ | ■ | २१ मि | ला | व | २२ टी |
| या | ■ | २३ र | त्न | ज | ड़ि | त | ■ | ■ | स |

**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1557- इंग्लैंड ने फ्रांस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1658- औरंगजेब ने आगरा के किले पर कर शाहजहां को कैद किया।
1824- नोह कुशिंग ने वाशिंग मशीन का पेंटेट कराया।
1912- कार्ल लामेमल ने यूनिवर्सल पिक्चर्स को शामिल किया था।
1929- ब्रिटेन में पहली बार किसी महिला की मंत्रिमंडल में नियुक्ति, मार्गरेट बॉन्डफील्ड को श्रम मंत्री बनाया गया है।
1935- सैम पार्क्स, जूनियर ने यूएस ओपन गोल्फ टूर्नामेंट जीता।
1936- भारत की सरकारी रेडियो सेवा इंडियन स्टेट ब्रॉडकास्टिंग सर्विस का नाम बदलकर ऑल इंडिया रेडियो किया गया।
1940- 93वें तत्व नेपप्टुनियम की खोज की घोषणा की गई।
1941- द्वितीय विश्व युद्ध में मित्र राष्ट्रों ने लेविंट में विची फ्रांस की संपत्ति के खिलाफ सीरिया-लेबनान अभियान शुरू किया।
1948- देश की सरकारी विमान सेवा एयर इंडिया ने भारत और ब्रिटेन के बीच हवाई सेवा शुरू की।
1949- स्याम का नाम बदलकर थाईलैंड किया गया।
1982- ब्राजील के विमान बी-727 दुर्घटनाग्रस्त होने से 135 लोगों की मौत।
1983- मार्गरेट थैचर के नेतृत्व में कंज़र्वेटिव पार्टी ने ब्रिटेन के आम चुनाव में विपक्षी लेबर पार्टी की 209 सीटों के मुक़ाबले 397 सीटें जीतकर दूसरी बार बहुमत हासिल किया।
1984- ऑस्ट्रेलियाई न्यू साउथ वेल्स प्रांत में समलैंगिकता को कानूनी घोषित किया गया।
1986- पूर्व संयुक्त राष्ट्र महासचिव कर्ट वाल्डहेम ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति चुने गए।
1996- ब्रिटेन में 10वीं यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में शुरू हुई।

**शर्मनाक** *कर्ज में डूबा पाकिस्तान, फिर भी भर रही नेताओं की तिजोरी*

# पाकिस्तानी जनता को दी जा रही कमर कसने की सलाह

■ **अपने ही खर्च बढ़ा रही है पाकिस्तान सरकार**

■ **मार्च में मंत्रियों व सलाहकारों के वेतन में हुई थी 188 प्रतिशत की वृद्धि**

**इस्लामाबाद,** 7 जून (एजेंसियां)। वित्तीय संकट और महंगाई की मार झेल रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सरकार ने एक और चौंकाने वाला फैसला लिया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नेशनल असेंबली के स्पीकर अयाज सादिक और सीनेट चेयरमैन यूसुफ रजा गिलानी का वेतन 500 प्रतिशत बढ़ा दिया गया है। अब दोनों शीर्ष संवैधानिक पदाधिकारियों को हर महीने 13 लाख पाकिस्तानी रुपए वेतन मिलेगा, जबकि पहले यह राशि केवल 2.05 लाख रुपए थी। यह वृद्धि 1 जनवरी 2025 से प्रभावी होगी। पिछले कुछ महीनों में शरीफ सरकार ने मंत्रियों, सलाहकारों, सांसदों और अब स्पीकर और चेयरमैन के वेतन में भारी बढ़ोतरी की है।

मार्च में कैबिनेट मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और सलाहकारों के वेतन में 188 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी। वहीं, सांसदों और सीनेटरों के लिए 5.19 लाख रुपए मासिक वेतन स्वीकृत किया गया था। यह सब उस वक्त हो रहा है जब पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था कर्ज, राजनीतिक अस्थिरता, बेरोजगारी, महंगाई और ईंधन तथा बिजली दरों में भारी बढ़ोतरी से त्रस्त है। आम जनता को जहां कमर कसने की सलाह दी जा रही है, वहीं सरकार अपने ही खर्च बढ़ा रही है। शरीफ सरकार की आलोचना



करते हुए इस्लामाबाद के एक स्थानीय निवासी ने कहा कि पहले तो ये लोग कमर कसने और सादगी की बात करते हैं, फिर खुद ही कैबिनेट मंत्रियों की संख्या बढ़ाते हैं और उनका वेतन भी आसमान पर पहुंचा देते हैं। आम जनता पर टैक्स का बोझ और खुद पर ऐश, ये तो हद है। बता दें कि शरीफ सरकार ने जब सत्ता संभाली थी, तब कैबिनेट में केवल 21 सदस्य थे, जिसे बढ़ाकर अब 51 सदस्यों तक कर दिया गया है।

देश की बिगड़ती आर्थिक स्थिति के बीच यह वेतन वृद्धि आम जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसी लग रही है। आलोचकों का कहना है कि अगर यही 'आर्थिक सुधार' का रास्ता है, तो पाकिस्तान को मुश्किलों से उबरने में लंबा वक्त लग सकता है।

## दुनिया को जानें

### जापान आईस्पेस ने चंद्र लैंडिंग विफलता की पुष्टि की

**टोक्यो,** 7 जून (एजेंसियां)। जापान के टोक्यो स्थित अंतरिक्ष स्टार्टअप आईस्पेस ने लैंडर से संपर्क टूटने के बाद अपने चंद्र लैंडिंग मिशन की विफलता की आधिकारिक पुष्टि की है।

आईस्पेस ने जापान समयानुसार सुबह 9:00 बजे के बाद आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह निर्धारित करने के बाद मिशन के समापन की घोषणा की कि लैंडर के साथ संचार फिर से शुरू करना अब संभव नहीं था। उन्होंने बताया कि फ्लोरिडा से जनवरी में लॉन्च किया गया लैंडर सफलतापूर्वक चंद्र की कक्षा में प्रवेश कर गया और आज सुबह लगभग 3:00 बजे 100 किलोमीटर की ऊंचाई से उतरना शुरू कर दिया। इसे सुबह 4:17 बजे मारे फ्रिगोरिस के पास एक समतल क्षेत्र में सॉफ्ट लैंडिंग करनी थी, जिसे चंद्रमा के उत्तरी गोलार्ध में शीत सागर के रूप में भी जाना जाता है। आईस्पेस ने बताया कि हालांकि सुबह 4:30 बजे तक उसने लैंडर के साथ संचार स्थापित नहीं किया था और स्थिति की जांच शुरू कर दी थी। टीम ने निष्कर्ष निकाला कि मिशन सॉफ्ट लैंडिंग करने में सफल नहीं हुआ।

# खेल जगत

## दक्षिण अफ्रीकी टीम संतुलित, डब्ल्यूटीसी फाइनल एक शानदार मैच होगा : मार्नस

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन का मानना है कि लॉर्ड्स में 'संतुलित' दक्षिण अफ्रीकी टीम के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल एक 'शानदार मैच' होगा। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 2022-23 में टेस्ट सीरीज में दक्षिण अफ्रीका का सामना किया, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 से जीत दर्ज की थी। मार्नस लाबुशेन ने आईसीसी से कहा कि साउथ अफ्रीका इस डब्ल्यूटीसी चक्र में एक बहुत अच्छी टीम रही है। यह कागजों पर एक संतुलित टीम है। उनके पास कुछ बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। यह हमारे लिए एक शानदार चुनौती होगी। हमें अपने खेल पर फोकस करना होगा। लॉर्ड्स में खेलना खास होता है। यह एक शानदार सप्ताह और एक शानदार मैच होने जा रहा है। 30 वर्षीय लाबुशेन उस प्लेइंग इलेवन का हिस्सा थे, जिसने 2023 में ओवल में भारत को 209 रनों से हराकर पहली बार डब्ल्यूटीसी ट्रॉफी जीती थी।



# हमारी पूरी कोशिश एफआईएच प्रो लीग में खिताब जीतने की : फुल्टन

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 7 जून (देशबन्धु)। अपने दक्षिण अफ्रीकी चीफ कोच क्रेग फुल्टन और कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम फिलहाल 2024-25 एफआईएच प्रो हॉकी लीग में तीसरे स्थान पर चल रही है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम प्रो लीग में खिताब जीत सीधे अगले साल होने बेल्जियम और नीदरलैंड में होने एफआईएच पुरुष हॉकी टीम के लिए क्वॉलिफाई करने का सपना संजोए है। एफआईएच प्रो लीग में अपनी स्थिति मजबूत कर इसमें खिताब जीतने के सपने को मजबूती देने के लिए इसके यूरोपीय चरण मे शिरकत करने के लिए एम्सतलीवन (नीदरलैंड) पहुंच चुकी है। भारत को 2026 में अगस्त में एफआईएच विश्व कप और फिर सितंबर में नगोया (जापान) में एशियाई खेलों में शिरकत करनी है। भारतीय टीम फिलहाल एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2024-25 में



■ ध्यान लय बना मैदानी गोल करने के साथ पेनल्टी कॉर्नर पर भी बराबर गोल करना

आठ मैचों से 15अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। एफआईएच प्रो लीग का यूरोपीय चरण भारत के लिए खासा चुनौतीपूर्ण रहेगा और इसमें भारत को नीदरलैंड, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया और बेल्जियम सहित सभी चार देशों के खिलाफ दो दो यानी कुल आठ मैच खेलने हैं।चीफ कोच क्रेग फुल्टन ने एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में मेजबान नीदरलैंड के खिलाफ मैच से पहले एम्सतलवीन से वर्चुअली बात करते हुए कहा, ‟हमारी कोशिश एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष पर रह खिताब जीत सीधे विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई करने की है। हम यदि प्रो लीग खिताब नहीं जीत पाते तो तब हमारे पास अगस्त में अपने घर में राजगीर( बिहार) में खेला जाने वाला पुरुष हॉकी एशिया कप है और इसके लिए हम शिद्दत से अभ्यास कर रहे है। हमारी पूरी कोशिश एफआईएच प्रो लीग में उंचे से उंचा स्थान पा खिताब जीतने की होगी। बेल्जियम और नीदरलैंड सह मेजबान के रूप में पहले ही एफआईएच विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई कर चुके हैं और इनके बाद सबसे उंचे पायदान पर रहने वाली टीम को विश्व कप में स्थान मिलेगा।

## फोकस मैदानी गोल व पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर पूरे तीन अंक पाने पर: हरमनप्रीत



भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने एम्सतलवीन से एफआईएच प्रो लीग मैचों के यूरोपीय चरण के अभिभयान और रणनीति की बाबत वर्चुअली बात करते हुए कहा, ‟हमारे चीफ कोच क्रेग फुल्टन हर मैच से पहले यही कहते हैं कि हर मैच में तीन या इससे ज्यादा गोल करना हमारे हक में रहेगा और हम इसी मकसद से हर मैच में भी उतरते भी हैं। हर मैच में तीन या इससे ज्यादा गोल करने के लिए हमें मैच में हर क्वॉर्टर दो पेनल्टी कॉर्नर बनाने के साथ इन्हें हर हाल में गोल में बदलने के मकसद से उतरने की जरूरत है। हम बराबर मैचों में पेनल्टी कॉर्नर बनाने की पूरी कोशिश करने के साथ ज्यादा से ज्यादा मैदानी गोल करने की कोशिश करेंगे। प्रो लीग के यूरोपीय चरण में हमारा फोकस मैदानी गोल करने के साथ जहां ऐसा करना न मुमकिन हो वहां पेनल्टी कॉर्नरों के गोल में बदल मैच में जीत के साथ पूरे तीन अंक हासिल करने के तीन गोल करने का रहेगा । बेंगलुरू के बाद आयरलैंड में लगे शिविर से हमें खुद को यूरोप मे नीदरलैंड और बेल्जियम के मौसम के मुताबिक ढालने में मदद मिलेगी। मैं खुद तो पेनल्टी कॉर्नर पर बतौर ड्रैग फ्लिकर के रूप में गोल करने को आश्वस्त हूं लेकिन टीम में पेनल्टी कॉर्नर पर बतौर ड्रैग फ्लिकर जितने विकल्प होंगे बेहतर होगा। हमारे लिए अच्छी बात है बतौर ड्रैग मेरे और जुगराज सिंह के साथ नीलम संजीप खेस और अमित रोहिदास जेसे ड्रैग फ्लिकर हैं और इन्हें जब भी पेनल्टी कॉर्नर लगाने के लिए बुलाया जाएगा वे इसे गोल में बदलने में कामयाब रहेंगे।

# टेस्ट सीरीज के लिए यूके पहुंची भारतीय टीम, 'गिल एंड कंपनी' के हौसले बुलंद

**नई दिल्ली,** 7 जून (एजेंसियां)। भारत-इंग्लैंड के बीच 20 जून से पांच मुकाबलों की टेस्ट सीरीज शुरू होने जा रही है। इसके लिए शनिवार को टीम इंडिया लंदन पहुंच चुकी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर टीम के लंदन पहुंचने का वीडियो पोस्ट किया है। बीसीसीआई ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, यूके पहुंच गए हैं। टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए पहुंच गई है। बीसीसीआई के 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट किए गए वीडियो में यूके पहुंचकर भारतीय खिलाड़ी काफी कूल नजर आ रहे हैं। इंग्लैंड की परिस्थितियों में लंबे दौरे के लिए टीम पूरी तरह से तैयार और उत्साहित दिख रही है।

इंग्लैंड रवाना होने से पहले नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने पिछले महीने टेस्ट फॉर्मेट से संन्यास लेने वाले रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के बिना खेलने की चुनौतियों पर बात की थी। भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने गुरुवार को रवाना होने से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुझे लगता है कि हर बार जब आप मैच खेलते हैं या दौरा शुरू करते हैं, तो दबाव होता है। ऐसे में हर सीरीज से पहले दबाव होता है, लेकिन यहां कोई अतिरिक्त दबाव नहीं होगा। उन्होंने आगे कहा कि रोहित और विराट बहुत अनुभवी खिलाड़ी हैं और उनकी जगह भरना बहुत मुश्किल है, बतौर टीम हमारे पास बहुत अनुभव है। हमने बहुत सारे मैच खेले हैं। खिलाड़ी और टीम सभी दबाव के आदि हैं। हम इतने अनुभवहीन खिलाड़ी नहीं हैं।



## पोंटिंग ने गिल को टेस्ट कप्तान बनने का समर्थन किया



**नई दिल्ली।** भारत की पुरुष क्रिकेट टीम पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने इंग्लैंड पहुंच चुकी है। 20 जून से शुरू होने जा रही इस टेस्ट सीरीज की कमान शुभमन गिल के हाथों में है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारत के नए टेस्ट कप्तान के रूप में शुभमन गिल का समर्थन किया है। विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। 25 साल के शुभमन गिल को टीम की कप्तानी सौंपी गई है। यह एक ऐसा कदम रहा, जिसने कुछ दिग्गजों को चौंकाया, लेकिन पोंटिंग को नहीं। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू पर गिल की नियुक्ति को लेकर कहा कि मुझे सच में लगता है कि यह सही कदम है।

# यॉर्कशायर के साथ 2027 तक बने रहेंगे बेन क्लिफ



**यॉर्कशायर,** 7 जून (एजेंसियां)। बेन क्लिफ ने शनिवार को 'यॉर्कशायर काउंटी क्रिकेट क्लब' के साथ दो साल के अनुबंध विस्तार पर हस्ताक्षर किए। 22 वर्षीय बेन क्लिफ अब साल 2027 के अंत तक हेडिंग्ले में बने रहेंगे। बेन क्लिफ ने साल 2022 में प्रोफेशनल स्तर पर डेब्यू किया था। इसके बाद से हैलिफैक्स में जन्मे क्लिफ ने सभी फॉर्मेट में कुल 16 मैच खेले। उन्होंने साल 2024 में नॉटिंघमशायर के खिलाफ 31 रन देकर 4 विकेट झटके थे। अपने नए कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर करने के बाद, क्लिफ ने कहा कि वह 'व्हाइट रोज' के साथ जुड़ने से रोमांचित हैं। बेन क्लिफ ने कहा कि मैं हमेशा से यॉर्कशायर के लिए क्रिकेट खेलना चाहता था। मैं भाग्यशाली रहा हूं कि मैं यहां एज ग्रुप से गुजरा और उन्हीं खिलाड़ियों के साथ खेला, जिनके साथ मैं अब ड्रेसिंग रूम शेयर करता हूं। मैंने ऑस्ट्रेलिया की सर्दियों में कड़ी मेहनत की। मुझे लगता है कि अपने खेल पर फोकस करने से मुझे अब फायदा मिलने लगा है। मिकी (यॉर्कशायर बॉलिंग कोच) के साथ काम करना शानदार रहा है। उन्होंने मुझे अपने खेल को अगले लेवल तक ले जाने में मदद की। टीम का माहौल मजेदार है। मैं अगले कुछ सालों में टीम को सफलता दिलाने के लिए हर संभव कोशिश करना चाहता हूं।

# यूरोप दौरे पर बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड से भिड़ेगी भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम

**नई दिल्ली,** 7 जून (एजेंसियां)। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम यूरोप दौरे पर पांच मैच खेलेगी। भारतीय टीम 8 से 17 जून तक बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड की टीमों को चुनौती देगी। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने हाल ही में अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों के टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया था, जिसके बाद अब टीम अगले चरण के लिए यूरोप पहुंच गई है। भारत एंटवर्प स्थित हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में बेल्जियम के खिलाफ तीन मैचों के साथ दौरे की शुरुआत करेगा। इसके बाद भारतीय टीम कोंटिच में बीयरशॉट टेनिस हॉकी पैडल क्लब में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। यूट्रेक्ट के हॉकी क्लब कम्पोंग में नीदरलैंड के खिलाफ मैच के साथ भारत अपने दौरे का समापन करेगा। अर्जेंटीना में भारतीय टीम ने मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया। टीम ने चिली



■ अर्जेंटीना में भारतीय टीम ने मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया

के खिलाफ 2-1 से जीत दर्ज की। इसके अलावा मेजबान अर्जेंटीना के खिलाफ 1-1 से मैच जीता और उरुग्वे को दो बार हराया। यह दौरा टीम की तैयारियों के लिए बेहद अहम है। खासतौर पर ये मैच दिसंबर 2025 में चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप-2025 के लिए भारत की तैयारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी हैं। इससे विभिन्न परिस्थितियों में मजबूत अंतरराष्ट्रीय प्रतिद्वंद्वियों का सामना करते हुए टीम कॉम्बिनेशन को बेहतर बनाने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए जरूरी आत्मविश्वास पैदा करने में मदद मिलेगी। यूरोपीय दौरे से पहले भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच तुषार खांडेकर ने कहा कि यह दौरा हमारी टीम के लिए एक बेहतरीन मौका है। अर्जेंटीना में हमें बहुत कुछ सीखने को मिला और अब बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के खिलाफ मुकाबले खेलने से हम उस लय को बनाए रख पाएंगे। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात है कि यह दौरा इस साल के अंत में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप-2025 की हमारी तैयारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# यूएई के कप्तान मोहम्मद वसीम ने जीता 'आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ' का पुरस्कार

**नई दिल्ली,** 7 जून (एजेंसियां)। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के कप्तान मोहम्मद वसीम को मई 2025 के लिए आईसीसी पुरुष 'प्लेयर ऑफ द मंथ' पुरस्कार के लिए चुना गया है। वसीम ने स्कॉटलैंड के ब्रेंडन मैकमुलेन और यूएसए के मिलिंद कुमार को पछाड़ते हुए दूसरी बार यह पुरस्कार जीता है। मोहम्मद वसीम ने मई महीने आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप लीग 2 और बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन के आधार पर यह अवार्ड जीता है। वसीम ने बांग्लादेश के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज में 2 अर्धशतक सहित कुल 145 रन बनाए थे और टीम को 2-1 से सीरीज में जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। पुरस्कार जीतने के बाद मोहम्मद वसीम ने कहा कि मुझे दूसरी बार आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार जीतने की खुशी है। मैं आईसीसी और मेरे लिए वोट करने वालों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। मैं अपनी टीम के सभी सदस्यों और सहयोगी स्टाफ का भी शुक्रिया अदा करना चाहता हूं क्योंकि यह पुरस्कार जितना मेरे लिए है।



■ वसीम ने मैकमुलेन और यूएसए के मिलिंद कुमार को पछाड़ते हुए दूसरी बार यह पुरस्कार जीता

# टी-20 मैच में इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 21 रनों से हराया

■ इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बनाई

**चेस्टर-ले-स्ट्रीट,** 7 जून (एजेंसियां)। जॉश बटलर (96) रन की बेहतरीन अर्द्धशतकीय पारी के बाद लियम डॉसन (चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड ने पहले टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 21 से हरा दिया है। इसी के साथ इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है खेले गये मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में बेन डकेट (एक) का विकेट गवां दिया। उन्हें रोमारियो



शेफर्ड ने विकेटकीपर साई होप के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये जॉश बटलर ने सलामी बल्लेबाज जेमी स्मिथ के साथ दूसरे विकेट के लिए 79 रनों की साझेदारी कर इंग्लैंड की पारी को संभाला। सातवें ओवर में रोमारियो शेफर्ड ने जेमी स्मिथ 20 गेंदों में (38) को रदरफोर्ड के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। कप्तान हैरी ब्रूक (छह), टॉम बैंटन (तीन) और विल जैक्स (नौ) रन बनाकर आउट हुये। जॉश बटलर ने 59 गेंदों में चार छक्के और छह चौकों की मदद से (96) रनों की आतिशी पारी खेली। विस्फोटक बल्लेबाजी कर रहे बटलर अपना शतक पूरा नहीं कर सके। उन्हें अल्जारी जोसेफ ने पगबाधा आउट किया। इंग्लैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 188 रन का स्कोर खड़ा किया। जेकब बेथेल (23) रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज की ओर से रोमारियो शेफर्ड ने दो विकेट लिये । अल्जारी जोसेफ,रॉस्टन चेज और आंद्रे रसल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद 189 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज का कोई भी बल्लेबाज इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सके और नियमित अंतराल पर उसके विकेट गिरते रहे। जिसके कारण उसके रनों रफ्तार भी धीमी रही। वेस्टइंडीज की टीम निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 167 रन ही बना सकी और 21 रनों से मुकाबला हार गई।

# पीयूष ने हमेशा जरूरत के समय अच्छा प्रदर्शन किया : युवराज

**नई दिल्ली,** 7 जून (एजेंसियां)। लेग स्पिनर पीयूष चावला ने 6 जून को क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। संन्यास के एक दिन बाद भारत के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने चावला की जमकर तारीफ की। युवराज ने पीयूष चावला को ऐसे क्रिकेटर की श्रेणी में रखा जिसने टीम की जरूरत के समय अच्छा प्रदर्शन किया। युवराज सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा,कई वर्षों में मैंने कई साथियों के साथ खेला, लेकिन बहुत कम लोगों ने पीयूष चावला जैसा समर्पण दिखाया। युवराज ने लिखा, एक युवा क्रिकेटर से दो बार विश्व कप विजेता बनने तक, पीयूष ने अपने करियर में तब-तब प्रदर्शन करके दिखाया जब टीम को इसकी थी। 450 से ज्यादा प्रथम श्रेणी विकेट, यूपी और गुजरात के



कई वर्षों में मैंने कई साथियों के साथ खेला, लेकिन बहुत कम लोगों ने पीयूष चावला जैसा समर्पण दिखाया : युवराज सिंह

लिए कई साल खेलना, आईपीएल इतिहास का तीसरा सबसे सफल गेंदबाज बनना। आंकड़ों से भी ज्यादा अहम यह है कि इस यात्रा में आपने खुद को शांत, धैर्य और प्रतिबद्धता के साथ पेश किया।

## सार संक्षेप

### सचदेवा ने बैडमिंटन, बास्केटबाल कोर्ट का किया शिलान्यास

**नई दिल्ली।** दिल्ली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शनिवार को झड़ौदा कलां गांव में खेल स्टेडियम के पुनर्निर्माण के साथ ही बैडमिंटन और बास्केटबाल कोर्ट का शिलान्यास किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आज यहां इस अवसर पर कहा कि जिस स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है उसमें दो बैडमिंटन, एक बास्केटबाल कोर्ट, एक ट्रैकिंग फुटपाथ के अलावा फुटबाल स्टेडियम बनाया जा रहा है। उन्होंने गांव देहात के विकास के लिए 960 करोड़ रुपये आवंटित किया जाने पर दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना का धन्यवाद किया जिन्होंने गांव देहात के विकास के लिए ग्रामीणों के आग्रह पर ग्राम उदय योजना के नाम पर गांव देहात के विकास के लिए यह राशि आवंटित की है। उन्होंने इस दौरान वहां उपस्थित फुटबाल की लड़कियों और लड़कों की टीमों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की और बच्चों को वायु प्रदूषण को कम करने के लिए क्षेत्र को हरा भरा बनाने के लिए पौधा लगाने का संकल्प दिलवाया।

### मार्क मार्केज ने आरागॉन पोल का रिकॉर्ड बनाया

**आरागॉन (स्पेन)।** मोटरलैंड विशेषज्ञ मार्क मार्केज़ (डुकाटी लेनोवो टीम) ने अपने भाई और खिताब के प्रतिद्वंद्वी एलेक्स मार्केज़ (बीके-08 ग्रेसिनी रेसिंग मोटोजीपी) की चुनौती का सामना करते हुए एक नया ऑल-टाइम लैप रिकॉर्ड बनाया और अपना सातवाँ आरागॉन पोल स्थान हासिल किया।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो क्लब विश्वकप में नहीं खेलेंगे




**लिस्बन, 7 जून (एजेंयां)।** पुर्तगाल फुटबॉल टीम के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने कहा कि वह इस महीने होने वाले क्लब विश्वकप में नहीं खेलेंगे। रोनाल्डो ने कहा कि क्लब विश्वकप में नहीं रहूंगा। कुछ टीमों ने मुझसे संपर्क किया। कुछ ने समझदारी दिखाई और कुछ ने नहीं, लेकिन आप हर चीज करने की प्रयास नहीं कर सकते। आप हर गेंद को नहीं पकड़ सकते। 40 वर्षीय रोनाल्डो का जून के आखिर में सऊदी अरब के क्लब अल-नासर के साथ अनुबंध समाप्त हो रहा है। मई में, फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने अल-नासर के क्वालीफाई करने में विफल होने के बाद रोनाल्डो के क्लब विश्वकप में खेलने वाली टीम में शामिल होने की संभावना जताई जा रही थी। स्ट्राइकर रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ अपने अनुबंध की समाप्ति के बाद 2023 में अल-नासर क्लब में शामिल हुए थे। उन्होंने क्लब के लिए 111 मैचों में 99 गोल किए हैं, जिसमें पिछले सत्र में 41 मैचों में 35 गोल शामिल हैं। रोनाल्डो ने बुधवार को जर्मनी के खिलाफ 2-1 की जीत में विजयी गोल करके पुर्तगाल को राष्ट्र लीग फाइनल में जगह दिलाई थी।

क्लब विश्वकप में नहीं रहूंगा। कुछ टीमों ने मुझसे संपर्क किया। कुछ ने समझदारी दिखाई और कुछ ने नहीं, लेकिन आप हर चीज करने की प्रयास नहीं कर सकते : क्रिस्टियानो रोनाल्डो

# सिनर से हार के बाद भावुक हुए जोकोविच, बोले- शायद रौलां गैरो में मेरा आखिरी मैच था

**पेरिस,** 7 जून (एजेंसियां)। फ्रेंच ओपन के हैवीवेट सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच को दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी जैनिक सिनर के हाथों शिकस्त झेलनी पड़ी। इस हार के बाद जोकोविच काफी इमोशनल नजर आए। जोकोविच नहीं जानते कि अगली बार वह रोलां गैरो खेल सकेंगे, या फिर नहीं। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में 38 वर्षीय नोवाक जोकोविच ने हार के बाद अपने भविष्य की अनिश्चितता पर विचार किया। जोकोविच ने कहा कि



शायद यह मेरा यहां खेला गया आखिरी मैच हो सकता है। इसलिए मैं अंत में थोड़ा भावुक था। अगर यह रोलां गैरो में मेरे करियर का विदाई मैच था, तो माहौल और भीड़ से जो मुझे मिला, उसके लिहाज से यह शानदार था। क्या मैं और खेलना चाहता हूं? हां, मैं ऐसा चाहता हूं। लेकिन क्या मैं 12 महीने बाद फिर से यहां खेल पाऊंगा? मुझे नहीं पता। फिलहाल मैं इतना ही कह सकता हूं। जैनिक सिनर ने तीन बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को 6-4, 7-5, 7-6 (3) से हराया। अब फाइनल में उनका सामना मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज से होगा। सिनर 1976 के चैंपियन एड्रियानो पनाटा के बाद रोलां-गैरो के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे इतालवी व्यक्ति बन गए।

## मुसेट्टी को हराकर अल्काराज फ्रेंच ओपन के फाइनल में

**पेरिस।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज सेमीफाइनल मुकाबले में इटली के चोटिल लोरेंजो मुसेट्टी को हराकर अपना फ्रेंच ओपन पुरुष एकल के फाइनल में जगह बना ली है। आज यहां खेले गये मुकाबल में अल्काराज ने पहला सेट गंवा दिया था, लेकिन इसके बाद वह 4-6, 7-6 (3), 6-0, 2-0 से आगे चल रहे थे। इसी दौरान इटली के मुसेट्टी ने जांघ की चोट के कारण खेल छोड़ दिया। अल्काराज का रविवार को फाइनल में मुकाबला जैनिक सिनर और नोवाक जोकोविच के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा।

## सिनर और अल्काराज के बीच होगी फ्रेंच ओपन की खिताबी भिड़ंत

**पेरिस।** विश्व के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर और स्पेन के दिग्गज कार्लोस अल्काराज के बीच रविवार को फ्रेंच ओपन के फाइनल मुकाबले में खिताब के लिए भिड़ेंगे। दूसरे सेमीफाइनल में मुकाबले में इटली के जैनिक सिनर ने सर्बिया के नोवाक जोकोविच को 6-4, 7-5, 7-6 (3) से हराया। सिनर तीन घंटे 16 मिनट तक चले मुकाबले में अपनी जीत पक्की की। सिनर की जोकोविच के खिलाफ लगातार चौथी जीत है। इसी हार के साथ जोकोविच के रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का इंतजार बढ़ गया है। पहले सेमीफाइनल में स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज शुक्रवार को सेमीफाइनल मुकाबले में इटली के चोटिल लोरेंजो मुसेट्टी के मैच के बीच में हटने के बाद फ्रेंच ओपन पुरुष एकल के फाइनल में जगह बना ली थी। मैच की शुरुआत अल्काराज ने पहला सेट गंवाया लेकिन इसके बाद वह वापसी करते हुए 4-6, 7-6 (3), 6-0, 2-0 से आगे चल रहे थे। इसी दौरान इटली के मुसेट्टी ने जांघ की चोट के कारण खेल छोड़ दिया। वर्ष 2013 के बाद यह पहली बार होगा जब अमेरिका के टेनिस खिलाड़ी पुरुष और महिला एकल वर्ग के फाइनल में विश्व के नंबर एक और दो खिलाड़ियों के बीच मुकाबला होगा।

### सुडोकू 6937 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 | 1 | 4 | 8 |
| 3 | 1 | 8 | 4 | 2 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 8 | 7 | 6 | 1 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 5 | 3 | 4 | 8 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 7 | 3 | 9 | 6 | 1 | 2 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 1 | 5 | 8 | 4 | 9 | 3 | 7 |
| 4 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 1 | 6 |

देशबन्धु

# अर्थ जगत

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 4.93 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 3.15 प्रतिशत |
| मारुति | 2.64 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 2.50 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 2.36 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| थ्री एम इंडिया | 1.01 प्रतिशत |
| भारत इलेक्ट्रिक | 0.76 प्रतिशत |
| एबॉट इंडिया | 0.63 प्रतिशत |
| एडब्लू एल एग्री | 0.49 प्रतिशत |
| अडानी टाटा गैस | 0.34 प्रतिशत |

**सर्राफा**

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 97,145 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,05,285 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5900 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7500-7600 |
| उड़द दाल | 9200-9300 |
| मूंग दाल | 9500-9600 |
| अरहर दाल | 8600-8700 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित




**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# किसान क्रेडिट कार्ड लाखों भारतीय किसानों के लिए बना लाइफलाइन : सीतारमण

- योजना ने अल्पकालिक फसल ऋण तक आसान पहुंच को दिया बढ़ावा
- प्रत्येक एक लाख केसीसी लोन पर किसान प्रति वर्ष 9 हजार रुपए तक बचा सकते हैं ब्याज

**नई दिल्ली,** 7 जून (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के कार्यालय ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) लाखों भारतीय किसानों के लिए एक लाइफलाइन बन गया है। केसीसी एक बैंकिंग प्रोडक्ट है, जो किसानों को बीज, उर्वरक और कीटनाशकों जैसे कृषि इनपुट खरीदने के साथ-साथ फसल उत्पादन और इससे जुड़ी गतिविधियों के लिए नकदी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समय पर किफायती ऋण उपलब्ध करवाता है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में, एक इन्फोग्राफिक के साथ, निर्मला सीतारमण के कार्यालय की ओर से बताया गया कि 5.7 लाख करोड़ रुपए की क्रेडिट सीमा के साथ 465 लाख से अधिक एप्लीकेशन स्वीकृत किए गए हैं। इस योजना ने अल्पकालिक फसल ऋण तक आसान पहुंच को बढ़ावा दिया है। पोस्ट में कहा गया है कि समय पर




पुनर्भुगतान के साथ 4 प्रतिशत की ब्याज दर पर किसानों को 3 लाख रुपए तक का लोन दिया जाता है।

समय पर लोन चुकाने पर किसानों को 3 प्रतिशत का अतिरिक्त प्रॉम्प्ट रिपेमेंट इंसेंटिव (पीआरआई) भी प्रदान किया जा रहा है, जिससे किसानों के लिए ब्याज दर प्रभावी रूप से 4 प्रतिशत हो जाती है।

इस प्रकार, प्रत्येक एक लाख केसीसी लोन पर किसान प्रति वर्ष 9,000 रुपए तक ब्याज बचा सकते हैं। सरकार ने सब्सिडी वाले केसीसी लोन की सीमा को भी 3 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दिया है, जिससे मछुआरों और डेयरी किसानों सहित लगभग 7.7 करोड़ किसानों को लाभ हुआ है।

### पिछले 11 वर्षों में कृषि के लिए संस्थागत ऋण बढ़कर 27.5 लाख करोड़ रुपए हुआ

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के तहत पिछले 11 वर्षों में कृषि के लिए संस्थागत ऋण 7.3 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 27.5 लाख करोड़ रुपए हो गया है। यह जानकारी शनिवार को वित्त मंत्रालय की ओर से दी गई। मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने सुनिश्चित किया कि अन्नदाता को समय पर वित्तीय सहायता मिले और इसके लिए उसे इंतजार न करना पड़े। इसी के साथ, कृषि के लिए संस्थागत ऋण लगभग चौगुना हो गया है, जो कि 2013-14 में 7.3 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 2024-25 में 27.5 लाख करोड़ रुपए हो गया है।

केंद्र सरकार के अनुसार 2014 से पीएम मोदी के नेतृत्व में, हमारे अन्नदाताओं को सम्मान, इनकम सपोर्ट, एमएसपी आश्वासन, एग्री-इंफ्रा और वैश्विक बाजार तक पहुंच मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनुसार, किसानों की आय बढ़ाना, खेतों की लागत कम करना, बीज से लेकर बाजार तक किसानों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाना, हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

## ऋण दरों में 30 आधार अंकों की गिरावट आने की संभावना : एसबीआई




- ऋण दरों में गिरावट से बैंकों के लाभ मार्जिन को हो सकता है नुकसान

**नई दिल्ली,** 7 जून (एजेंसियां)। एसबीआई की एक नई रिपोर्ट के अनुसार, नीतिगत दरों में हाल ही में की गई कटौती के बाद ऋण दरों में लगभग 30 आधार अंकों (बीपीएस) की गिरावट आने की उम्मीद है।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) रिसर्च द्वारा संकलित आंकड़ों में कहा गया है कि यह बदलाव सबसे पहले एक्सटर्नल बेंचमार्क लेंडिंग रेट (ईबीएलआर) से जुड़े ऋणों में महसूस किया जाएगा, जो अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एएससीबी) द्वारा दिए गए सभी ऋणों का लगभग 60 प्रतिशत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईबीएलआर से जुड़े ऋणों की इस उच्च हिस्सेदारी के कारण, नीतिगत दर में कटौती का प्रभाव जल्दी से पारित हो जाएगा, जिससे कई ऋण लेने वालों के लिए ऋण सस्ता हो जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है इस कदम का उद्देश्य ऋण लेने की लागत को कम करना और अर्थव्यवस्था में मांग को बढ़ावा देना है।

हालांकि, ऋण दरों में गिरावट से बैंकों के लाभ मार्जिन को नुकसान हो सकता है। इस दबाव को कम करने में मदद करने के लिए, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) को भी कम कर दिया है, जिससे बैंकों के लिए धन की लागत कम हो जाएगी।

हालांकि सीआरआर में कटौती से सीधे तौर पर जमा या उधार दरों में बदलाव नहीं हो सकता है, लेकिन एसबीआई ने कहा कि इससे बैंकों को अपने नेट इंटरेस्ट मार्जिन (एनआईएम) में 3 से 5 बीपीएस तक थोड़ा सुधार करने में मदद मिल सकती है।

इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि सीआरआर में कटौती से बैंकिंग सिस्टम में लिक्विडिटी में सुधार हो सकता है। इससे बेस मनी की मात्रा में कमी आने और मनी मल्टीप्लायर में 20 से 30 बीपीएस की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है, जिससे अर्थव्यवस्था में बेहतर क्रेडिट फ्लो को बढ़ावा मिल सकता है।

## एलपीजी सिलेंडर बुकिंग के चंद घंटों में घर तक हो रहा डिलीवर : पुरी

**नई दिल्ली,** 7 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा कि देश में 33 करोड़ से अधिक ग्राहकों को अब बुकिंग के कुछ घंटों के भीतर ही एलपीजी सिलेंडर की डोरस्टेप डिलीवरी मिलती है।

विश्व एलपीजी दिवस के अवसर पर केंद्रीय मंत्री पुरी ने इस व्यापक पहुंच और दक्षता का श्रेय हर घर तक स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन को सुलभ बनाने के सरकार के निरंतर प्रयासों को दिया।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि देश भर में, विशेष रूप से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों के खाना पकाने के तरीके में बदलाव के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला



योजना (पीएमयूवाई) का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि पीएमयूवाई के तहत 10.33 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को मुफ्त में एलपीजी कनेक्शन दिया गया है, जिससे उन्हें पारंपरिक ईंधन से सुरक्षित और स्वच्छ एलपीजी में परिवर्तन करने में मदद मिली।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने आगे कहा कि इस क्रांति ने रसोई के धुएं को कम कर न केवल स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार किया है, बल्कि महिलाओं के लिए कीमती समय भी बचाया है, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ है।

# सेबी ने इंडसइंड बैंक के आदेश में किया संशोधन

**मुंबई,** 7 जून (एजेंसियां)। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इंडसइंड बैंक लिमिटेड के खिलाफ अपने अंतरिम आदेश में एक शुद्धिपत्र जारी किया है, जिसमें बैंक के आंतरिक लेन-देन में शामिल दस्तावेजों की प्रकृति को स्पष्ट करने के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ को प्रतिस्थापित किया गया है। बाजार नियामक ने कहा कि उसके पहले के आदेश में प्रयुक्त शब्द 'बोर्ड नोट' को अब 'एंगेजमेंट नोट' के रूप में पढ़ा जाएगा। यह सुधार ऐसे समय में किया गया है जब सेबी निजी क्षेत्र के ऋणदाता बैंक में अकाउंटिंग अनियमितताओं की जांच कर रही है।

इससे पहले, नियामक ने उल्लेख किया था कि वैश्विक परामर्श फर्म



केपीएमजी को इंडसइंड बैंक द्वारा फरवरी 2024 में 'बोर्ड नोट' के आधार पर नियुक्त किया गया था।

हालांकि, अब यह स्पष्ट हो गया है कि केपीएमजी की नियुक्ति वास्तव में एक एंगेजमेंट नोट पर आधारित थी, जो एक ऐसा कम प्रभावशाली औपचारिक दस्तावेज है जिसका उपयोग आमतौर पर बाहरी सलाहकारों को कार्य सौंपने के लिए किया जाता है। सेबी की जांच

- जांच के बीच शीर्ष अधिकारियों के नाम किए घोषित

से पता चला है कि इंडसइंड बैंक के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी ने जनवरी 2024 में कहा था कि पहले से पहचानी गई विसंगतियों के वित्तीय प्रभाव का आकलन करने के लिए एक सलाहकार को काम पर रखा जा रहा है। केपीएमजी ने बाद में इन मुद्दों से जुड़े 2,093 करोड़ रुपए के वित्तीय नुकसान की सूचना दी। सेबी ने पाया कि बैंक ने 10 मार्च, 2025 तक इन निष्कर्षों का स्टॉक एक्सचेंजों को खुलासा नहीं किया, न ही 4 मार्च, 2025 तक जानकारी को अप्रकाशित मूल्य-संवेदनशील डेटा के रूप में चिह्नित किया।

**सार संक्षेप**

### इस वित्त वर्ष में एक बार और रेपो दर में कटौती की उम्मीद

**नई दिल्ली।** क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मुद्रास्फीति की कम संभावनाओं के बीच वृद्धि को समर्थन देने के लिए अपनी ब्याज दरों में कटौती को प्राथमिकता दी है। क्रिसिल की रिपोर्ट में इस वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 26) में एक और रेपो दर में कटौती और उसके बाद कुछ समय के लिए विराम की उम्मीद जताई गई है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी को इस वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी 6.5 प्रतिशत रहने की भी उम्मीद है, जिसमें अमेरिकी टैरिफ बढ़ोतरी के कारण गिरावट का जोखिम भी शामिल है। क्रिसिल ने कुछ ऐसे कारकों को सूचीबद्ध किया है, जिनसे वैश्विक टैरिफ जोखिमों के खिलाफ घरेलू वृद्धि को सहारा मिलने की उम्मीद है।

### मुकेश अंबानी ने आईसीटी को दिए 151 करोड़ रुपए दान

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी (आई सी टी) मुंबई को 151 करोड़ रुपए दान देने की घोषणा की है।

## जी स्क्वायर ग्रुप ने की 714 एकड़ टाउनशिप परियोजना की घोषणा

**कोयंबटूर,** 7 जून (एजेंसियां)। दक्षिण भारत के प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर जी स्क्वायर ग्रुप ने यहां 714 एकड़ में जी स्क्वायर सेवन हिल्स परियोजना की शनिवार को घोषणा की।

जी स्क्वायर ग्रुप के संस्थापक और प्रबंध निदेशक बाला रामजेयम ने यहां संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुए कहा कि अब तक कंपनी इस परियोजना में एक हजार करोड़ रुपए का निवेश कर चुकी है। यह एक विशाल टाउनशिप परियोजना है और इसमें प्लॉट तथा मिश्रित उपयोग संबंधी विकल्प शामिल होंगे। कंपनी ने 707 करोड़ रुपए में यह भूमि अधिग्रहीत की है। इस परियोजना से कंपनी को पांच हजार करोड़ रुपए से अधिक के राजस्व मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि परियोजना की आधिकारिक घोषणा से पहले ही एक हजार प्लॉट बिक चुके हैं और 500 प्लॉट की रजिस्ट्री भी हो गई है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना का प्रस्ताव इस क्षेत्र में हाल ही में हुए अन्य निवेशों के बाद हुआ है। इस क्षेत्र में एस्ट्रिया रियल एस्टेट डेवलपर्स ने खुदरा विकास के लिए 9.03 एकड़ ज़मीन खरीदी, एलएंडटी ने विश्व स्तरीय आईटी पार्क के लिए प्रतिबद्धता जताई है और कैपजेमिनी का निवेश भी इस श्रृंखला की कड़ी है, जिससे एल्कोट एसईजेड में 1,500 से अधिक रोज़गार पैदा होंगे। कोवई हिल्स परियोजना, जिसे अब जी स्क्वायर सेवन हिल्स के रूप में पुन: ब्रांड (रिब्रांड) किया गया है और यह 714 एकड़ में फैली है।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक/202505116400060/अ-6/2024-25
ग्राम मुजगहन प.ह.नं. 82
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 22.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमलेश वैद्य पिता श्री सुखदेव प्रसाद वैद्य निवासी ई.ई. 30 शिवम् एजुकेशनल एकेडमी के पीछे इंद्रप्रस्थ फेस-1 रायपुरा रायपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम मुजगहन पटवारी हल्का नंबर 82 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 15006/37 रकबा 0.0079, 15006/38 रकबा 0.0116 हे. भूमि आवेदक की पत्नि सोनल वैद्य पति कमलेश वैद्य के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उपरोक्त भूमि के भूमिस्वामी आवेदक की पत्नि सोनल वैद्य पति कमलेश वैद्य का निधन दिनांक 19.03.2023 को हो चुका है। जिनके विधिक वारिसानों में केवल आवेदक ही है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि पर मृतिका का नाम विलोपित कर मृतिका के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 16.06.2025 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला-दुर्ग (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण ब/121
वर्ष 2025

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक रघुबीर प्रसाद पिता दशरथ साहू निवासी पाहंदा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि मेरे माता स्व. बुधियारिन बाई साहू पति दशरथ का मृत्यु दिनांक 26.04.2025 को ग्राम पाहंदा तहसील पाटन जिला दुर्ग में मृत्यु होने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: आवेदक रघुबीर प्रसाद पिता दशरथ साहू निवासी पाहंदा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 17.06.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03.06.2025 को जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार पाटन

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
**ईश्तहार**

पत्र क्र./21075/न.पा.नि./जोन क्र.-3/2025
रायपुर, दिनांक 07.06.2025
नामांतरण प्र.क्र. 21075
वार्ड का नाम- 29-गुरू गोविंद सिंह वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 29 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR330F00109 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SMT. BUDHIYARIN BAI NIRMALKAR पिता/पति श्री/श्रीमती SANTRAM NIRMALKAR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री ओमप्रकाश निर्मलकर पिता/पति श्री/श्रीमती पिता स्व. संत राम निर्मलकर ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ शपथ पत्र, सहमति पत्र, आधार कार्ड, पता कॉपी/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्री रमेश कुमार जायसवाल (जोन कमिश्नर) जोन (3) नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
**ईश्तहार**

पत्र क्र./21282/न.पा.नि./जोन क्र.-3/2025
रायपुर, दिनांक 07.06.2025
नामांतरण प्र.क्र. 21282
वार्ड का नाम- 48-मदर टेरेसा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 48 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR443G00176 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती BHUPENDRA DADER पिता/पति श्री/श्रीमती NANDKUMAR DADER के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्रीमती मैना दादर पिता/पति श्री/श्रीमती पति श्री भूपेन्द्र कुमार दादर ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत दान पत्र /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्री रमेश कुमार जायसवाल (जोन कमिश्नर) जोन (3) नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
**ईश्तहार**

पत्र क्र./21418/न.पा.नि./जोन क्र.-3/2025
रायपुर, दिनांक 07.06.2025
नामांतरण प्र.क्र. 21418
वार्ड का नाम- 30-शंकर नगर वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 30 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR332B00153 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती PRAHLAD, KAPIL, SHREEKANT AGRAWAL पिता/पति श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 01. श्रीमती सरिता अग्रवाल 02. श्री अर्थ अग्रवाल 03. श्री सिद्धार्थ अग्रवाल पिता/पति श्री/श्रीमती पति/पिता स्व. आर्यरत्न अग्रवाल ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत बंटवारानामा,/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्री रमेश कुमार जायसवाल (जोन कमिश्नर) जोन (3) नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
**ईश्तहार**

पत्र क्र./21254/न.पा.नि./जोन क्र.-3/2025
रायपुर, दिनांक 07.06.2025
नामांतरण प्र.क्र. 21254
वार्ड का नाम- 10-रानी लक्ष्मी बाई वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 10 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR227S00910 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RAJESH KUMAR SINGHANIYA S/o NARSINGH SINGHANIYA , PUSHPA DEVI W/o NARSINGH SINGHANIYA पिता/पति श्री/श्रीमती RAJESH KUMAR SINGHANIYA S/o NARSINGH SINGHANIYA, PUSHPA DEVI W/o NARSINGH SINGHANIYA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती अविनाश सिंह पिता/पति श्री/श्रीमती राम शरण सिंह ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्री रमेश कुमार जायसवाल (जोन कमिश्नर) जोन (3) नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
**ईश्तहार**

पत्र क्र./21279/न.पा.नि./जोन क्र.-3/2025
रायपुर, दिनांक 07.06.2025
नामांतरण प्र.क्र. 21279
वार्ड का नाम- 12-महात्मा गांधी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 12 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR225E0088A जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SATNAM SINGH , JASVINDAR SINGH पिता/पति श्री/श्रीमती LT. DARBARA SINGH के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री जसविन्दर सिंह पिता/पति श्री/श्रीमती पिता स्व. दरबारा सिंह ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत बंटवारानामा,/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्री रमेश कुमार जायसवाल (जोन कमिश्नर) जोन (3) नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
**ईश्तहार**

पत्र क्र./21183/न.पा.नि./जोन क्र.-3/2025
रायपुर, दिनांक 07.06.2025
नामांतरण प्र.क्र. 21183
वार्ड का नाम- 29-गुरू गोविंद सिंह वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 29 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR334B00124 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MO. JAINAB B. पिता/पति श्री/श्रीमती CHOTTE SHAHAB के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SHAKIL MOHAMMAD पिता/पति श्री/श्रीमती S/o LT. MD. CHOTE SAHAB ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ शपथ पत्र, सहमति पत्र, बी-1, आधार कार्ड, आम मुख्त्यारनामा /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्री रमेश कुमार जायसवाल (जोन कमिश्नर) जोन (3) नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
**ईश्तहार**

पत्र क्र./21294/न.पा.नि./जोन क्र.-3/2025
रायपुर, दिनांक 07.06.2025
नामांतरण प्र.क्र. 21294
वार्ड का नाम- 48-मदर टेरेसा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 48 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR334F00210 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती HARPAL DAS पिता/पति श्री/श्रीमती JUMADAMAL के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती जितेन्द्र पोहाणी पिता/पति श्री/श्रीमती हरपालदास पोहाणी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ शपथ पत्र /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्री रमेश कुमार जायसवाल (जोन कमिश्नर) जोन (3) नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
**ईश्तहार**

पत्र क्र./20877/न.पा.नि./जोन क्र.-3/2025
रायपुर, दिनांक 07.06.2025
नामांतरण प्र.क्र. 20877
वार्ड का नाम- 34-लाल बहादुर शास्त्री

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 34 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR332F00071 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MAHENDRA SINGH पिता/पति श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SMT. DARSHAN KAUR पिता/पति श्री/श्रीमती W/o LT. MAHENDRA SINGH SIDDHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ शपथ पत्र, सहमति पत्र, आधार कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्री रमेश कुमार जायसवाल (जोन कमिश्नर) जोन (3) नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
**ईश्तहार**

पत्र क्र./21414/न.पा.नि./जोन क्र.-3/2025
रायपुर, दिनांक 07.06.2025
नामांतरण प्र.क्र. 21414
वार्ड का नाम- 11-कालीमाता वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 11 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR229H00124 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SMT. PREETI LUNAWAT W/o PRAKASH CHAND LUNAWAT, PRAKASH CHAND LUNAWAT पिता/पति श्री/श्रीमती S/o FULLCHAND LUNAWAT के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 01. श्रीमती मयूरी थरानी 02. श्री रविश रामानी 03. श्रीमती इन्द्रा देवी थरानी 04. श्री विशन दास थरानी पिता/पति श्री/श्रीमती 01. पति रविश रामानी 02. पिता ओम प्रकाश रामानी 03. पति विशन दास थरानी 04. पिता सुदामा मल थरानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्री रमेश कुमार जायसवाल (जोन कमिश्नर) जोन (3) नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

**PUBLIC NOTICE FOR CHANGE OF NAME**

I. Ashmit Zade S/o Adesh Zade and a resident of H No.69, J-Road, Krishnapuri Colony. Deopuri. Raipur. Chhattisgarh, wish to inform the publie of my official name change to Ashmit Zade which I have done through a solemn affirmation. I hereby formally relinquish and abandon my previous name Tushar Zade and. from this day forward, will be recognized by New Name: Ashmit Zade. 1 kindly request that everyone henceforth address my name and recognize me as Ashmit Zade. I will now go by the name Ashmit Zade in all circumstances, including records, legal documents, personal interactions, and government and Non-governments records. This change is effective immediately and will be upheld on all occasions henceforth.

Raipur, Chhattisgarh.

Date:

**Ashmit Zade**
So o Adesh Zade
H. No.69, J-Road,
Krishnapuri Colony, Deopuri,
Raipur, Chhattisgarh

**PUBLIC NOTICE FOR CHANGE OF NAME**

1. Adesh zade. So Vasudev Zade and a resident of House no, 69, J-Road, Krishnapuri Colony. Deopuri. Raipur Chhattisgarh, wish to inform the public of my Son's official name change to AHEM ZADE S/O ADESH ZADE which I have done through a solemn affirmation. I hereby formally relinquish and abandon my Son's previous name AHEM JHADE S/O ADESH JHADE and, from this day forward, will be recognized by New Name: AHEM ZADE S/o ADESH ZADE. I kindly request that everyone henceforth address my son by his name and recognize him as AHEM ZADE S/o ADESH ZADE. My son will now go by the name AHEM ZADE S/O ADESH ZADE in all circumstances, including records, legal documents, personal interactions, and government and Non-governments records. This change is effective immediately and will be upheld on all occasions henceforth.

Raipur. Chhattisgarh.

Date:

**Adesh zade**
S/o Vasudev Zade
H.No.69, J-Road, Krishnapuri
Colony, Deopuri
Raipur. Chhattisgarh

**PUBLIC NOTICE FOR CHANGE OF NAME**

I. Anish Kumar S/o Ajay Kumar Singh and a resident of C block. flat no. 807. Chaitanya Greens. Kushabhau Thakare Ward no.26. Saddu. Raipur. Chhattisgarh, wish to inform the public of my official name change to Anish Kumar Singh which I have done through a solemn affirmation. I hereby formally relinquish and abandon my previous name Anish Kumar and, from this day forward, will be recognized by correct name: Anish Kumar Singh. I kindly request that everyone henceforth address my name and recognize me as Anish Kumar Singh. I will now go by the name Anish Kumar Singh in all circumstances. including records, legal documents, personal interactions, and government and Non-governments records. This change is effective immediately and will be upheld on all occasions henceforth.

Raipur, Chhattisgarh.

Date: 08.06.2025

**Anish Kumar Singh**
S/o Ajay Kumar Singh
C block, flat no. 807, Chaitanya Greens, Kushabhau Thakare Ward no.26.
Raipur, Chhattisgarh

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मुझे मेरे पक्षकार श्रीमती दुपेश्वरी वर्मा पति रूपनारायण वर्मा के द्वारा विक्रेता श्री चन्द्रशेखर वर्मा पिता श्री संतराम वर्मा जी के स्वामित्व व अधिपत्य की परिवर्तित भूमि जिसका खसरा नं. 38/88, रकबा 603 वर्गफुट भूमि जो कि ग्राम उरकुरा, प.ह.नं.-40, रा.नि.मं.-रायपुर-5-भनपुरी, तहसील व जिला रायपुर, (छ.ग.) में स्थित है, को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर ब्याना राशि अदा कर दी गई है। यह कि उक्त वर्णित सम्पत्ति को मेरे पक्षकार द्वारा बैंक से ऋण लेकर विक्रेता को शेष राशि का भुगतान कर पंजीयन की कार्यवाही किया जाना शेष है। यह कि उक्त वर्णित सम्पत्ति को श्री चन्द्रशेखर वर्मा पिता श्री संतराम वर्मा ने विक्रेता श्रीमती मंजु सिन्हा पति श्री बीपीन बिहारी सिन्हा (द्वारा मुख्त्यार आम श्री ललित कुमार जायसवाल पिता श्री संतोष जायसवाल) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 08.04.2025 को क्रय कर स्वामित्व प्राप्त किया था। इससे पूर्व उक्त वर्णित सम्पत्ति को श्रीमती मंजु सिन्हा पति श्री बीपीन बिहारी सिन्हा द्वारा विक्रेतागण 1. श्री थनवार उर्फ बिसहत 2. श्री जोगीराम दोनों पिता-श्री देलूमराम 3. गैंदलाल पिता श्री प्राणनाथ 4. ताराबती 5. देवंतीन 6. भगवंतीन 7. गीता बाई 8. सावित्री 9. सविता सभी पिरासन देलूमराम सेन (द्वारा मुख्त्यार आम खुद व 02 से 09 तक के तरफ से श्री थनवार उर्फ बिसहत श्री देलूमराम) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 08.06.2016 को क्रय कर स्वामित्व प्राप्त किया था। जिसका पुस्तक क्रं. अ-1, ग्रंथ क्रं. 70843, पृष्ठ क्रं.1 से 11, दस्तावेज क्रं.-1459 (ख) है। यह कि उक्त वर्णित संपत्ति की पंजीकृत विलेख दिनांक 08.06.2016 की मूल प्रति विक्रेता श्री चन्द्रशेखर वर्मा पिता श्री संतराम वर्मा से गुम हो गया है। जिसकी सूचना दिनांक 16.05.2025 को थाना खमतराई, रायपुर में श्री चन्द्रशेखर वर्मा पिता श्री संतराम वर्मा द्वारा दिया जा चुका है एवं मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को क्रय कर होम फर्स्ट फाईनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड में बंधक रख कर ऋण प्राप्त करना चाहती है। अत: उपरोक्त विषय एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय सुसंगत दस्तावेजों के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नहीं किया जायेगा। यह कि उक्त समयावधि के अवसान पश्चात् मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति को क्रय कर बंधक रख कर ऋण प्राप्त कर लिया जावेगा तत्पश्चात् प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर मान्य एवं बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर, (छ.ग.)
दिनांक 07.06.2025

(आशीष कुमार वलेचा) अधिवक्ता
आफिस क्रमाक एफ 10 जी, प्रथम तल
श्याम प्लाजा पंडरी, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 95756-40000, 81097-72000

**शपथ-पत्र**

मैं प्रशांत कुमार उम्र 42 वर्ष पिता श्री अनिल कुमार सिन्हा, निवासी-फ्लैट नं-ए-403 4th फ्लोर समृद्धि अल्तास सेंट जेवियर्स स्कूल के पास अवंति विहार तेलीबांधा रविग्राम तेलीबांधा, रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग) शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि:-

1. यह कि, मेरे पुत्र का जन्म दिनांक 26 सितम्बर 2013 है। 2. यह कि, मेरे पुत्र के जन्म के बाद उसका नाम अर्चित (ARCHIT) रखा गया है जो की उसके कक्षा छठवी तक की स्कूल अंकसूची एवं आधार कार्ड संख्या-8980 9064 2757 में नाम दर्ज है। 3. यह कि, मैं अपने पुत्र का नाम बदलकर अर्चित (ARCHIT) के स्थान पर अक्षत सिन्हा (AKSHAT SINHA) रखना चाहता हूँ तथा भविष्य में मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना-पहचाना जाये । 4. यह कि, वर्तमान में मैंने मेरे पुत्र के स्कूल में एवं उसके बैंक खाता पासबुक में उसके पूर्व नाम अर्चित (ARCHIT) को विलोपित कर उसका परिवर्तित नाम अक्षत सिन्हा (AKSHAT SINHA) दर्ज करा लिया है जिससे वर्तमान में वह इसी नाम से जाना व पहचनाना जाता है । 5. यह कि, मेरे पुत्र के समस्त शैक्षणिक, शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में उसके पूर्व नाम अर्चित (ARCHIT) के स्थान पर उसका परिवर्तित नाम अक्षत सिन्हा (AKSHAT SINHA) नाम दर्ज किये जाने एवं भारत के राजपत्र (गजट) में प्रकाशित करवाने के संबंध में यह शपथपत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**
**प्रशांत कुमार**
फ्लैट नं-ए-403 4th फ्लोर समृद्धि अल्तास सेंट जेवियर्स स्कूल के पास अवंति विहार तेलीबांधा रविग्राम तेलीबांधा, रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग)

**फिल्म इंडस्ट्री में 'क्वीर' किरदारों को स्वीकार करने की जरूरत : अक्षय ओबेरॉय**

**मुंबई।** अभिनेता अक्षय ओबेरॉय ने बॉलीवुड में 'एलजीबीटीक्यू प्लस' समुदाय के प्रतिनिधित्व पर खुलकर बात की। 'इनसाइड एज' सीजन 3 में क्वीर किरदार निभाने के अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने बताया कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री अभी भी क्वीर किरदारों को स्वीकार नहीं करती। लेकिन हमें ऐसे किरदारों को स्वीकार करने की जरूरत है। अक्षय ने कहा कि बॉलीवुड इसे स्वीकार नहीं करता, लेकिन हमें क्वीर समुदाय से बहुत प्यार और समर्थन मिलता है। वे हमारी सपोर्ट सिस्टम का बड़ा हिस्सा हैं और हमें इसे अपनाना चाहिए। अक्षय ने बताया कि उन्हें अपने क्वीर किरदार की विशेषता को लेकर कभी चिंता नहीं हुई। वे बेझिझक इसे पर्दे पर उतारने के लिए हमेशा तैयार रहे।

खाद्य वैज्ञानिकों ने की दालों के लिए इष्टतम किण्वन स्थितियों की पहचान

# दालों को किण्वित करने से एंटीऑक्सीडेंट स्तर को बढ़ाने में मिलती है मदद

- टीम ने काली बीन्स, काली आंखों वाले मटर, हरी मटर, लाल दाल को किण्वित किया
- सूजन को कम करने, प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने के लिए जाना जाता है एलपी299वी



**नई दिल्ली,** 7 जून (एजेंसियां)। क्या आपको दालें और फलियां खाना पसंद है? एक अध्ययन के अनुसार, उन्हें फर्मेंटिंग (किण्वित) करने से उनके एंटीऑक्सीडेंट स्तर को बढ़ाने में मदद मिल सकती है, साथ ही मधुमेह से लड़ने की उनकी क्षमता भी बढ़ सकती है। यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनोइस अर्बाना-शैंपेन, यूएस के खाद्य वैज्ञानिकों ने दालों के लिए इष्टतम किण्वन स्थितियों की पहचान की है - दालों के सूखे खाद्य बीज - जो उनके एंटीऑक्सीडेंट और मधुमेह विरोधी गुणों और उनके घुलनशील प्रोटीन की मात्रा को बढ़ाते हैं।

अध्ययन में, टीम ने काली बीन्स, काली आंखों वाले मटर, हरी मटर, लाल दाल और पिंटो बीन आटे की अलग-अलग सांद्रता से प्राप्त दालों को किण्वित किया। किण्वन सूक्ष्मजीवों के रूप में बैक्टीरिया लैक्टिप्लांटिबैसिलस प्लांटारम 299वी का उपयोग करके किया गया था।

परिणामों से पता चला कि एंटीऑक्सीडेंट गतिविधि 83 प्रतिशत तक बढ़ गई और टाइप 2 मधुमेह मार्करों को विनियमित करने की उनकी क्षमता 70 प्रतिशत तक बढ़ गई। किण्वन ने इन खाद्य पदार्थों में घुलनशील प्रोटीन की मात्रा भी बढ़ा दी।

लाल दाल और हरी मटर ने एंटीऑक्सीडेंट स्कैवेंजिंग गतिविधि और प्रोटीन घुलनशीलता में सबसे अधिक सुधार दिखाया। इनसे इंसुलिन मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाने वाले दो एंजाइमों का सबसे बड़ा मॉड्यूलेशन भी प्रदर्शित हुआ।

विश्वविद्यालय में स्नातक छात्र और प्रथम लेखक एंड्रिया जिमेना वाल्डेस-अल्वाराडो ने बताया, एलपी299वी एक प्रोबायोटिक स्ट्रेन है जिसमें ऐसे सूक्ष्मजीव होते हैं जो आंत के स्वास्थ्य का समर्थन करते हैं।

किण्वन के बाद, यह पाचन प्रक्रिया में रहता है। यह न केवल आपके द्वारा उपभोग किए जा रहे किण्वित उत्पाद को संरक्षित करेगा, बल्कि यह इन पेप्टाइड्स या अमीनो एसिड का उत्पादन भी करेगा जो दालों में मौजूद प्रोटीन की तुलना में अधिक आसानी से अवशोषित होते हैं, वाल्डेस-अल्वाराडो ने कहा।

टीम ने एंटीऑक्सीडेंट्स पत्रिका में प्रकाशित शोधपत्र में कहा कि इसके अलावा, एलपी299वी को सूजन को कम करने, प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने और आयरन अवशोषण को बढ़ाने के लिए भी जाना जाता है। विश्वविद्यालय की खाद्य विज्ञान की प्रोफेसर एल्विरा गोंजालेज डी मेजिया ने कहा कि इन दालों में 18 से 25 प्रतिशत तक अच्छी गुणवत्ता वाले प्रोटीन होते हैं, जिनका इस्तेमाल अकेले या अन्य खाद्य उत्पादों में सामग्री के रूप में किया जा सकता है। हमें उचित प्रसंस्करण स्थितियों को खोजने और खाद्य उद्योग को डेयरी पेय पदार्थों या मांस के विकल्प के रूप में इनका उपयोग करने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है।

शोधकर्ताओं ने वैश्विक खाद्य असुरक्षा, प्राकृतिक संसाधनों की कमी और जलवायु परिवर्तन के बीच पौधे आधारित आहार की स्थिरता का पता लगाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## एआई की मदद से मधुमेह की होगी पहचान




ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने एक नया उपकरण बनाया है, जो व्यक्ति के स्वास्थ्य डेटा का विश्लेषण करके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से यह पता लगाएगा कि भविष्य में उस व्यक्ति को टाइप 1 डायबिटीज होने का कितना खतरा है। वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने इस उपकरण को बनाया है। यह उपकरण न सिर्फ टाइप 1 डायबिटीज होने के खतरे का आकलन करता है, बल्कि यह भी बता सकता है कि बीमारी के इलाज पर व्यक्ति का शरीर किस तरह प्रतिक्रिया करेगा। यह उपकरण डायनेमिक रिस्क स्कोर का इस्तेमाल करता है, जो यह बताता है कि किसी व्यक्ति को टाइप 1 डायबिटीज है या नहीं। यह उपकरण माइक्रोआरएनए पर आधारित है। इसमें रक्त से मापे गए बहुत छोटे-छोटे आरएनए के टुकड़े होते हैं, जो टाइप 1 डायबिटीज के खतरे को पकड़ने में मदद करते हैं। यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मेडिसिन और ट्रांसलेशनल हेल्थ रिसर्च इंस्टीट्यूट के प्रोफेसर आनंद हार्डिकर ने कहा कि टाइप 1 डायबिटीज का खतरा पहले से जानना बहुत जरूरी है। क्योंकि अब ऐसी दवाइयां उपलब्ध हो गई हैं जो बीमारी के बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा कर सकती हैं। खासकर बच्चों में, जो 10 साल की उम्र से पहले इस बीमारी से ग्रस्त हो जाते हैं, यह बीमारी बहुत तेजी से बढ़ती है और लोगों के जीवन जीने की उम्र को करीब 16 साल तक कम कर सकती है। इसलिए, बीमारी का सही समय पर पता लगाना डॉक्टर के लिए अहम है। नेचर मेडिसिन पत्रिका में प्रकाशित अपने लेख में, अनुसंधान ने भारत, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, डेनमार्क, हांगकांग, न्यूजीलैंड, और अमेरिका जैसे देशों के लगभग 5,983 लोगों के नमूने का विश्लेषण किया। इसके बाद शोधकर्ताओं ने इसे 662 और लोगों पर टेस्ट किया, ताकि यह पता चले कि यह स्कोर सही काम कर रहा है या नहीं। इलाज शुरू करने के सिर्फ एक घंटे बाद, स्कोर ने बताया कि टाइप 1 डायबिटीज वाले कौन लोग इंसुलिन के बिना ठीक हो पाएंगे। यह सिर्फ टाइप 1 डायबिटीज का खतरा और दवाइयों का असर जानने तक ही सीमित नहीं है। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मेडिसिन और ट्रांसलेशनल हेल्थ रिसर्च इंस्टीट्यूट की प्रमुख शोधकर्ता डॉ. मुग्धा जोगलेकर ने दो तरह के खतरे जेनेटिक रिस्क मार्कर और डायनेमिक रिस्क मार्कर के संकेतों के बीच फर्क बताया। जेनेटिक रिस्क मार्कर मतलब जीन से मिलने वाले संकेत। वहीं डायनेमिक रिस्क मार्कर का मतलब ऐसे संकेत हैं जो समय के साथ बदलते रहते हैं। डॉ. जोगलेकर ने कहा कि जेनेटिक टेस्टिंग सिर्फ एक पुरानी या स्थिर जानकारी देती है, जबकि डायनेमिक रिस्क मार्कर बीमारी के खतरे को समय-समय पर बेहतर तरीके से समझने में मदद करते हैं।

## महाराष्ट्र से होने के नाते मुझे बचपन से रही है लोककथाओं में रुचि : शरवरी वाघ



**मुंबई,** 7 जून (एजेंसियां)। अभिनेत्री शरवरी वाघ की फिल्म 'मुंज्या' की रिलीज को एक साल पूरे हो चुके हैं। अभिनेत्री ने इस मौके को सोशल मीडिया पर खास पोस्ट के जरिए सेलिब्रेट किया। गर्वित महाराष्ट्रीयन के तौर पर शरवरी ने कहा कि लोककथाओं और पौराणिक कहानियों में हमेशा से उनकी गहरी रुचि रही है और इस फिल्म ने उन्हें करियर में आगे बढ़ने में बहुत मदद की।

अभिनेत्री ने बताया कि महाराष्ट्रीयन होने के नाते मैं बचपन से ही लोककथाओं की ओर आकर्षित रही हूं। 'मुंज्या' की कहानी सुन चुकी थी, लेकिन जब मुझे स्क्रिप्ट मिली, तो उसकी गहराई और कल्पनाशीलता ने मुझे हैरान कर दिया।

फिल्म की पहली सालगिरह पर शरवरी ने कहा कि मुंज्या को रिलीज हुए एक साल हो गए, यह विश्वास करना मुश्किल है। बेला का किरदार निभाना मेरे लिए रचनात्मक रूप से संतोषजनक रहा। हमारे डांस नंबर 'तरस' को दर्शकों का इतना प्यार मिला, यह मेरे लिए आश्चर्यजनक था।

उन्होंने निर्माता दिनेश विजान की तारीफ की, जिन्होंने तरस न आया तुझे जैसे बड़े डांस नंबर के लिए उन पर भरोसा किया। शरवरी ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मैंने एक हिट डांस नंबर दिया। शरवरी ने फिल्म की शूटिंग को बेहद मजेदार बताया। उन्होंने कहा कि सेट पर सभी के बीच शानदार तालमेल था, जिसने काम को आसान बनाया। मुंज्या में हम सभी ने अपनी कल्पना के साथ अभिनय को और भी बेहतरीन रंग देने की कोशिश की।

कोकण क्षेत्र में शूटिंग और निर्देशक आदित्य सरपोतदार के मार्गदर्शन ने उन्हें बहुत कुछ सिखाया। शरवरी ने कहा कि आदित्य सर की फिल्में देख चुकी हूं और उनकी जानकारी और क्षेत्र के प्रति प्यार ने मुझे बहुत प्रभावित किया। 'मुंज्या' में शरवरी वाघ के साथ अभिनेता अभय वर्मा, सत्यराज और मोना सिंह भी अहम भूमिकाओं में हैं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो शरवरी वाघ के पास अल्फा है। फिल्म में उनके साथ मुख्य भूमिका में अभिनेत्री आलिया भट्ट हैं। निर्माताओं ने अपकमिंग फिल्म को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं दी है।

## सायरा बानो ने दी ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद

**बोलीं- 'कुबूल हों सभी की दुआएं'**



**मुंबई,** 7 जून (एजेंसियां)। बीते जमाने की मशहूर अभिनेत्री सायरा बानो ने ईद-उल-अजहा के मौके पर देशवासियों को मुबारकबाद दी। उन्होंने अपने संदेश में सहानुभूति, दया और एकता के महत्व को बताया। अभिनेत्री का मानना है कि यह त्योहार एकता के बंधन को मजबूत करने के साथ ही भाईचारे का भी संदेश देता है।

अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया, जिसमें उनके दिवंगत पति, अभिनेता दिलीप कुमार के साथ अमिताभ बच्चन, सुभाष घई, ऋषि कपूर और रणबीर कपूर जैसे सितारे त्योहार का जश्न मनाते नजर आए। सायरा ने अपने संदेश में प्रशंसकों को मुबारकबाद देते हुए लिखा कि ईद-उल-अजहा केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि यह आस्था, विनम्रता और दया का प्रतीक है।

उन्होंने कैप्शन में लिखा कि ईद-उल-अजहा का पवित्र महीना खुशियां लेकर आता है। आप सभी की दुआएं कुबूल हों।

उन्होंने पैगंबर इब्राहिम और उनके बेटे इस्माइल की कहानी का जिक्र करते हुए बताया कि सच्चा बलिदान काम में नहीं, बल्कि इरादे और अल्लाह के प्रति समर्पण में होता है। सायरा ने सभी से अपने अहंकार, इच्छाओं को त्याग कर जीवन में सही उद्देश्य की ओर बढ़ने की अपील की।

उन्होंने पुराने दिनों को याद करते हुए बताया कि पहले उनके और दिलीप कुमार के घर में ईद-उल-अजहा को लेकर एक अलग ही तरह की रौनक होती थी। घर में त्योहारी व्यंजनों की खुशबू, दुआ की आवाज और परिवार-दोस्तों के साथ बिताए खूबसूरत पल होते थे। उस दिन दोस्तों का आना-जाना लगा रहता था और पकवान बनते थे। सायरा ने बताया कि यह त्योहार न केवल खुशियां लेकर आता है बल्कि यह हमें जीवन में कई सीख भी देता है। उन्होंने बताया कि यह त्योहार हमें जरूरतमंदों के प्रति दया और सहानुभूति दिखाने के लिए प्रेरित करता है। यह हमें भाईचारा और एकता के बंधन को मजबूत करने की सीख देती है।

उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपकी कुर्बानियां स्वीकार हों, प्रार्थनाएं सुनी जाएं और आपका दिल शांति व खुशी से भर जाए।

## आइस बाथ में चिल करते दिखे रैपर बादशाह



- आइस बाथ ब्लड सर्कुलेशन को बनाता है बेहतर
- मानसिक ताकत बढ़ाने का भी एक शानदार तरीका

**नई दिल्ली,** 7 जून (एजेंसियां)। मशहूर सिंगर और रैपर बादशाह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह आइस बाथ लेते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को देखकर उनके फैंस काफी हैरान भी हैं, क्योंकि ठंडे पानी से भरे टब में बैठना कोई आसान काम नहीं है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आइस बाथ लेने से हमारे शरीर को क्या-क्या फायदे हो सकते हैं? इसे लेकर बॉलीवुड की फेमस फिटनेस कोच यास्मीन कराचीवाला ने विस्तार से बताया। यास्मीन ने हाल ही में आइस बाथ का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया था, और कैप्शन में इसके फायदे गिनवाए थे। चलिए इन फायदों को विस्तार से समझते हैं। यास्मीन दीपिका-कैटरीना के अलावा कई बॉलीवुड एक्ट्रेसेज को फिटनेस ट्रेनिंग देती हैं। यास्मीन के मुताबिक, आइस बाथ मांसपेशियों के दर्द को कम करने में मदद करता है। जब हम ठंडे पानी में बैठते हैं, तो हमारे शरीर की मांसपेशियों में जो सूजन या दर्द होता है, वह कम हो जाता है। यह खासतौर पर तब फायदेमंद होता है जब हम कसरत या दौड़कर आते हैं। आइस बाथ से शरीर को ठंडक मिलती है और मांसपेशियां जल्दी ठीक हो जाती हैं।

आइस बाथ तेजी से रिकवरी करने में काफी मदद करता है। साथ ही ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाता है। जब हम बर्फ से भरे ठंडे पानी में बैठते हैं, तो शरीर की नसें थोड़ी सिकुड़ जाती हैं। लेकिन पानी से बाहर आने पर शरीर फिर से सामान्य तापमान में आ जाता है, जिससे ये नसें दोबारा फैलने लगती हैं। इस प्रक्रिया से खून का बहाव तेज होता है, जिससे पूरे शरीर में ऑक्सीजन युक्त खून तेजी से पहुंचता है। इससे हमें तरोताजा महसूस होने लगता है। आइस बाथ न सिर्फ मांसपेशियों को राहत देता है, बल्कि शरीर को ठीक से काम करने में भी मदद करता है। इसलिए बहुत से लोग इसे अपनी रोजमर्रा की देखभाल में शामिल करने लगे हैं।

आइस बाथ मानसिक ताकत बढ़ाने का भी एक शानदार तरीका है। ठंडे पानी में बैठना आसान काम नहीं होता। शुरुआत में यह बहुत मुश्किल और असहज लगता है, लेकिन जब कोई इंसान इस चुनौती को स्वीकार करता है और शांत दिमाग से कुछ मिनट तक ठंडे पानी में बैठा रहता है, तो उसका आत्मविश्वास बढ़ता है। यह अनुभव दिमाग को सिखाता है कि मुश्किल हालात में भी शांत रहना और नियंत्रण बनाए रखना कितना जरूरी है। आइस बाथ के दौरान हमारी सहनशक्ति और एकाग्रता भी अच्छी होती है।

## शरीर को डिटॉक्स तो मांसपेशियों को बनाता है मजबूत मयूरासन

**नई दिल्ली,** 7 जून (एजेंसियां)। आजकल की अव्यवस्थित और भागदौड़ भरी जिंदगी में कमजोर होती शरीर की मांसपेशियां कई समस्याओं का सबब बन चुकी हैं। ऐसे में कई समस्याएं बिन बुलाए मेहमान की तरह दरवाजे पर दस्तक दे देती हैं। लेकिन, भारतीय योग पद्धति के पास ऐसे कई आसन हैं, जिनके करने से इन समस्याओं को दूर किया जा सकता है। ऐसे ही एक आसन का नाम है, मयूरासन या मोर मुद्रा। यह शरीर के पुराने से पुराने दर्द को दूर करने के साथ ही मांसपेशियों को भी मजबूत बनाने में मददगार हो सकता है।

मयूरासन में शरीर का संतुलन बनाए रखते हुए हथेलियों पर शरीर का वजन संतुलित किया जाता है। इस आसन का नाम मयूर (मोर) से आया है, क्योंकि यह मुद्रा मोर की तरह दिखती है। मयूरासन में शरीर को जमीन से ऊपर उठाया जाता है, जिसमें कोहनियां पेट के पास होती हैं और पैर पीछे की ओर सीधे रहते हैं। यह आसन शारीरिक और मानसिक ताकत को बढ़ाने में मदद करता है। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय ने मयूरासन करने की विधि और इसके फायदों के बारे में जानकारी दी है।

इसके लिए सबसे पहले वज्रासन में बैठें। फिर दोनों हथेलियों को जमीन पर रखें और उंगलियों को पीछे की ओर रखें। कोहनियों को थोड़ा मोड़कर पेट के पास लाएं। अब धीरे-धीरे शरीर का वजन हथेलियों पर डालते हुए पैरों को पीछे की ओर सीधा करें। सिर को आगे रखें और पूरे शरीर को संतुलित करने की कोशिश करें। शुरुआत में इसे कुछ सेकंड के लिए फिर धीरे-धीरे समय बढ़ाएं।

मयूरासन करने के एक नहीं, कई फायदे मिलते हैं। इससे पाचन तंत्र मजबूत होता है। मयूरासन पेट पर दबाव डालता है, जिससे कब्ज, अपच और वात जैसी समस्याओं को दूर करने में मदद मिलती है। इस आसन के करने से शरीर का वजन हथेलियों और कंधों पर होता है, जिससे कलाई और पैर के साथ ही पूरे शरीर की मांसपेशियां मजबूत बनती हैं।

मयूरासन पेट के सभी अंगों को मजबूत बनाने में मदद करता है। यह आसन पाचन को बढ़ाने में मदद करता है और रक्त को



शुद्ध करने में भी मदद करता है। प्रतिदिन मयूरासन के अभ्यास से शरीर संतुलित होता है और एकाग्रता बढ़ती है, साथ ही मानसिक स्थिरता भी बढ़ती है। यही नहीं, मयूरासन शरीर को डिटॉक्स करने में भी मदद करता है। यह आसन शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है, जिससे रक्त संचार बेहतर होता है। यही नहीं, यह फेफड़ों के लिए भी बेहद फायदेमंद आसन है। हालांकि, हेल्थ एक्सपर्ट इसे करने से पहले कुछ सावधानियों को बरतने की भी सलाह देते हैं।

## दमकती त्वचा के लिए हल्दी, दूध व तुलसी का करें इस्तेमाल



- एक चम्मच शहद में दो चुटकी हल्दी मिलाएं
- तुलसी एंटीऑक्सीडेंट गुण दाग-धब्बों को हल्का करने में करती है मदद

**नई दिल्ली,** 7 जून (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेसेज की बेदाग और दमकती त्वचा देखकर हर कोई उनकी सुंदरता का राज जानना चाहता है। बहुत से लोगों को लगता है कि उनकी खूबसूरती के पीछे महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि कई एक्ट्रेसेज घरेलू नुस्खों को अपनाकर अपनी त्वचा का ख्याल रखती हैं।

इन्हीं में से एक है 'हल्दी', आयुर्वेद में हल्दी को चमत्कारी औषधि माना गया है, खासकर त्वचा संबंधी समस्याओं के लिए। इसमें मौजूद एंटीबैक्टीरियल और एंटीऑक्सीडेंट गुण दाग-धब्बों को हल्का करते हैं और पिंपल्स को खत्म करने में मदद करते हैं। बॉलीवुड की कई हस्तियां इस नुस्खे को अपनाती हैं।

बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की पत्नी मीरा राजपूत अपने स्किनकेयर रूटीन में हल्दी को शामिल करती हैं। वह अक्सर अपने फैंस के साथ ब्यूटी टिप्स साझा करती रहती हैं। इस कड़ी में उन्होंने अपने एक इंस्टाग्राम स्टोरी में खुलासा किया कि वह चेहरे पर फ्रेशनेस और ग्लोइंग के लिए हल्दी का इस्तेमाल करती हैं। इसके लिए वह हल्दी को बेसन, दही या गुलाब जल के साथ मिलाकर फेस पैक के रूप में लगाती हैं, जिससे उनके चेहरे पर निखार बना रहता है।

उन्होंने एक और डीआईवाई बताया। मीरा ने कहा कि एक चम्मच शहद में दो चुटकी हल्दी मिलाएं। अब इस पैक को पूरे चेहरे और गर्दन पर लगा लें। सिर्फ 20 मिनट इसे लगा रहने दें और फिर इसे धोकर साफ कर लें। इस नुस्खे से त्वचा चमकदार रहेगी।

इसके अलावा, मीरा स्किनकेयर के लिए कच्चा दूध का भी इस्तेमाल करती हैं। एक पुराने पोस्ट में उन्होंने फैंस के साथ टिप्स शेयर करते हुए बताया कि 3 से 4 चम्मच कच्चे दूध में रुई भिगोकर त्वचा पर लगाएं।

त्वचा पर लगाने के बाद जब पहला कोट सूख जाए तब दूसरा कोट लगाएं। ये प्रक्रिया चार से पांच बार करें। इससे त्वचा जवां बनी रहती है।

मीरा स्किन को मुलायम रखने के लिए तुलसी का भी इस्तेमाल करती हैं। बता दें कि तुलसी को बेहद गुणकारी माना गया है। तुलसी के कुछ पत्ते लेकर पानी में भिगो दें। रातभर पानी में भीगे रहने के बाद इन पत्तों को छानकर स्प्रे बोतल में भरकर रख दें। इसे चेहरे पर स्प्रे करें। ये चेहरे की रेडनेस के साथ ही दाग-धब्बों को भी दूर करने में मदद करता है।

## मेरे खिलाफ दर्ज मामला गलत व फर्जी, मैंने मारपीट नहीं की : मनीष गुप्ता



**मुंबई,** 7 जून (एजेंसियां)। ड्राइवर पर चाकू से हमला करने के आरोप में मुंबई के वर्सोवा पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर को लेकर फिल्म निर्देशक और लेखक ने बताया कि उनके खिलाफ दर्ज मामला गलत और फर्जी है। उन्होंने कोई मारपीट नहीं की है। फिल्म निर्देशक और लेखक मनीष गुप्ता के खिलाफ अपने ही ड्राइवर पर चाकू से हमला और पीटने का मामला दर्ज है, मुंबई के वर्सोवा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज है।

आरोप पर मनीषा गुप्ता ने बताया कि उनके खिलाफ दर्ज मामला गलत और फर्जी है, उन्होंने कोई मारपीट और न ही चाकू से हमला किया है। उन्होंने बताया कि यह एक झूठा मामला है। इसे सिर्फ आपको परेशान करने और पैसे वसूलने के लिए दायर किया गया है। भारत में यह एक आम ट्रेंड बन चुका है, जब किसी से छोटा-मोटा विवाद हो जाता है, तो लोग झूठी एफआईआर दायर कर देते हैं ताकि सामने वाला दबाव में आ जाए और अपनी इज्जत बचाने के लिए ज्यादा पैसे दे दे। इसमें कुछ वकील, सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिक लोग भी शामिल होते हैं, जो मिलकर एक 'एक्सटॉर्शन रैकेट' (वसूली का धंधा) चलाते हैं। मैं चाहता हूं कि इस रैकेट को तोड़ा जाए, मेरा केस इसका उदाहरण बन सके।

उन्होंने आगे बताया कि 5 जून की सुबह मेरा ड्राइवर पिछले महीने की सैलरी मांगने आया। मैंने उसे समझाया कि पिछले महीने तुमने काम छोड़ दिया था और अब चार दिन बाद फिर से काम करने की बात कह रहे हैं। इस बड़े झूठ को लेकर मेरे पास पर्याप्त सबूत हैं, जिन्हें मैं पेश करूंगा। ड्राइवर ने गलत आरोप लगाया है। मैं ड्राइवर के खिलाफ मामला दायर करूंगा, मेरी छवि खराब करने की कोशिश की गई है।

मनीष गुप्ता ने आगे बताया कि मैं उसे सजा दिलाकर रहूंगा। मैं पुलिस स्टेशन जाकर अपना बयान दर्ज करूंगा, मुझे तो पता ही नहीं था कि मेरे खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।

# मोदी सरकार के 11 वर्षों में हुए अनेक संकल्प सिद्ध : नीलू शर्मा

## 9 जून से 6 जुलाई तक जिला, मंडल, ग्राम और बूथ तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम : प्रकाश बैस

**धमतरी,** 7 जून (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी केंद्र की मोदी सरकार के स्वर्णिम 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 9 जून से कई बड़े कार्यक्रम आयोजित करेगी। मंडल और बूथ तक इन कार्यक्रमों को प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को जिला भाजपा कार्यालय में किया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिले के संगठन प्रभारी एवं पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचारधारा आधारित पार्टी है। हम देश को परम वैभव के शिखर पर ले जाने हेतु कृत संकल्पित हैं। मोदी जी जब 2014 में प्रधानमंत्री बने उस समय उनके सामने अनेक ऐसे संकल्प थे जो आजादी के बाद से हमारे पुरोधाओं ने संजो रखे थे। भारत को स्वच्छ और सुंदर बनाना, खुले में शौच मुक्त भारत बनाना, सरकार द्वारा गरीबों को भेजी जाने वाली सहायता को बिचौलिया मुक्त बनाना, कशमीर से धारा 370 हटा कर उसे भारत का अभिन्न अंग बनाना, रामलला की जन्मभूमि पर भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण कराना, सभी का खुद का पक्का मकान हो, सभी को खाद्य सुरक्षा प्राप्त हो, हर घर नल से जल हो, रसोई गैस की सुविधा सभी को मिले, हर घर तक बिजली पहुंचे ऐसे अनेक संकल्प थे जो पिछले 11 वर्ष में मोदी जी दिन रात काम कर सिद्ध किए। देश को आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के मामले में अग्रणी बनाया। आतंकवाद, उग्रवाद और नक्सलवाद जैसी समस्याओं पर करारा प्रहार किया। अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं लाकर देश का सर्वांगीण विकास किया। गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी का उत्थान किया। उनकी इन्हीं उपलब्धियों को लेकर भाजपा के नेता और कार्यकर्ता घर घर जायेंगे और जो योजनाओं के लाभ से वंचित हैं उन्हें लाभ भी दिलायेंगे।



**संकल्प से सिद्धि की जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न**

जिला भाजपा अध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के द्वारा महीने भर का वृहत कार्यक्रम जिला संगठन को दिया गया है। कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा बना ली गई है। संकल्प से सिद्धि अभियान के लिए जिले की टोली, मंडल की टोली के साथ साथ प्रत्येक कार्यक्रम के लिए पृथक से प्रभारी भी बनाए गए हैं। जिले के पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष और महामंत्री की इस पूरे अभियान को सुचारू रूप से चलाने में पूर्ण सहभागिता होगी।

अभियान के जिला संयोजक कविंद्र जैन ने संपूर्ण कार्यक्रम की जानकारी सिलसिलेवार दी। महीने भर चलने वाले इस अभियान में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण,एक पेड़ मां के नाम जैसे कार्यक्रम होंगे। प्रदेश से वरिष्ठ नेता जिले में आकर प्रेस वार्ता लेंगे। प्रोफेशनल मीट के कार्यक्रम के अंतर्गत डॉक्टर, वकील, इंजीनियर, शिक्षक, व्यवसायी, किसान इत्यादि सभी वर्गों के लोगों के साथ विकसित भारत के संकल्प पर चर्चा होगी। 11 वर्ष की प्रमुख उपलब्धियों की प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। मंडल स्तर पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया जायेगा। ग्राम, वार्ड, मोहल्ला तथा बूथ स्तर पर शहरी एवं ग्रामीण चौपालों का आयोजन होगा। वरिष्ठ नेताओं का प्रवास ग्राम स्तर तक होगा। 21 जून योग दिवस को लेकर अनेक स्थानों पर कार्यक्रम होंगे।23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर बूथ स्तर तक कार्यक्रम होंगे।25 जून को आपातकाल के काले दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इसे लेकर सेमिनार होंगे। लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान, छात्रों के बीच जाकर आपातकाल के काले अध्याय को विस्तार से बताया जायेगा। साथ ही 22 जून बलिदान दिवस से लेकर 6 जुलाई डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती तक वृहत वृक्षारोपण अभियान, एक पेड़ मां के नाम चलाया जायेगा। इन सभी कार्यक्रमों के लिए कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी कार्यशाला में दी गई।

बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, पूर्व विधायक श्रीमती पिंकी शिवराज शाह, श्रीमती रंजना साहू, श्रवण मरकाम, ठाकुर शशि पवार, निर्मल बरडिया, प्रतेश गांधी, कौशल्या देवांगन, महेंद्र पंडित, अविनाश दुबे, श्यामा साहू, अरविंदर मुंडी, नरेश सिन्हा, चेतन हिंदुजा, बीथीका विश्वास, राजेंद्र गोलछा, प्रेमलता नागवंशी, अंगिरा साहू, महेश गोटा, दयाराम साहू , कमल डागा, नागेंद्र शुक्ला, अजय नाहटा, रेशमा शेख, विजय साहू, उमेश साहू, रोहिताश मिश्रा, हेमंत चंद्राकर, मुरारी यदु, आदर्श चंद्राकर, मोहन नाहटा, वामन साहू, कैलाश सोनकर, चंद्रकला पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू, मंडल अध्यक्ष पवन गजपाल, मिश्री पटेल, अमन राव, कल्याण सिंह राजपूत, रोहित मोहन साहू, मनोहर मानिकपुरी, संजय मरकाम, डॉ लोकेश साहू, कृष्णकांत साहू, राजीव चंद्राकर, गौरव मगर, धनेश्वरी साहू, अजय ध्रुव, दमयंतिन साहू, राकेश साहू, जागेश्वरी साहू, हृदय साहू, मुकेश शर्मा, बसंत गजेंद्र, विभा चंद्राकर, अनीता अग्रवाल, आशा लोधी, हिमानी साहू, चंद्रभागा साहू, चंद्रकला साहू, सुलोचना साहू, नंदनी सिन्हा, भारती साहू, गजेंद्र कंवर, अमित अग्रवाल, मुकेश यादव, महेंद्र खंडेलवाल, कोमल यादव, राजू चंद्राकर, मोहन पुजारी, पिंकू साहू, हेमंत बंजारे, ईश्वर सोनकर, विजय ठाकुर, निप्पी सिंह, रामगोपाल साहू, लील पटेल, बसंत मीनपाल, उमेंद्र सिन्हा, रामायण साहू, महेन्द्र नेताम, नम्रता माला पवार, राजेश गोसाई, आमना सोना, राम सोनी, नंदू लोधी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# युक्तियुक्तकरण से शिक्षक विहीन शालाओं में अब फैलेगा ज्ञान का उजियारा

**धमतरी,** 7 जून (देशबन्धु)। जिले के शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षकीय शालाओं के लिए युक्तियुक्तकरण का कदम दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। दूरस्थ अंचलों में शिक्षक विहीन और एकल शिक्षकीय शाला होने से बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा था। वह अब युक्तियुक्तकरण से दूर होने जा रहा है। धमतरी जिले के नगरी विकासखंड 181 शिक्षक विहीन स्कूलों में से 144 स्कूलों को अब शिक्षक मिल चुके हैं। इससे इन शालाओं में शैक्षणिक वातावरण बेहतर होगा।



- जिले की 144 शिक्षक विहीन स्कूल में हुई शिक्षकों की नियुक्ति
- युक्तियुक्तकरण से दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की हुई पदस्थापना, जनप्रतिनिधियों, पालकों और बच्चों में खुशी
- 111 स्कूलों को गणित विज्ञान के शिक्षक मिले

राज्य शासन के दिशा-निर्देश में जिले में अतिशेष शिक्षकों के काउंसलिंग की प्रक्रिया पूर्ण होने पश्चात अब जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में मौजूद शिक्षक विहीन और एकल शिक्षकीय विद्यालयों को नए शिक्षक मिल चुके है। इससे अब न केवल इन क्षेत्रों के स्कूलों को नए शिक्षक मिले है बल्कि विद्यार्थियों के लिए गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा भी सुनिश्चित हुई है। जिले के वनांचल सुदूर क्षेत्र के बच्चों को पढ़ाई में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। शिक्षक नहीं होने से कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चों का भविष्य अधर में था। लेकिन आज युक्तियुक्तकरण के माध्यम से शाला को शिक्षक मिलने से बच्चों के भविष्य को आशा की एक नई किरण दिखने लगी है। शिक्षक नहीं होने से बच्चों को पढ़ाई में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। लेकिन युक्तियुक्तकरण से शाला शालाओं में शिक्षकों की नियुक्ति कि गई है, इससे बच्चों की पढ़ाई बेहतर होगी।

युक्तियुक्तकरण से पहले जिले के मैदानी इलाकों के स्कूलों में दर्ज संख्या के मान से अधिक शिक्षक कार्यरत थे और वहीं दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या के मान से शिक्षक कार्यरत नहीं होने के कारण शिक्षक, छात्र-छात्राओं के अध्यापन कार्य में जो असंतुलन की स्थिति निर्मित थी। संसाधनों के इस असंतुलित वितरण से कई विद्यालयों में बच्चों की पढ़ाई पर काफी नकारात्मक असर पड़ रहा था। विषय शिक्षकों की उपलब्धता नहीं होने से छात्रों को गणित और विज्ञान जैसे विषयों पर पकड़ बनाने में दिक्कत होती थी। युक्तियुक्तकरण के माध्यम से दूर करने का कार्य किया गया है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि जिले के 111 स्कूलों में गणित विज्ञान के शिक्षक नहीं थे, अब युक्तिकरण के पश्चात सभी जगह विज्ञान के शिक्षकों के माध्यम से क्लास शुरू की जाएगी, गणित विज्ञान के शिक्षक इन स्कूलों में दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिले के 172 स्कूल एकल शिक्षक और तीन स्कूल शिक्षक शिक्षकविहीन थे दूरस्थ अंचल जैसे दक्षिण मगरलोड नगरी विकासखंड और डूबान क्षेत्र में शिक्षकों की कमी को पूरा कर समाधान निकाला गया है। उन्होंने कहा की खुशी की बात है की युक्तियुक्तकरण पश्चात सभी शिक्षकों ने ज्वाइन कर लिया है। इन क्षेत्रों में शिक्षकों की नियुक्ति से क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों पालकों और स्कूली बच्चों में उत्साह है। जिले में 181 अतिशेष शिक्षक थे, अब 37 स्कूल ही ऐसे हैं जहां पर एकल शिक्षक होंगे। 144 स्कूल एकल शिक्षक से हट गए हैं। बच्चों के शिक्षण कार्य में जो समस्या होती थी, अब उसे राहत मिल पाएगी। साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगा।

# फिर चूक गया छत्तीसगढ़, अंतरराष्ट्रीय रामसर साइट में राजस्थान के दो वेटलैंड नामित

**बागबाहरा,** 7 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या राजस्थान को मिले शानदार दो तोहफे । फेलोदी के खींचन एवं उदयपुर के मेनार ये दोनों वेटलैंड अंतरराष्ट्रीय रामसर साइट में शामिल हो गए ।राजस्थान प्रदेश की जनता को बहुत बहुत बधाई साथ ही देशवासियों को बधाई देश हमारा गौरवान्वित हुआ। उपरोक्त जानकारी देते हुए डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही जो पर्यावरण प्रेमी है साथ ही दुर्ग जिले के वेटलैंड संरक्षण समिति के सदस्य हैं ने अत्यंत ही पीड़ा का अनुभव करते हुए कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ में 11 चिन्हित वेटलैंड साइट हैं जो रामसर साइट में शामिल होने की पात्रता रखते हैं। हर बार हम रामसर साइट से क्यों चूक रहे हैं। कहां हमारी कमजोरी हो रही है। दुर्ग वन मंडल बेमेतरा जिला अंतर्गत गिद्धवा परसदा जो हमारे प्रदेश का एक मात्र पक्षी अभयारण्य ,बर्ड सेंचुरी है समृद्ध वेटलैंड है जो पूरी पात्रता रखता है रामसर साइट के मापदंडों पर खरा उतरता है। इसके साथ ही बेलोदी ,चिचा ,गंगरेल ,फुटमुड़ा सहित अन्य वेटलैंड हैं। राजस्थान के दो नए रामसर साइट की घोषणा के बाद अब हमारे देश में आंध्रप्रदेश में 1, असम में 1, बिहार में 3, गोवा में 1, गुजरात में 4, हरियाणा में 2, हिमाचल में 3, केरल में 3, मणिपुर में 1, पश्चिम बंगाल में 2 , महाराष्ट्र में 3, पंजाब में 6 , उत्तर प्रदेश में 10 , तमिलनाडु में 20 , राजस्थान में 5, त्रिपुरा में 1, जम्मू कश्मीर में 5 , लद्दाख में 2, उत्तराखंड में 1, ओडिशा में 6, मध्यप्रदेश में 5, कर्नाटक में 4, सिक्किम में 1 , झारखंड में 1, इस तरह कुल 91 रामसर साइट की मान्यता मिल चुकी है । छत्तीसगढ़ प्रदेश बने 25 वर्ष हो चुके हैं । हमारे पास 11 चिन्हित वेटलैंड के अतिरिक्त और भी वेटलैंड है । हम कहां चूक रहे हैं ।यदि हमारा कोई साइट कुछ मापदंडों पर खरा नहीं उतर रहा है तो उसके लिए प्रयास किए जा सकते हैं



**छत्तीसगढ़ के लिए कहां हो रही है चूक चिंतन का विषय है : डॉ पाणिग्राही**

# जिला प्रशासन की पहल से बल्दाकछार की आदिवासी बहनों को मिली आत्मनिर्भरता की नई राह

**बलौदाबाजार,** 7 जून (देशबन्धु)। आदिवासी महिलाओं के पोषण स्तर और आर्थिक सुदृढ़ीकरण हेतु जिला प्रशासन द्वारा सार्थक पहल की गई है। उद्यानिकी विभाग द्वारा कसडोल विकासखंड के ग्राम बल्दाकछार की विशेष पिछडी कमार जनजाति की महिलाओं को सब्जी और फल उत्पादन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले में आदिवासी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए यह पहल की गई है। श्री सोनी ने कहा कि पोषक सब्जियों को आहार में शामिल करने से महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार आयेगा वहीं अधिक मात्रा में उत्पादन होने पर महिलायें सब्जियों का विक्रय कर आमदनी भी अर्जित कर पाएंगी।



**विशेष पिछडी जनजाति महिलाओं को दिया जा रहा सब्जी और फल उत्पादन का प्रशिक्षण**

सहायक संचालक उद्यानिकी आभा पाठक ने बताया कि बल्दाकछार में हंस वाहिनी स्व सहायता समूह की महिलाएं फूलबाई, फुलेश्वरी, देशियाबाई, पुन्नी बाई, सहोदरा बाई, केरो बाई, सुखवंतीन, बुधारबाई और दिल कुमारी ने सब्जी उत्पादन कार्य में रुचि दिखाई जिसके बाद उद्यानिकी विभाग द्वारा इन महिलाओं को सब्जी उत्पादन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महिलाओं को फल सब्जी उत्पादन के लिए शासकीय जमीन उपलब्ध कराई गई है जहाँ पर मौसमी सब्जियां जैसे भिंडी, बरबट्टी, करेला, लौकी, लाल भाजी, करमता भाजी, पालक भाजी इत्यादि का रोपण किया गया है। पहले चरण में महिलाओं द्वारा करीब 6 किलोग्राम भाजी की तोड़ाई की गई है जिसका उपयोग महिलाओं द्वारा अपने घरेलु भोजन में किया गया। आने वाले एक महीने में भिंडी और बरबट्टी की भी फसल तैयार हो जाएगी। इसके अलावा महिलाओं को नार वाली फसलों में स्टेकिंग और ट्रेलिंग का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इसके अलावा मनरेगा मद से एक एकड़ भूमि में मिश्रित फल पौध रोपण का कार्य किया गया है जिसमे आम, अमरूद, कटहल, सीताफल, आँवला और जामुन के लगभग 100 पौधे लगाये गए हैं। साथ ही उद्यानिकी विभाग के तकनीकी निर्देशन में इन महिलाओं को फलदार पेड़ों की दस हजार नर्सरी उत्पादन का कार्य भी कराया जा रहा है। विभाग द्वारा आगामी समय में अधिक से अधिक महिलाओं को इस योजना से लाभान्वित करने के प्रयास किये जाएंगे।

# अनाथ का किया मुक्तिधाम सेवा समिति ने अंतिम संस्कार



**महासमुंद,** 7 जून (देशबन्धु)। नगर की समाज सेवी संस्था मुक्तिधाम सेवा समिति जो कि विगत 15 वर्षों से लावारिस एवं अनाथ , असहाय शवों का अंतिम संस्कार कर रही है उसी कड़ी में शनिवार को फिर से उन्हें किसी के काम आने का अवसर मिला। ज्ञात हो कि एक 60 वर्षीय वृद्ध 2 जून को महासमुंद जिला चिकित्सालय में चिकित्सा हेतू भर्ती हुआ था जिनकी ईलाज के दौरान 4 जून को मृत्यु हो गई ।पुलिस द्वारा पतासाजी के उपरांत परिजनों से संपर्क किया गया किन्तु उनके पुत्रों द्वारा शव लेने से इंकार करने पर नगर की सामाजिक संस्था मुक्तिधाम सेवा समिति को कफन दफन हेतु सुपुर्द किया गया जिनका ससम्मान अंतिम संस्कार मुक्ति धाम सेवा समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। जिनमें मुख्य रूप से राजू चंद्राकर, डॉ जे शुक्ला, ओम प्रकाश औसर, फगुआ पटेल ,संजय साहू, डॉ एजाज हसन नकवी, मनोज पटेल ,गुमानचंद शामिल थे।

# पशु तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई, 6 आरोपी गिरफ्तार, 60 नग मवेशी जब्त

**कवर्धा**, 7 जून (देशबन्धु)।06 जून 2025 की रात्रि थाना क्षेत्र अंतर्गत मछरीरेवार जंगल के पास ग्रामवासी दिलीप नायक द्वारा सूचना दी गई कि 03 पुरुष एवं 03 महिलाएं लगभग 60 नग गाय-बछड़ा (मवेशी) को बिना चारा-पानी के, डंडे से हांकते हुए मध्यप्रदेश की ओर क्रूरता पूर्वक ले जा रहे हैं।

सूचना पर थाना तरेगांव जंगल पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और सभी 6 आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम 1. भगतसिंह मरावी पिता रनमत सिंह मरावी (उम्र 34 वर्ष), 2. रामलाल यादव पिता सुखनालाल यादव (उम्र 30 वर्ष), 3. बुद्धूलाल यादव पिता फितूलाल (उम्र 34 वर्ष), 4. चमेली बाई पति बुद्धूलाल यादव (उम्र 27 वर्ष), 5. सुनीता बाई पति रामलाल यादव (उम्र 26 वर्ष), 6. सोनारिन बाई पति भगतसिंह मरावी (उम्र 30 वर्ष), सभी निवासी ग्राम उसरीभूंडी, थाना समनापुर, जिला डिण्डौरी (म.प्र.) बताया।

आरोपियों के कब्जे से कुल 60 नग मवेशी ङ्क 09 बछिया, 28 गाय व 23 बछड़े, अनुमानित मूल्य ?2,70,800 ङ्क को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया और ग्राम तरेगांव जंगल स्थित कांजी हाउस में सुरक्षित रखा गया। मवेशी ले जाने संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु नोटिस भी दिया गया, परंतु आरोपी कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके।

प्रकरण में थाना तरेगांव जंगल में अपराध क्रमांक 11/2025, धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को दिनांक 07 जून 2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

**FOR CHANGE OF NAME OF SPOUSE**

1. I, SHAISTA PARVEEN (existing Name of Spouse as per Service Documents /PPO) Daughter of SAYYED MAHBOOB is legally wedded spouse of MOHAMMAD ASIF (Name of husband) presently residing at Behind Hindi Primary School Kasaridih Durg Dist – Durg, Chhattisgarh – 491001. (address) do hereby solemnly affirm and state on Oath as follows:-

(a) That I have been married to Army No 8430375Y EX NK MOHAMMAD ASIF on 28/03/1993.

(b) That, I have changed my name from SHAISTA PARVEEN.(name of spouse as per service documents / PPO) to SHAHISTA PARVEEN (Proposed / adopted / existing new name) due to my name inadvertently mismatched in my HUSBAND (relation with indl) service record. That, my date of birth is (07/12/1977) SEVEN DECEMBER NINTEEN SEVENTY SEVEN ( DOB in words).

(c) As per Aadhar Card No – 3350 9510 4873, Pan Card No – FCGPP4705Q, and Indian Bank Joint Pension Account No – 20975921615, that both Names SHAISTA PARVEEN and SHAHISTA PARVEEN pertains to one and the same person.

(d) That, I am producing this Affidavit 10AA 627816 for the purpose of evidence for my name.

(e) That what is stated above is true and correct to best of my knowledge, information and belief. Nothing material has been concealed there from.

Deponent
SHAHISTA PARVEEN
wife of Army No – 8430375Y
EX NK MOHAMMAD ASIF

**FOR CHANGE OF NAME OF SPOUSE**

1. I, LILY LAKSHMI PANDEY (existing Name of Spouse as per Verification of data sheet Sparsh) Daughter of RAMSHARAN TIWARI is legally wedded spouse of SHRI LAL MOHAN PANDEY (Name of husband) presently residing at HOUSE NO – M- 696, PADMANABHPUR DURG, DIST – DURG, Chhattisgarh – 491001. (address) do hereby solemnly affirm and state on Oath as follows:-

(a) That I have been married to Service No - 600700 EX SGT SHRI LAL MOHAN PANDEY on 20 FEB 1977

(b) That, I have changed my name from LILY LAKSHMI PANDEY.(name of spouse as per service documents / PPO and Verification of data sheet Sparsh) to LAKSHMI PANDEY (Proposed / adopted / existing new name) due to MISSMATCHED SERVICE RECORD DOCUMENT AND CIVIL DOCUMENT. (reasons for change). That my date of birth is (09/06/1956) NINE JUN NINTEEN FIFTY SIX. (in words)

(c) as per Discharge Book, Aadhar Card No – 7604 0212 0405, Pan Card No – ANJPP2271J, ECHS Card No - JB 0000 0360 8812 and State Bank of India Pension Joint Account No. – 10563975176, that both Names LILY LAKSHMI PANDEY and LAKSHMI PANDEY pertains to one and the same person.

(d) That, I am producing this Affidavit 12AA 941674 for the purpose of evidence for my name.

(e) That what is stated above is true and correct to best of my knowledge, information and belief. Nothing material has been concealed there from.

Deponent
LAKSHMI PANDEY
Wife of SERVICE NO – 600700
EX SGT SHRI LAL MOHAN PANDEY

**CHANGE OF NAME OF SPOUSE**

1. I, POONAM (existing Name of Spouse as per Service Documents /PPO) Daughter of VIJAYANAND UPADHYAY is legally wedded spouse of KAMESHWAR SHARMA (Name of husband) presently residing at plot No – 03, Street No – 12,Ashish Nagar (West) , Risali Bhilai, Tahsil and Dist – Durg, Chhattisgarh – 490006. (address) do hereby solemnly affirm and state on Oath as follows:-

(a) That I have been married to SERVICE NO – 636755T, EX SGT, KAMESHWAR SHARMA on 11 MAY 1986.

(b) That, I have changed my name from POONAM.(name of spouse as per service documents / PPO) to POONAM SHARMA (Proposed / adopted / existing new name) due to MISSMATCHED SERVICE RECORD DOCUMENT AND CIVIL DOCUMENT. (reasons for change). That my date of birth is (01/05/1968) ONE MAY NINTEEN SIXTY EIGHT. (in words)

(c) As per Aadhar Card No – 5329 1930 9524, Pan Card No – BHTPS3133B and Punjab National Bank Pension Joint Account No.– 0076000301858608, that both Names POONAM and POONAM SHARMA pertains to one and the same person.

(d) That, I am producing this Affidavit No – 12AA 941673 for the purpose of evidence for my name. (e) That what is stated above is true and correct to best of my knowledge, information and belief. Nothing material has been concealed there from.

Deponent
POONAM SHARMA
Wife of SERVICE NO – 636755T,
EX SGT, KAMESHWAR

# ग्रामीणों ने मोहदी मार्ग पर रोका भारी वाहनों का प्रवेश




ग्रामीणों ने मोहदी मार्ग पर रोक भारी वाहनों का

**खरोरा,** 7 जून (देशबन्धु)। मोहदी रोड पर मोहदी के पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा ग्रामीणों व आसपास के पांच गांवों के जनप्रतिनिधियों ने धरना देकर इस मार्ग से भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दिया। इससे मार्ग के दोनों ओर भारी वाहनों की कतार लग गई थी। जनपद सदस्य दयाशंकर निषाद मोहदी उप सरपंच सालिक निषाद ने कहा कि चरोदा मोड से दोदे पहुंच मार्ग प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनाया गया है जिस पर 12 टन माल से अधिक लोड वाहन दौड़ते हैं, जिससे मोहदी टांडा नगर गांव चरोदा तक सड़क जर्जर हो गई है। स्ट्रीट लाइट का अभाव है। इससे हादसे हो रहे हैं। गांव की जमीन पर उद्योग स्थापित किए गए हैं लेकिन स्थानीय लोगों को मजदूरी पर भी नहीं रखा जाता। जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं की जातीं, उनका आंदोलन जार रहेगा।

**जर्जर सड़क की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट और स्थानीय उद्योगों में स्थानीय को रोजगार की मांग**

मोहदी ग्रामसभा अध्यक्ष दर्शन वर्मा ने बताया कि सड़क निर्माण, स्ट्रीट लाइट और रोजगार की मांग को लेकर पूर्व में भी कई बार प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला है। ने भी धरने को अपना समर्थन दिया। प्रदर्शन जनपद सदस्य दयाशंकर निषाद, सालिक निषाद, दर्शन वर्मा, पुनीत धीवर, टांडा से निर्मल ढेबर सरपंच, टोपराम साहू, गोड़ही से खिलावन कन्नौजे सरपंच, छत्रपाल वर्मा उप सरपंच, ग्राम टोर से हेमंत वर्मा सरपंच, सारांश वर्मा उप सरपंच, झुमुक लाल निषाद, अमित धीवर, सत्यम वर्मा, मनीष, राजकुमार, महेश पटेल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। वहीं मौके पर मौजूद एसडीएम, धरसीवा तहसीलदार बीएल कुर्रे, टीआई राजेंद्र दीवान आदि ग्रामीणों को समझाने और व्यवस्था संभालने में लगे रहे।

**शमक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय दुर्ग (छ.ग.)**
**नाम परिवर्तन / शपथ पत्र**

मैं शपथकर्ता सेनासंख्या – 14506456N पूर्वसैनिक हवलदार (HAV) नाम – मनिन्द्र नाथ राय (MANINDRA NATH ROY) पिता – स्वर्गीय श्री रासमोय राय (LATE RASAMOY ROY) निवासी– QTR NO – 2/E, STREET NO – 19, SECTOR 08, BHILAI NAGAR DIST – DURG CHHATTISGARH का हूँ, जो की निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक प्रस्तुत करता हूँ।

(अ) यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ।

(ब) यह कि मैं पूर्वसैनिक हवलदार (HAV) नाम – मनिन्द्र नाथ राय (MANINDRA NATH ROY) पिता – स्वर्गीय श्री रासमोय राय (LATE RASAMOY ROY) हूँ, सेना के सभी दस्तावेजों में मेरी पत्नी का नाम – शुक्ला रानी (SHUKLA RANI) दर्ज हो गया है जो की त्रुटी पूर्ण एवं गलत है।

(स) यह कि सेना के सभी दस्तावेजों में मैं अपनी पत्नी का सही नाम – शुक्ला रानी राय (SHUKLA RANI ROY) दर्ज कराना चाहता हूँ जो भारत सरकार के द्वारा बनाये गए आधार कार्ड क्रमांक – 3970 5992 2159, पेन कार्ड क्रमांक – CJAPR5260C, भारतीय स्टेट बैंक पेंशन खाता क्रमांक – 10621608486 व मतदाता पहचान पत्र क्रमांक – LPV0845024 के अनुसार सत्य एवं वास्तविक है।

(द) यह कि सेना के दस्तावेजों में दर्ज नाम – शुक्ला रानी (SHUKLA RANI) व उपरोक्त दस्तावेजों में दर्ज नाम – शुक्ला रानी राय (SHUKLA RANI ROY) दोनों एक ही महिला का नाम है जो मेरी पत्नी है, जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र श्रीमान शक्षम अधिकारी के शमक्ष प्रस्तुत हैं।

शपथकर्ता
सैनासंख्या – 14506456N
पद – पूर्वसैनिक हवलदार (HAV)
नाम – मनिन्द्र नाथ राय
(MANINDRA NATH ROY)

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला-बालोद ( छ.ग. )**
**फार्म-अ**
**सार्वजनिक सूचना**
**( नियम-6 देखिये )**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक रूपेश कुमार पिता श्री गोकुल राम उम्र 24 वर्ष जाति तेली निवासी ग्राम पसौद थाना व तह. गुण्डरदेही जिला बालोद छ.ग. एवं भुनेश्वरी पिता श्री मुकेश कुमार उम्र 20 वर्ष जाति हल्बा निवासी खल्लारी थाना बालोद तह. डौण्डी जिला बालोद छ.ग. द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 24.06.2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 23.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

आगामी तिथि 24.06.2025

अपर कलेक्टर
एवं विशेष विवाह अधिकारी
मुहर जिला-बालोद ( छ.ग. )

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण व आम जनता निवासी ग्राम तरपोगी प.ह.नं. 18 तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) को सूचना प्रकाशित किया जाता है आवेदक श्री बिसाहू राम निषाद पिता रामसहाय जाति केंवट साकिन तरपोंगी प.ह.नं.22 ने आवेदन पत्र वास्ते मृत्यु पंजीयन करने बाबत् आवेदन पेश किया गया है, कि अपने माता स्व. केजिया पति रामसहाय का मृत्यु दिनांक 23/03/2021 में ग्राम तरपोगी में हुआ है। जिसका मृत्यु पंजीयन भूलवश: आज तक दर्ज नहीं करा पाये है जिसका मृत्यु पंजीयन का प्रमाण पत्र प्रदान करने बाबत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त के मृत्यु पंजीयन में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 13/06/2025 तक अपना आपत्ति एवं दावा कर सकते है। तत्पश्चात् बाद में प्राप्त आपत्ति एवं दावों पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

अत: दिनांक 30/05/2025 को मेरे स्वत: के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
नांदघाट, जिला-बेमेतरा


# मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री मोदी से बहुउद्देशीय बोधघाट बांध परियोजना और इंद्रावती-महानदी इंटरलिंकिंग परियोजना के संबंध में की चर्चा

- दोनों परियोजनाओं से लगभग 7 लाख हेक्टेयर भूमि में हो सकेगी सिंचाई
- बस्तर के चहुमुखी विकास के लिए अहम् साबित होगी परियोजना

**जगदलपुर,** 7 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बहुउद्देशीय बोधघाट बांध परियोजना और इंद्रावती-महानदी इंटरलिंकिंग परियोजना के राष्ट्रीय परियोजना के रूप में निर्माण के संबंध में विस्तार से चर्चा की है।

उन्होंने कहा कि बस्तर संभाग लंबे समय से नक्सल प्रभावित रहा है, इसी वजह से संभाग सिंचाई साधनों के विकास में पिछड़ गया है, संभाग में सिंचाई साधनों की समस्या को दूर करने और चहुमुखी विकास को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार बहुउद्देशीय बोधघाट बांध परियोजना और इंद्रावती-महानदी लिंक परियोजना पर काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि बस्तर क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए बोधघाट बहुउद्देशीय बांध परियोजना निर्णायक परियोजना साबित होगी। यह परियोजना, लंबे समय से इन्द्रावती नदी पर प्रस्तावित है। इंद्रावती, गोदावरी नदी की बड़ी सहायक नदी है। गोदावरी जल विवाद अभिकरण के वर्ष 1980 के अवॉर्ड में भी अन्य योजनाओं के साथ इस परियोजना का उल्लेख है। इस अवॉर्ड में उल्लेखित अन्य परियोजनाओं का क्रियान्वयन दूसरे राज्यों द्वारा किया जा चुका है परंतु दूरस्थ अंचल में होने एवं नक्सल समस्या के कारण इस परियोजना को प्रारंभ नहीं किया जा सका।




बहुउद्देशीय बोधघाट बांध परियोजना से संभाग में सिंचाई साधनों का दायरा बढ़ने के साथ ही बस्तर के विकास को डबल रफ्तार मिलेगी। इस परियोजना से 125 मेगावाट का विद्युत् उत्पादन, 4824 टन वार्षिक मत्स्य उत्पादन जैसे अतिरिक्त रोजगार, खरीफ एवं रबी मिलाकर 3,78,475 हेक्टेयर में सिंचाई विस्तार एवं 49 मि.घ.मी पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगा। वही इंद्रावती- महानदी इंटरलिंकिंग परियोजना से कांकेर जिले की भी 50,000 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सहित कुल 3,00,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। बस्तर को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में दोनों परियोजना एक महत्वपूर्ण कदम होगा।


बहुउद्देशीय बोधघाट बांध परियोजना, गोदावरी नदी की बड़ी सहायक इन्द्रावती नदी पर प्रस्तावित है। राज्य में इन्द्रावती नदी कुल 264 कि. मी. में प्रवाहित होती है। यह परियोजना दंतेवाड़ा जिले के विकासखंड एवं तहसील गीदम के ग्राम बारसूर से लगभग 8 कि.मी. एवं जगदलपुर शहर से लगभग 100 कि. मी. दूरी पर प्रस्तावित है।

दोनों परियोजनाओं की अनुमानित लागत 49000 करोड़ रूपए है। जिसमें इंद्रावती-महानदी लिंक परियोजना की लागत लगभग 20 हजार करोड़ रूपए एवं बहुउद्देशीय बोधघाट बांध परियोजना में लगभग 29 हजार करोड़ रुपए की लागत संभावित है। जिसमें हाइड्रोपावर इलेक्ट्रोमैकेनिकल कार्य, सिविल कार्य (सिंचाई) भी शामिल हैं। इस परियोजना में उपयोगी जल भराव क्षमता 2009 मि.घ.मी, कुल जल भराव क्षमता 2727 मि.घ.मी, पूर्ण जल भराव स्तर पर सतह का क्षेत्रफल 10440 हेक्टेयर सम्भावित है।

बहुउद्देशीय बोधघाट बांध परियोजना से दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा जिले के 269 गांवों को बड़ा लाभ होगा। जबकि इंद्रावती-महानदी इंटरलिंकिंग परियोजना से कांकेर जिले के अनेकों गांवों में सिंचाई सुविधा का विस्तार हो सकेगा। बस्तर संभाग को विकसित, आत्मनिर्भर और सक्षम बनाने की दिशा में दोनों परियोजना एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

# देश के 16 राज्यों में दर्ज 56 साइबर ठगी के केस

**कवर्धा,** 7 जून (देशबन्धु)। थाना भोरमदेव क्षेत्र में एक बैंक खाता जो एक कृषि केंद्र से जुड़ा प्रतीत होता था, उसके माध्यम से अंतरराज्यीय साइबर ठगी के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया गया है।



- अब तक 70 लाख से अधिक की राशि की पुष्टि

थाना भोरमदेव अंतर्गत ग्राम राजनावागांव में भोरमदेव कृषि केन्द्र नामक प्रतिष्ठान के नाम पर संचालित बैंक खाता, जिसका संचालन नामदेव साहू पिता भीमलाल साहू, निवासी सिंघनपुरी (हाथीडोब), द्वारा किया जा रहा था — उसकी तकनीकी जांच में सामने आया कि वर्ष 2023-24 के दौरान इस खाते से करीब ?2.5 करोड़ रुपये के संदेहास्पद लेन-देन किए गए। ये लेन-देन सामान्य व्यापारिक गतिविधियों से मेल नहीं खाते थे, जिससे प्रारंभिक स्तर पर ही खाता संदिग्ध श्रेणी में आया।

देश के विभिन्न हिस्सों से प्राप्त जानकारी और तकनीकी समन्वय के आधार पर यह पाया गया कि उक्त खाते के माध्यम से 56 मामलों में कुल ?70,27,299 की राशि सीधी साइबर ठगी की घटनाओं से जुड़ी हुई है। शेष बड़ी राशि के संदर्भ में भी प्राथमिक जांच में यह संकेत मिले हैं कि वह राशि भी साइबर अपराध के माध्यम से अर्जित हो सकती है। यह इस तथ्य पर आधारित है कि बड़ी संख्या में ठगी के शिकार व्यक्ति जानकारी के अभाव, शर्म या असहायता के चलते औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराते।

इस संपूर्ण विश्लेषण के पश्चात थाना भोरमदेव में धारा 317(4), 318(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विस्तृत विवेचना प्रारंभ की गई है। डीएसपी(साइबर सेल) श्री कृष्ण कुमार चंद्राकर एवं डीएसपी(मुख्यालय) श्री आशीष शुक्ला के नेतृत्व में गठित विशेष तकनीकी टीम द्वारा खाते से संबंधित मोबाइल नंबर, ईमेल, ट्रांजेक्शन की आवृत्ति, धन का प्रवाह, एवं अन्य डिजिटल साक्ष्यों का सूक्ष्म अध्ययन किया गया। जिस पर यह निष्कर्ष सामने आया कि आरोपी ने अपने खाते को जानबूझकर साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराया, जिससे अवैध रूप से धन अर्जित किया गया। यह म्यूल अकाउंट की परिभाषा में आता है — जो कि आधुनिक डिजिटल ठगी का मुख्य आधार बनते जा रहे हैं।

# मुंगेली में फर्जी प्रमाण पत्र गिरोह का भंडाफोड़

**मुंगेली,** 7 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले में फर्जी प्रमाण पत्र तैयार कर सरकारी नौकरी दिलाने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल (भा.पु.से.) के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जो बीएसएफ में नियुक्ति के लिए फर्जी निवास प्रमाण पत्र बनवाकर दस्तावेजों की हेराफेरी कर रहे थे।



6 जून को दो युवक योगेन्द्र कुमार और प्रशांत राजपूत विशाल पिता यशपाल सिंह नामक व्यक्ति के चरित्र सत्यापन के लिए पुलिस कार्यालय मुंगेली पहुंचे। पूछताछ के दौरान उनके हावभाव और दस्तावेज संदिग्ध प्रतीत हुए, जिस पर मामला तुरंत पुलिस अधीक्षक के संज्ञान में लाया गया।

एसपी भोजराम पटेल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उप पुलिस अधीक्षक नवनीत पाटिल के नेतृत्व में थाना लालपुर, साइबर सेल व जिला विशेष शाखा की एक संयुक्त टीम गठित की। जांच में सामने आया कि विशाल नाम का कोई व्यक्ति संबंधित गांव में न तो रहता है और न ही कोई उसे जानता है।

**उत्तर प्रदेश के हैं आरोपी, होटल में छुपा था फर्जीवाड़े का सामान**

पूछताछ में दोनों आरोपी उत्तर प्रदेश के रहने वाले पाए गए।

योगेन्द्र कुमार, निवासी अंडला, थाना खैर, जिला अलीगढ़

प्रशांत राजपूत, निवासी डौकी, थाना डौकी, जिला आगरा

दोनों ने बताया कि वे 2 जून को यूपी से आकर बिलासपुर के होटल अम्बे पैलेस में रुके थे, जहां से उन्होंने विशाल पिता यशपाल सिंह (फतेहाबाद, उत्तर प्रदेश) को छत्तीसगढ़ का निवासी दिखाते हुए फर्जी मूल निवास प्रमाण पत्र बनवाया और उसे बीएसएफ में नियुक्ति दिलाई।

होटल की तलाशी में पुलिस को फर्जी दस्तावेजों का जखीरा मिला, जिसमें फर्जी निवास प्रमाण पत्र, नोटरी का कोरा पत्र, दाखिल-खारिज की सील, कूटरचित प्रमाण पत्र, तीन मोबाइल फोन जब्त किए गए।

# केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद के विरुद्ध चलाए गए अभियानों में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों से नई दिल्ली में भेंट कर दी बधाई

- गृह मंत्री ने कहा - इन अभियानों को अपनी बहादुरी से सफल बनाने वाले जवानों से भी मिलने के लिए उत्सुक हूँ, जल्द ही छत्तीसगढ़ आकर उनसे भेंट करूँगा
- मोदी सरकार नक्सलवाद के दंश से भारत को मुक्त करने के लिए संकल्पित



**जगदलपुर,** 7 जून (देशबन्धु)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में नक्सलवाद के विरुद्ध चलाए गए अभियानों में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों से आज नई दिल्ली में भेंट कर इन ऑपरेशंस की ऐतिहासिक सफलता पर उन्हें बधाई दी

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हाल ही में नक्सलवाद के विरुद्ध चलाए गए अभियानों में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों से आज नई दिल्ली में भेंट कर इन ऑपरेशंस की ऐतिहासिक सफलता पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नक्सलवाद के दंश से भारत को मुक्त करने के लिए संकल्पित है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा उपस्थित थे।

गृह मंत्री ने ङ्क पर किए गए एक पोस्ट में कहा, च्हाल ही में नक्सलवाद के विरुद्ध चलाए गए अभियानों में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों से भेंट कर इन ऑपरेशंस की ऐतिहासिक सफलता पर उन्हें बधाई दी। इन अभियानों को अपनी बहादुरी से सफल बनाने वाले जवानों से भी मिलने के लिए उत्सुक हूँ और जल्द ही छत्तीसगढ़ आकर उनसे भेंट करूँगा। मोदी सरकार नक्सलवाद के दंश से भारत को मुक्त करने के लिए संकल्पित है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों द्वारा केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री के निर्देशन में माओवादी विरोधी अभियानों का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत अबूझमाड़ के अंदरूनी क्षेत्रों में दिनांक 18.05.2025 से 21.05.2025 तक छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा (जिसमें जिला नारायणपुर, दंतेवाड़ा, कोण्डागांव एवं बीजापुर पुलिस के डीआरजी बल शामिल थे) संचालित अभियान में दिनांक 21.05.2025 को ग्राम बोटेर के जंगलों में हुए मुठभेड़ में भाकपा (माओवादी) के महासचिव व पोलित ब्यूरो सदस्य बसवाराजू उर्फ गगन्ना सहित 27 नक्सली मारे गये तथा भारी मात्रा में हथियार एवं गोला बारूद बरामद हुए।

इस अभियान में शामिल छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नक्सल विरोधी अभियान/ एसआईबी/ एसटीएफ) विवेकानंद, बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज, नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव और नक्सल मुक्त जिला बस्तर के पुलिस अधीक्षक शलभ सिंह को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, आसूचना ब्यूरो के निदेशक तपन डेका सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# वनांचल के गांवों में लौटी शिक्षा की रौशनी

- युक्तियुक्तकरण से दूरदराज़ के स्कूलों में पहुंचे शिक्षक, ग्रामीणों ने जताया आभार

**रायपुर,** 7 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्कूली शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए शुरू की गई युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया का असर अब वनांचल के गांवों में साफ़ दिखाई देने लगा है। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के दूरस्थ और पहुंचविहीन गांवों में वर्षों से शिक्षक की कमी से जूझते स्कूलों को अब राहत मिली है। लंबे समय से शिक्षक की मांग कर रहे ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी झलक रही है।

### हाईस्कूल बड़गांवखुर्द को मिले दो व्याख्याता

गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में स्थित हाईस्कूल बड़गांवखुर्द में पहले कोई भी स्थायी शिक्षक नहीं था। केवल एक अतिथि शिक्षक के सहारे स्कूल चल रहा था। लेकिन युक्तियुक्तकरण के तहत अब हिन्दी और गणित के दो व्याख्याताओं की पदस्थापना की गई है। इससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई है। अब बच्चों को विषय विशेषज्ञों से पढ़ने का मौका मिलेगा, जिससे पढ़ाई का स्तर बेहतर होगा।






### ढाब गांव में शिक्षा को मिला नया सहारा

विकासखंड भरतपुर के ग्राम ढाब की प्राथमिक शाला में वर्षों से सिर्फ एक शिक्षक कार्यरत थे। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। अब यहां एक सहायक शिक्षक की नियुक्ति हुई है। गांव के सरपंच और अभिभावकों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि इससे शिक्षा का माहौल सुधरेगा और बच्चों की पढ़ाई सही ढंग से हो सकेगी।

### खोखनिया गांव में पूरी हुई वर्षों की मांग

गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के भीतर बसे खोखनिया गांव की प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में लंबे समय से शिक्षक नहीं थे। यहां 87 बच्चे दर्ज हैं, लेकिन शिक्षक कम थे। अब युक्तियुक्तकरण के बाद प्राथमिक शाला में एक और माध्यमिक शाला में दो शिक्षक नियुक्त किए गए हैं। इससे गांववालों को बड़ी राहत मिली है।

### देवशील में शिक्षकों की पदस्थापना से जागी नई उम्मीद

ऐसे ही एक अन्य पहुंचविहीन गांव देवशील की प्राथमिक शाला में 57 बच्चे पढ़ते हैं, लेकिन स्कूल में केवल एक शिक्षक कार्यरत थे। अब एक और शिक्षक की नियुक्ति से यहां शिक्षा को नई गति मिलेगी। ग्रामीणों ने शिक्षक की नियुक्ति पर प्रसन्नता जताई है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का कहना है कि हमारी सरकार की प्राथमिकता है, कि शिक्षा की पहुंच अंतिम गांव तक हो। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के माध्यम से हमने उन स्कूलों में शिक्षक भेजे हैं, जहां सबसे ज़्यादा ज़रूरत थी । बच्चों को अच्छी पढ़ाई का अवसर मिले, यह हमारा संकल्प है। ग्रामीणों की प्रतिक्रिया से यह स्पष्ट है कि हम सही दिशा में बढ़ रहे हैं।

# रेत से भरी हाईवा में जा घुसी स्कूटी, युवक-युवती की मौत

**महासमुंद** 07 जून (देशबंधु)। रेत से भरी हाईवा में स्कूटी जा घुसी जिससे उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त 18 वर्षीय दिनेश जांगड़े पिता बुधाऊ राम गुल्लू (आरंग) निवासी के रूप में हुई है। युवती की शिनाख्त नही हो पाई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 7 जून की शाम करीब साढ़े 4 बजे हाईवा क्रमांक सीजी 04 एनजेट 7705 और स्कूटी दोनों घोड़ारी की ओर से महासमुंद की ओर आगे-पीछे आ रहे थे। अनाचक बेलसोंडा क्रांसिंग के पहले स्कूटी घूमकर हाईवा में जा घुसी। इसी बीच हाईवा बचाने के चक्कर में सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। इस हृदयविदारक दुर्घटना में स्कूटी सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। वहीं गंभीर अवस्था में घायल युवती को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।




# लटुवा से शुक्लाभाठा पहुंच मार्ग दो वर्ष में ही होने लगा हैं जर्जर

**बलौदाबाजार,** 7 जून (देशबन्धु)। लटुवा से शुक्लाभाठा से जाने वाले सडक जर्जर होने लगा है। जिससे आने जाने वाले राहगिर परेशान हो रहे है। सडक के गिट्टी उखडकर खेत में आने से किसान परेशान है। किसान को अभी धान बोआई करना है तो गिट्टा को उठाकर खेत से सडक में फेकना पेडगा। बरसात में सडक के गिट्टी उखडकर पानी में बहकर खेत में आ जाने से फसल बर्बाद होने की संभावना है।

उक्त सडक को एक भाटापारा के ठेकादार द्वारा बनाया बनाया गया है जो कि मात्र दो साल में ही उखडने लगा है। ठेकेदार तो घटिया निर्माण करके चला गया लेकिन अब किसान परेशान हो सकते है। क्योकि सडक निर्माण पश्चात पर्याप्त मात्रा में पानी तराई नही किया गया। वहीं गिट्टी रेत सीमेंट कम मात्रा में डालने की भी शिकायत निर्माण समय में की गई थी लेकिन इस पर कोई कार्यवाही नही होने से दो साल में सडक उखडने लगा है। कभी भी भारी बरसात हुई तो निश्चित रूप से सडक का मलमा बहकर खेत में आ सकता हैं। वहीं लटुवा से शुक्लाभाठा जाने वाले सडक को ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण किया गया हैं अभी कुछ दिन पूर्व पहले स्कूल सत्र चालु होने वाला है। स्कूल के बच्चे इस जर्जर सडक से बलौदाबाजार आयेंगे। स्कूल के छात्र छात्राओं एवं पालको द्वारा शुक्लाभाठा सडक के संबंध में जिला कलेक्टर को सोमवार को ज्ञापन देने का निर्णय लिया है। उक्त जानकारी पिछडा वर्ग कांग्रेस जिला मीडिया प्रभारी एंव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार ग्रामींण सदस्य खिलावन जायसवाल द्वार प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

# 10463 स्कूल बंद करना शिक्षा, रोजगार विरोधी कदमः वोरा

**बेमेतरा,** 7 जून (देशबन्धु)। बेमेतरा जिला के कांग्रेस प्रभारी एवं पूर्व विधायक अरुण वोरा ने शासन के शिक्षा विभाग के युक्ति युक्त करण को लेकर पत्रकारों को बताया कि भाजपा ने 2023 के घोषणा पत्र में कहा था- मोदी की गारंटी से 57,000 शिक्षकों की भर्ती की जाएगी ।इसी वादे पर बेरोजगारों ने भरोसा करके वोट दिया लेकिन कई महीने बीत चुके हैं, अब तक कुछ नहीं हुआ।

अब सरकार ने सिर्फ पहले चरण में 5,000 पदों पर भर्ती की बात कही है।

पिछली भाजपा सरकार में भी च्युक्तियुक्तकरणज् के नाम पर 2,000 से अधिक स्कूल बंद कर दिए गए थे। भाजपा की वही नीति अब फिर से दोहराई जा रही है स्कूल बंद करो, तबादले करो, शिक्षकों को परेशान करो। च्युक्तियुक्तकरणज् दरअसल शिक्षा और रोजगार विरोधी नीति है विधानसभा में 33,000 शिक्षकों की भर्ती का वादा करने वाली सरकार अब चुपचाप बैठी है ।56,333 स्कूलों में से 300 स्कूल ऐसे हैं जहाँ एक भी शिक्षक नहीं है ।5.500 स्कूलों में केवल एक शिक्षक से ही पूरा स्कूल चल रहा है ।3,978 स्कूल एक ही परिसर में जबरन अलग-अलग स्तरों पर संचालित किए जा रहे हैं

हर साल 10 से 15 हजार शिक्षक रिटायर हो रहे हैं, लेकिन सरकार चुपचाप पद ही समाप्त कर रही है। सरकार न तो नए स्कूल खोल रही है, न पुराने स्कूलों का जीर्णोद्धार कर रही है और न ही शिक्षकों की भर्ती कर रही है। वोरा ने कहा कि युक्तियुक्तकरण रोजगार विरोधी, शिक्षा विरोधी कदम है। इससे प्रदेश में 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जायेंगे। 10463 स्कूल सीधे तौर पर बंद कर दिये गये है, नये सेटअप के नाम पर स्कूलों में शिक्षकों के न्यूनतम पदों की संख्या में कटौती करके शिक्षक के हजारों पद खत्म कर दिया गया है। रमन सरकार के दौरान भी प्रदेश में 3300 से अधिक स्कूलों को बंद किया गया था, 12000 शिक्षकों के पद को खत्म किया गया था। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में प्राइमरी स्कूलों में 21 छात्रों के बीच एक शिक्षक है, इस अनुपात को बढ़ाकर 30 छात्र प्रति शिक्षक और इसी तरह मीडिल स्कूलों में 26 छात्र प्रति शिक्षक के रेसियो को बढ़ाकर 35 छात्र प्रति शिक्षक किया जा रहा है। जिससे शिक्षको के एक तिहाई पद खत्म हो जायेंगे ।शिक्षकों की नई भर्तियां न करनी पड़े इसलिए साय सरकार शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण कर रही है। प्राथमिक शालाओं में पहली व दूसरी में तीन-तीन विषय एवं तीसरी, चौथी, पांचवी में चार-चार विषय के अनुसार कुल 18 विषय होते हैं, जिन्हें वर्तमान समय में तीन शिक्षकों को 40 मिनट का 6-6 कक्षा लेना होता है, अब युक्तियुक्तकरण के नए नियम के बाद दो ही शिक्षको के द्वारा 18 कक्षाओं को पढ़ाना कैसे संभव हो सकता है? मिडिल स्कूल में तीन क्लास और 6 सब्जेक्ट इस हिसाब से कुल 18 क्लास और 60 बच्चों की कुल संख्या में एचएम और उसके साथ केवल एकमात्र शिक्षक कैसे 18 क्लास ले पाएंगे? इसके अतिरिक्त मध्यान भोजन की व्यवस्था डाक का जवाब और अन्य गैर शिक्षकीय कार्यों की जिम्मेदारी भी इन्हीं पर रहेगी।



स्कूलों को जबरिया बंद किए जाने से न केवल शिक्षक बल्कि उन 10463 स्कूलों से संलग्न हजारों रसोईया, स्लीपर और मध्यान भोजन बनाने वाली महिला, स्वसहायता समूह बहनों के समक्ष जीवन यापन का संकट उत्पन्न हो गया है। नए सेटअप के तहत सभी स्तर प्राइमरी, मिडिल, हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलो में शिक्षकों के न्यूनतम पदों में कटौती के चलते युवाओं के लिए नियमित शिक्षक के पद पर नई भर्ती के अवसर भी कम हो जाएंगे, शिक्षा के स्तर पर बुरा असर पड़ना निश्चित है। भाजपा सरकार ने इतना बड़ा अव्यवहारिक निर्णय लेने से पहले ना प्रभावित वर्ग से चर्चा की, न ही प्रदेश के भविष्य के बारे में सोचा। इतना बड़ा निर्णय थोपने से पहले न शिक्षक संगठनों की राय ली गयी, न पालक संघ से पूछा गया, न ही शिक्षाविद और छात्र संगठनों से कोई चर्चा की गयी। सरकार के इस शिक्षा विरोधी फैसले के खिलाफ पूरे प्रदेश में आक्रोश है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक ही प्रदेश में 58000 से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त हैं, हर महीने सैकड़ो शिक्षक रिटायर हो रहे हैं, कई वर्षों से शिक्षकों का प्रमोशन रुका हुआ है, स्थानांतरण को लेकर कोई ठोस पॉलिसी बना नहीं पाए, सम्प्यमान वेतनमान का विवाद अब तक लंबित है ऐसे में युक्तिकरण के नाम पर शिक्षकों को डरा कर वसूली करना चाहती है यह सरकार। वोरा ने कहा कि भाजपा सरकार 10 हजार से अधिक स्कूलों को बंद करने जा रही तथा 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त कर रही है। सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों विशेषकर बस्तर, सरगुजा, जशपुर जैसे जगहों पर स्कूलों की कमी होगी, सरकार झूठ बोल रही कि स्कूल बंद नहीं होंगे, जबकि सच्चाई यह है कि मर्ज किये गये स्कूलों का डायस कोड़ विलोपित कर दिया गया है।

**NECC**

| 08.06.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 535 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 190 |

डिलीवरी 550 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

कंजूस का बेटा मिंटू अपनी गर्लफ्रेंड के साथ डेट पर गया.
मिंटू के कंजूस बाप को ये पता चला गया.
बाप (गुस्से में)- नालायक, कितने रुपये खर्च किए तूने?
मिंटू- 500 रुपए
बाप- हैं- 500, शर्म नहीं आई?
मिंटू- वो इतने ही लेकर आई थी.

# केन्द्रीय गृह मंत्री ने नक्सलवाद के विरुद्ध चलाए गए अभियानों में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों को दी बधाई



**रायपुर**, 7 जून (देशबन्धु)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हाल ही में नक्सलवाद के विरुद्ध चलाए गए अभियानों में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों से शनिवार को नई दिल्ली में भेंट कर नक्सल ऑपरेशंस की ऐतिहासिक सफलता पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नक्सलवाद से भारत को मुक्त करने के लिए संकल्पित है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा उपस्थित थे।

गृह मंत्री ने X पर किए गए एक पोस्ट में कहा हाल ही में नक्सलवाद के विरुद्ध चलाए गए अभियानों में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों से भेंट कर इन ऑपरेशंस की ऐतिहासिक सफलता पर उन्हें बधाई दी। इन अभियानों को अपनी बहादुरी से सफल बनाने वाले जवानों से भी मिलने के लिए उत्सुक हूँ और जल्द ही छत्तीसगढ़ आकर उनसे भेंट करूँगा। विदित है कि छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों द्वारा केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री के निर्देशन में माओवादी विरोधी अभियानों का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत अबूझमाड़ के अंदरूनी क्षेत्रों में 18.05.2025 से 21.05.2025 तक छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा संचालित अभियान में 21.05.2025 को ग्राम बोटेर के जंगलों में हुए मुठभेड़ में भाकपा (माओवादी) के महासचिव व पोलित ब्यूरो सदस्य बसवाराजू उर्फ गगन्ना सहित 27 नक्सली मारे गये तथा भारी मात्रा में हथियार एवं गोला बारूद बरामद हुए। इस अभियान में शामिल छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नक्सल विरोधी अभियान/एसआईबी/ एसटीएफ) विवेकानंद, बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज, नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव और नक्सल मुक्त जिला बस्तर के पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा को केन्द्रीय गृह मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया।

# बकरीद हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

## शहर की मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की गई, इसके बाद कुर्बानी दी गई



**जगदलपुर**, 7 जून (देशबन्धु)। बकरीद का त्योहार शहर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर के जामा मस्जिद सदर मस्जिद गौसिया मस्जिद जिकडू नवी मस्जिद और कचोरा के मस्जिद में सुबह 6:30 विशेष नमाज अदा की गई जिसमें मुस्लिम समाज के लोग काफी संख्या में शामिल हुए। इश्क पक्ष शहर के जामा मस्जिद और सदर मस्जिद में जो लोग 6:30 बजे के नमाज में शामिल नहीं हो पाए। उनके लिए 8:00 बजे नमाज रखी गई थी। उसमें भी काफी संख्या में लोग शामिल होकर विशेष नमाज अदा किया। जामा मस्जिद के इमाम बख्श ने देश-विदेश और बस्तर जिले के लोगों के लिए शांति की दुआ की। बकरीद का त्योहार बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। बकरीद को ईद-उल-अजहा, ईद उल जुहा के नाम से भी जाना जाता है। यह त्योहार त्याग और इंसानियत का प्रतीक माना जाता है। इस्लाम धर्म में इसे कुर्बानी का त्योहार भी कहा जाता है।

इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक, हर साल की ईद की तारीख चांद की स्थिति पर आधारित होती है। जुलहिज्जा की 10वीं तारीख को ईद-उल-अजहा मनाई जाती है, जो कि रमजान खत्म के 70 दिन बाद आता है।

# लालबाग पुलिस प्रशिक्षण का निरीक्षण



**जगदलपुर**, 7 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के उप पुलिस महानिरीक्षक (प्रशिक्षण) सदानंद कुमार ने जगदलपुर स्थित लालबाग पुलिस प्रशिक्षण शाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होनें प्रशिक्षण व्यवस्था, आवासीय सुविधाओं एवं प्रशिक्षण प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान सेनानी, एम.आर.मण्डावी, उप पुलिस अधीक्षक डीएन तिग्गा, चॉटर मास्टर सलिराम मेहरा, सीडीआई संजय मेहरा सहित इकाई के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें। उक्त कार्यक्रम के तकनीकी संचालन के लिए प्रधान आरक्षक सुशील मथरानी ने योगदान दिया जिससे उनके द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

# महिला सशक्तिकरण पर बन रही फिल्म की शूटिंग तीतर गांव में सम्पन्न



**जगदलपुर**, 7 जून (देशबन्धु)। तीतर ग्राम पंचायत, विकासखंड जगदलपुर में शनिवार को महिला सशक्तिकरण पर आधारित एक सशक्त फिल्म की शूटिंग सम्पन्न हुई। इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं युवा सामाजिक कार्यकर्ता व फिल्मकार सूर्या ताम्रकार, जिनकी यह पहल ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को नई पहचान देने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। फिल्म की कहानी महिला उत्पीड़न के गंभीर विषय को उजागर करती है और यह दर्शाती है कि किस तरह गांव की साधारण महिलाएं भी असाधारण साहस और संकल्प के साथ अन्याय के खिलाफ आवाज़ उठा सकती हैं। इस फिल्म की शूटिंग में बस्तर के सुपरस्टार कलाकार माही घनश्याम जोशी, एम. आर. पोयम, कामिनी पांडे और अंजू बघेल जैसे प्रमुख कलाकारों ने भूमिका निभाई। इसके अलावा क्षेत्र की सक्रिय महिलाओं व स्वसहायता समूहों की 150 से अधिक महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे फिल्म को एक यथार्थ और जनसरोकार से जुड़ा स्वरूप मिला। फिल्म निर्माण को सफल बनाने में जिला प्रशासन द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया है। ग्राम पंचायत तीतरगाव की सरपंच खीरमनी कश्यप एवं बी.पी.एम. खलको ने भी इस प्रयास में सक्रिय भूमिका निभाई और हर संभव सहयोग दिया। शूटिंग के दौरान गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा। कैमरे के सामने खड़ी महिलाओं के चेहरे पर आत्मविश्वास और बदलाव की एक नई उम्मीद साफ झलक रही थी।

निर्देशक सूर्या ताम्रकार का कहना है, यह फिल्म केवल एक कहानी नहीं है, यह गांव-गांव की सैकड़ों महिलाओं की आवाज़ है, जो अब चुप नहीं रहेंगी। हमारा उद्देश्य है कि यह फिल्म लोगों को सोचने पर मजबूर करे और समाज में सकारात्मक बदलाव लाए। यह फिल्म जल्द ही दर्शकों के सामने प्रस्तुत की जाएगी और उम्मीद की जा रही है कि यह ग्रामीण महिलाओं की वास्तविकता को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएगी।

# शिव को साक्षी मान, परिणय सूत्र में बधेंगे 30 जोड़े



**धरमपुरा स्थित शिवानंद आश्रम में जन सहयोग से होगा सामुदायिक विवाह कार्यक्रम**

**जगदलपुर**, 7 जून (देशबन्धु)। स्थानीय शिवानंद आश्रम में पहली बार सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह समारोह क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सामाजिक रूप में देखा जा रहा है। इस समारोह में शिव को साक्षी मानकर 30 जोड़े परिणय सूत्र में नौ जून को बधेंगे। समारोह में 30 जोड़े शामिल होंगे और यह आयोजन आश्रम की एक बड़ी पहल होगी। उक्त जानकारी देते हुए दिव्य शिवानंद आश्रम के संत शिवादासानंद सरस्वती ने बताया कि आश्रम में आदिवासी और गरीब बच्चों को निश्शुल्क शिक्षा दी जाती है, लेकिन आमजनता और कुछ जनप्रतिनिधि और व्यापारियों के सहयोग से पहली बार गरीब बच्चियों की शादी कराने का निर्णय लिया गया है। यह शादी समारोह नौ जून दोपहर एक बजे आश्रम परिसर में होगा। सामूहिक विवाह समारोह में एक ही समय में कई जोड़ों का विवाह होगा। यह आमतौर पर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए एक फायदेमंद विकल्प होता है, क्योंकि यह उनके खर्च को कम करता है। यह आयोजन सामाजिक एकता और समावेशिता को बढ़ावा देता है। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह में दूल्हा-दुल्हन का हल्दी, मेहंदी और संगीत जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह संपन्न होगा। यह आयोजन आश्रम के लिए एक नई शुरुआत है और यह क्षेत्र में सामाजिक कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। महाराज ने बताया कि अब 15 जोड़े तैयार हो चुके है और 30 जोड़े के शामिल होने की उम्मीद है। पत्रकारवार्ता के दौरान उपस्थित सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष राजाराम तोडेन ने कहा कि इस सामुदायिक विवाह कार्यक्रम में बस्तर की सामाजिक रूढ़ि और परंपराओं के अनुसार भी विवाह कार्यक्रम संपन्न होंगे और इसके लिए जिन गांवों के ग्रामीण विवाह कर रहे हैं। उनके गांव के देवी देवताओं के पुजारी शामिल होकर परंपराओं का निर्वहन करने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अनेक सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए विवाह प्रमाण पत्र की मांग की जाती है। इस सामुदायिक विवाह कार्यक्रम के माध्यम से ऐसे दंपति जो विवाह नहीं किए हैं लेकिन साथ में रह रहे हैं उनका भी विवाह संस्कार कर प्रमाण पत्र प्रदान करने की योजना है ताकि भविष्य में उन्हें सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके।

पत्रकार वार्ता में सोनसाय कश्यप, सदाराम बघेल, विकास सहारे, के आर रात्रे, कौशल नागवंशी, धन विजय बघेल आदि मौजूद रहे।

# जूनापानी में स्वास्थ्य शिविर जारी, स्थिति पूरी तरह सामान्य



**जगदलपुर**, 7 जून (देशबन्धु)। जिले के दरभा ब्लॉक अंतर्गत अंतर्गत जूनापानी में उल्टी-दस्त केस मिलने पर गत दिवस शुक्रवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेगानार के प्रभारी आरएमए सुभाष राजवाड़े की नेतृत्व में किया गया था, जिसे शनिवार को भी जारी रखा गया। चिड़पाल उप स्वास्थ्य केंद्र के आरएचओ रविंद्र बघेल और एएनएम पद्मिनी मौर्य द्वारा जूनापानी के सभी 24 घरों में सर्वे कार्य किया गया और 122 लोगों की जांच की गई, जिसमें कोई भी नया मरीज नहीं पाया गया। शुक्रवार को रेफर किए गए चारों मरीज मासो पिता हूंगा 65 वर्ष, बुधरी पति मासो 64 वर्ष, रिकी पिता संतु 20 वर्ष और पूजा पिता हिड़मो 4 वर्ष का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तोकापाल में किया जा रहा है। उनकी स्थिति स्थिर बनी हुई है, इन सभी का गहन इलाज जारी है। सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि जूनापानी में सतत निगरानी रखी जा रही है और अब स्थिति सामान्य है। ग्रामीणों को स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान कर सजगता बरतने की समझाइश दी गई है। बीएमओ दरभा डॉ मंडावी के निर्देश पर रविवार को भी जूनापानी में सर्वे कर स्थिति पर निगरानी रखी जाएगी।

# विश्व म्यूथाई चैम्पियनशिप में टिकेश्वरी ने जीता कांस्य







- टर्की के अंटालिया शहर मे आयोजित हुई स्पर्धा
- एकलव्य खेल परिसर जावंगा में कोच हैं टिकेश्वरी
- कलेक्टर-सीईओ ने दी बधाई व शुभकामनाएं

**दंतेवाड़ा**, 7 जून (देशबन्धु)। इंटरनेशनल ओलंपिक एसोसिएसन द्वारा मान्यन्ता प्राप्त एवं इन्टरनेशनल फेडरेशन आफ म्यूथाई एसोसियन के तत्वाधान में छ.ग. की एक मात्र खिलाड़ी सुश्री टिकेश्वरी साहू ने अंटालिया (टक) मे 23 मई से 1 जून तक आयोजित विश्व म्यूथाई चैम्पियनशिप में भाग लिया एवं कांस्य पदक अपने नाम किया। दलीय स्पर्धा में भारत के पुरूष दल ने भी कांस्य पदक जीता।

ज्ञात हो सुश्री टिकेश्वरी साहू एकलव्य खेल परिसर जावंगा दन्तेवाड़ा में प्रशिक्षक के पद पर पदस्थ है। पदक प्राप्त कर देश लौटी सुश्री टिकेश्वरी साहू का विमान तल रायपुर में भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर राज्य के म्यूथाई संघ के अध्यक्ष लखन लाल साहू एवं महासचिव अनीस मेमन उपस्थित थे। इसी तारतम्य मे दन्तेवाड़ा मे भी उनका स्वागत हुआ। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने उनको शुभ कामनाएं दी एवं सहा. खेल अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के प्रत्येक खिलाड़ी जो ऐसी स्पर्धा मे भाग लेते हैं, उनको पूर्ण सहयोग प्रदान किया जावे। जिला खेल अधिकारी एवं मु.का.पा. अधिकारी जयंत नाहटा ने भी शुभकामना देते हुए कहा कि अगले विश्व कप स्पर्धा मे जिले के कम से कम चार खिलाड़ियों को खेलते देखना चाहता हूं। जिले में खेल प्रोत्साहन योजना लागू है, खिलाड़ियों को इसका समुचित लाभ लेना चाहिए। जिले का नाम रौशन करने पर खेल प्रेमियों एवं खिलाड़ियो मे उत्साह है।

# दंतेवाड़ा जिले में कोई भी स्कूल नहीं होगा बंद : कलेक्टर



- युक्तियुक्तकरण से शिक्षा गुणवत्ता में होगा सुधार
- शिक्षकों के पद खत्म होने और स्कूल बंद की बातें भ्रामक
- युक्तियुक्तकरण में गड़बड़ी के मामले में निलंबित होंगे गीदम बीईओ

**दंतेवाड़ा**, 7 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा है कि युक्तियुक्तकरण से शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार होगा। इसकी वजह से स्कूलों के बंद होने और शिक्षकों के पद खत्म होने की बातें पूर्णत: भ्रामक और निराधार है। दंतेवाड़ा में इस प्रक्रिया से एक बेहतरीन शैक्षणिक माहौल तैयार होगा और ड्राप आउट बच्चों की संख्या में भी कम होगी। कलेक्टर श्री दुदावत प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के युक्तियुक्तकरण के संबंध में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि शालाओं के युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के गुणवत्ता स्तर में सुधार, विद्यालयों के समायोजन और शिक्षकों की समुचित व्यवस्था करना था और जिले के स्थिति को ध्यान में रखते हुए किसी भी शाला का संचालन बंद नहीं किया गया है। इस क्रम में जिन शालाओं में दर्ज संख्या शून्य पायी गई, वे भी पूर्ववत: संचालित रहेगी। कलेक्टर ने बताया कि 3 जून को अति शेष शिक्षकों की काउंसिलिंग में गड़बड़ी की शिकायत मिली थी, इसलिए उसे निरस्त किया गया। इस मामले में गीदम बीईओ पर निलंबन की कार्रवाई होगी, इसके लिए कमिश्नर को प्रस्ताव भेजा गया है। निलंबन के साथ ही बीईओ के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

कलेक्टर ने इन बातों को भ्रामक बताया कि जिसमें युक्तियुक्तकरण के चलते स्कूलों के बंद होने और शिक्षकों के पद खत्म होने की बात कही जा रही है। ये पूरी तरह तथ्यहीन और गलत है। दंतेवाड़ा जिले में एक भी स्कूल बंद नहीं होंगे। एक ही परिसर में स्थित स्कूलों का समायोजन किया गया है। कोई भी स्कूल शिक्षकविहीन नहीं है। युक्तियुक्तकरण नई शिक्षा नीति के अनुरूप किया जा रहा है। छात्रों को अब एक बार एडमिशन के बाद दुबारा एडमिशन की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस व्यवस्था से ड्रापआउट छात्रों की संख्या में भी कमी आएगी। दंतेवाड़ा में संचालित पोटाकेबिन और आस्था विद्यालय के सेटअप मंजूरी के लिए राज्य शासन के वित्त विभाग को पत्र लिखा गया है, फिलहाल इनका संचालन डीएमएफ और सीएसआर से हो रहा है। दंतेवाड़ा जिले में 17 पोटाकेबिन संचालित हैं, जिसमें 8 हजार बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं।

कलेक्टर श्री दुदावत ने अवगत कराया कि एक ही परिसर में स्थापित प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं का संचालन वरिष्ठ शिक्षक के अधीन रहेगी। इस युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में विद्यार्थी प्राथमिक स्तर से माध्यमिक स्तर तक की पढ़ाई एक शाला से कर सकेंगे >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# ओबीसी वर्ग को केन्द्र ने थमाया लॉलीपाप : दिनेश

- ओबीसी महासभा के संभागीय अध्यक्ष के तीखे वार
- जाति के आधार पर जनगणना मामले में भ्रम फैला रही सरकार



**दंतेवाड़ा**, 7 जून (देशबन्धु)। जाति के आधार पर जनगणना के मुद्दे पर केन्द्र सरकार एक बार फिर भ्रम फैला रही है। सरकार अपने पांच साल के कार्यकाल में 1 जनगणना पूरा नहीं कर पा रही है। समाज मौजूदा सरकार से सामाजिक न्याय की उम्मीद कैसे करे। यह बातें जारी बयान में ओबीसी महासभा बस्तर संभाग जगदलपुर के संभागीय अध्यक्ष दिनेश यदु ने कही है।

श्री यदु ने बताया कि जाति के साथ जन गणना 1 मार्च 2027 से शुरू होगी और 1 साल में अंतरिम आकड़े आयेंगे। यानि की 2031 तक आबादी के अनुसार आरक्षण भूल जाइये। इसके बाद भी आरक्षण मिलेगा, इसकी घोषणा नहीं हुई है, लेकिन जनता की उम्मीद को अगले पांच साल के लिए बढ़ा दिया गया है। कुल मिलाकर ओबीसी वर्ग को लॉलीपाप थमा दिया गया है ताकि 2029 की लोकसभा चुनाव तक ओबीसी शांत रहे और विपक्ष भी जातिगत जनगणना पर सरकार को घेर न पाए। भाजपा को जिस मुद्दे को नजर अंदाज करने के कारण 350 से घटकर 240 सीट तक सिमटना पड़ा, उसी मुद्दे को 2029 के लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा हथियार बना रही है। किसी भी तरह से भाजपा को 2029 का चुनाव जीतना है। 2011 में जो जनगणना हुई, उसके लिए भी इतना लंबा समय नहीं लगा था। पहले 2026 में जन गणना की घोषणा की गई थी और अब 2027 में जनगणना की बात कही जा रही है। घर-घर जनगणना, 2028 में होगी। इसके आंकड़े 2030 में प्रकाशित किये जायेंगे, ताकि 2029 की चुनाव में आरक्षण की बात न की जा सके। कुल मिलाकर सरकार ओबीसी आरक्षण मुद्दे को धीरे-धीरे खिसका रही है ताकि सत्ता बनी रहे। सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे। ओबीसी आरक्षण पर सरकार सबको गुमराह कर रही है।

# कलेक्टर की मौजूदगी में अतिशेष शिक्षकों की काउंसिलिंग



- सहमति के आधार पर स्कूलों में पोस्टिंग
- प्राथमिक स्तर पर 127 और माध्यमिक में 39 शिक्षकों की काउंसिलिंग
- दंतेवाड़ा में पूर्ण पारदर्शिता के साथ युक्तियुक्तकरण

**दंतेवाड़ा**, 7 जून (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल दंतेवाड़ा में जिले के प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया कलेक्टर कुणाल दुदावत की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस युक्तियुक्तकरण के तहत प्राथमिक स्तर में 127, माध्यमिक स्तर पर 39 शिक्षकों की काउंसिलिंग की गई। कलेक्टर द्वारा शिक्षकों की सहमति के आधार पर उनकी स्कूलों में पदस्थापना की गई।

ज्ञात हो कि युक्तियुक्तकरण से पहले शिक्षक विहीन प्राथमिक शाला संख्या 2 कुल पद- 4 (2 शिक्षक, 2 प्रधान पाठक), एकल शिक्षकीय प्राथमिक शाला संख्या 139 (कुल पद 149,) दर्ज संख्या के आधार पर अतिरिक्त शिक्षक आवश्यकता 43,(कुल रिक्तियां 196,) दर्ज की गई थी। इस प्रकार जिले में कुल अतिशेष शिक्षक की संख्या प्राथमिक स्तर 129 शिक्षक एवं 2 प्रधान पाठक की थी। इस क्रम में युक्तियुक्तकरण के बाद शिक्षक विहीन प्राथमिक शाला संख्या अब नहीं है एवं एकल शिक्षकीय प्राथमिक शाला संख्या 12 (कुल पद-22,) दर्ज संख्या के आधार पर अतिरिक्त शिक्षक आवश्यकता वाले स्कूलों की संख्या 43, (कुल रिक्तियां 65,) रही। इस प्रकार अब जिले में प्राथमिक शालाओं में अतिशेष की संख्या नहीं रही।

आज संपन्न हुई युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में 127 शिक्षक एवं प्रधान पाठकों की काउंसिलिंग की गई एवं 4 अनुपस्थित शिक्षकों को लॉटरी के माध्यम से विद्यालय प्रदान किया गया। इस प्रकार माध्यमिक स्तर पर युक्तियुक्तकरण से पहले शिक्षक विहीन माध्यमिक शाला की संख्या 0, एकल शिक्षकीय माध्यमिक शाला की संख्या 1 थी। इस प्रकार दर्ज संख्या के आधार पर अतिरिक्त शिक्षक वाले कुल माध्यमिक शाला 39 दर्ज किया गया था। इसके के तहत कुल रिक्तियां 42 रही। इस प्रकार जिले में माध्यमिक शालाओं में कुल 40 अतिशेष शिक्षक तथा 1 प्रधान पाठक का पद दर्ज किया गया था। युक्तियुक्तकरण के पश्चात जिले के माध्यमिक शाला स्तर में अतिशेष शिक्षकों की संख्या नहीं रही। आज हुए युक्तियुक्तकरण काउंसिलिंग माध्यमिक स्तर पर 39 शिक्षक एवं प्रधान पाठकों की काउंसिलिंग की गई एवं 2 अनुपस्थित शिक्षकों को लॉटरी के माध्यम से विद्यालय प्रदान किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, एसडीएम बचेली कमल किशोर, एसडीएम दंतेवाड़ा मूलचंद चोपड़ा, जिला शिक्षा अधिकारी एस.के.अम्बस्ट सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि राज्य में युक्तियुक्तकरण का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों के समायोजन एवं शिक्षकों की समुचित व्यवस्था किया जाना है। इसी दृष्टि से एक ही परिसर की विद्यालयों का समायोजन किया जा रहा है। जिन विद्यालयों में अधिक शिक्षक कार्यरत हैं, उन विद्यालयों से कम शिक्षक वाले विद्यालयों में शिक्षकों का समायोजन किये जाने से सभी विद्यालयों में शामिल समानुपातिक शिक्षकों की व्यवस्था होगी। युक्तियुक्तकरण से विद्यार्थियों को शालाओं में बार-बार प्रवेश से मुक्ति मिलेगी, जिससे ड्रॉप आउट रेट में कमी आयेगी। इसके अलावा एक ही परिसर के विद्यालयों में प्रशासनिक कसावट आयेगी। साथ ही विशेषज्ञ शिक्षकों की उपलब्धता बढ़ेगी। छोटी कक्षाओं के विद्यार्थियों हेतु उपचारात्मक शिक्षा हेतु विशेषज्ञ शिक्षक मिलेंगे। भविष्य हेतु बेहतर अधोसंरचना विकसित की जा सकेगी और शिक्षा के स्तर में एकरूपता को बढ़ावा मिलेगा।

## फुटबॉल मैच के दौरान जीत की खुशी, कोच की मौत



**भिलाईनगर,** 7 जून (देशबन्धु)। शुक्रवार को रिसाली में आयोजित फुटबाल स्पर्धा के दौरान दर्दनाक घटना में फूटबॉल के कोच की मैदान में ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार रिसाली के मैदान में सेमीफाइनल मैच खेला जा रहा था। जिसमें 3-0 से पिछड़ने के बाद 4-3 से जीत दर्ज की इसकी खुशी में कोच को हार्ट अटैक आ गया। उन्हे तत्काल अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार जीई रोड बजरंग पारा भिलाई-3 निवासी सुरेश राउत फुटबाल खिलाड़ी थे। वे भिलाई-3 न्यू मशाल क्लब फुटबाल टीम जूनियर के कोच के रूप में बच्चों को प्रशिक्षण देते थे। वे शुक्रवार को रिसाली के दशहरा मैदान के पास स्थित फुटबाल ग्राउंड में अपनी टीम को लेकर पहुंचे थे। यहां पर फुटबाल स्पर्धा में जूनियर वर्ग की टीम का सेमीफइनल मैच था। मैच के दौरान प्रतिद्वंद्वी टीम ने तीन गोल दागकर 3-0 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद न्यू मशाल क्लब की टीम ने तीन गोल दागे। इसके बाद न्यू मशाल क्लब के खिलाड़ियों ने एक और गोल दागते हुए स्पर्धा जीत लिया। मैदान पर टीम के खिलाड़ियों के साथ कोच सुरेश राउत का उत्साह व जोश देखते ही बन रहा था। बताया जाता है कि कुछ देर बाद ही मैदान के बाहर खिलाड़ी व कोच बैठकर नाश्ता करने लगे। इस दौरान कोच सुरेश की तबीयत बिगड़ गई। वह कुर्सी से नीचे गिर पड़े जिन्हें वहां मौजूद लोगों ने उठाया और स्थिति को देखते हुए पास के ही अस्पताल में पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने जांच उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके शव को सुपेला सरकारी अस्पताल के मरच्यूरी में लाया गया। इस घटना के बाद फुटबाल खिलाड़ियों में शोक की स्थिति है। सुरेश होने के साथ ही फइनेंस कंपनी में काम करते

## एससी, एसटी एम्पलाईज ने सीजीएम से की चर्चा



**भिलाईनगर,** 7 जून (देशबन्धु)। बीएसपी एससी, एसटी एम्पलाईज एसोसिएशन के महासचिव विजय कुमार रात्रे ने बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र अनूप कुमार दत्ता मुख्य महाप्रबंधक एसपी एवं ओएचपी से एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मडल अध्यक्ष कोमल प्रसाद के नेतृत्व में सौजन्य भेंट किये। अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने मुख्य महाप्रबंधक को एसोसिएशन की पत्रिका नया सवेरा भेंट किये। कोमल प्रसाद ने अनूप कुमार दत्ता को एसोसिएशन के विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया तथा सिटर सयत्र में गठित विभागीय समिति के पदाधिकारियों से परिचय कराया। कोमल प्रसाद ने एस सी, एस टी अधिकारियों को ग्रेडिंग के सन्दर्भ कहा कि एसोसिएशन के किसी भी अधिकारी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए, साथ ही नियमित कर्मचारियों एव संयंत्र में कार्यरत ठेका श्रमिकों की सुरक्षा उन्हें दी जा रही मूलभूत सुविधाएं जैसे शौचालय, विश्राम कक्ष, केन्टीन के संबंध में विस्तृत चर्चा किये। मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि कर्मचारियों को प्रदान की जा रही मूलभूत सुविधाए बेहतर है। जहा आवश्यकता है सुधार की वहा सुधार कार्य एवं मरम्मत कार्य चल रहा है। महिलाओं के लिए भी अलग से शौचालय एव विश्राम कक्ष की व्यवस्था है। उन्होने बताया कि सिटर संयंत्र में पर्यावरण को लेकर भी हम सजग है, हमने अपने संयंत्र के क्षेत्र को हरियाली से आच्छादित करने हेतु वृक्षारोपण का कार्य किये है। सगवारी गार्डन का निर्माण किये है। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में हम सब को मिलकर अभी और मिलकर कार्य करने की जरूरत है। सिंटर सयत्र से उड़ने वाली फाईन डस्ट की समस्या एवं शिकायत के संबंध में मुख्य महाप्रबंधक श्री दत्ता ने बताया कि इस संबंध में कुछ शिकायत है, इस समस्या का निराकरण पानी की बौछार करके कर लिया जाता है, परंतु कभी कभी नोजल की खराबी या मोटर पम्प की खराबी के कारण से यह समस्या आ जाती है। यह समस्या और इसका निराकरण साथ साथ चलने वाली प्रक्रिया है। श्री रात्रे ने सिंटर संयंत्र एवं ओ एच पी के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के नियमित कर्मचारियों को अंतर संयंत्र प्रशिक्षण हेतु भेजे जाने का अनुरोध किया। प्रतिनिधि मंडल में कोमल प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष चेतन लाल राणा, उपाध्यक्ष वेद प्रकाश सूर्यवशी, विजय कुमार रात्रे, अनिल कुमार खेलवार, मोहित ठाकुर, जसवंत नेताम,उदय कुमार राम, उमेश कुमार सूर्यवंशी उपस्थित थे।

## सिम का सायबर क्राइम में दुरूपयोग पीड़ित पहुंचा थाना

**भिलाईनगर,** 7 जून (देशबन्धु)। दो वर्ष पूर्व जियो और एयरटेल के कर्मचारी और प्रमोटर द्वारा धोखे से आधार कार्ड लेकर सिम जारी करने और उस सिम से सायबर अपराध करने वालों को देने के मामले में जामुल पुलिस ने एक महिला और पुरुष के खिलाफ भादवि की धारा 419 व 420 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। यह मामला भिलाई अंतर्गत कुरूद का है। सायबर थाना द्वारा क्राईम में जिस सिम का प्रयोग आरोपियों द्वारा किया गया वह धोखे और फर्जी डाक्यूमेंट के आधार पर जारी हुई है, मामला खुलते ही इस कृत्य से अनभिज्ञ युवक ने थाना पहुंच रिपोर्ट दर्ज करवाई है। जामुल थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने बताया कि ऐसी शिकायत सामने आने पर कुरूद भिलाई निवासी आशीष 28 वर्षद्ध की रिपोर्ट पर जियो कंपनी के मोनेन्द्र और एयरटेल कंपनी की प्रमोटर के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आशीष के आधार कार्ड का उपयोग कर धोखे से सिम निकाल उसे अन्य व्यक्ति को बेच कर धोखाधड़ी की गई है। जियो कम्पनी का कर्मचारी मोनेन्द तथा एयरटेल कंपनी की प्रमोटर 16 जनवरी 2023 को आशीष के मोहल्ले में घूम घूम कर सिम पोर्ट कर रहे थे। सुबह करीब 10 बजे वो आशीष के घर गए और सिम पोर्ट करने कहा। आशीष के मामा का लड़के ने अपना वोडाफोन आइडिया का सिम एयरटेल में पोर्ट कराने के लिए बोला। मामा का लड़का नाबालिग था इसलिए मोनेन्द ने आशीष का आधार कार्ड लिया और दो बार थम्ब इम्प्रेशन, दो बार फोटो व आधार कार्ड का फोटो लिया गया। तीन दिन बाद सिम मिल जायेगा बोल कर वो निकल गए। 6 जून 2025 को साइबर पुलिस के द्वारा आशीष चतुर्वेदी को जानकारी मिली कि उसके नाम से दो सिम निकाल कर मोनेन्द्र एवं ने धोखाधड़ी कर बेईमानी से किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया है। इसकी जानकारी होते ही मामला थाने में पहुंचा। पुलिस ने अपराध दर्ज कर इसमें जांच शुरु कर दी है।

## संयंत्र व सशस्त्र सीमा बल ने किया वृक्षारोपण



**भिलाईनगर,** 7 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग तथा सशस्त्र सीमा बल के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर-8 की सड़क 42 निरंकारी भवन के निकट वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 400 मिश्रित प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं उत्पल दत्ता उपस्थित रहे, जबकि विशेष अतिथि कमांडेंट एसएसबी कीर्तिवर्धन, द्वितीय कमान अधिकारी एसएसबी शंकर प्रसाद बर्नवाल उपस्थित थे। यह वृक्षारोपण कार्यक्रम नगर सेवाएं विभाग के उद्यानिकी अनुभाग प्रमुख डा. एन.के. जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में एसएसबी के जवानों व टीएसडी कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता प्रदान की। संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई कि वे अधिकाधिक मात्रा में वृक्षारोपण करें और पर्यावरण संबंधी जनजागरूकता अभियानों में भागीदारी सुनिश्चित करें। जिससे प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण और संवर्धन प्रभावी रूप से किया जा सके। इस अवसर पर विभाग से राजेश शर्मा, एस.एल. अग्रवाल, गफ्फार खान. व्हीय संदीप नायडू. एन. के.सिन्हा. ललित, सी.एम. चंद्राकर तथा किरण ठाकुर सहित नगर सेवाएं विभाग के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विश्व पर्यावरण दिवस पर संयंत्र के विभिन्न स्थानों पर एवं पंडित जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र के प्रांगण में भी बृहद पैमाने पर वृक्षारोपण किया गया। साथ ही संयंत्र द्वारा जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यकर्मों का आयोजन किया गया।

## सेक्टर-9 अस्पताल के समक्ष सूर्यनमस्कार कलाकृति अनावरित



**भिलाईनगर,** 7 जून (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के स्वागत में भिलाई इस्पात संयंत्र के सेक्टर-9 अस्पताल के मुख्य द्वार पर स्थित प रविशंकर शुक्ल चौक चौक में सूर्यनमस्कार की भव्य कलात्मक मूर्ति का अनावरण किया गया। यह कलाकृति भारत की प्राचीन योग परंपरा को समर्पित एक सांकेतिक श्रद्धांजलि है। जिसमें सूर्यनमस्कार के बारह योगिक आसनों को कलात्मक शैली में दर्शाया गया है। इस प्रतिमा का अनावरण कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी विजय कुमार बेहरा, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉण् विनीता द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. उदय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक नगर प्रशासन उत्पल दत्ता, अध्यक्ष सेफी एवं ओए एन. के. बंछोर तथ महासचिव परविन्दर सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस प्रतिमा की डिजाइनिंग टाउन आर्किटेक्ट प्लानिंग सेक्शनए नगर सेवाएं विभाग के उमाशंकर राव द्वारा की गई थी। यह संपूर्ण रूप से संयंत्र के स्टील प्लेटों का उपयोग करके इन हाउस संसाधनों से निर्मित की गई है, जो बीएसपी की आंतरिक डिज़ाइन एवं अभियांत्रिकी क्षमता को दर्शाती है। इसका निर्माण नगर सेवाएं विभाग द्वारा यांत्रिकी एवं उपयोगिता विभाग के सहयोग से संपन्न किया गया। इस अवसर पर कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। जिनमें महाप्रबंधक एम एंड एस. मेडिकल एस.एम. शाहिद अहमद, महाप्रबंधक विष्णु के. पाठक, महाप्रबंधक उद्यानिकी टीएसडी डॉ. एन. के. जैन,महाप्रबंधक जनसंपर्क प्रशांत तिवारी, उप महाप्रबंधक ईडी एचआर सचिवालय राजीव कुमार, उप महाप्रबंधक टीएसडी पीएचई डी.सी. सिंह, उप महाप्रबंधक टीएसडी राघवेंद्र गर्ग, उप महाप्रबंधक टीएसडी बी. एल. मीणा, सहायक महाप्रबंधक सिविल टीएसडी सरोज झा और सहायक महाप्रबंधक टीएसडी एन.के. मिश्रा प्रमुख रहे। पवन कुमार ने इस पहल को योग दिवस की भावना के अनुरूप एक सार्थक पहल बताया। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय के प्रवेश द्वार पर इस सूर्यनमस्कार कलाकृति की स्थापना यह संदेश देती है कि योग और नियमित शारीरिक क्रियाएं हमें रोगों से दूर रख सकती हैं। उन्होंने कहा की यदि हम अनुशासित और स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली अपनाएं तो चिकित्सालय की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी विजय कुमार बेहरा ने परियोजना से जुड़े सभी विभागों को बधाई देते हुए कहाए श्मैं जेएलएन चिकित्सालय के निकट ही निवास करता हूँ और निर्माण के दौरान अक्सर राहगीरों को इसे उत्सुकता से देखते पाया। अब यह मूर्ति न केवल सौंदर्य को बढ़ा रही है।

## हुड़को के पुराने सीवरेज सिस्टम को ठीक किया जाएगा



**भिलाईनगर,** 7 जून (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक-5 वार्ड-69 एवं 70 हुड़को में बरसो से पुराने सीवरेज सिस्टम के समस्या को दूर किया जाएगा। नये सिवरेज सिस्टम का निर्माण किया जायेगा। जिसका एजेंसी के द्वारा सतही स्तर पर ड्राईंग बनवा लिया गया है। उसी के आधार पर निर्माण होगा। वहां अधिकांश लोग सीवरेज सिस्टम के ऊपर मकान गार्डन, फर्शीकरण करके सीवरेज सिस्टम को ब्लॉक कर दिये हैं। जिसके कारण वहां पर निस्तारी के पानी में निकासी की समस्या आ रही है। यह मकान भिलाई स्टील प्लांट के भूखण्ड पर हुड़को द्वारा बनाया गया था। जिसको भिलाई स्टील प्लांट में काम करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा खरीदा गया था। संयंत्र द्वारा उन्हे नियमानुसार हाउस लोन भी प्रदान किया गया था। वर्तमान स्थिति अनुसार ज्यादातर घरों में वरिष्ठ नागरिक निवासरत है। युवा वर्ग अन्य जगहों पर कार्य कर रहे है। आज आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता के साथ हुड़को क्षेत्र के सीवरेज सिस्टम, नाले की सफाई, बारिश के पानी की निकासी, उद्यान का अवलोकन करने पहुंचे। स्थानीय नागरिकों द्वारा वहां की समस्याओं के बारे में आयुक्त को बताया कि हम लोग बहुत परेशान हो रहे है। आवश्यकताओं को देखते हुए निगम के महापौर परिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्ताव आया था। जिसकी चर्चा पश्चात लगभग 18 करोड़ रूपये का सीवरेज सिस्टम हेतु प्रास्ताव पारित कर शासन को राशि सुकृत करने के लिए भेजा गया था। स्थानीय नागरिकों द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि कुछ लोग अपनी सुविधा अनुसार सीवरेज सिस्टम के उपर पीछे के तरफ अवैध कब्जा करके निर्माण कर लिए है। उनके कारण बाकि लोग परेशानी उठा रहे है। ऐसे सभी निर्माण को तोड़ा जाए जिससे नाली की सफाई अच्छी तरह से हो सके। आयुक्त पाण्डेय ने कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह को शासन स्तर पर पुनः स्मरण पत्र प्रेषित करने को कहा। जोन के प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम को अतिक्रमणकर्ताओ को नोटिस देने के लिए निर्देशित किये है। सभी को नोटिस देकर स्वयं से कब्जा हटाने के लिए 15 दिवस का समय दिया जावें। निर्धारित तिथि पश्चात निगम द्वारा कब्जा हटाने की कार्यवाही की जाएगी। प्रमुख सड़क के उपर दुकानें खुल गई है। जिससे आवागमन भी बाधित हो रहा है। निरीक्षण के दौरान उपअभियंता दीपक देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक सागर दुबे, स्वच्छता पर्यवेक्षक हरिश चंद बारले, यशवंत मसकरे आदि उपस्थित रहे।

## आईएमटी उत्तरी यूरोप फ्रांस के साथ समझौता पर हस्ताक्षर



**भिलाईनगर,** 7 जून (देशबन्धु)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई आईआईटी भिलाई ने इंस्टीट्यूट माइंस टेलीकॉम(आईएमटी) नोर्ड यूरोप के साथ एक समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं, जो भारत और फ्रांस के बीच अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक और अनुसंधान साझेदारी को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण जरिया है। आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश ने आईआईटी भिलाई की ओर से इस समझौते पर हस्ताक्षर किए और आईआईटी भिलाई में अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियों के कार्यालय ने इस महत्वपूर्ण समझौते को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आईएमटी उत्तरी यूरोप और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई के बीच पारस्परिक हित के मामलों में संयुक्त कार्यों को आगे बढ़ाने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ समझौते को औपचारिक रूप दिया गया है। पार्टियों ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जो दोनों संस्थानों के उद्देश्यों में योगदान करने वाले द्विपक्षीय सहयोग लिंक को बढ़ावा देना चाहता है और साथ हीए क्षेत्रों के शैक्षिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में योगदान करने की अनुमति देता है। इस समझौते के तहत, आईआईटी भिलाई के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को फ्रांस में अध्ययन करने और संयुक्त डिग्री अर्जित करने का अवसर मिलेगा। जिससे उन्हें अमूल्य अंतर्राष्ट्रीय अनुभव प्राप्त होगा। यह सहयोग मैकेनिकल इंजीनियरिंग, पॉलिमर, कम्पोजिट मैटेरियल्स, मेकाट्रॉनिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ कंप्यूटर विज्ञान सहित कई प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा।

## सोसाइटी की आमसभा 8 को

**भिलाईनगर।** बीएसपी एम्पलाइज को ऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी सेक्टर.4 की सालाना आमसभा 8 जून को सुबह 10 बजे बीकेपी क्लब स्ट्रीट 6-7 के समीप सेक्टर.4 में आयोजित है। जिसमें अध्यक्ष का स्वागत भाषण, प्रतिवेदन बैलेंस शीट 2024-25 की स्वीकृति, बजट 2025-26 को मंजूरी और वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंकेक्षण की नियुक्ति को अनुमति देने सहित अन्य गतिविधियां होगीं। अध्यक्ष पूरनलाल देवांगन ने बताया कि आय व्यय का विवरण संस्था कार्यालय में उपलब्ध है और सदस्यों को अपना फोटोयुक्त पासबुक एवं गेट पास लाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि निर्धारित 50 वर्ष की तक वाले बीएसपी व एनएसपीसीएल कर्मियों को आमसभा स्थल पर ही सदस्यता भी दी जाएगी।

## प्लास्टिक की बोतल की जगह इंसुलेटेड बोतल का उपयोग करे



**भिलाईनगर,** 7 जून (देशबन्धु)। नगर पालिका अहिवारा ने एक अनूठी पहल शुरू की प्लास्टिक की बोतलों को कैसे हटाया जाए और उनका उपयोग ना हो। प्लास्टिक की जगह इंसुलेटेड बोतल दी गई। इससे बेतहाशा जो बोतलों का उपयोग होता है वह कम होगा और पर्यावरण संरक्षण करने में मदद मिलेगी। यह तभी संभव है, जब हम लोग इन बोतलों का उपयोग करें। शादियों में पार्टियों में डिस्पोजल का उपयोग न करें यह हजारों साल तक जमीन में रहने के बाद भी समाप्त नहीं होती प्लास्टिक की एक छोटी सी मात्रा हमारे शरीर में जाने पर कैंसर का रूप ले सकती है। नगर पालिका अहिवारा की इस पहल को सारे प्रदेश में लागू करने की जरूरत है। नपाध्यक्ष विद्यानंद कुशवाहा ने कहा कि इससे प्लास्टिक बोतलों से हमें निजात मिलेगी। नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी व प्रेसिडेंट इन काउंसलिंग की सभी सदस्य इसके लिए धन्यवाद के पात्र है, जिन्होनें इस उपयोग को कारगर बनाने में मदद कर रहे है।

## सर्वशक्तिवान भगवान हमारे साथ : ब्रह्माकुमारी



**भिलाईनगर**, 7 जून (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में चल रहे नौ दिवसीय निशुल्क गुड बाय टेंशन अलविदा तनाव शिविर के चौथे दिन आनन्द उत्सव सत्र में इंदौर से आई तनाव मुक्ति विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी ने शक्ति परमात्मा का वर्णन करते हुए कहा कि हरेक को जीवन में विपत्ति के समय सच्चा सहारा, सर्व संबंधो का प्यार, सुरक्षा का अनुभव चाहिए। यह सब हम आत्माओं को परमात्मा से जुड़ने पर ही मिलता है। जब परमात्मा के बारे में बहुत सी मतें हो जाती हैं तो वे स्वयं आकर अपना सत्य परिचय देते हैं। परमात्मा व अन्य मनुष्य आत्माओं की विभिन्न बिन्दुओं द्वारा तुलना कर स्पष्ट करते हुए उन्होंने बताया कि परमात्मा अजन्मा है, जन्म मरण से न्यारा है हम मनुष्यात्मा, जन्म.मरण के चक्र में आती है। परमात्मा अवतरित होते हैं। उनका पांच तत्वों का शरीर नहीं हैं। वे सर्वशक्तिमान हैं, जगत नियंता परमात्मा सृष्टि का पालनहार है। वे परमशिक्षक, परम सद्गुरु हैं। वे ज्ञान के सागर हैं, परमात्मा को ही शांति दाता, शक्ति दाता कहा जाता है। वे भोलेनाथ के रूप में सभी की मनोकामनाओं को पूर्ण करते है। भारत में 12 ज्योतिर्लिंग मंदिर ज्योतिस्वरूप परमात्मा की ही यादगार हैं। जैसे आत्मा ज्योति प्रकाश स्वरूप पॉइंट ऑफ लाइट है, ऐसे ही आत्मा के पिता परमात्मा भी प्रकाश स्वरूप है वे हम सभी मनुष्य आत्माओं के पिता हैं। हम उनके बच्चे हैं तो उनकी सारी संपत्ति के हम वारिस यानि मालिक हो गये। जिन्हें प्राप्त करने हमे राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से उनसे सम्बन्ध जोड़ना होगा। पूनम बहनजी ने अभ्यास कराते हुए आज का स्प्रीचुअल इंजेक्शन सर्वशक्तिवान हजार भुजाओं वाला भगवान मेरा साथी हैए स्वयं भगवान मेरे मददगार हैंश् और इसे विश्वास पूर्वक अनुभव करते हुए बार बार लिखकर अभ्यास करने के लिए होमवर्क दिया द्य

## प्रादेशिकी का शेष...

### दंतेवाड़ा जिले में कोई...

और उन्हें आगे की अध्ययन हेतु अलग-अलग शालाओं में प्रवेश करने की आवश्यकता नहीं रहेगी। इसके अलावा एक ही परिसर के विद्यालयों में प्रशासनिक कसावट आयेगी। साथ ही विशेषज्ञ शिक्षकों की उपलब्धता बढ़ेगी और छोटी कक्षाओं के विद्यार्थियों हेतु उपचारात्मक शिक्षा हेतु विशेषज्ञ शिक्षक मिलेंगे, और शिक्षा के स्तर में एकरूपता को बढ़ावा मिलेगा। पत्रवार्ता के दौरान जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, जिला शिक्षा अधिकारी एस.के.अम्बष्ट मौजूद थे।

# भाजपा चलाएगी संकल्प से सिद्धि अभियान

**कोण्डागांव**, 7 जून (देशबन्धु)। कोंडागांव जिला भाजपा कार्यालय में मोदी सरकार के 11 साल – संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के आयोजन को लेकर 6 जून को जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता के रूप उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ एवं पूर्व सासंद दिनेश कश्यप ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने जा रहे है। इन 11 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों और विकास कार्यों को आमजन तक पहुंचाने के लिए भाजपा संकल्प से सिद्धि अभियान चलाएगी। इस अभियान के अंतर्गत अनेक आयोजन होंगे। श्री कश्यप ने आगे कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार विरासत को संवारने के साथ विकास की तेज रफ्तार का काम कर रही है। यही कारण है कि पीएम के नेतृत्व में देश लगातार तरक्की कर रहा है। आज भारत पीएम मोदी के नेतृत्व में सशक्त व सक्षम राष्ट्र के रूप में दुनिया के सामने है। पहलगाम में हुए कायराना आतंकवादी हमले के बाद देश की सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकवाद के परस्त पाकिस्तान को करारा जवाब दिया।

बस्तर संभाग प्रभारी दीपेश अरोरा ने कहा डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के जम्मू कश्मीर से धारा– 370 हटाने का संकल्प पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार हुआ। पीएम मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार निरंतर प्रदेश के विकास का काम कर रही है। मुख्य मंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में चहुंमुखी विकास के साथ–साथ नवाचारों के माध्यम से छत्तीसगढ़ को बढ़ाने का काम किया जा रहा है।विधायक नीलकंठ टेकाम ने आगामी होने वाले कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 9 जून से सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 वर्ष अभियान शुरू होने जा रहा है। अभियान के साथ–साथ अनेक कार्यक्रम भी होंगे। संकल्प से सिद्धि अभियान के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जमीन पर उतारने का काम भाजपा कार्यकर्ता करेंगे। प्रत्येक बूथ, शक्ति केंद्र और मंडल तक कार्यकर्ता पहुंचेगा, ऐसी योजना बनाई जा रही है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की उपलब्धियों को सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल के तहत जन–जन तक पहुंचाने का कार्य कार्यकर्ता करेंगे।




**मोदी सरकार के 11 वर्षों में हुए विकास कार्यों व उपलब्धियों को पहुंचाएंगे घर-घर**

9 जून को डिजिटल प्रतियोगिता होगी, जिसके अंतर्गत मोदी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल के छोटे वीडियो चित्रात्मक ग्राफिक्स संबंधित प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। 10–11 जून को शहर स्तर पर रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पर्यावरण संरक्षण की के लिए केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा जल संरक्षण की दृष्टि से तालाबों, पोखरों एवं कुओं आदि के संरक्षण का कार्य निरंतर किया जा रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां' के नाम के तहत पौधा रोपकर उसे सहजने का काम हम सभी को करना है। मंडल स्तर पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन कर विकसित भारत बनाने के लक्ष्य का संकल्प लिया जाएगा। शक्ति केंद्र स्तर पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा। आयुष्मान योजना का शत प्रतिशत लाभ वरिष्ठों को मिले इस लक्ष्य को लेकर बूथ पर काम किया जाएगा। अन्य योजनाओं का 100 प्रतिशत लाभ लोगों को मिल सके। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले 15 से 20 जून तक मंडलों में योग प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाए। 23 जून डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस एवं 6 जुलाई को उनकी जयंती तक कार्यक्रमों की श्रृंखला मनायी जाएगी। 25 जून को कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल के काले अध्याय के 50 वर्ष होने पर सेमिनार और लोकतंत्र सेनानी के सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यशाला में अध्यक्ष जिला पंचायत रीता सोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा प्रवीर सिंह, गोपाल दीक्षित, जसकेतु उसेंडी, आकाश मेहता, बालकुंवर प्रधान, चंदन साहू प्रेमसिंह नाग, धन्जू मरकाम, हितेंद्र झा, प्रशांत पात्र, जितेंद्र सुराना, नंदलाल राठौर, महेश नेताम, संजू ग्वाल, संजू पोयाम, दीपेंद्र नाग, गणेश दुग्गा, हेमचंद, सोनामणि, अनिता कोर्राम, यशोदा नाग सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# बजरंगबली से आशीर्वाद लेकर कांग्रेस निकालेगी शिक्षा न्याय यात्रा

**कोण्डागांव,** 7 जून (देस्बन्धु)। 7 जून दिन शनिवार को कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक कांग्रेस भवन में आहूत की गयी, जिसमें कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों–कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार शिक्षा के साथ खिलवाड़ कर रही भाजपा सरकार के द्वारा किये जा रहे स्कूलों के युक्तियुक्तकरण के विरोध में जिले के ब्लॉक केशकाल व माकड़ी में 10 जून मंगलवार को एवं ब्लॉक कोंडागांव, फरसगांव एवं विश्रामपुरी में 11 जून बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों का घेराव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षगण के नेतृत्व में किया जाएगा। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में 18 जून बुधवार को कांग्रेस भवन कोंडागांव में एकत्रित होकर बजरंगबली जी से आशीर्वाद लेकर शिक्षा न्याय यात्रा निकाल रैली के माध्यम से कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिन स्कूलों को सरकार बंद कर रही है कांग्रेस पार्टी द्वारा उन सभी स्कूलों में पालकों के साथ प्रदर्शन किया जाना है। भाजपा सरकार द्वारा शराब दुकान खोली जा रही है और स्कुल बंद किया जा रहा है। सरकार नहीं चाहती कि बस्तर के बच्चे पढ़ लिख कर आगे बढ़ें। भाजपा का मकसद आदिवासी मुख्य मंत्री बनाकर सिर्फ वाहवाही लूटने का है, आदिवासियों से कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र के माध्यम से पढ़ने को मिला है कि जिले के एकलव्य स्कुल में 54 विद्यार्थियों में से केवल 02 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। जिसका कारण शिक्षकों की कमी बताई जा रही है। ऐसी स्थिति में शिक्षा की गुणवत्ता पर सवाल उठना लाजमी है। कांग्रेस पार्टी, भाजपा सरकार की ऐसी शिक्षा नीति का पुरजोर विरोध करती है। कांग्रेस की लड़ाई जनहित में जारी रहेगा। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री रितेश पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष झूमूकलाल दीवान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भारत देवांगन, शहर कांग्रेस अध्यक्ष तरुण गोलछा, पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती वर्षा यादव, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष पार्षद श्रीमती हेमा देवांगन, मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, संजय करन, नंदू दीवान, योगेंद्र राठौर, ब्रिज सोढ़ी, लखमू कोर्राम, जनपद सदस्य रामनाथ नाग, बुधराम कश्यप, देवेंद्र कोर्राम, निमेंद्र दीवान, गुणमती नायक, नीलू देवांगन, प्रीति भदौरिया, श्याम सिंह, गनू पोयाम, योगेंद्र पोयाम, सुनील रैकवार, रूपेश गोस्वामी, रविन्द्र दीवान, बिन्दा चन्द्रवंशी सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।




**कांग्रेस करेगी खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव**

# ऑयल पॉम प्लांटेशन अभियान की तैयारी प्रारंभ

**कोण्डागांव**, 7 जून (देशबन्धु)। भारत सरकार द्वारा तिलहन फसलों का उत्पादन बढाने के लिए नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल (एनएमईओ) ऑयल पॉम की योजना कोण्डागांव जिले में संचालित है। जिला कोण्डागांव में ऑयल पॉम खेती की संभावनाओं के दृष्टिगत वर्ष 2022–23 से निरंतर प्रयास किया जा रहा है, ऑयल पॉम क्षेत्र विस्तार को बढ़ावा देने के लिए चालू वर्ष 2025–26 केन्द्र शासन द्वारा देय अधिकतम अनुदान प्रावधान के अलावा राज्य शासन द्वारा अतिरिक्त अनुदान ज्व्च् न्च् किये जाने का निर्णय लिया गया है।

जिला कोण्डागांव में चालू वर्ष हेतु 1000 हैक्टर में ऑयल पॉम लगाने का लक्ष्य निर्धारित है, जिले के सभी वर्ग के कृषक ऑयल पॉम योजना से लाभ लेने हेतु पात्र होंगं, कृषक व्यक्तिगत अथवा एक से अधिक सामूहिक रूप में योजना का लाभ ले सकेंगे। योजना का कियान्वयन क्लस्टर आधार पर किया जा रहा है। प्रत्येक क्लस्टर का न्यूनतम रकबा 10 हैक्टर अनिवार्य है, जो कि चयनित ग्राम पंचायतों में ही व्यवस्थित होगी। कृषकों को ऑयल पॉम की खेती से संबंधित समस्त गतिविधि, तकनीकी सहायता एवं मार्गदर्शन उद्यान विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा निरंतर की जा रही है। हितग्राहियों का चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जा रहा है। योजना में पौधे की उपलब्धता के साथ–साथ रखरखाव, अंतर्वतीय फसले, बोरवेल, पम्प सेट, फेंसिंग, ड्रिप आदि का प्रावधान है।

इस वर्ष ऑयल पॉम प्लांटेशन ड्राईव का शुभारंभ ग्राम चिंगनार विकास खण्ड फरसगांव के चयनित क्षेत्र 16 हैक्टर में अनुमानित 09 जून 2025 को रोपण कराया जाना है, 9 जून 2025 के बाद जिले के समस्त विकास खण्ड में चयनित कृषकों के प्रक्षेत्र में ऑयल पॉम रोपण 9 जुलाई 2025 तक प्लांटेशन ड्राईव के रूप में निरंतर रहेगा। ऑयल पॉम रोपण हेतु इच्छुक कृषकों से आव्हान किया जाता है कि वन पट्टाधारी कृषक बड़े हिस्से में रिक्त जमीन, भर्री, टिकरा, जमीन में ऑयल पॉम रोपण कर सुनिश्चित आय का साधन निर्मित करें, अधिक जानकारी के लिए विकास खण्ड में स्थापित उद्यान रोपणियों मैदानी क्षेत्र के अमलो तथा जिला कार्यालय सहायक संचालक उद्यान में संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है। इच्छुक कृषक स्वयं घर में हार्टिकल्चर बेनिफिसरी ट्रेकिंग सिस्टम के ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं।

# जिले की सभी ग्राम पंचायतों में मनाया गया रोजगार दिवस

**कोण्डागांव,** 7 जून (देशबन्धु)। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के तहत प्रत्येक माह की 7 तारीख को आयोजित होने वाले रोजगार दिवस के अवसर पर जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान योजना से जुड़े श्रमिकों को जहां जन मनरेगा ऐप की जानकारी दी गई, वहीं जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर भी जागरूक किया गया। साथ ही मनरेगा योजना के अंतर्गत मजदूरी भुगतान की प्रक्रिया, जॉब कार्ड संधारण तथा श्रमिकों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी

रोजगार दिवस के मौके पर योजना अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों को जन मनरेगा मोबाइल ऐप के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें ऐप की विशेषताएं, जैसे कार्यस्थल की जानकारी, मजदूरी भुगतान की स्थिति और जॉब कार्ड की जानकारी देखने की प्रक्रिया समझाई गई, साथ ही श्रमिकों के मोबाइल में ऐप को स्थानीय रोजगार सहायकों द्वारा इंस्टॉल भी कराया गया, ताकि वे योजना से जुड़ी अद्यतन जानकारी स्वयं प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के दौरान ष्मोर गांव मोर पानी महाअभियानष् के तहत जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के उपायों पर भी प्रकाश डाला गया। रोजगार सहायक एवं तकनीकी सहायकों द्वारा श्रमिकों को बताया गया कि किस प्रकार सामूहिक प्रयासों से भूजल स्तर को पुनः संतुलित किया जा सकता है। उन्हें गली प्लग, बोरी बंधान, खेत तालाब जैसे संरचनात्मक उपायों की जानकारी दी गई और जल संचयन के लिए अधिकाधिक भागीदारी का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में 100 कार्य दिवस पूर्ण कर चुके परिवारों को 'प्रोजेक्ट उन्नति' के तहत कौशल विकास से जोड़ने की पहल के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गई। उन्हें सिलाई, मोबाइल रिपेयरिंग, राज मिस्त्री जैसे विभिन्न ट्रेड में निःशुल्क प्रशिक्षण के बाद मिलाने वाली लाभ के बारे भी बताया गया। इस दौरान ग्राम पंचायतों में स्वीकृत मनरेगा कार्यों की सूची भी श्रमिकों को साझा की गई। उन्हें योजना के तहत सुलभ रोजगार अवसरों की भी जानकारी दी गई।




**रोजगार दिवस में श्रमिकों को जन मनरेगा ऐप और जल संरक्षण के प्रति किया गया जागरूक**

## सार-संक्षेप

### सर्व ब्राह्मण समाज चारामा इकाई गठित



**चारामा, 7 जून** (देशबन्धु)। सर्व ब्राह्मण समाज तहसील इकाई चारामा द्वारा शुक्रवार 6 जून को पदाधिकारी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से संरक्षक कृष्ण दत्त दुबे को बनाया गया। वही समाज का अध्यक्ष पंडित दाऊ लाल तिवारी को बनाया गया। सचिव मिथलेश शर्मा, उपसचिव नंद किशोर उपाध्याय, कोषाध्यक्ष विनय पांडेय, उपकोषाध्यक्ष शेष नारायण अवस्थी, मिडिया प्रभारी देवप्रसाद तिवारी, संगठन मंत्री उत्तम दुबे, चारामा (शहरी)से उपाध्यक्ष धर्मेंद्र मेहता, चारामा (ग्रामीण) से कमलेश पांडेय, लखनपुरी क्षेत्र से फलेंद्रधर दीवान, गितपहर हल्बा क्षेत्र से घनश्याम शुक्ला, मुड़खुसरा क्षेत्र से आशीष तिवारी चुने गए। समाज के पदाधिकारियों के गठन उपरांत शासकीय अस्पताल में जाकर विप्र समाज ने मरीज़ो,परिवार जनों तथा स्टॉफ में फल एवं नास्ता आदि वितरण किया। इस कार्यक्रम में पदाधिकारी के साथ साथ विप्र समाज के गणमान्य नागरिक चन्द्रकांत जोशी, प्रभाशंकर जोशी, सुशील शर्मा, राधेश्याम दुबे, मुकेश शर्मा, सरजू दुबे, अम्बिका पाण्डेय, दिलीप तिवारी, अजीत चौबे, नीतेश जोशी, नोमेश्वर शुक्ला, पवन पाण्डेय, पंकज पाण्डेय, विकास दुबे, सुधांशु पाण्डेय, जितेन्द्र शर्मा, गीतेश दुबे, माता- बहने, युवा वर्ग भी उपस्थित रहे।

# वृक्षारोपण एवं विधिक साक्षरता शिविर

**कोण्डागांव**, 7 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर जिला न्यायालय परिसर में वृक्षा रोपण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल नेतृत्व में जिला न्यायालय परिसर कोण्डागांव में 05 जून 2025 को वृक्षारोपण के साथ स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए 'प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारीगण, समस्त अधिवक्तागण लीगल एड डिफेंस कौंसिल के न्याय मित्र, न्यायिक कर्मचारीगण तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण अधिकार मित्र' ने बढ़–चढ़कर भाग लेते हुए पर्यावरण संतुलन बनाये रखने हेतु अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आव्हान किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को मूल कर्तव्यों से जोड़ते हुए न्यायाधीशगण/कर्मचारीगण तथा अधिवक्तागण ने अपने–अपने हाथों से पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण हेतु संकल्प लिया।

उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने उपस्थितजनों को पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु मध्यस्थता केन्द्र में विधिक जागरूकता/विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पर्यावरण के बारे में जागरूकता बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्रवाही को संगठित करने के लिए हर साल 05 जून को विश्व में पर्यावरण दिवस मनाया जाता है का संदेश दिया गया। इसी कार्यक्रम के अंत में 'प्रतिधारक अधिवक्ता, सुरेन्द्र भट्ट' के द्वारा पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए पेड़–पौधे लगाने के साथ–साथ उसके समूचित देखभाल करने की भी उतनी आवश्यकता है बताया गया। साथ ही आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्लास्टिक से बनी वस्तुओं का उपयोग नहीं करने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल, प्रशिक्षु न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, न्याय मित्र, न्यायिक कर्मचारीगण तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण एवं अधिकार मित्र' उपस्थित रहे।




**विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला न्यायालय परिसर में**

# कलेक्टर ने अबूझमाड़ मल्लखंब के खिलाड़ियों से की मुलाकात

**कोण्डागांव,** 7 जून (देशबन्धु)। कोंडागांव कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने शुक्रवार को नारायणपुर के अबूझमाड़ मल्लखंब के प्रतिभावान खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनके हालिया प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता समर्पण, अनुशासन और अथक मेहनत का परिणाम है, जो पूरे बस्तर अंचल के लिए गर्व का विषय है।



**खेलो इंडिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर दी बधाई**

**खेलो इंडिया यूथ गेम्स और बीच गेम्स में शानदार प्रदर्शन**

खिलाड़ियों ने बिहार में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में भाग लेकर एक रजत और चार कांस्य पदक अपने नाम किए। वहीं, खेलो इंडिया गेम्स 2025, जो दीव (यूनियन टेरिटरी) में आयोजित हुआ, उसमें भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बालक एवं बालिका वर्ग की टीम चैंपियनशिप में उन्होंने कुल 2 स्वर्ण और 1 रजत पदक जीतकर बस्तर की खेल प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच पर स्थापित किया। खिलाड़ियों से चर्चा के दौरान कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने उनकी उपलब्धियों को बस्तर के आदिवासियों के लिए एक मिसाल बताया। उन्होंने आगे कहा आप सबकी सफलता न केवल नारायणपुर बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है। आपकी मेहनत, लगन और समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है।

# अभा बंजारा समाज केशकाल परिक्षेत्र का गठन

**पुरषोत्तम नायक बने उपाध्यक्ष, प्रवक्ता मोतीलाल राठौर**



**फरसगांव,** 7 जून (देशबन्धु)। अखिल भारतीय बंजारा समाज ब्लाक बडेराजपुर व केशकाल दोनों के सयुक्त तत्वावधान में नायक टांडा कोरोहोबेडा में बैठक आहूत किया गया। सर्वप्रथम बंजारा समाज के आराध्य देव संत श्री सेवालाल महाराज मां भवानी याडी मेरामा के छाया विग्रह में पुजा अर्चना दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम को विधिवत आरम्भ किया गया और सामाजिक समरसता को कायम रखते हुए बड़ेराजपुर व केशकाल के अध्यक्ष द्वारा प्रस्ताव रखा गया जिसे सर्वसम्मति से पारित करते हुए केशकाल परिक्षेत्र का गठन उपस्थित दोनों ब्लाकों के प्रबुद्ध जन वा माताओं बहनों की पावन उपस्थिति में सर्वसम्मति से सम्पन हुआ पश्चात मनोनित पदाधिकारियों को माताओं बहनों व वरिष्ठ जनों द्वारा टीका मस्तकाभिषेक किया गया। केशकाल परिक्षेत्र के चयनित पदाधिकारी अध्यक्ष अखिलेश राठौर,उपाध्यक्ष पुरषोत्तम नायक, सचिव दीपक नायक, सहसचिव बिसाऊ राठौर, प्रवक्ता मोतीलाल राठौर, मिडिया प्रभारी नितेश कुमार नायक, संरक्षक, लक्ष्मीनाथ चौहान, लोकनाथ राठौर, सोहन राठौर, महावीर नायक।

# शिक्षा और कौशल विकास में नवाचार की नई श्रृंखला

**दंतेवाड़ा,** 7 जून (देशबन्धु)। शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में नवाचार की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए, दंतेवाड़ा जिला प्रशासन ने एक और प्रभावशाली पहल की है। स्थानीय युवाओं को डिजिटल दुनिया से जोड़ने और उन्हें रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से, जिला प्रशासन ने नवगुरुकुल संस्था के सहयोग से शैक्षणिक सत्र 2025,26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। यह कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क एवं आवासीय है, जिसमें छात्रों को कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, व्यवसायिक और पेशेवर कौशलों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

नवगुरुकुल का यह कार्यक्रम विशेष रूप से उन युवाओं के लिए डिजाइन किया गया है जो सीमित आर्थिक संसाधनों के बावजूद आगे बढ़ना चाहते हैं। प्रशिक्षण की अवधि 18 से 24 महीने की होगी, जिसमें छात्रों को निःशुल्क हॉस्टल, लैपटॉप, इंटरनेट और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। पाठ्यक्रम को इस प्रकार से तैयार किया गया है कि प्रतिभागी प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद आत्मविश्वास के साथ रोजगार की दुनिया में प्रवेश कर सकें। उल्लेखनीय है कि अब तक दंतेवाड़ा जिले के 100 से अधिक छात्र इस कार्यक्रम में शामिल हो चुके हैं, जिनमें से 52 से अधिक छात्र देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में सफलतापूर्वक चयनित हो चुके हैं। इन छात्रों को 12 से 25 हजार रुपये मासिक वेतन प्राप्त हो रहा है, जिसमें औसत वेतन 15 से 20 हजार रुपये के बीच है। विशेष बात यह है कि इस कार्यक्रम में भाषा को कोई बाधा नहीं माना जाता केवल मौलिक अंग्रेजी ज्ञान पर्याप्त है। कार्यक्रम सभी जेंडर के लिए खुला है, हालांकि महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी, और अधिकतम आयु की कोई सीमा नहीं है। इस सत्र हेतु नवगुरुकुल में प्रवेश परीक्षा के लिए तिथियां जारी कर दी गई है। इस क्रम में विकासखंड, गीदम में 9 जून को (परीक्षा केंद्र स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बारसूर,) विकासखंड, कुआकोंडा में 10 जून को (परीक्षा केंद्र पोटा केबिन स्कूल पालनार,) विकासखंड, कटेकल्याण में 12 जून को (परीक्षा केंद्र स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कटेकल्याण,) विकासखंड, दंतेवाड़ा में 13 जून को (परीक्षा केंद्र स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, बचेली) प्रवेश परीक्षा होगी। नवगुरुकुल में प्रवेश हेतु आवेदक की न्यूनतम आयु 17 वर्ष निर्धारित की गई है। (अधिकतम आयु की कोई सीमा नहीं है)। इसके अलावा आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 5 लाख रुपये से कम होनी चाहिए। चयनित सभी प्रतिभागियों को यह प्रशिक्षण एवं सुविधाएं पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की जाएंगी, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही अधिक जानकारी के लिए कॉल या व्हाट्सएप नंबर 8103248471,6265158142 संपर्क किया जा सकता है।



- दंतेवाड़ा के युवाओं को सशक्त बनाने की बेहतरीन कोशिश
- युवाओं को शत-प्रतिशत नौकरी की गारंटी
- फ्री कोडिंग एवं बिजनेस एजुकेशन नवगुरुकुल में प्रवेश प्रारंभ

# 14 को विश्व रक्तदाता दिवस पर जिला अस्पताल में होगा रक्तदान शिविर

**कोण्डागांव,** 7 जून (देशबन्धु)। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 14 जून को जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। रक्तदान के लिए जिला अस्पताल में तैयारी पूर्ण कर ली गई है। ज्ञात हो कि लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं रेडक्रास सोसायटी द्वारा वर्ष 2005 से प्रति वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस आयोजित किया जाता है। यह भी उल्लेखनीय है कि 18 वर्ष से अधिक आयु एवं 45–50 किलो ग्राम से अधिक वजन वाले व्यक्ति रक्तदान कर सकते हैं। स्वास्थ्य जांच के उपरांत किसी भी प्रकार का रोग नहीं पाए जाने पर ही रक्तदान किया जा सकता है। रक्तदान से 24 घण्टे पूर्व से ही शराब, धूम्रपान एवं तम्बाकू के सेवन नहीं करना चाहिए। रक्तदान से हार्ट अटैक, खून का थक्का जमने, लिवर संबंधित समस्याओं आदि से राहत मिलती है साथ ही रक्तदान से वजन कम करने, नये ब्लड सेल्स के निर्माण आदि में सहायता मिलती है। चिकित्सा अधिकारियों ने अपील की है कि अधिक से अधिक लोग रक्तदान शिविर में आकर रक्तदान करें, ताकि आपात स्थितियों में किसी जरूरतमंद इंसान को रक्त देकर सहायता की जा सके।



उल्टा पुल्टा

गांव से एक लड़का शहर पढ़ने आया. एक लड़की ने पूछा- तुम्हारा निकनेम क्या है?
लड़का- हैं?
वो क्या होता है?
लड़की- मतलब तुम्हें घर पर सब किस नाम से बुलाते हैं?
लड़का- कामचोर!

# भारत माला घोटाला मास्टर माइंड हरमीत सिंह खनुजा का एक और जमीन घोटाला उजागर

## ग्राम सेवा समिति की पंडरीतराई स्थित 1,79,467 वर्गफीट जमीन राजस्व रिकार्ड में कुटरचना कर अपने नाम चढ़वाया



**रायपुर**, 7 जून (देशबन्धु)। भारतमाला मुआवजा घोटाले में जेल में बंद हरमीत सिंह खनुजा उर्फ राजु सरदार का एक ओर बड़ा घोटाला सामने आया है जिसमें पंडरीतराई में ग्राम सेवा समिति को 25 करोड़ की बेशकिमती 1,79,467 वर्गफीट जमीन को 60 वर्ष पुरानी रजिस्ट्री व कुटरचित हक त्याग पत्र निर्मित कर उसे असल बताकर तत्कालीन तहसीलदार मनीष देव साहू से साठगांठ कर हरमीत सिंह खनुजा द्वारा नामांतरण आदेश 15.02.2023 प्राप्त किया गया

उल्लेखनीय है कि उक्त आशय कि जानकारी देते हुए ग्राम सेवा समिति के मंत्री अजय तिवारी ने बताया कि कथित 60 वर्ष पुराने विकय पत्र दिनांक 20.01.1965 के आधार पर रविन्द्र अग्रवाल च जितेन्द्र अग्रवाल सहित 10 लोगों के नाम खसरा नंबर 299/1क में चढ़ाने आदेश पारित करवा लिया गया जबकि उक्त भूमि की रजिस्ट्री 20.01.1965 के विक्रेता लखनलालए शत्रुहन लालए कभी भी खसरा नंबर 299य1क रकबा 4.12 एकड़ के मालिक नहीं रहे और न राजस्व राजस्व अभिलेख में उनका नाम दर्ज था चूंकि राजस्व अभिलखों में अभिलिखित विक्रेता का नाम नहीं था फिर भी हल्का पटवारी पंडरीतराई विरेन्द्र कुमार झा द्वारा ग्राम सेवा समिति की भूमि खसरा नंबर 267, 268, 269, 270, 271, 272 273, 274, 275, 276, 281, 282, 283,298, 2991क, 299/1, 299/1ए, 299,2, 300,1 के परिवर्तित संधारण शीट प्लाट नंबर 1 एवं 2 के बीच कुटरचना कर प्लाट नंबर 1ध्2 रकबा अवैध रूप से दर्ज कर 12 लोगो का नाम चढ़वा दिया गयाए नाम चढ़वाने के पश्चात हरमीत सिंह खनुजा द्वारा 7 मार्च 2023 को एक कुटरचित हक त्याग पत्र तैयार किया गयाए जिससे पंजीकृत बताया गया जबकि वह पंजीकृत नहीं था प्राप्त शिकायत के सबंध में संयुक्त जांच समिति द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज एवं अनावेदकों द्वारा प्रस्तुत जवाबों का अवलोकन एवं सूक्ष्म परिशीलन किया गया।

संलग्न बैनामा अनुसार अनावेदक रविन्द्र अग्रवाल के पिता बृज भूषण लाल अग्रवाल के द्वारा ग्राम.पंडरीतराई पह नंबर 109 स्थित भूमि कुल खसरा 45 जुमला रकबा 8 00 एकड़ भूमि विक्रेता लखनलाल वल्द रामदुलारे एवं अन्य तीन से पंजीकृत विकय पत्र 20.01.1965 द्वारा कय किया गया है।

पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि कुल खसरा 45 में से खसरा न 299/1 क का कितना भाग रकबा कय किया गया है। बैनामा में स्पष्ट उल्लेख नहीं है फिर भी तत्कालीन तहसीलदार रायपुर द्वारा फौती नामांतरण प्रकरण में अपने आदेश में विधिविरूद्ध यह मान लिया है कि खसरा नंबर 299/1 क का आधा हिस्सा कुल 4.12 एकड़ का विक्रय बृजभूषण अग्रवाल पिता रामस्वरूप अग्रवाल ने विकय विलेख से कय किया है जबकि राजस्व अभिलेख में वाद भूमि कभी भी न तो विक्रेता के नाम पर दर्ज रहीए न ही केता के नाम पर दर्ज रही है न ही विचाराधीन विक्रय विलेख में वाद भूमि के रकबे का उल्लेख है। वादभूमि के संबंध में पूर्व में नामांतरण पंजी दाखिला कमांक 18 दर्ज प्रविष्टि 20 दिसंबर 2007 में प्रमाणीकरण आदेश 31 जनवरी 2008 को कलेक्टर रायपुर के प्रकरण कमांक 054.121 वर्ष 2008.09 में पारित आदेश 29 नवंबर 2008 एवं 10 मई 2010 के अनुसार निरस्त किया गया है। संहिता की धारा.109 के अनुसार जो व्यक्ति विधिक स्वत्व धारण करता है।

वही व्यक्ति अपने स्वत्व का अंतरण कर सकता है जबकि प्रश्नाधीन भूमि कभी भी विक्रेता के नाम पर दर्ज नहीं रही है। ऐसी स्थिति में तत्कालीन तहसीलदार रायपुर मनीष देव साहू द्वारा फौती नामांतरण प्रकरण में उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश से परे जाकर मनमाना फौती नामांतरण आदेश पारित किया गया है जो कि त्रुटिपूर्ण एवं विधि विरूद्ध है। जांच समिति ने तत्कालीन मनीष देव साहू को उच्च न्यायालय के आदेश 11.11.2022 के परिपालन में प्रश्नाधीन नामांतरण किये जाने का उल्लेख किया है जबकि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश में नामातंरण किये जाने का कोई निर्देश नहीं है अर्थात मनीष देव द्वारा उच्च न्यायालय के ओदश का भी उल्लंघन होना समिति ने माना हैं।

# धर्मांतरण से आदिवासी समाज खतरे में, जो मदद करेगा उससे सहायता लेंगे : नेताम



- बैज कहीं ईसाई धर्म में मतांतरण तो नहीं हुए
- धर्मांतरण को लेकर संघ की नीति स्पष्ट

**रायपुर**, 7 जून (देशबन्धु)। नागपुर में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यक्रम शामिल होने के बाद राजधानी रायपुर लौटे पूर्व केंद्रीय मंत्री और प्रमुख आदिवासी नेता अरविंद नेताम ने एक निजी होटल में आयोजित पत्रकारवार्ता में कहा कि कांग्रेस शासन काल के दौरान लाए गए उदारीकरण ने आदिवासी समाज के लिए खतरे की घंटी बजा दी थी। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के साथ संघ और आदिवासी समाज के बीच वैचारिक दूरियों को कम करने के उपायों पर खुली और सार्थक बातचीत हुई है और जो भी आदिवासी समाज की मदद करेगा वे उनसे सहायता जरुर लेंगे। आरएसएस की भाषा बोलने के बैज के बयान पर नेताम ने कहा कि दीपक बैज से एक बात जानना चाहता हूं कि कहीं वे ईसाई धर्म में मतांतरण तो नहीं हुए। धर्मांतरण को लेकर कांग्रेस की नीति क्या है बताएं? धर्मांतरण को लेकर संघ की नीति स्पष्ट है।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए नेताम ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद देते हुए संघ की कार्यशैली की सराहना की करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने संघ को करीब से समझा। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के साथ उनकी खुली और सार्थक बातचीत हुई संघ और आदिवासी समाज के बीच वैचारिक दूरियों को कम करने के उपायों पर विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान उन्होंने मोहन भागवत से आग्रह किया कि आदिवासी समाज में एकजुटता की कमी को दूर करने के लिए कोई रास्ता निकाला जाए क्योंकि कांग्रेस शासन काल के दौरान लाए गए उदारीकरण ने आदिवासी समाज के लिए खतरे की घंटी बजा दी थी। जब देश में सारी आशाएं खत्म हो गई थी तब संघ ही एकमात्र स्थान बचा है जो आदिवासी समाज की मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि संघ पहले आदिवासियों को वनवासी कहता रहा है, जिसका वे लगातार विरोध कर रहे थे लेकिन उनके दबाव के बाद अब संघ ने आदिवासी शब्द का उपयोग करना शुरू कर दिया है जो स्वागत योग्य है।

नेताम ने बताया कि पहले वे डीलिस्टिंग (अनुसूचित जनजाति की सूची से हटाने) के खिलाफ थे, लेकिन अब धर्मांतरण को रोकने के लिए उन्होंने इस मुद्दे पर सहमति जताई है। आदिवासी समाज के जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के मुद्दे को भी नेताम ने संघ के सामने रखते हुए कहा आदिवासी समाज का अस्तित्व खतरे में है, तो जो भी इस पर मदद करेगा, हम उससे सहायता जरुर लेंगे और उन्हें उम्मीद है कि आरएसएस प्रमुख इस जरुर निर्णय लेंगे। नेताम ने कहा आरएसएस राजनीतिक संगठन नहीं है, लेकिन वैचारिक चिंतन मंथन होता है और वे आरएसएस के अनुशासन से प्रभावित हुए है। 5 महीना पहले जब संघ प्रमुख मोहन भागवत रायपुर आए थे तब उनसे संघ और आदिवासी समाज के बीच वैचारिक चर्चा कैसे हो? इस पर चर्चा हुई थी और उसके बाद परसों मंच पर जितने भी मुद्दा उन्होंने उठाया संघ प्रमुख ने उनका बखूबी जवाब दिया।

# राष्ट्रीय आम महोत्सव से रायपुर को मिलेगी ख़ास पहचान : मुख्यमंत्री



- मुख्यमंत्री ने कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय आम महोत्सव का शुभारंभ किया
- अब 9 जून तक आयोजित होगा आम महोत्सव

**रायपुर**, 7 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज यहां इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर तथा संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय आम महोत्सव का शुभारंभ करते हुए साय ने कहा कि भारतीय संस्कृति और विशेषकर छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपराओं में आम का विशेष महत्व है। छत्तीसगढ़ में सभी मांगलिक एवं धार्मिक कार्यों में आम के पत्तों, फलों एवं अन्य अंगों का उपयोग किया जाता है तथा आम के पेड़ को बहुत ही शुभ माना जाता है। साय ने कहा कि भारत में आम की समृद्ध जैवविविधता देखने को मिलती है और यहां आम की सैकड़ों प्रजातियां पाई जाती हैं जो अपने विशिष्ट स्वाद, सुगंध और गुणों के कारण भारतवासियों के बीच बहुत लोकप्रिय हैं। आम के इन्ही विशिष्ट गुणों के कारण इसे फलों का राजा भी कहा जाता है।

साय ने कहा कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय और संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा रायपुर में आयोजित इस भव्य और वृहद आम महोत्सव में छत्तीसगढ़ वासियों को आम की सैकड़ों विशिष्ट एवं दुर्लभ प्रजातियां देखने का अवसर प्राप्त हुआ। साय ने कहा कि आज यहां उन्हें स्वयं आम की अनेकों दुर्लभ किस्में देखने को मिली जो उन्होंने अपने जीवन में इससे पूर्व नहीं देखी थी। इनमें से एक प्रजाति बीजापुर की हाथीझुल किस्म है जिसका एक-एक फल दो किलो से लेकर चार किलो तक वजन का होता है। साय ने आशा व्यक्त की कि आगामी वर्षों में यहां आम महोत्सव और भी भव्य एवं वृहद स्तर पर आयोजित किया जाएगा जिससे रायपुर को एक नई पहचान मिलेगी। शुभारंभ समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में धरसींवा विधायक अनुज शर्मा और छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव शामिल हुए।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने राष्ट्रीय आम महोत्सव के बारे में मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों को जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय आम महोत्सव में आम की 200 से अधिक किस्मों एवं आम से बने 56 व्यंजनों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस आम महोत्सव में छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों के 450 से अधिक किसानों द्वारा विभिन्न किस्मों के 1200 से अधिक आमों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके साथ ही आमों से बने 56 उत्पादों का प्रदर्शन भी किया जा रहा है। देश के विभिन्न हिस्सों से आए आम उत्पादकों द्वारा आम के विभिन्न किस्मों के फलों तथा पौधों का विक्रय भी किया जा रहा है। डॉ. चंदेल ने मुख्यमंत्री साय को प्राकृतिक रूप से पके आमों की विभिन्न प्रजातियों से भरी टोकरी भेंट की। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के मास मीडिया एवं पब्लिकेशन सेल द्वारा प्रकाशित न्यूज लेटर का विमोचन भी किया गया। कुलपति डॉ. चंदेल ने इस अवसर पर घोषणा की कि आम महोत्सव में नागरिकों के उत्साह एवं मांग को देखते हुए राष्ट्रीय आम महोत्सव की अवधि एक दिन और बड़ाई जा रही है अब आम महोत्सव का समापन सोमवार 9 जून, 2025 को होगा।

# शिक्षक साझा मंच ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

- युक्त युक्तिकरण को प्रदेश के लाखों छात्र छात्राओं एवं हजारों शिक्षकों के भविष्य से खिलवाड़ और मानसिक प्रताड़ना बताया
- सभी जिलों और संभागों में रैली निकालकर खोलेंगे सरकार और भ्रष्ट अधिकारियों की पोल



**रायपुर**, 7 जून (देशबन्धु)। राजधानी के मोती बाग स्थित प्रेस क्लब में आज शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्य सरकार और भ्रष्ट अधिकारियों की पोल खोली। मोर्चा के सभी 23 संयोजकगण मनीष मिश्रा, केदार जैन, वीरेंद्र दुबे, संजय शर्मा, विकास राजपूत, कृष्णकुमार नवरंग, राजनारायण द्विवेदी, जाकेश साहू, भूपेंद्र बनाफर, शंकर साहू, भूपेंद्र गिलहरे, चेतन बघेल, गिरीश केशकर, लैलूंन भरतद्वाज, प्रदीप पांडे, प्रदीप लहरे, राजकिशोर तिवारी, कमल दास मुरचले, प्रीतम कोशले, विक्रम राय, विष्णु प्रसाद साहू, धरम दास बंजारे एवं अनिल कुमार टोप्पो ने बारी बारी से युक्त युक्तिकरण की खामियों को गिनाते हुए राज्य सरकार एवं अधिकारियों पर जमकर बरसे और एक घंटे तक खूब गरजे।

साझा मंच के सभी प्रदेश संचालकों ने कहा कि युक्त युक्तिकरण राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों का झूठ का पुलिंदा है।सरकार के अधिकारी जो शिक्षा विभाग चला रहे हैं वे प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों से सरासर झूठ बोल रहे हैं। सभी जिलों के जिला शिक्षा अधिकारीयों एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा युक्त युक्तिकरण के नाम पर बड़े पैमाने में भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है। युक्त युक्तिकरण के नाम पर अपने चहते शिक्षकों को मनमानी तरीके से लाभ दिलाया जा रहा है। और इससे बाकी आम शिक्षक परेशान हो रहे हैं।

राज्य के किसी भी जिले और विकासखंड में अभी तक अतिशेष शिक्षकों की सूची को प्रकाशित ही नहीं की गई है। उन्हें उन्हें दावा आपत्ति एवं त्रुटि सुधार का कोई भी समय और मौका नहीं दिया गया। आधी आधी रात को सूची जारी की जाती रही है। पुलिस बल एवं फोर्स लगाकर, दबाव पूर्वक, काउंसलिंग कराई गई है। प्रदेश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। शिक्षक साझा मंच के नेताओ ने सरकार के शिक्षाविभाग से जुड़े अधिकारीयो पर नियम कानूनों की खुलेआम धज्जियां उड़ाने का बड़ा आरोप लगाया। नेताओं ने कहा कि जब विभिन्न ब्लाकों के आम शिक्षकों के द्वारा अपनी बात को लेकर दावा आपत्ति की गई तो उनको सुना ही नहीं गया।

युक्त युक्तिकरण के नाम पर प्रदेश के हजारों हजार शिक्षकों को जबरदस्ती प्रताड़ित और परेशान किया गया है। कई ऐसे उदाहरण है जहां पर अतिशेष शिक्षक को निकालकर वहां पुन: दूसरे शिक्षकों को दोबारा पदस्थ कर दी गई।

कई शिक्षकों से मोटी रकम लेकर उन्हें ठीक-ठाक स्थान दिया जा रहा है। लेकिन जिन शिक्षकों का किसी प्रकार का संपर्क या एप्रोच नहीं है उसे परेशान किया जा रहा है। पूरा सेटिंग का खेल चल रहा है।

राजधानी रायपुर में एक ऐसे शिक्षक हैं जो वर्तमान में विदेश यात्रा पर हैं। वह विदेश में घूम रहा है। लेकिन उसका बकायदा यहां काउंसलिंग हो गई, उन्हें रिलीफ भी कर दिया और नए स्कूल में जॉइनिंग भी कर दिया गया है।

इसी प्रकार अनेकों भ्रष्टाचार देखने और सुनने को मिल रहा है। अनेक विकासखंडों में अपने चाहते अतिशेष शिक्षकों को अतिशेष की सूची से बाहर रखा गया है। कई जगह पर कनिष्ठ शिक्षकों की जगह वरिष्ठ शिक्षकों को अतीशेष निकाल दिया गया है।

विभाग का नियम यह था कि काउंसलिंग के दौरान पहले एकल शिक्षकिय एवं शिक्षकविहीन स्कूलों को भरा जाना है। लेकिन काउंसलिंग प्रक्रिया के दौरान ऐसा नहीं किया गया है।

एकल शिक्षकीय और शिक्षकविहीन साला को पहले नहीं भरा गया बल्कि अपने चहेतो को अच्छा जगह दिया गया। बाकी को इधर-उधर फेंक दिया गया। कई जगह तो यहां तक सुनने में आया कि दिव्यांग शिक्षकों को भी 100 से 150 किलोमीटर दूर फेंक दिया गया।

शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ ने एक स्वर में कहा कि हम युक्तिकरण का विरोध नहीं कर रहे हैं बल्कि हम चाहते हैं कि सेटअप 2008 लागू किया जाए। 2008 सेटअप के बाद यदि जहां भी अधिक शिक्षक पदस्थ हैं तब उन्हें अन्य स्कूल में भेजा जाए।

इस प्रकार विभाग के अधिकारियों के मनमाने रवैया के कारण युक्त युक्तिकरण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। शिक्षक साझा मंच ने मांग की है कि वर्तमान में जारी युक्त युक्तिकरण को तत्काल रद्द कर 2008 का सेटअप लागू किया जाए। उसी आधार पर शिक्षकों की पदस्थापना की जाए।

अन्यथा प्रदेश भर के सभी 33 जिला मुख्यालय में आगामी 10 जून को रैली निकालकर जिला कलेक्टरों को ज्ञापन दिया जाएगा। एवं आगामी 13 जून को संभाग मुख्यालय में रैली निकाल कर संभाग आयुक्त एवं शिक्षण संचालक जेडी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथ ही 16 जून से संपूर्ण शाला बहिष्कार की जाएगी।

# एन/एमएस इंडिया का भारत के दो प्रमुख रेलवे इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट में अहम योगदान



- चेनाब ब्रिज के लिए 70 और अंजी खाड ब्रिज के लिए 100 फीसदी स्टील की आपूर्ति

**रायपुर**, 7 जून (देशबन्धु)। आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया ने भारत के आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में अहम भूमिका निभाते हुए देश के दो ऐतिहासिक रेलवे ब्रिजों के निर्माण में महत्वपूर्ण स्टील की आपूर्ति करके अपना योगदान और मज़बूत किया है। दुनिया का सबसे ऊँचे रेलवे ब्रिज चेनाब ब्रिज के लिए 70 प्रतिशत फ्लैट स्टील और भारत के पहले केबल-स्टेड रेलवे ब्रिज अंजी खाड के लिए 100त्न स्टील की आपूर्ति की गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इन ऐतिहासिक ब्रिजों का उद्घाटन करके विकसित भारत 2047 की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया है। ये इंजीनियरिंग चमत्कार भारत की इच्छाशक्ति और भविष्य निर्माण की क्षमता को दर्शाते हैं। ऐसे महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में विश्वस्तरीय स्टील की आपूर्ति करना के लिए गर्व की बात है।

चेनाब ब्रिज के लिए लगभग 25,000 मीट्रिक टन उच्च-शक्ति संरचनात्मक स्टील की आपूर्ति की, जो ब्रिज निर्माण की कुल स्टील आवश्यकताओं का 70 प्रतिशत हिस्सा है। इसमें विभिन्न घटकों के लिए विशिष्ट स्टील ग्रेड शामिल हैं, जैसे आर्क के लिए उच्च शक्ति वाला स्टील और पिलर के लिए कस्टमाइज्ड ग्रेड। यह सभी स्टील हजीरा स्थित उत्पादन इकाई में निर्मित हुए हैं और कठोर गुणवत्ता जांच के बाद उपयोग किए गए हैं, जिससे इसकी टिकाऊ क्षमता, जंग-रोधी विशेषताएं और ऊंचाई पर निर्माण की उपयुक्तता सुनिश्चित होती है।

अंजी खाड ब्रिज के लिए लगभग 7,000 मीट्रिक टन विशिष्ट रूप से फैब्रिकेटेड स्टील स्ट्रक्चर्स की आपूर्ति की, जो प्रोजेक्ट की 100प्रतिशत स्टील आवश्यकता को पूरा करता है। हजीरा प्लांट में तैयार किया गया यह स्टील ब्रिज की असाधारण डिजाइन और पर्यावरणीय चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। स्टील फैब्रिकेशन को इन-हाउस सुविधाओं के माध्यम से किया गया, जिसमें डिजाइन की जटिलताओं को संभालने के लिए कंपनी ने आवश्यक उपकरणों का उन्नयन भी किया।

यह भागीदारी राष्ट्रीय निर्माण की प्रतिबद्धता और कठिन परिस्थितियों में भी उच्च कार्यक्षमता वाले स्टील समाधान प्रदान करने की क्षमता को दर्शाती है। रंजन धर, निदेशक एवं वाइस प्रेसिडेंट सेल्स एंड मार्केटिंग, ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर कहा यह पहल 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण का सजीव उदाहरण है। चेनाब और अंजी खाड ब्रिज सिर्फ इंजीनियरिंग चमत्कार नहीं हैं, बल्कि भारत में बढ़ती आत्मनिर्भरता और औद्योगिक शक्ति का प्रतीक हैं। इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में हमारा योगदान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्धारित राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों के साथ पूरी तरह मेल खाता है। उन्होंने आगे कहा जम्मू-कश्मीर के दुर्गम पर्वतीय इलाकों में उत्पन्न विस्तृत लॉजिस्टिकल और इंफ्रास्ट्रक्चर चुनौतियों के बावजूद, हमने स्टील की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए हैं। अपनी क्षमताओं का उपयोग करके और सार्वजनिक एवं निजी दोनों क्षेत्रों के हितधारकों के साथ सहयोग करके, हमने सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर के मजबूत निर्माण में योगदान नहीं दिया, बल्कि आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत के निर्माण की दिशा में भी कदम बढ़ाया है।

# छत्तीसगढ़ में थमी मानसून की गति तापमान में 4 डिग्री तक की वृद्धि



**अगले 24 घंटों में कई जिलों में थंडर स्टॉर्म का यलो अलर्ट**

**रायपुर**, 7 जून (देशबन्धु)। प्रदेश में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है। बीते कुछ दिनों से छत्तीसगढ़ में मानसूनी गतिविधियां रुक गई हैं, जिससे तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। राजधानी रायपुर समेत कई जिलों में दिन का तापमान सामान्य से 4 डिग्री तक ऊपर पहुंच गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून की रफ्तार थम गई है और वह नारायणपुर व कोंडागांव से आगे नहीं बढ़ पाया है। ऐसे में रायपुर और उत्तर छत्तीसगढ़ के हिस्सों में अब तक मानसून की एंट्री नहीं हो पाई है। बीते 6 दिनों में बारिश की रफ्तार धीमी पड़ी है। सोमवार को केवल तीन जगहों पर और मंगलवार को महज एक जगह पर 10 मिमी बारिश दर्ज की गई। राजधानी में बुधवार को हल्के बादल तो छाए रहे, लेकिन बारिश नहीं हुई, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा।

**23 जिलों में यलो अलर्ट, तेज हवा चलने की चेतावनी**

मौसम विभाग ने सूरजपुर, सरगुजा, बस्तर समेत प्रदेश के 23 से अधिक जिलों में अगले 24 घंटों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इन इलाकों में गरज-चमक के साथ 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। वहीं, कुछ स्थानों पर हल्की बारिश के आसार भी हैं। कोरबा को छोड़कर अन्य जिलों में बारिश लगभग थमी हुई है।

**रायपुर में सबसे ज्यादा तापमान**

पिछले 24 घंटों में राजधानी रायपुर का तापमान 38 डिग्री दर्ज किया गया, जो राज्य में सबसे अधिक रहा। वहीं, कोरबा में न्यूनतम 10 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो इकलौती राहतभरी बारिश थी।

**क्या कहता है मौसम विभाग?**

मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में सिनॉप्टिक सिस्टम में बदलाव के कारण मानसून की गति धीमी हो गई है। हालांकि अनुमान जताया गया है कि आगामी सप्ताह से मानसूनी गतिविधियां दोबारा तेज हो सकती हैं। तब तक के लिए लोगों को गर्मी और उमस से राहत की ज्यादा उम्मीद नहीं है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में थोड़ी राहत**

हालांकि ग्रामीण इलाकों में आंशिक बादल और हल्की हवा के चलते तापमान में थोड़ी गिरावट देखी गई है, जिससे वहां के लोगों को मामूली राहत मिली है। लेकिन शहरी क्षेत्रों, खासकर रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर में गर्मी और उमस अब भी परेशान कर रही है।

# वानप्रस्थ की उम्र में संघ की पाठशाला से झूठ परोसना सीख कर आए है नेताम : बैज

**रायपुर,** 7 जून (देशबन्धु)। पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरविंद नेताम और मंत्री केदार कश्यप के द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के संदर्भ में दिये गये बयानों की कांग्रेस ने कड़ी निंदा किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि दीपक बैज को अपनी धार्मिक आस्था के लिये अरविंद नेताम, केदार कश्यप या आरएसएस से सार्टिफिकेट की आवश्यकता नहीं है। दीपक बैज प्रकृति पूजक आदिवासी है, बूढ़ादेव, महादेव के उपासक है, जीवन के चौथे पहर वान प्रस्थ की अवस्था में अरविंद नेताम आरएसएस की पाठशाला से झूठ बोलने की जो शिक्षा नागपुर से लेकर आये है उसका बस्तर के ही आदिवासी नेता पर प्रयोग कर रहे है।



श्री शुक्ला ने कहा कि दरअसल अरविंद नेताम के आरएसएस की पाठशाला से भले आये है उसके पीछे अडानी और उद्योगपतियो की वह खीझ है, जो दीपक बैज के नेतृत्व में बस्तर से खनिज संपदा के लूट के खिलाफ चलाये जा रहे आंदोलनो को बर्दास्त नहीं कर पा रहे है। एनएमडीसी नगरनार संयंत्र के बेचे जाने के खिलाफ की जाने वाली पदयात्रा हो या बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती को बचाने की जाने वाली पदयात्रा है। उसके बाद से ही बस्तर को लूटने की योजना बनाने वाले लोग तिलमिला गये और बस्तर के ही वरिष्ठ आदिवासी नेता को मोहरा बनाकर बैज के खिलाफ अनर्गल प्रलाप करवा रहे है। उन्होंने कहा कि राज्य में जब से भाजपा की सरकार बनी है प्रदेश के शहरी एवं मैदानी क्षेत्रों में भी धर्मांतरण की घटनाएं बढ़ गई है। भाजपा खुद धर्मांतरण को बढ़ावा देती है फिर वर्ग संघर्ष करवाती है। विपक्ष में रहते हुये धर्मांतरण के नाम पर फसाद करने वाले भाजपाई पिछले सवा साल से प्रदेश में होने वाली धर्मांतरण की घटनाओं पर चुप्पी साध लिये है। जशपुर, बस्तर में धर्मांतरण की घटनाओं के बाद भाजपा की खामोशी इस बात का प्रमाण है कि इन घटनाओं को उसका समर्थन है। छत्तीसगढ़ में साय सरकार ने अपनी पहली बैठक में ही वह दावा किया था कि नया च्धर्म स्वातंत्र विधेयकज्ज का ड्राफ्ट तैयार है, 60 दिन के भीतर लागू हो जायेगा, लेकिन सवा साल बीतने के बाद आज तक मौन है। श्री शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को चुनौती देती है वह धर्मातरण को लेकर विशेष तौर पर छत्तीसगढ़ में धर्मातरण को लेकर श्वेत पत्र जारी करें। भाजपा की रमन सरकार में कितने चर्च बने थे और कांग्रेस के भूपेश बघेल सरकार के दौरान कितने चर्च बने थे, स्थितियों स्पष्ट हो जायेंगी। भाजपा की जब-जब प्रदेश में सरकार रहती है वे स्वयं धर्मातरण को बढ़ावा देती है ताकि इस मुद्दे पर बयानबाजी करके मतों का ध्रुवीकरण कर सके।भाजपा को हिन्दुत्व से, सनातन से कोई मतलब नहीं है। वो अपनी राजनीति करने के उद्देश्य से इस प्रकार की चीजों को प्रचारित प्रसारित करती है। छत्तीसगढ़ में भी धर्मांतरण की जो बातें उसके पीछे भारतीय जनता पार्टी है।

**धर्मांतरण भाजपा के लिए राजनैतिक हथियार वह निदान नहीं चाहती**

# नरसिंह मंडल का संपूर्ण जीवन समाज के लिए समर्पित : केपी खण्डे

## सुरता कार्यक्रम में सतनामी समाज के लोगों ने स्व. मंडल को दी आदरांजली

**रायपुर,** 7 जून (देशबन्धु)। रायपुर विकास प्राधिकरण व म.प्र. राज्य परिवहन निगम के पूर्व अध्यक्ष रहे सतलोकी नरसिंह मंडल की 13 वीं. पुण्यतिथि पर शनिवार को न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में सुरता कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां सतनामी समाज के लोगों ने सांस्कृतिक भवन प्रांगण में स्थापित स्व.मंडल जी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजली अर्पित करते हुए उन्हें भावभीनी आदरांजली दी।



प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि समाज के लोगों ने अपने लौह पुरुष के अधूरे सामाजिक उत्थान के सपनों को पूरा करने का संकल्प लेते हुए उनके अनुकरणीय कार्यो को याद कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर छ.ग.राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष के.पी. खण्डे ने कहा कि प्रतिमा उनकी स्थापित होती है जो आदर्श व पूजनीय होते हैं उनमें से एक स्व. मंडल जी थे जिन्होंने जीवन पर वैवाहिक बंधन से दूर रहते हुए समाज सेवा को अपना लक्ष्य मानकर संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया ,उनकी सादगी पूर्ण जीवन शैली व त्याग सदैव प्रासंगिक रहेंगे । पूर्व न्यायाधीश एम.डी. माहिलकर ने कहा कि आज समाज स्व. मंडल जी के पदचिन्हों पर चलकर आगे बढ़ रहा है।शहर विकास में भी उनका बड़ा योगदान रहा जब-जब लोगों की निगाहें नगर घड़ी पर पड़ेगी तब -तब उनकी बरबस याद आते रहेगी।सुरता कार्यक्रम को डी.एस.पात्रे, सुंदरलाल जोगी, चंपादेवी गेंदले, सुंदर ? लहरे, बंशीलाल कुर्रे,जी.आर. बाघमारे,खेदु बंजारे , अरुण मंडल,प्रो.डी.एन.खुटे, एवं डॉ. कल्याण रवि ने भी संबोधित किया।इस अवसर पर आर.के. गेंदले, के.एन. भारद्वाज, के.एल. रवि, चेतन चंदेल, डॉ. राम मनोहर कुर्रे, पं. अंजोरदास बंजारे, कृपाराम चतुर्वेदी, लाला पुरेना, प्रकाश बंदे, मानसिंह गिलहरे, घासीदास कोसले, रघुनाथ भारद्वाज, सुखनंदन बंजारे, तुलाराम टंडन, सूखदास बंजारे, आसाराम लहरे ,बाबा डहरिया, प्रेम बघेल, डीडी. भारती, नंदकुमार कोसले, मोहनलाल डहरिया, डॉ. चंद्रशेखर खरे, दर्शन मिरी, हीरालाल सायसेरा, नरेंद्र कुर्रे, साधुराम अनंत ,सीडी जांगड़े, सुरेश पुरेना,सी.आर. जांगड़े, नीलेश अनंत, मोतीलाल टंडन, राजेश पुरेना, डॉ. भुवनेश्वरी भारद्वाज, संगीता बाल किशोर सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

# वक्ता मंच का पत्रकारिता गौरव सम्मान आज

## प्रदेश भर के 100 पत्रकारों का सम्मान होगा

**रायपुर,** 7 जून (देशबन्धु)। प्रदेश की प्रतिष्ठित सामाजिक व साहित्यिक संस्था वक्ता मंच द्वारा रविवार 8 जून को संध्या 5 बजे से वृन्दावन सभागृह सिविल लाइन्स रायपुर में स्व. बंशीलाल शर्मा स्मृति पत्रकारिता गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है । इसमें प्रदेश भर से 100 पत्रकारों का सम्मान किया जायेगा । प्रदेश के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, यू ट्यूब एवं वेब पोर्टल के सक्रिय मीडिया कर्मियों का इस हेतु चयन किया गया है। चयन समिति के प्रभारी दैनिक दबंग स्वर के प्रधान संपादक पं पी के तिवारी एवं सर्वोच्य छत्तीसगढ़ के प्रधान संपादक शिव शंकर सोनपिपरे है । कार्यक्रम की आयोजन समिति की प्रभारी वरिष्ठ समाज सेविका शोभा देवी शर्मा ने जानकारी दी है कि इस अवसर पर 'लोकतंत्र का चौथा स्तंभ संभावनाएं एवं चुनौतियां' विषय पर एक परिचर्चा भी रखी गई है । इस परिचर्चा में वरिष्ठ पत्रकार एवं शिक्षाविद् अपनी बातों को रखेंगे। जारी विज्ञप्ति में जानकारी दी गई है कि स्व. बंशीलाल शर्मा जी हमारे शहर के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता थे द्य उनकी स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए उनके परिजनों द्वारा प्रतिवर्ष वक्ता मंच के माध्यम से प्रतिभा सम्मान के कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। इस वर्ष का पत्रकारिता गौरव सम्मान उन समस्त पत्रकारों को समर्पित किया जा रहा है जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी जनता के पक्ष में कलम को गतिमान रखा है। प्रदेश की अग्रणी सामाजिक संस्था वक्ता मंच विगत 3 दशकों से अधिक समय से रचनात्मक, शैक्षणिक व समाज सापेक्ष कार्यों के माध्यम से अपनी यात्रा को जारी रखे हुए है।

# ईद-उज्जुहा पर संस्था अवाम ए हिन्द ने निर्धन असहाय, ज़रूरतमंदों और मरीजों के परिजनों के बीच पहुंच कर स्वादिष्ट भोजन, मिष्ठान किया वितरण

**रायपुर,** 7 जून (देशबन्धु)। ईदु-उल-ज़हा के पावन पर्व अवसर पर जरूरतमंद गरीब निराश्रितों, समाज के कमजोर व्यक्तियों के आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अवाम ए हिन्द सोशल वेलफेयर कमेटी के तत्वावधान में चलाए जा रहे सुपोषण अभियान के माध्यम से संस्थापक मोहम्मद सज्जाद खान के अगुवाई में भोजन वितरण के 1896वां दिन पूर्ण करते हुए रायपुर राजधानी के विभिन्न स्थानों, धार्मिक स्थलों के आसपास फुटपाथ पर जिंदगी जीने वाले निर्धन, असहाय जरूरतमंदों और डीकेएस अस्पताल में दूरदराजो से बीमार व्यक्तियों के इलाज के लिए आने वाले मरीजों के परिजनों को नि:शुल्क स्वादिष्ट भोजन व मिष्ठान का वितरण किया गया।



संस्थापक, मो. सज्जाद खान ने बताया कि संस्था विगत 28 वर्षों से जीहर समाज धर्म के पावन पर्व के मौके पर सामाजिक सद्भाव मानवता के आधार विशेष तौर पर इस तरह का कार्य करते आ रही है और संस्था में हर समुदाय के लोग जुड़कर मानवीय दृष्टिकोण से अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए आ रहे है।

इस कार्य में संस्थापक, मो. सज्जाद खान के साथ राजेन्द्र शर्मा, महावीर जैन, जुबैर खान, राजकुमार साहू, अरहम खान, कुलविंदर सिंह, फराज खान एवं अन्य ने सहयोग प्रदान किया।

# रायपुर जीएसटी बार एसोसिएशन के संजय कंन्दोई नए अध्यक्ष, प्रवीण शर्मा बने सचिव



**रायपुर,** 7 जून (देशबन्धु)। रायपुर जी एस टी बार एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा सम्पन्न हुई । रायपुर जी एस टी बार के सचिव अखिलेश अवधिया ने विगत वर्ष की रिपोर्ट प्रस्तुत की, आय व्यय पत्रक एवं आगामी वर्ष हेतु बजट कोषाध्यक्ष सी.ए. युसूफ दाऊदी ने प्रस्तुत किया । अध्यक्ष महेश शर्मा ने अध्यक्षीय उद्बोधन के पश्चात् नए सदस्यों का स्वागत किया तथा एसोसिएशन के स्टडी सर्किल एवं सेमिनार के वक्ताओं का मोमेंटो द्वारा आभार व्यक्त किया गया। आगामी वर्ष हेतु चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी में डीआर लड्ढा, ललित बांठिया और सुरेश जैन को नियुक्त किया गया। नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें निम्न पदाधिकारी मनोनीत हुए - अध्यक्ष संजय कंन्दोई, उपाध्यक्ष मनीष बजाज एवं भाविक शाह, सचिव प्रवीण शर्मा, कोषाध्यक्ष सी. ए. मौहम्मद युसूफ दाऊदी, सह सचिव दीपक कामटकर एवं वरुण माहेश्वरी, प्रचार सचिव गोपी चंद लालवानी। कार्यक्रम मे मुख्यरूप से राजेश अग्रवाल, दयाल राजपाल, आशुतोष श्रीवास्तव, गोपाल तावनीय, संतोष दुबे, सतीश अग्रवाल, इंद्र डोड़वानी, योगेश पुरोहित सहित कई कर सलाहकार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अलोक अग्रवाल तथा आभार प्रदर्शन सचिव प्रवीण शर्मा ने किया ।

# सार-संक्षेप

## रामगढ़िया सेवक सभा ने किया वृक्षारोपण



**रायपुर,** 7 जून (देशबन्धु)। रामगढ़िया सेवक सभा द्वारा हीरापुर,तेंदुआ में एक्यूरेट वालडॉक प्राइवेट लिमिटेड के प्रांगण में सभी सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण किया गया । इसमें प्रमुख रूप से बलदेव सिंह,ओंकार सिंह,हरपाल सिंह,जसविंदर सिंह,अटल सिंह,मलकीत सिंह,चरणजीत सिंह,गुरबचन सिंह ,हरदीप सिंह,मलकीत सिंह बाड़े एवं एक्यूरेट वेल्डर के दलजीत सिंह सैंभी,दिव्यजीत सिंह,डॉ. नरेंद्र भंवाल,सुरिंदर खुराना,मयंक खुराना,कुमुद नाथ शामिल थे ।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर प्लास्टिक का अंत विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**रायपुर,** 7 जून (देशबन्धु)। क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा कला केंद्र नालंदा परिसर रायपुर में बच्चों के लिए एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 80 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण-संवेदनशीलता पर आधारित सुंदर व संदेशपूर्ण चित्र प्रस्तुत किए। इस वर्ष की पोस्टर प्रतियोगिता का विषय था प्लास्टिक का खात्मा, जिसमें बच्चों ने बड़े उत्साह से भाग लेकर अपने विचारों को रंगों के माध्यम से प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य रसायनज्ञ श्रीमती नीलि मा सोनकर और श्रीमती चंद्रिका कंवर उपस्थित रहीं। इनके साथ पर्यावरण संरक्षण मंडल के वैज्ञानिक श्री मानिक चंदेल भी विशेष रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती नीलिमा सोनकर ने पर्यावरण के प्रति बच्चों की जागरूकता की सराहना की और कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों में पर्यावरणीय मूल्यों को विकसित करने में सहायक सिद्ध होती हैं। उन्होंने बताया कि हमें अपने जीवनशैली में परिवर्तन कर प्लास्टिक के उपयोग को कम करना चाहिए।

इसके पश्चात श्री मानिक चंदेल ने बच्चों को प्लास्टिक प्रबंधन के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी। उन्होंने समझाया कि किस प्रकार प्लास्टिक कचरे को अन्य कचरे से अलग करके पुनर्चक्रण हेतु सही स्थानों पर भेजा जा सकता है। श्रीमती चन्द्रिका कंवर ने बच्चो को पर्यावरण के प्रति सचेत किया और प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे मे जानकारी दी इस दौरान बच्चों ने भी पर्यावरण के प्रति अपनी अभिव्यक्ति दी। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी बच्चों और उनके अभिभावकों को प्लास्टिक पर रोक एवं प्रबंधन पार आधारित पाम्पलेट बांटकर जागरूक किया गया. सभी बच्चो कलाकेन्द्र के कर्मचारियों एवं क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियो एवं कर्मचारियों के सानिध्य मे शपथ लिया गया कि प्रत्येक व्यक्ति एक पेड अवश्य लगाए व पर्यावरण संरक्षण हेतु अपना योगदान दे. पोस्टर प्रतियोगिता मे बच्चो को प्रथम द्वितीय तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार के रूप मे नगद ईनाम प्रदान किया गया साथ ही प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया. स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक उन्मूलन के प्रति जागरूक करना और उनमें उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था।

# छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक दिवस मनाया गया

**रायपुर,** 7 जून। मराठा सेवा संघ प्रणित जिजाऊ ब्रिगेड जिला रायपुर के तत्वाधान में ग्राम टेमरी जिला रायपुर में स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज के 351 वें राज्याभिषेक का आयोजन दिनांक 6 जून 2025 को हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया.इस अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर जल एवं दुध से अभिषेक किया गया,फूलों का हार पहनाया गया पुष्पवर्षा एवं जिजाऊ वंदना के साथ आरती किया एवं जयघोष किया गया.ग्राम पंचायत टेमरी के सरपंच देवप्रसाद साहू से आग्रह किया गया कि छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रतिमा का जीर्णोद्धार किया जावे उन्होंने हमारे आग्रह को स्वीकार कर लिया है.तथा शिवाजी जयंती तक कार्य पूर्ण करने की घोषणा की है. टेमरी शाला के प्रधान पाठक सी.एल. टोडर भी उपस्थित थे शिवाजी राज्याभिषेक के अवसर पर मराठा सेवा संघ के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी प्रकाश ठोकने , रविन्द्र दानी , दिनेश गरड , राकेश भोसले अरविंद घाडगे सूर्या महाडिक समर्थ महाड़िक, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि दिवेश साहू शिवमती रश्मि बाला भोसले जिजाऊ ब्रिगेड के पदाधिकारियों में शिवमती दिशा धोतरे , पल्लवी भोसले , पुष्पा भोसले मनीषा गायकवाड़ , प्रीति मोहिते, श्रेया शिंदे मौसमी घाडगे आदि उपस्थित थे ततपश्चात् उपस्थित सभी लोंगो ने वहां के ग्रामीणों एवं राहगीरों को मिठाई, लस्सी, फरूटी, एवं अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया।



# निधन

## गंगा बाई पटेल

**धमतरी,** 7 जून। आमापारा अम्बा चौक निवासी गंगा बाई पटेल (64) पति स्व. नान्हूराम का शनिवार को दोपहर 3 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ्य थी। वे धनराज, छन्नुराम, गणेश और राजेश पटेल की मां थी। उनकी अंतिम यात्रा रविवार को सुबह 9.30 बजे गृहनिवास अम्बा चौक से शांतिघाट के लिए निकलेगी। समस्त आमापारा वार्डवासियों ने उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।



## श्रीमती पुना बाई देशमुख

**दुर्ग,** 7 जून। कसारीडीह निवासी श्रीमती पुनाबाई देशमुख का शनिवार शाम 4 बजे निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 जून रविवार प्रात: 9.30 बजे उनके निवास स्थान कसारीडीह से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी। वे स्व. झन्ना देशमुख, स्व. राधेश्याम देशमुख एवं दुर्ग जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष संजय देशमुख की माताजी थी।



## बिशाल चंद्राकर

**महासमुंद,** 7 जून। ग्राम खरोरा निवासी बिशाल चंद्राकर 80 वर्ष का 7 जून को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृहग्राम खरोरा में किया गया। वे कमलेश चद्राकर, तुकाराम चंद्राकर के पिता व ग्राम पंचायत खरोरा के सरपंच वीणा चंद्राकर के ससुर, कुणाल चंद्राकर के दादा थे।



# छतीसगढ़ी लोककथाएं भारतीय संस्कृति का सार हैं : महेंद्र मिश्र

## अभा जनजातीय लेखक सम्मेलन का आयोजन



**रायपुर,** 7 जून (देशबन्धु)। साहित्य अकादमी नई दिल्ली के अध्यक्ष माधव कौशिक ने कहा कि साहित्य अकादमी का कार्य साहित्यकारों को समाज के विषय में लेखन करने के लिए जगाना है। जनजातीय बोलियों में वाचिक परंपराओं में संरक्षित संस्कृति को लिखने की आवश्यकता है। उन्होंने रायपुर में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय जनजातीय लेखक सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में देश भर के आए जनजाति विषयों के लेखकों को संबोधित किया। श्री कौशिक ने कहा, औपनिवेशिक काल में भारत की भाषा, संस्कृति, परंपराओं को लेकर हमारे मन में हीनभावना भरी गई, इस कारण अपनी बोली और भाषा पर हमें आज भी गौरव नहीं है। मुख्यातिथि की आसंदी से बोलते हुए साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष शशांक शर्मा ने कहा कि इस आयोजन में देश भर के जनजाति लेखक जुटे हैं इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के भी जनजाति बोली और भाषा के लेखकों को शामिल किया गया है। इस सम्मेलन के माध्यम से परस्पर जनजाति भाषाओं और संस्कृतियों का प्रसार होगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में ग्राम्य और अरण्य संस्कृति और परम्परा के मूल तत्व एक हैं, अलग अलग भाषा में व्यक्त होने के कारण समझ बदल जाती है। इन वाचिक परंपराओं को लिखने से एक दूसरे समाज के प्रति समझ बढ़ेगी और एकात्म का भाव जागेगा।

# आंगनबाड़ी सेवाओं में गुणवत्ता और पारदर्शिता लाने विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा

**रायपुर,** 7 जून (देशबन्धु)। महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव शम्मी आबिदी ने आज मंत्रालय महानदी भवन में विभागीय कार्यों की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग के जिलों की योजनाओं, क्रियान्वयन की प्रगति तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्थिति का गहन मूल्यांकन किया गया।



आबिदी ने निर्देशित किया कि सभी जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करें तथा जमीनी हकीकत का मूल्यांकन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि केन्द्रों में पेयजल, विद्युतीकरण, स्वच्छता, भवन मरम्मत जैसी मूलभूत सुविधाएं समय पर पूरी हों।

आंगनबाड़ी भवनों के स्वीकृत निर्माण कार्यों की स्थिति पर चर्चा करते हुए सचिव ने अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने और आवश्यकतानुसार मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में समय पर बिजली बिल भुगतान पर विशेष जोर देते हुए आकस्मिक व्यय हेतु आबंटित राशि के वित्तीय उपयोग की भी समीक्षा की।

बैठक में प्रधानमंत्री जनमन कार्यक्रम के तहत निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रों में बारिश पूर्व सामग्री संग्रहण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, मनरेगा अभिसरण के अंतर्गत भवनों की भौतिक स्थिति पर भी चर्चा की गई।

सचिव आबिदी ने पोषण आहार की जिलेवार उपलब्धता, हितग्राहियों की ई-केवाईसी, आधार मैपिंग जैसे तकनीकी कार्यों को भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तत्परता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालक पी. एल्मा, संचालनालय के वरिष्ठ अधिकारी, सभी जिलों के कार्यक्रम अधिकारी तथा जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग के दूसरे दिन का पहला मैच राजनांदगांव पैथर्स ने जीता

**रायपुर,** 7 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सी.सी.पी.एल.) के द्वितीय संस्करण का आयोजन 06 से 15 जून तक शहीद वीर नारायण सिंह अंर्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नवा रायपुर में किया जा रहा है। पहला मैच राजनांदगांव पैंथर्स तथा रायगढ लायंस के मध्य खेला गया। राजनांदगांव पैंथर्स ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय किया। रायगढ लांयस ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 145 रन बनाये। रायगढ लांयस की ओर से किवनूर सिंह छाबडा ने 33 गेंदों में 36 रनों की पारी खेलीं। उनके अतिरिक्त ऋषभ तिवारी ने 24 रन तथा शुभम अग्रवाल ने 18 रनों का योगदान दिया। राजनांदगांव पैंथर्स की ओर से कप्तान अजय मंडल तथा देव आदित्य सिंह ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। 146 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजनांदगांव पैंथर्स की शुरुवात काफी खराब रहीं, पहले ही ओवर में उनके 2 विकेटों को पतन हो गया। परंतु उसके बाद कप्तान अजय मंडल की मैच जिताउ पारी की बदौलत राजनांदगांव ने 16.5 ओवरों में 3 विकेट खोकर 146 रनों का लक्ष्य प्राप्त कर लिया। राजनांदगांव की ओर से कप्तान अजय मंडल ने शानदार 73 रन नाबाद बनाये। उनके अतिरिक्त पवन परनाते ने भी नाबाद 40 रनों का योगदान दिया। रायगढ लांयस की ओर से प्रवीण कुमार यादव ने 2 विकेट प्राप्त किये। राजनांदगांव पैंथर्स ने मैच 7 विकेट से जीत लिया। अजय मंडल प्लेयर ऑफ द मैच चुने गये।



# युवतियों को फ्री में शराब परोसने वालों की खैर नहीं



## एसएसपी ने होटलों बार और क्लब संचालकों को दिए सख्त निर्देश नियम, कानूनों का पालन करें गलती पाने पर होगी कड़ी कार्रवाई

**रायपुर,** 7 जून (देशबन्धु)।राजधानी में नशा परोसने वाले होटलोंए बार और क्लब संचालकों के पुलिस ने कान खड़े कर दिए हैं रायपुर पुलिस के अधिकारियों ने सख्त लहजे में क्लब होटल और बार संचालकों को चेतावनी दी है।

रायपुर एसएसपी डा लाल उमेंद सिंह ने कहा शहर में नशे की पार्टियों पर कड़ाई से रोक लगाई जाए पुलिस के नियम कायदे और कानूनों का पूरा पालन किया जाए उन्होंने होटल और क्लबों की पार्टियां रात्रि 12 बजे तक बंद करने के निर्देश दिए एसएसपी ने कहा बुधवार रात युवतियों को फ्री में शराब न परोसी जाए क्लबों में आने वाले हिस्ट्रीशीटरों की एंट्री बेन करे और विवादित तत्वों पर कड़ी निगरानी की जाए होटलों में अवैध हथियारों की चेकिंग की जाए संदिग्ध गतिविधि लगने पर पुलिस को तत्काल जानकारी दी जाए ऐसी गलती पाए जाने पर क्लब और होटल संचालकों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

शहर में नशे की पार्टियों में होने वाले विवाद और शहर के माहौल बिगड़ने की शिकायत मिलने के बाद एसएसपी रायपुर डा लाल उमेंद सिंह ने आज सिविल लाइन स्थित सी.4 में बड़ी बैठक बुलाई थी इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल विवेक शुक्ला डीएसपी क्राईम संजय सिंह समेत शहर के सभी होटलए बार कैफे और क्लबों के सैकड़ों संचालक मौजूद रह पुलिस अफसरों ने सभी कैफे और क्लब संचालकों को दो टूक कहा अवैध रूप से शराब न परोसी जाए अवैध गतिविधि में संलिप्त होटलों और कैफे संचालकों की लंबी लिस्ट तैयार है ऐसी शिकायत मिलने पर तत्काल पुलिस कार्रवाई की जाएगी

### गर्ल्स नाइट का ट्रेंड

महानगरों के क्लबों में वेडनस डे मिड वीकेंड के नाम पर गर्ल्स नाईट आयोजित की जाती है इन आयोजनों में लड़कियों को मुफ्त एंट्री ड्रिंक्स और फूड में बड़े कॉम्बो ऑफर दिए जाते हैं इसी तरह रायपुर शहर के होटलों और क्लबों में बुधवार की शाम गर्ल्स नाईट चल रहा है क्लबों में होटलों में और कैफे में युवतियों को आकर्षित करने तरह.तरह के ऑफर्स दिए जाते हैं इसके चलते बड़ी संख्या में क्लबों में युवतियों की भीड़ होती है इन ऑफरों में फ्री एंट्री टकीला शॉट्स कॉम्प्लीमेंट्री कॉकटेल्स के नाम पर नशा परोसा जाता है महिलाओं की बढ़ती संख्या को देख युवक और पुरुष बड़ी तादाद में क्लबों में पहुँचते हैं जो देर रात तक संचालित की जाती है।

# अमानत में खयानत मामले आरोपी युवक पकड़ाया



**रायपुर,** 7 जून (देशबन्धु)। प्रार्थी निलेश बिंझाड़े ने थाना माना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह वृन्दावन कालोनी में रहता है तथा चालक का कार्य करता है। प्रार्थी के पास एक अल्टो चारपहिया वाहन सीजी 04 एम 0301 जिसे उसने पहचान के ही विजय कुमार सोनी को किराये पर 02.06.2023 को इकरारनामा कराकर से 03 12 2023 तक कुल 06 माह तक के लिये 13000 पये मासिक किराया पर दिया परन्तु विजय सोनी द्वारा बिना बताये अवैधानिक तरीके से प्रार्थी की गाड़ी को 06 माह बीत जाने के बाद भी बिना मासिक किराया दिये कार को अपने पास रखा गया। जिस पर प्रार्थी द्वारा उससे सम्पर्क करने पर उसका फोन बंद आने लगा। इस प्रकार विजय सोनी द्वारा प्रार्थी की वाहन को किराये में देने का झांसा देकर प्रार्थी की वाहन को वापस न करते हुए उसके साथ ठगी किया गया था। जिस पर आरोपी विजय सोनी के विरूद्ध थाना माना में धारा 407 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना माना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ करते हुए प्रकरण में आरोपी विजय सोनी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी विजय सोनी की हर संभावित ठिकानों में लगातार रेड कार्यवाही करते हुए प्रकरण में आरोपी विजय सोनी को पकड़ा गया। घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा ठगी की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। जिस पर आरोपी विजय सोनी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से ठगी की आल्टो चारपहिया वाहन जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की गई है।

# तेज रफ़्तार कार ने पत्रकार को मारी टक्कर, चालक मौके से फरार

**रायपुर,** 7 जून (देशबन्धु)।राजधानी के संतोषी नगर चौक में वरिष्ठ पत्रकार मोहसिन खान एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया लेकिन दुर्घटनास्थल से कार का नंबर प्लेट बरामद हुआ है। घटना 25 मई की रात करीब 1.00 से 1.30 बजे के बीच की है।

**संतोषी नगर चौक के पास हुई दुर्घटना**

मोहसिन खान मोटरसाइकिल से बैजनाथपारा से अपने घर संजय नगर लौट रहे थ तभी भाटागांव की ओर से तेज़ रफ्तार में आ रही एक कार ने उन्हें जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मोहसिन करीब 15 से 20 फीट दूर जाकर गिर पड़े। उनके साथ चल रहे गुलरेज नामक साथी ने पीछे मुड़कर देखा तो मोहसिन लहूलुहान हालत में जमीन पर पड़े मिले। घायल अवस्था में उन्हें तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज जारी है। मोहसिन ने बताया कि उन्हें सिर कमर हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं और चलने.फिरने में काफी दिक्कत हो रही है। मोहसिन से मिलने संपादक जावेद अख्तर को उन्होंने घटना की पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के तुरंत बाद कार चालक मौके से भाग निकला लेकिन उसका नंबर प्लेट मौके पर गिर गया जिसे गुलरेज ने उठा लिया। घटना की सूचना थाना टिकरापारा और रायपुर पश्चिम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा डी आर पोर्ते को दे दी गई है।

मोहसिन जल्द ही टिकरापारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराएंगे।मीडिया जगत में इस घटना को लेकर रोष है और पत्रकारों ने मांग की है कि जल्द से जल्द आरोपी कार चालक की गिरफ्तारी हो और मोहसिन को न्याय मिले।

# न्याय मांगने पीड़ित को ठेले पर बैठाकर सड़क पर घुमाया

**रायपुर,** 7 जून (देशबन्धु)। रायपुर सेंट्रल जेल में न्यायिक रिमांड पर बंद युवकों से जेल के अंदर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने सेन्ट्रल जेल के एक शिक्षक पर मारपीट कराने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को जमानत पर रिहा होने के बाद पीड़ित के परिजनों ने गंज थाने का घेराव कर दिया। इस दौरान कुनबी समाज के लोग भी थाने पहुंच गए और मारपीट करवाने वाले शिक्षक के खिलाफएफआईआर की मांग की। लेकिन पुलिस ने एफआईआर नहीं लिखी जबकि उसका पैर टूट गया है। अब पत्नी ठेले पर घायल पति को लेकर न्याय मांगने सड़क पर निकली है।

**मारपीट के दौरान घायल श्याम देशमुख :** कुनबी समाज के सचिव श्याम देशमुख समाज के अध्यक्ष देवराज पारधी और पुरुषोत्तम तोंडरे 4 जून से न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद थे। तीनों शुक्रवार देर शाम जेल से रिहा हुए। जेल से बाहर निकलने के बाद श्याम देशमुख सीधे अपने परिवार के साथ अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने अपने परिजनों को जेल के भीतर हुई मारपीट की घटना की जानकारी दी।श्याम देशमुख ने पुलिस थाने पहुंचकर बताया कि जेल के शिक्षक नेतराम नाग तोड़े ने उनके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। साथ ही अन्य कैदियों से पिटाई करवाई।

**घायल बोला– रायपुर जेल में शिक्षक ने कैदियों से पिटवाया, पैर टूटा, पुलिस ने नहीं लिखी एफआईआर**

जिससे उनके पैर में गंभीर चोट आई है। इस घटना से आहत कुनबी समाज के दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग की है।

**सुबह से थाने एफआईआर करवाने पहुंचा समाज :** जेल के अंदर हुई मारपीट की घटना के विरोध में समाज के सदस्य शनिवार सुबह से गंज थाने में पहुंचे।सभी की मांग है कि मारपीट करवाने वाले जेल के शिक्षक नेतराम नागतोड़े के खिलाफएफआईआर की जाए।वहीं खबर लिखे जाने तक इस मामले में पुलिस की ओर से पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। समाज के लोग इस मामले में कोर्ट जाने की बात कह रहे हैं। समाज की सदस्य माधुरी तोंडरे ने बताया किए वे कल से पुलिस से दर्ज करने की मांग कर रहे हैं लेकिन अभी तक जेल के अंदर मारपीट करने वाले और कैदियों से मारपीट करवाने वाले शिक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

**दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे कुनबी समाज के सदस्य :** समाज के लोगों का कहना है कि जब जेल में शिक्षक ही हमलावर बन जाए और पुलिस शिकायत भी न ले तो जनता कहां जाए।ये किसी एक की नह पूरे समाज की लड़ाई है।ये हमला सिर्फश्याम देशमुख पर नहीं बल्कि पूरे समाज की आवाज को दबाने की कोशिश है।

**जेल प्रशासन की ओर से नहीं मिला जवाब :** जेल के अंदर मारपीट के मामले को लेकर जब रायपुर सेंट्रल जेल प्रशासन से संपर्क किया गया तो उनकी ओर से कोई जवाब नहीं मिला। जेल शिक्षक नेतराम नागतोड़े से संपर्क किया गया तो उनका भी फोन बंद था।

### जेल से मामले की जांच के बाद लिखेंगे एफआईआर : टीआई

इस मामले में गंज थाना प्रभारी ने बताया किए पीड़ित की ओर से शिकायत मिली है। मामला जेल परिसर के अंदर का है। ऐसे में हम सीधे एफआईआर नहीं कर सकते है। जो शिकायत मिली है उसे जेल प्रशासन को भेजा गया है। जेल से मामले की जांच के बाद एफआईआर की जाएगी।

**तोमर ब्रदर्स का आतंक**

# 10 लाख के कर्ज के 1.16 करोड़ वसूले

**रायपुर,** 7 जून (देशबन्धु)। राष्ट्रीय करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर उर्फरूबी सिंह और उसके भाई रोहित तोमर का शहर में ऐसा आतंक कि सूदखोरी में लाखों रुपए अतिरिक्त देने के बाद भी कोई शिकायत करने की हिम्मत नहीं जुटा पाता। जो भी शिकायत करने की कोशिश करता उसके घर गुंडे.बदमाश भेज देते। उसको जान से मारने धमकाया जाता।

**आतंक ऐसा कि डर से बेच दिया घर :** उनके जाल में फंसे एक कारोबारी ने 10 लाख कर्ज लिया थाए तो उनसे 1 करोड़ 16 लाख रुपए तक वसूल डाले।कारोबारी को अपनी दुकान तक बेचनी पड़ी। इसके बाद भी वसूली कम नहीं हुई।परेशान होकर कारोबारी ने शहर ही छोड़ दिया। अब उस पीड़ित कारोबारी की शिकायत पर पुरानीबस्ती पुलिस ने सूदखोर वीरेंद्र सिंह तोमर उर्फ रूबी सिहंए रोहित तोमर और उनके भतीजे दिव्यांश तोमर के अलावा आकाश मिश्राए योगेश व अन्य के खिलाफ एक और अपराध दर्ज किया है।

**फेसबुक में सक्रिय, गिरफ्तारी नहीं :** अपराध दर्ज होने के बाद हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र और रोहित फरार हो गए। अपने मोबाइल नंबर बंद कर दिए लेकिन दूसरे मोबाइल नंबरों के जरिए सोशल मीडिया में सक्रिय हैं।पुलिस को लेकर फेसबुक में टिप्पणी कर रहे हैं।बताया जाता है कि दोनों भाई अपने समर्थकों के सुरक्षित ठिकानों पर हैं।पुलिस को वीरेंद्र की फॉरच्यूनर कार सीजी 04 एनएस 1111 लावारिस हाल में भनपुरी के विमल इन्कलेव में मिली। पुलिस का दावा है कि यह कार किसी दूसरे के नाम पर है। वीरेंद्र ने इसे किराए पर लिया था।

**पीड़ित ने दुकान बेची, शहर भी छोड़ा**

**मारपीट करते और जान से मरवाने की धमकी देते :** पुलिस के मुताबिक कपड़ा कारोबारी करण सोनी ने वर्ष 2017 से 2018 में सूदखोर वीरेंद्र और रोहित तोमर से कभी दो लाख कभी 3 लाख करके कुल 10 लाख रुपए कर्ज लिया। शुरुआत में सामान्य ब्याज वसूलने लगे। फिर एक.दो माह ब्याज नहीं दे पाने पर रोज के हिसाब से ब्याज वसूलने लगे। इसका विरोध करने पर मारपीट करते और जान से मरवाने की धमकी देते थे।

**थाने में भी नहीं हुई सुनवाई :** वसूली का यह सिलसिला वर्ष 2024 तक चला। इस दौरान आरोपियों ने करण से कुल 1 करोड़ 16 लाख रुपए वसूले। इस दौरान करण को अपनी दुकान बेचकर आरोपियों को रकम देनी पड़ी। थानों में शिकायत करने पर कोई सुनवाई भी नहीं होती थी। परेशान होकर कारोबारी ने रायपुर छोड़ दिया और नारायणपुर में रहने लगे। आरोपियों के खिलाफहोने पर करण ने भी मारपीट के सीसीटीवी फुटेज ऑनलाइन भुगतान के साक्ष्यों के साथ पुरानीबस्ती थाने में शिकायत की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफएक और मामला दर्ज किया।

**जमीन ही हड़प ली :** भाठागांव निवासी मनीष साहू की आरोपी वीरेंद्र के घर के आसपास ही करीब 1100 वर्गफीट जमीन है। उसे डरा.धमकाकर उसकी जमीन के पेपर रख लिया। उसे जमीन बेचने नहीं दे रहा था। जब भी कोई ग्राहक आता था तो उसे भगा देता था। उसे धमकी भी दी गई थी। पुलिस ने जयदीपए मनीष और नासिर की शिकायत पर पुरानीबस्ती पुलिस ने आरोपी वीरेंद्र सिंह रोहित सिंह और दिव्यांश व अन्य के खिलाफवसूलीए कर्जा एक्ट और संगठित अपराध का केस दर्ज किया गया है। इस मामले में आरोपियों के भतीजे दिव्यांश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

**सूदखोरी से ऐसे बने रईस :** आरोपी वीरेंद्र और रोहित सूदखोरी का धंधा भी करते हैं।जयदीप और नासिर को 8 फीसदी ब्याज पर पैसा दिया था। ब्याज की राशि तय समय पर देनी पड़ती थी लेकिन अगर ब्याज की राशि तय समय पर कोई नहीं दे पाता थाए तो अगले दिन से प्रतिदिन के हिसाब ब्याज लेते थे। जो ब्याज महीना में लगता थाए अब उसे रोज वसूलते थे। 8 फीसदी ब्याज का पैसा नहीं देने पर गुंडों को घर भेजकर रकम की वसूली कराते थे। जमीन या अन्य महंगी चीजें अपने नाम पर करवाते थे। इस तरह दोनों भाई रातों.रात करोड़पति हो गए।



राजधानी रायपुर की रहने वाली डॉ. अंजलि पवार ने मिस यूनिवर्स छत्तीसगढ़ 2025 का खिताब जीता है। अंजलि आने वाले महीनों में होने वाली मिस यूनिवर्स इंडिया प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। अंजलि पेशे से डेंटिस्ट और मेडिटेशन टीचर भी है।

# रात एक बजे नदी किनारे बर्थ डे मनाएंगे तो और क्या होगा

**रायपुर,** 7 जून (देशबन्धु)। राजधानी के महादेव घाट इलाके में गुरुवार को आधी रात बीच सड़क पर युवक.युवतियों के बीच हो रहे मारपीट का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है और लोग चटकारे भी लगा रहे हैं। हाफपेंट में तंग कपड़ों के साथ लड़कियों की जो तस्वीर साझा हो रही है उसे देखकर तो यही लगता है कि लड़कियां भी मूड में थीं।

वीडियो में तो मुकाबला बराबरी का दिख रहा है।हालांकि किसी पर कोई तोहमत नहीं लगा रहे लेकिन एक लड़की की इस कदर कुटाई हो गई कि मुंह कान तक फूल गए हैं।आखिर यहां तक नौबत कैसे पहुंच गई कि पुलिस को इस घटना को संज्ञान में लेते हुए आदेश निकालना पड़ गया कि अगर किसी क्लब या बार में युवतियों और महिलाओं को फ्री एंट्री और शराब परोसी गई तो उनके खिलाफसख्त कार्रवाई की जायेगी।इसका क्या मतलब हुआ रात को एक बजे नदी किनारे बर्थ डे पार्टी वह भी साउंड सिस्टम के शोरगुल मेंएसेलिब्रेट करने का ये कौन सा तरीका हुआ।वीडियो को देखकर लगता है दोनों पक्ष बराबर के दोषी हैं।हालांकि पता चला है पुलिस ने काउंटर रिपोर्ट भी दर्ज की है वास्तविकता सामने लाना जरूरी है और कड़ी कार्रवाई भी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# दरिंदे ने गाय के साथ किया दुष्कर्म

**रायपुर,** 7 जून (देशबन्धु)। अवंती विहार के इलाके से एक बड़ी खबर सामने आई हैं। जहां युवक ने गाय के साथ दुष्कर्म की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया है।

**आक्रोशित लोगों ने युवक को अर्धनग्न कर निकाला जुलूस**

इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने युवक की पिटाई कर उसका जुलूस निकाला।जिसका वीडियो भी सामने आया है। यह मामला अवंती विहार के खम्हारडीह थाना इलाके का है जहां स्कूल मैदान में गौ माता के साथ दुष्कर्म करता युवक को लोगों ने पकड़ा है।आरोपी युवक का नाम अनुज तांडी है। घटना के बाद हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने इलाके में युवक को नग्न कर निकाला जुलूस निकालकर नारे लगवाएं और पुलिस के हवाले किया। जिसके बाद पुलिस इस मामले की जांच में जुटी।

# रायपुर प्रेस क्लब में जनकवि लक्ष्मण मस्तुरिया जयंती कार्यक्रम का आयोजन

## भूपेश बघेल, टंकराम वर्मा और अनुज शर्मा हुए शामिल, मस्तुरिया जी के साथ बिताए यादों को किया साझा

**रायपुर,** 7 जून (देशबन्धु) ।जनकवि स्व लक्ष्मण मस्तुरिया की 76वीं जयंती के मौके पर रायपुर प्रेस क्लब में ष्पुरखा के सुरताष् एक भाव.एक जुराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में बतौर अतिथि खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्माए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विधायक अनुज शर्मा फिल्म निर्देशक सतीश जैन और मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ी मंच के संरक्षक नंदकिशोर शुक्ल विशेष रूप से मौजूद रहे आयोजन में छत्तीसगढ़ी अस्मिता भाषा और स्वाभिमान पर चर्चा हुई मस्तुरिया जी के गीतों का गायन भी हुआण् मस्तुरिया जी के साथ बिताए यादों को भी साहित्यकारो नेताओं और पत्रकारों ने साझा किया



### मस्तुरिया के सपनों को पूरा करना होगा : नंदकिशोर शुक्ल

मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ी मंच के संरक्षक और कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता के तौर पर नंदकिशोर शुक्ल ने कहा कि मस्तुरिया जी के गीतों को गाते रहने से या उन पर कार्यक्रम आयोजित करने से काम पूरा नहीं होगा उनके सपनों को पूरा करने के लिए हम सब छत्तीसगढ़ियों को एक भाव.एक जुराव के साथ एकजुट होना होगाण् छत्तीसगढ़ियों में स्वाभिमान का अलख जगाते.जगाते मस्तुरिया अमर हो गए मस्तुरिया जी को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब छत्तीसगढ़ी माध्यम के स्कूल खुलेंगे सरकारी कामकाज छत्तीसगढ़ी में होंगेण् मस्तुरिया जी के इन सपनों को पूरा करने के लिए मैं सभी छत्तीसगढ़ियों को मोर संग चलने का आह्वान करता हूं

### जिनके गीतों को सुनते मैं बड़ा हुआ : टंकराम वर्मा

मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि मस्तुरिया जी के साथ कभी मिलना तो नहीं हुआए लेकिन उनके गीतों को गुनगुनाते हुए ही हम बड़े हुए हैं पढ़ते.लिखते खेतों में काम करते रहने के दौरान उनके गीतों को मैं गाता रहा हूं वे छत्तीसगढ़ियों में स्वाभिमान जगाने वाले जनकवि रहे उन्होंने जो भी लिखा सब अंतस में बस जाने वाले गीत हैं मैं इस मौके पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए यही कहूंगा कि छत्तीसगढ़ के लिए उनके जो सपने रहे उसे पूरा करने की दिशा में हम सब मिलकर काम करेंगे

### जब मैं रात–रात उन्हें कवि सम्मेलन में सुनता था : भूपेश बघेल

भूपेश बघेल ने जनकवि को नमन करते हुए कहा कि उनके साथ मैंने कई महत्वपूर्ण पल बीताए हैं रात.रात भर मैं उन्हें कवि सम्मेलनों में सुनते रहा हूंण् चंदैनी.गोंदा कार्यक्रम में उन्हें सुनने के लिए विशेष रूप से मैं जाता थाण् उनके गीत हमें छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान से भर देते हैं मैं ही क्या छत्तीसगढ़ के सभी लोग उनके लिए हमेशा कर्जदार रहेंगे वे सच्चे माटी.पुत्र थे उन्होंने हमेशा अपना जीवन अल्हड़पन के साथ जीया उनके गीत गाकर कई लोग बन गए ऊंचे मुकान पर पहुंच गएण् उनके गीतों ने कई लोगों को नेता भी बनाया और चुनाव भी जीतवायाण् मैं उन्हें याद करते हुए हमेशा भावुक हो जाता हूं मोर संग चलव गीत रचकर उन्होंने छत्तीसगढ़ियों को एकजुट करने का काम किया है वहीं उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा के लिए होने वाली पदयात्रा में शामिल होने की भी बात कही।

### सब मस्तुरिया की देन है : अनुज शर्मा

अनुज शर्मा ने कहा कि मस्तुरिया जी के साथ उनका पारिवारिक संबंध रहा है मैं आज जो कुछ हूं उसके पीछे मस्तुरिया जी का आशीर्वाद है उन्होंने हमेशा मुझे आगे बढ़ायाण् मेरे निवेदन पर मेरे लिए गीत लिखे मेरी शादी का कार्ड भी उन्होंने छत्तीसगढ़ी में लिखा वे बेहद स्वाभिमानी रहेण् उन्होंने कभी किसी से कुछ मांगा नहीं और किसी ने कुछ सुनाया तो फिर सुने भी नही् मस्तुरिया जी मनमौजी और फक्कड़ मिजाज के क्रांतिकारी व्यक्ति के धनी रहे

### मस्तुरिया ने मुझे स्थापित किया : सतीश जैन

छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माता.निर्देशक सतीश जैन ने कहा कि 2000 में जब मेरी पहली छत्तीसगढ़ी फिल्म रिलीज हुई तो इसने हिंदी फिल्मों का भी रिकार्ड तोड़ दिया थाण् इस फिल्म की सफलता के पीछे सबसे बड़ा योगदान टाइटल सांग थाण् छइँहा.भुइँया ल छोड़ जवईया तयँ थिराबे कहाँ रे3 जब मैंने छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माण में लगा था तो मेरे पिता ने कहा था कि फिल्म तभी बनाना जब उसमें मस्तुरिया जी के गीत होण् और देखिए कि मस्तुरिया जी के गीतों ने फिल्म को न सिर्फहिट करा दिया थाए बल्कि मुझे छत्तीसगढ़ी सिने जगत में स्थापित कर दिया मेरी कोशिश होगी कि मैं छत्तीसगढ़ के पुरखों पर फिल्म बना सकूं

### छत्तीसगढ़ी भाषा के लिए 120 किलोमीटर पदयात्रा. लता राठौर

मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ी मंच की अध्यक्ष लता राठौर ने महतारी अस्मिताए भाषा और स्वाभिमान पर बात करते हुए यह जानकारी दी कि मस्तुरिया जी के मोर संग चलव जैसे जनगीत को हम सब अब आंदोलन और जागरण गीत बनाकर काम करने वाले हैंण् मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ी मंच की ओर से बिलासपुर से रायपुर तक 120 किलोमीटर की पदयात्रा छत्तीसगढ़ी भाषा के लिए होगीण् यात्रा को लेकर तैयारी जारी हैण् 2 अक्टूबर गांधी जयंती के ठीक बाद छत्तीसगढ़ी नियाय पदयात्रा होगी कार्यक्रम को जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अध्यक्ष अमित बघेल साहित्यकार डॉ सुधीर शर्मा संजीव तिवारी मीर अली मीर पत्रकार रामअवतार तिवारी संदीप अखिल देवेश अमोरा रंगकर्मी विजय मिश्रा प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर मिनेश साह ईश्वर साहू सहित कई गीतकारों कलाकारों ने संबोधित किया आयोजन में प्रदेशभर से छत्तीसगढ़ीभाषी लोग शामिल हुए।

**उल्टा पुल्टा**

गांव से एक लड़का शहर पढ़ने आया. एक लड़की ने पूछा- तुम्हारा निकनेम क्या है?
लड़का- हैं?
वो क्या होता है?
लड़की- मतलब तुम्हें घर पर सब किस नाम से बुलाते हैं?
लड़का- कामचोर!

# संकल्प से सिद्धि तक सहित सभी उपलब्धियों व कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचाने जुटे भाजपा कार्यकर्ता : पारख




**दुर्ग, 7 जून (देशबन्धु)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा चलाये जा रहे संकल्प से सिद्धि अभियान के लिये जिला भाजपा कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष खूबचंद पारख ने कार्यकर्ताओं से संकल्प से सिद्धि अभियान समेत पार्टी के सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने में प्राणर्पण से जुट जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पार्टी का आज विशाल स्वरूप इन्ही कार्यक्रमों की बदौलत है। आज के कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, विधायक ललित चंद्राकर, ईश्वर साहू, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष व कार्यक्रम के प्रभारी जितेन्द्र वर्मा, पूर्व विधायक डॉ. बालमुकुंद देवांगन, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष उषा टावरी, पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा एवं वरिष्ठ नेता प्रीतपाल बेलचंदन मंचासीन थे।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता खूबचंद पारख ने भाजपा के कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन कार्यक्रमों से कार्यकर्ता व जनता आपस में सीधे जुड़ते है। पार्टी के विचार जनता तक पहुंचते है। उन्होंने कांग्रेस पर लगातार झूठ फैलाने का आरोप लगाया। आज की पीढ़ी पौराणिक परम्पराओं व राजनीतिक इतिहास की जानकारी नहीं दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आव्हान किया कि वे जनता के बीच जाकर भाजपा सरकार की उपलब्धियों, एवं संविधान, लोकतंत्र की रक्षा के लिये किये गये कार्यो को लोगों तक पहुंचाये।

कार्यक्रम को विधायक ललित चंद्राकर, ईश्वर साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, पूर्व जिला भाजपाध्यक्ष व कार्यक्रम के प्रभारी जितेन्द्र वर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम सहप्रभारी साजन जोसेफ ने किया। आभार प्रदर्शन सरिता मिश्रा ने किया।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्ये, कोषाध्यक्ष विनोद अरोरा, सह कोषाध्यक्ष नीलेश अग्रवाल कार्यालय मंत्री मनोज सोनी, प्रवक्ता दिनेश देवांगन मीडिया प्रभारी राजा महोबिया सोशल मीडिया जिला संयोजक रजनीश श्रीवास्तव आईटी सेल जिला संयोजक जितेंद्र सिंह राजपूत, शिव चंद्राकर अजय तिवारी अनूप गटागट कुम्हरी नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा दुर्ग जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन पाटन जनपद पंचायत अध्यक्ष कीर्ति नायक धमधा नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता अग्रवाल पाटन नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ए उपाध्यक्ष निशा सोनी मंडल भाजपा अध्यक्ष कमलेश फैकर कौशल साहू मनमोहन शर्मा बंटी चौहान सहित बड़ी संख्या अपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्री राम रसोई ने एक वर्ष में गरीबों को 5 लाख थाली भोजन कराकर कायम की सेवा की मिसाल



**दुर्ग, 7 जून (देशबन्धु)।** भूखे को भोजन करवाना ईश्वर की सच्ची आराधना है। इस सूत्र वाक्य को चरितार्थ करते हुए जरुरतमंदो को मात्र 20 रुपए में भरपेट स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से श्री राधाकृष्ण मंदिर समिति महेशनगर द्वारा संचालित श्री राम रसोई ने अपने भोजन सेवा के शानदार 1 वर्ष पूरे कर लिए है। इस अवसर को यादगार बनाने शनिवार को संकटमोचन हनुमान मंदिर मालवीय नगर चौक स्थित श्री राम रसोई सेंटर में श्री राधाकृष्ण मंदिर समिति द्वारा समारोह का आयोजन कर वर्षगांठ की खुशियां मनाई गई। समारोह में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, पूर्व सभापति राजेश यादव, भाजपा नेता शिव चंद्राकर, राजेन्द्र पाध्ये, प्रदेश राईस मिल एसो. के पूर्व अध्यक्ष कैलाश रुंगटा, छग चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के दुर्ग जिला इकाई अध्यक्ष अनूप गटागट के अलावा विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के कार्यकर्ता एवं सामाजिक व धार्मिक संगठनों के लोग उत्साह के साथ जुटे। उन्होने श्री राधाकृष्ण मंदिर समिति के प्रमुख एवं समाजसेवी चतुर्भुज राठी के नेतृत्व में शुरु किए गए श्री राम रसोई भोजन सेवा को परोपकारी कार्य बताया और कहा कि जरुरतमंदों को भोजन करवाने से बड़ा और कोई दूसरा कर्म नहीं है। इस भोजन सेवा ने आज 1 वर्ष पूर्ण कर लिए है। यह 1 वर्ष का सफर लंबा समय होता है। इस दौरान बगैर रुके भोजन सेवा अनवरत् रुप से जारी रही। यह पुनीत कार्य श्री राधाकृष्ण मंदिर समिति के प्रमुख समाजसेवी चतुर्भुज राठी और उनकी टीम की परिश्रम और सेवाभावी प्रवृत्ति की वजह से संभव हो पाया है। जिसके लिए श्री राधाकृष्ण मंदिर समिति की पूरी टीम साधूवाद के पात्र है।

■ **प्रथम वर्षगांठ में इस सेवा का विस्तार कर जारी रखने का लिया गया संकल्प**

इस अवसर पर समारोह में मौजूद हर खास व आम लोगों को श्री राम रसोई की भोजन परोसी गई। जिसका लोगों ने आनंद उठाया। बता दें कि 1 वर्ष पूर्व आज के दिन ही 6 सेन्टरों से शुरु किए गए श्री राम रसोई भोजन सेवा की सेन्टरों की संख्या अब बढ़कर 13 सेंटर हो गई है। अब तक 5 लाख 12 हजार थाली भोजन का वितरण किया जा चुका है। आगामी दिनों में संचालन समिति द्वारा श्री राम रसोई के सेंटर बढ़ाने की योजना है। समारोह का संचालन श्री राधाकृष्ण मंदिर समिति के सदस्य दीपक चोपड़ा और आभार व्यक्त समाजसेवी सुरेन्द्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी अजय शर्मा, मनोहर सोनी, विजय अग्रवाल, चंचल सेठिया, गिरधर शर्माए पार्षद मनोज सोनी, डा.देवनारायण तांडी, पूर्व पार्षद अरुण सिंह, श्री सांई मंदिर समिति अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, सचिव धनेन्द्र सिंह चंदेल, सुजीत गुप्ता, धीरेन्द्र शर्मा, सुरेश साहू, गणेश निर्मलकर, पं.श्याम कुमार तिवारी, मुरली सचदेव, राम रत्नानी, नरेन्द्र राठी, मनोज राठी, दिनेश मारोटी के अलावा विभिन्न संगठनों के लोग मौजूद रहे।

# बेटे-बहू के झगड़े को रोकना पड़ा भारी, बेटे ने कर दी पिता की हत्या



**दुर्ग, 7 जून (देशबन्धु)।** धमधा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रहटादाह में बेटा-बहू को आपस में झगड़ने से रोकने पर उसके ही बेटे ने ईंट से सिर पर हमला कर हत्या कर दी। मृतक के भतीजे मुसाफिर दास मारकंडे (27) की रिपोर्ट पर धमधा पुलिस ने आरोपी पुत्र शंकरदास मारकंडे पिता धरमपाल मारकंडे को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार मृतक के भतीजे मुसाफिर दास मारकंडे ने धमधा थाने में रिपोर्ट लिखाई कि उसके बड़े पिताजी धरमपाल मारकंडे 24 मई की रात घर पर आराम कर रहे थे। तभी उन्होंने अपने बेटे शंकरदास मारकंडे (25) व उसकी पत्नी लीला मारकंडे के बीच किसी बात को लेकर लड़ाई झगड़े करने की आवाज सुनी। आवाज सुनकर उन्होंने अपने लड़के को लड़ाई झगड़ा करने से मना किया। इस पर आरोपी शंकर और भड़क गया और गाली गलौच करते हुए वहीं रखी ईंट को उठाकर अपने पिता के सिर पर पटक दिया। इससे धरमपाल के सिर पर एवं बांई आंख के पास चोट आई। उन्हें शासकीय जिला अस्पताल दुर्ग में भर्ती किया गया जहां 4 जून को उनकी मृत्यु हो गई।

इस पर भतीजे मुसाफिर दास की सूचना पर पुलिस ने विवेचना कर आरोपी शंकरदास मारकंडे के विरूद्ध धारा 296, 351 (2), 115 (2) 103 बीएनएस कायम कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आज उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# मुल्क और कौम की खुशहाली की दुआओं के साथ मनाई गई ईद

**दुर्ग, 7 जून (देशबन्धु)।** नगर में आज मुस्लिम समाज ने ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्यौहार काफी हर्षोल्लास से मनाया। सुबह गंजपारा ईदगाह में नमाज पढ़ी गई पश्चात मुस्लिम समाज के लोगों ने दोनों हाथ उठाकर मुल्क और कौम में अमन और खुशहाली के लिये दुआ मांगी। पश्चात लोगों ने अपने अपने परिजनों की कब्र पर फूल चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

गंजपारा कब्रिस्तान के अलावा शहर की तकियापारा मस्जिद, जामा मस्जिद सदर, केलाबाड़ी मस्जिद, तितुरडीह मस्जिद व अन्य मस्जिदों में नमाज अदा की गई। नमाज के बाद पूरे दिन मुस्लिमों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाईयां देते रहें। ईद उल अजहा मिलन में मुस्लिम समाज के अलाना हिन्दू समाज के लोग भी शामिल हुए। अनेक परिवारों में बकरे की कुर्बानियां दी गई।

ईदगाह गंजपारा में प्रदेश कांग्रेस के सचिव अय्यूब खान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जुनैद लाल आजमी पूर्व पार्षद अब्दुल गनी, अलताफ अहमद, हामिद खोखर, वसीम कुरैशी, रजा खोखर आदि उपस्थित थे।

# ब्रम्हाकुमारीज के नेतृत्व में बघेरा में शराब भट्टी खोले जाने का विरोध

## विधायक गजेन्द्र यादव को सौंपा ज्ञापन



**दुर्ग, 7 जून (देशबन्धु)।** ब्रम्हाकुमारीज से जुड़े बहनों एवं माताओं ने वार्ड बघेरा में शराब भट्टी खोलने की पहल का विरोध करते हुए आज विधायक गजेन्द्र यादव के निवास में जाकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। उल्लेखनीय है कि नगर निगम दुर्ग के वार्ड 56 बघेरा में ब्रम्हाकुमारीज का एक प्रमुख योग केन्द्र आनंद सरोवर स्थापित है। विधायक को ज्ञापन सौंपने वालों में ब्रम्हाकुमारी चैतन्य प्रभा, भारती बहन, सहित संस्था से जुड़े लोग बड़ी संख्या में शामिल थे। विधायक श्री यादव ने ब्रम्हाकुमारी भाई बहनों की भावनाओं से सक्षम अधिकारियों को अवगत कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ब्रम्हाकुमारी के प्रतिनिधि मंडल में वार्ड 56 बघेरा के पार्षद ललित ढीमर भी शामिल थे।

ब्रम्हाकुमारियों ने विधायक गजेन्द्र यादव को बताया कि बघेरा वार्ड का वातावरण एकदम शांत एवं आध्यात्मिक वातावरण से ओतप्रोत है जिसमें शराब भट्टी खुले जाने से बड़ा व्यवधान होगा। स्कूली बच्चों, महिलाओं की आवाजाही पर विपरीत असर पड़ेगा। ब्रम्हाकुमारी बहनों ने विधायक श्री यादव को बताया कि बघेरा में शराब दुकान खोलने के लिये किराये का मकान लेने प्रशासन द्वारा निविदा भी निकाली गई है। विधायक श्री यादव ने ब्रम्हाकुमारी के प्रतिनिधि मंडल को बताया कि वार्ड 56 के पार्षद ललित ढीमर ने इस मामले में उनसे मिलकर शराब भट्टी खोलने का विरोध किया है।

# धर्म जागरण समन्वय की गोष्ठी आज

**दुर्ग, 7 जून (देशबन्धु)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की एक मूलभूत गतिविधि पर धर्म जागरण संगोष्ठी का आयोजन 8 जून को बीआईटी के सभागार में किया जायेगा। गोष्ठी का विषय भारत में बढ़ती जनसंख्या मतांतरण एवं समाधान है। धर्म जागरण की गतिविधि 8 से 10 जून तक संचालित रहेगी।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता धर्म जागरण के अखिल भारतीय प्रमुख शरद गजानन ढोले होगें। मुख्य अतिथि महापौर अलका बाघमार, अतिथि के रूप में विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव, विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर भी आमंत्रित किये गये है। इस अवसर पर आरएसएस के सभी अनुवंशिक संगठनों की भी उपस्थिति रहेगी। शासन प्रशासन व समाज के प्रत्येक वर्ग के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

उक्त जानकारी धर्म जागरण समन्वय जिला दुर्ग के आयाम प्रमुख संजय मिश्रा, सूर्य प्रकाश शुक्ला एवं ओमप्रकाश रजक ने दी।

# दल्लीराजहरा जिनकुशल सूरी दादाबाड़ी में आज बड़ी दीक्षा महोत्सव का आयोजन



**दल्लीराजहरा, 7 जून (देशबन्धु)।** खरतरगच्छ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ दल्ली राजहरा के अध्यक्ष राकेश बुरड़ ने बताया कि दल्लीराजहरा नगर ने बड़ी दीक्षा महोत्सव का आयोजन 8 जून रविवार को गुरु भगवानतो के पावन सानिध्य कर्तारगच्छ विभूषण व्याख्यान वाचस्पति पूज्यपाद गुरुदेव श्री जयानंद मुनि जी महाराज के शिष्य गणगण पन्यास प्रवर श्री विनयकुशल मुनि जी गणि प.पू. श्री नंदीशेन मुनि जी की निश्रा में एवं पन्यास प्रवर श्री वीरभद्र मुनि जी गणि आदि ठाणा के द्वारा कल 8 जून, रविवार बड़ी दीक्षा = प्रात: 6.36 बजे इसमें संगीतकार दर्शिल भाई गिरनारी जी रहेंगे। जिनकुशल सूरी दादाबाड़ी में दर्शिल भाई गिरनारी, मुंबई द्वारा कार्यक्रम में संध्या का आयोजन शाम 7.30 बजे से किया जाएगा। श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ सभी जैन बन्धुओं को सहपरिवार सहित अन्य लोगों को को इस कार्यक्रम में पधारने का आग्रह किये है।

■ **जैन बन्धुओं को सहपरिवार कार्यक्रम में पधारने किये आग्रह-श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ**

# युक्तियुक्तकरण नीति से जिले के 10 स्कूलों में हुई रसायन विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति

**कवर्धा, 7 जून (देशबन्धु)।** राज्य शासन द्वारा शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़, संतुलित और परिणाममुखी बनाने के उद्देश्य से लागू की गई युक्तियुक्तकरण नीति का सकारात्मक प्रभाव अब ज़मीन पर दिखाई देने लगा है। यह नीति विशेष रूप से उन विद्यालयों में कारगर सिद्ध हो रही है जहाँ शिक्षकों की कमी या विषय-विशेषज्ञों का अभाव लंबे समय से छात्रों की पढ़ाई में बाधा बन रहा था।

युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत कबीरधाम जिले के 10 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में रसायन विज्ञान विषय के शिक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। इससे इन स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को अब बेहतर मार्गदर्शन प्राप्त होगा, जिससे उनकी विषय के प्रति समझ और रुचि दोनों में वृद्धि होगी। इसके तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मरका, कापादाह, कोड़ापुरी, पोलमी, कुंडा, नेउर, राजानवागांव, जुनवानी जंगल, समनापुर और सिंघनगढ़ विद्यालयों में अब विशेषज्ञ शिक्षक छात्रों को प्रयोगात्मक और सैद्धांतिक दोनों स्तरों पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेंगे। शिक्षकों की नई पदस्थापनाओं से विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# जिले के सभी थानों में मनाया गया थाना दिवस




**खैरागढ़, 7 जून (देशबन्धु)।** जिला पुलिस टीम केसीजी द्वारा जिले के सभी थानो में थाना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किये जाने के संबंध में दिशा निर्देश जारी होने के बाद 5 जून को प्रथम थाना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना खैरागढ़ एवं गातापार में थाना दिवस मनाया गया जहां क्षेत्र से आये आमजन, जनप्रतिनिधि, अधिवक्ता संघ, पत्रकार संघ, ग्राम प्रमुख व कोटवार सहित बडी संख्या में लोग उत्साह के साथ शामिल हुए। एसपी ने पहले बारी-बारी से कार्यक्रम में उपस्थित लोगो की समस्याएं सुनी जिसमें प्रमुख शिकायते मादक पदार्थ एवं शराबखोरी, यातायात नियमों को अनदेखी कर स्टंटबाजी कर रहे वाहन चालकों पर कार्यवाही, छात्रङ्कछात्राओ द्वारा शैक्षणिक संस्थानो के बाहर खुलेआम सिगरेट पीने, आम रास्ते में घुम रहे मवेशियों के कारण हो रही अव्यवस्था एवं सड़क दुर्घटना के संबंध में थी। शिकायत एवं सुझाव सुनने के बाद एसपी ने त्वरीत कार्यवाही करने थाना प्रभारियों को निर्देशित किया। निर्देशानुसर थाना खैरागढ़ के द्वारा उसी दिन आबकारी एक्ट के ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

■ **आयोजन का उद्देश्य आमजनो से सीधा संवाद कर समस्याओं का निराकरण करना**

# साजा जनपद में प्रशासनिक सर्जरी, बरसों से जमे थे अधिकारी

**परपोड़ी, 7 जून (देशबन्धु)।** जिला पंचायत बेमेतरा ने प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत के सीईओ संतोष कुमार घोसले विकास विस्तार अधिकारी नवागढ़ को साजा जनपद पंचायत का प्रभार सौंपा गया था, उक्त आदेश में संशोधन करते हुए प्रशासनिक दृष्टिकोण से सुरेश कुमार कंवर सहायक परियोजना अधिकारी जिला बेमेतरा को प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत साजा का प्रभार सौंपा गया है। वही साजा जनपद पीईओ को बदलकर गिरीश वर्मा को आगामी आदेश तक कार्यभार सौपा गया है।

■ **सुरेश कुमार कंवर होंगे नए सीईओ**

**लगातार सुर्खियों में था जनपद पंचायत साजा**-सूत्रो से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत साजा में पंचायतों के सहायक रोजगारों ने पूर्व के सरपंचों द्वारा किए गए भ्रष्टाचारों को दबाने के नाम पर 2-2 हज़ार वसूल किये जा रहे थे। मनरेगा के प्रोग्राम अधिकारी ने ऑडिट होने की बात कही थी लेकिन वसूली संबंधित जानकारी की पुष्टि नहीं की। जनपद पंचायत साजा में पूर्व में भी सचिवों से वसूली की बात सामने आ चुकी है जिसमे आरोप यह लगाया गया था की सभी पंचायतों में सचिवों पर दबाओ बनाकर वसूली की जा रही है।

**अनुविभागीय दंडाधिकारी की अध्यक्षता में होगी जांच**-मनरेगा में अनियमितता और भ्रष्टाचार के मामले मीडिया में उठाए जाने के बाद जिला पंचायत सीईओ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए साजा अनुविभागीय दंडाधिकारी के अध्यक्षता में कमेटी गठित कर जांच के निर्देश दिये हैं।

अब देखना होगा कि साजा जनपद पंचायत में लगातार आ रहे भ्रष्टाचारके मामलो में सुधार कैसे होता हैं? और हो रहे भ्रष्टाचारों में किसकी कितनी संलिप्तता है, जांच में क्या सामने आता हैं?

प्रशासनिक व्यवस्था के अनुसार सीईओ हटाए गए हैं। मनरेगा ऑडिट की प्रक्रिया की जाएगी और वसूली संबंधित जानकारी मिली है जिसके लिए जांच कमेटी गठित की गई है।

-**अनिल अग्रवाल**, सीईओ
जिला पंचायत बेमेतरा




# हजार वाहन चालकों का 5 लाख का बीमा कराया गया



**भिलाईनगर,** 7 जून (देशबन्धु)। भिलाई में ट्रांसपोर्ट क्षेत्र में काम कर रहे ड्राइवरों, हेल्परों और सुपरवाइजरों के लिए एक ऐतिहासिक और सराहनीय पहल की गई है। भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट्र्स एसोसिएशन के द्वारा प्रदेश में पहली बार 1000 से अधिक लोगों को 5 लाख रुपए तक की जीवन सुरक्षा बीमा पॉलिसी प्रदान की गई। यह आयोजन भिलाई के खुर्सीपार स्थित एसोसिएशन कार्यालय में किया गया। जहां बड़ी संख्या में एसोसिएशन से जुड़े लोग मौजूद रहे। इस बीमा योजना के साथ ही हेलमेट वितरण और पर्यावरण जागरूकता जैसे कार्य भी किए गए। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों को हेलमेट और पौधे बांटे गए। जिससे न केवल सड़क सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। इस भव्य आयोजन में कई प्रमुख अधिकारी और अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के संयुक्त परिवहन आयुक्त यू.बी.एस.चौहान, एएसपी सुखनंदन राठौर, छावनी सीएसपी हरीश पाटिल, भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, सीमेंट संगठन के अध्यक्ष अंजय शुक्ला, एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे। सभी अतिथियों का मंच पर सम्मान किया गया। संयुक्त परिवहन आयुक्त यू.बी.एस. चौहान ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ ट्रक ट्रेलर संगठन द्वारा लंबे समय से ड्राइवरों, हेल्परों और मैकेनिकों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। यह बीमा योजना उसी प्रयास की एक बड़ी उपलब्धि है, जिसमें 1000 से ज्यादा लोगों को 5 लाख रुपए का बीमा सुरक्षा कवच दिया गया। इसके साथ ही सभी को हेलमेट वितरित किए गए और एक मेगा स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया। श्री चौहान ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सड़क दुर्घटनाओं और उसमें होने वाली मौतों की संख्या चिंताजनक है। यदि सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें और हेलमेट जैसी सुरक्षा का उपयोग करें, तो इन घटनाओं में काफी कमी आ सकती है। उन्होंने संगठन को इस जनहितकारी पहल के लिए बधाई दी। एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने कहा कि संगठन का यह दूसरा वर्ष है और उनकी टीम शुरू से ही ट्रांसपोर्ट क्षेत्र में काम करने वाले लोगों की सुरक्षा और हितों को लेकर सजग रही है। उन्होंने बताया कि आए दिन सड़क हादसों में ड्राइवरों की जान जाती है, और उनके परिवारों को मुआवजा देने वाला कोई नहीं होता। कई बार मृतक के परिजन लाश लेकर सड़क पर बैठ जाते हैं। इन्हीं घटनाओं से सीख लेते हुए संगठन ने तय किया कि अब हर ड्राइवर, हेल्पर और सुपरवाइजर को बीमा सुरक्षा दी जाएगी ताकि भविष्य में कोई भी परिवार आर्थिक संकट से न जूझे। इसी सोच के साथ इस वर्ष भी 1100 लोगों को बीमा पॉलिसी करवाई गई और साथ में सभी को हेलमेट भी दिया गया। संगठन ने केवल सड़क सुरक्षा तक सीमित न रहते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी कदम उठाया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को एक एक पौधा भेंट किया गया और अनुरोध किया गया कि वे इस पौधे को अपने घर या आसपास लगाएं और उसका संरक्षण करें।

भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट्र्स एसोसिएशन द्वारा की गई यह पहल निश्चित रूप से प्रदेश में सामाजिक उत्तरदायित्व और जनकल्याण का एक प्रेरणादायक उदाहरण है। जीवन बीमा, हेलमेट वितरण और पर्यावरण संरक्षण जैसी योजनाओं ने यह साबित कर दिया है कि अगर निजी संगठनों की इच्छा हो तो वे भी समाज में बड़े स्तर पर बदलाव ला सकते हैं। यह पहल छत्तीसगढ़ के ट्रांसपोर्ट सेक्टर में काम करने वाले लोगों के लिए न केवल एक सुरक्षा कवच है, बल्कि उनके जीवन को सम्मान और सुरक्षा देने की दिशा में एक मजबूत कदम भी है।

# फूटबॉल मैंच के दौरान जीत की खुशी, कोच की मौत



**भिलाईनगर,** 7 जून (देशबन्धु)। शुक्रवार को रिसाली में आयोजित फुटबाल स्पर्धा के दौरान दर्दनाक घटना में फूटबॉल के कोच की मैदान में ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार रिसाली के मैदान में सेमीफाइनल मैच खेला जा रहा था। जिसमें 3-0 से पिछड़ने के बाद 4-3 से जीत दर्ज की इसकी खुशी में कोच को हार्ट अटैक आ गया। उन्हे तत्काल अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार जीई रोड बजरंग पारा भिलाई-3 निवासी सुरेश राउत फुटबाल खिलाड़ी थे। वे भिलाई-3 न्यू मशाल क्लब फुटबाल टीम जूनियर के कोच के रूप में बच्चों को प्रशिक्षण देते थे। वे शुक्रवार को रिसाली के दशहरा मैदान के पास स्थित फुटबाल ग्राउंड में अपनी टीम को लेकर पहुंचे थे। यहां पर फुटबाल स्पर्धा में जूनियर वर्ग की टीम का सेमीफाइनल मैच था। मैच के दौरान प्रतिद्वंद्वी टीम ने तीन गोल दागकर 3-0 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद न्यू मशाल क्लब की टीम ने तीन गोल दागे। इसके बाद न्यू मशाल क्लब के खिलाड़ियों ने एक और गोल दागते हुए स्पर्धा जीत लिया। मैदान पर टीम के खिलाड़ियों के साथ कोच सुरेश राउत का उत्साह व जोश देखते ही बन रहा था। बताया जाता है कि कुछ देर बाद ही मैदान के बाहर खिलाड़ी व कोच बैठकर नाश्ता करने लगे। इस दौरान कोच सुरेश की तबीयत बिगड़ गई। वह कुर्सी से नीचे गिर पड़े जिन्हें वहां मौजूद लोगों ने उठाया और स्थिति को देखते हुए पास के ही अस्पताल में पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने जांच उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके शव को सुपेला सरकारी अस्पताल के मरच्यूरी में लाया गया। इस घटना के बाद फुटबाल खिलाड़ियों में शोक की स्थिति है। सुरेश होने के साथ ही फाइनेंस कंपनी में काम करते

# एससी, एसटी एम्पलाईज ने सीजीएम से की चर्चा



**भिलाईनगर,** 7 जून (देशबन्धु)। बीएसपी एससी, एसटी एम्पलाईज एसोसिएशन के महासचिव विजय कुमार रात्रे ने बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र अनूप कुमार दत्ता मुख्य महाप्रबंधक एसपी एवं ओएचपी से एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मडल अध्यक्ष कोमल प्रसाद के नेतृत्व में सौजन्य भेंट किये। अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने मुख्य महाप्रबंधक को एसोसिएशन की पत्रिका नया सवेरा भेंट किये। कोमल प्रसाद ने अनूप कुमार दत्ता को एसोसिएशन के विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया तथा सिटर सयत्र में गठित विभागीय समिति के पदाधिकारियों से परिचय कराया। कोमल प्रसाद ने एस सी, एस टी अधिकारियों को ग्रेडिंग के सन्दर्भ कहा कि एसोसिएशन के किसी भी अधिकारी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए, साथ ही नियमित कर्मचारियों एव संयंत्र में कार्यरत ठेका श्रमिकों की सुरक्षा उन्हें दी जा रही मूलभूत सुविधाएं जैसे शौचालय, विश्राम कक्ष, केन्टीन के संबंध में विस्तृत चर्चा किये। मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि कर्मचारियों को प्रदान की जा रही मूलभूत सुविधाए बेहतर है। जहा आवश्यकता है सुधार की वहा सुधार कार्य एवं मरम्मत कार्य चल रहा है। महिलाओं के लिए भी अलग से शौचालय एव विश्राम कक्ष की व्यवस्था है। उन्होने बताया कि सिटर संयंत्र में पर्यावरण को लेकर भी हम सजग है, हमने अपने संयंत्र के क्षेत्र को हरियाली से आच्छादित करने हेतु वृक्षारोपण का कार्य किये है। सगवारी गार्डन का निर्माण किये है। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में हम सब को मिलकर अभी और मिलकर कार्य करने की जरूरत है। सिंटर सयत्र से उड़ने वाली फाईन डस्ट की समस्या एवं शिकायत के संबंध में मुख्य महाप्रबंधक श्री दत्ता ने बताया कि इस संबंध में कुछ शिकायत है, इस समस्या का निराकरण पानी की बौछार करके कर लिया जाता है, परंतु कभी कभी नोजल की खराबी या मोटर पम्प की खराबी के कारण से यह समस्या आ जाती है। यह समस्या और इसका निराकरण साथ साथ चलने वाली प्रक्रिया है। श्री रात्रे ने सिंटर संयंत्र एवं ओ एच पी के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के नियमित कर्मचारियों को अंतर संयंत्र प्रशिक्षण हेतु भेजे जाने का अनुरोध किया। प्रतिनिधि मंडल में कोमल प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष चेतन लाल राणा, उपाध्यक्ष वेद प्रकाश सूर्यवशी, विजय कुमार रात्रे, अनिल कुमार खेलवार, मोहित ठाकुर, जसवंत नेताम,उदय कुमार राम, उमेश कुमार सूर्यवंशी उपस्थित थे।

# सिम का सायबर क्राइम में दुरूपयोग पीड़ित पहुंचा थाना

**भिलाईनगर,** 7 जून (देशबन्धु)। दो वर्ष पूर्व जियो और एयरटेल के कर्मचारी और प्रमोटर द्वारा धोखे से आधार कार्ड लेकर सिम जारी करने और उस सिम से सायबर अपराध करने वालों को देने के मामले में जामुल पुलिस ने एक महिला और पुरुष के खिलाफ भादवि की धारा 419 व 420 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। यह मामला भिलाई अंतर्गत कुरूद का है। सायबर थाना द्वारा क्राईम में जिस सिम का प्रयोग आरोपियों द्वारा किया गया वह धोखे और फर्जी डाक्यूमेंट के आधार पर जारी हुई है, मामला खुलते ही इस कृत्य से अनभिज्ञ युवक ने थाना पहुंच रिपोर्ट दर्ज करवाई है। जामुल थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने बताया कि ऐसी शिकायत सामने आने पर कुरूद भिलाई निवासी आशीष 28 वर्षद्ध की रिपोर्ट पर जियो कंपनी के मोनेन्द्र और एयरटेल कंपनी की प्रमोटर के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आशीष के आधार कार्ड का उपयोग कर धोखे से सिम निकाल उसे अन्य व्यक्ति को बेच कर धोखाधड़ी की गई है। जियो कम्पनी का कर्मचारी मोनेन्द तथा एयरटेल कंपनी की प्रमोटर 16 जनवरी 2023 को आशीष के मोहल्ले में घूम घूम कर सिम पोर्ट कर रहे थे। सुबह करीब 10 बजे वो आशीष के घर गए और सिम पोर्ट करने कहा। आशीष के मामा का लड़के ने अपना वोडाफोन आइडिया का सिम एयरटेल में पोर्ट कराने के लिए बोला। मामा का लड़का नाबालिग था इसलिए मोनेन्द ने आशीष का आधार कार्ड लिया और दो बार थम्ब इम्प्रेशन, दो बार फोटो व आधार कार्ड का फोटो लिया गया। तीन दिन बाद सिम मिल जायेगा बोल कर वो निकल गए। 6 जून 2025 को साइबर पुलिस के द्वारा आशीष चतुर्वेदी को जानकारी मिली कि उसके नाम से दो सिम निकाल कर मोनेन्द्र एवं ने धोखाधड़ी कर बेईमानी से किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया है। इसकी जानकारी होते ही मामला थाने में पहुंचा। पुलिस ने अपराध दर्ज कर इसमें जांच शुरु कर दी है।

# संयंत्र व सशस्त्र सीमा बल ने किया वृक्षारोपण



**भिलाईनगर,** 7 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग तथा सशस्त्र सीमा बल के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर-8 की सड़क 42 निरंकारी भवन के निकट वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 400 मिश्रित प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं उत्पल दत्ता उपस्थित रहे, जबकि विशेष अतिथि कमांडेंट एसएसबी कीर्तिवर्धन, द्वितीय कमान अधिकारी एसएसबी शंकर प्रसाद बर्नवाल उपस्थित थे। यह वृक्षारोपण कार्यक्रम नगर सेवाएं विभाग के उद्यानिकी अनुभाग प्रमुख डा. एन.के. जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में एसएसबी के जवानों व टीएसडी कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता प्रदान की। संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई कि वे अधिकाधिक मात्रा में वृक्षारोपण करें और पर्यावरण संबंधी जनजागरूकता अभियानों में भागीदारी सुनिश्चित करें। जिससे प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण और संवर्धन प्रभावी रूप से किया जा सके। इस अवसर पर विभाग से राजेश शर्मा, एस.एल. अग्रवाल, गफ्फार खान. व्हीय संदीप नायडू. एन. के.सिन्हा. ललित, सी.एम. चंद्राकर तथा किरण ठाकुर सहित नगर सेवाएं विभाग के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विश्व पर्यावरण दिवस पर संयंत्र के विभिन्न स्थानों पर एवं पंडित जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र के प्रांगण में भी बृहद पैमाने पर वृक्षारोपण किया गया। साथ ही संयंत्र द्वारा जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यकर्मों का आयोजन किया गया।

# सेक्टर-9 अस्पताल के समक्ष सूर्यनमस्कार कलाकृति अनावरित



**भिलाईनगर,** 7 जून (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के स्वागत में भिलाई इस्पात संयंत्र के सेक्टर-9 अस्पताल के मुख्य द्वार पर स्थित प रविशंकर शुक्ल चौक चौक में सूर्यनमस्कार की भव्य कलात्मक मूर्ति का अनावरण किया गया। यह कलाकृति भारत की प्राचीन योग परंपरा को समर्पित एक सांकेतिक श्रद्धांजलि है। जिसमें सूर्यनमस्कार के बारह योगिक आसनों को कलात्मक शैली में दर्शाया गया है। इस प्रतिमा का अनावरण कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी विजय कुमार बेहरा, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉण् विनीता द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. उदय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक नगर प्रशासन उत्पल दत्ता, अध्यक्ष सेफी एवं ओए एन. के. बंछोर तथ महासचिव परविन्दर सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस प्रतिमा की डिजाइनिंग टाउन आर्किटेक्ट प्लानिंग सेक्शनए नगर सेवाएं विभाग के उमाशंकर राव द्वारा की गई थी। यह संपूर्ण रूप से संयंत्र के स्टील प्लेटों का उपयोग करके इन हाउस संसाधनों से निर्मित की गई है, जो बीएसपी की आंतरिक डिज़ाइन एवं अभियांत्रिकी क्षमता को दर्शाती है। इसका निर्माण नगर सेवाएं विभाग द्वारा यांत्रिकी एवं उपयोगिता विभाग के सहयोग से संपन्न किया गया। इस अवसर पर कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। जिनमें महाप्रबंधक एम एंड एस. मेडिकल एस.एम. शाहिद अहमद, महाप्रबंधक विष्णु के. पाठक, महाप्रबंधक उद्यानिकी टीएसडी डॉ. एन. के. जैन,महाप्रबंधक जनसंपर्क प्रशांत तिवारी, उप महाप्रबंधक ईडी एचआर सचिवालय राजीव कुमार, उप महाप्रबंधक टीएसडी पीएचई डी.सी. सिंह, उप महाप्रबंधक टीएसडी राघवेंद्र गर्ग, उप महाप्रबंधक टीएसडी बी. एल. मीणा, सहायक महाप्रबंधक सिविल टीएसडी सरोज झा और सहायक महाप्रबंधक टीएसडी एन.के. मिश्रा प्रमुख रहे। पवन कुमार ने इस पहल को योग दिवस की भावना के अनुरूप एक सार्थक पहल बताया। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय के प्रवेश द्वार पर इस सूर्यनमस्कार कलाकृति की स्थापना यह संदेश देती है कि योग और नियमित शारीरिक क्रियाएं हमें रोगों से दूर रख सकती हैं। उन्होंने कहा की यदि हम अनुशासित और स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली अपनाएं तो चिकित्सालय की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी विजय कुमार बेहरा ने परियोजना से जुड़े सभी विभागों को बधाई देते हुए कहाए श्मैं जेएलएन चिकित्सालय के निकट ही निवास करता हूँ और निर्माण के दौरान अक्सर राहगीरों को इसे उत्सुकता से देखते पाया। अब यह मूर्ति न केवल सौंदर्य को बढ़ा रही है बल्कि यह रोज़मर्रा में योग के महत्व की याद भी दिलाती है। मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता ने सूर्यनमस्कार की भव्य कलात्मक मूर्तियों व टाउनशिप में सड़क और चौराहों के सौंदर्यीकरण की पहल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह परियोजना रिकॉर्ड समय में टीम भावना से पूरी की गई और इसी सामूहिक सहयोग से आने वाले समय में और भी परियोजनाएँ साकार होंगी। डा.विनीता द्विवेदी ने कहा मैं स्वयं योग का अभ्यास करती हूँ और इसके प्रभाव को महसूस किया है। यह कलाकृतियां न केवल परिसर की शोभा बढ़ा रही हैए बल्कि स्वस्थ जीवन का जन संदेश भी दे रही है। इस अवसर पर महाप्रबंधक विष्णु के. पाठक ने मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# हुड़को के पुराने सीवरेज सिस्टम को ठीक किया जाएगा



**भिलाईनगर,** 7 जून (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक-5 वार्ड-69 एवं 70 हुड़को में बरसो से पुराने सीवरेज सिस्टम के समस्या को दूर किया जाएगा। नये सिवरेज सिस्टम का निर्माण किया जायेगा। जिसका एजेंसी के द्वारा सतही स्तर पर ड्राईंग बनवा लिया गया है। उसी के आधार पर निर्माण होगा। वहां अधिकांश लोग सीवरेज सिस्टम के ऊपर मकान गार्डन, फर्सीकरण करके सीवरेज सिस्टम को ब्लॉक कर दिये हैं। जिसके कारण वहां पर निस्तारी के पानी में निकासी की समस्या आ रही है। यह मकान भिलाई स्टील प्लांट के भूखण्ड पर हुड़को द्वारा बनाया गया था। जिसको भिलाई स्टील प्लांट में काम करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा खरीदा गया था। संयंत्र द्वारा उन्हे नियमानुसार हाउस लोन भी प्रदान किया गया था। वर्तमान स्थिति अनुसार ज्यादातर घरों में वरिष्ठ नागरिक निवासरत है। युवा वर्ग अन्य जगहों पर कार्य कर रहे है। आज आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता के साथ हुड़को क्षेत्र के सीवरेज सिस्टम, नाले की सफाई, बारिश के पानी की निकासी, उद्यान का अवलोकन करने पहुंचे। स्थानीय नागरिकों द्वारा वहां की समस्याओं के बारे में आयुक्त को बताया कि हम लोग बहुत परेशान हो रहे है। आवश्यकताओं को देखते हुए निगम के महापौर परिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्ताव आया था। जिसकी चर्चा पश्चात लगभग 18 करोड़ रूपये का सीवरेज सिस्टम हेतु प्रास्ताव पारित कर शासन को राशि सुकृत करने के लिए भेजा गया था। स्थानीय नागरिकों द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि कुछ लोग अपनी सुविधा अनुसार सीवरेज सिस्टम के उपर पीछे के तरफ अवैध कब्जा करके निर्माण कर लिए है। उनके कारण बाकि लोग परेशानी उठा रहे है। ऐसे सभी निर्माण को तोड़ा जाए जिससे नाली की सफाई अच्छी तरह से हो सके। आयुक्त पाण्डेय ने कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह को शासन स्तर पर पुनः स्मरण पत्र प्रेषित करने को कहा। जोन के प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम को अतिक्रमणकर्ताओ को नोटिस देने के लिए निर्देशित किये है। सभी को नोटिस देकर स्वयं से कब्जा हटाने के लिए 15 दिवस का समय दिया जावें। निर्धारित तिथि पश्चात निगम द्वारा कब्जा हटाने की कार्यवाही की जाएगी। प्रमुख सड़क के उपर दुकानें खुल गई है। जिससे आवागमन भी बाधित हो रहा है। निरीक्षण के दौरान उपअभियंता दीपक देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक सागर दुबे, स्वच्छता पर्यवेक्षक हरिश चंद बारले, यशवंत मसकरे आदि उपस्थित रहे।

# आईएमटी उत्तरी यूरोप फ्रांस के साथ समझौता पर हस्ताक्षर



**भिलाईनगर,** 7 जून (देशबन्धु)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई आईआईटी भिलाई ने इंस्टीट्यूट माइंस टेलीकॉम(आईएमटी) नोर्ड यूरोप के साथ एक समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं, जो भारत और फ्रांस के बीच अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक और अनुसंधान साझेदारी को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण जरिया है। आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश ने आईआईटी भिलाई की ओर से इस समझौते पर हस्ताक्षर किए और आईआईटी भिलाई में अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियों के कार्यालय ने इस महत्वपूर्ण समझौते को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आईएमटी उत्तरी यूरोप और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई के बीच पारस्परिक हित के मामलों में संयुक्त कार्यों को आगे बढ़ाने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ समझौते को औपचारिक रूप दिया गया है। पार्टियों ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जो दोनों संस्थानों के उद्देश्यों में योगदान करने वाले द्विपक्षीय सहयोग लिंक को बढ़ावा देना चाहता है और साथ हीए क्षेत्रों के शैक्षिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में योगदान करने की अनुमति देता है। इस समझौते के तहत, आईआईटी भिलाई के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को फ्रांस में अध्ययन करने और संयुक्त डिग्री अर्जित करने का अवसर मिलेगा। जिससे उन्हें अमूल्य अंतर्राष्ट्रीय अनुभव प्राप्त होगा। यह सहयोग मैकेनिकल इंजीनियरिंग, पॉलिमर, कम्पोजिट मैटेरियल्स, मेकाट्रॉनिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ कंप्यूटर विज्ञान सहित कई प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा।

# सोसाइटी की आमसभा 8 को

**भिलाईनगर।** बीएसपी एम्पलाइज को ऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी सेक्टर.4 की सालाना आमसभा 8 जून को सुबह 10 बजे बीकेपी क्लब स्ट्रीट 6-7 के समीप सेक्टर.4 में आयोजित है। जिसमें अध्यक्ष का स्वागत भाषण, प्रतिवेदन बैलेंस शीट 2024-25 की स्वीकृति, बजट 2025-26 को मंजूरी और वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंकेक्षण की नियुक्ति को अनुमति देने सहित अन्य गतिविधियां होगीं। अध्यक्ष पूरनलाल देवांगन ने बताया कि आय व्यय का विवरण संस्था कार्यालय में उपलब्ध है और सदस्यों को अपना फोटोयुक्त पासबुक एवं गेट पास लाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि निर्धारित 50 वर्ष की तक वाले बीएसपी व एनएसपीसीएल कर्मियों को आमसभा स्थल पर ही सदस्यता भी दी जाएगी।

# प्लास्टिक की बोतल की जगह इंसुलेटेड बोतल का उपयोग करे



**भिलाईनगर,** 7 जून (देशबन्धु)। नगर पालिका अहिवारा ने एक अनूठी पहल शुरू की प्लास्टिक की बोतलों को कैसे हटाया जाए और उनका उपयोग ना हो। प्लास्टिक की जगह इंसुलेटेड बोतल दी गई। इससे बेतहाशा जो बोतलों का उपयोग होता है वह कम होगा और पर्यावरण संरक्षण करने में मदद मिलेगी। यह तभी संभव है, जब हम लोग इन बोतलों का उपयोग करें। शादियों में पार्टियों में डिस्पोजल का उपयोग न करें यह हजारों साल तक जमीन में रहने के बाद भी समाप्त नहीं होती प्लास्टिक की एक छोटी सी मात्रा हमारे शरीर में जाने पर कैंसर का रूप ले सकती है। नगर पालिका अहिवारा की इस पहल को सारे प्रदेश में लागू करने की जरूरत है। नपाध्यक्ष विद्यानंद कुशवाहा ने कहा कि इससे प्लास्टिक बोतलों से हमें निजात मिलेगी। नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी व प्रेसिडेंट इन काउंसलिंग की सभी सदस्य इसके लिए धन्यवाद के पात्र है, जिन्होनें इस उपयोग को कारगर बनाने में मदद कर रहे है।

# सर्वशक्तिवान भगवान हमारे साथ : ब्रह्माकुमारी



**भिलाईनगर,** 7 जून (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में चल रहे नौ दिवसीय निशुल्क गुड बाय टेंशन अलविदा तनाव शिविर के चौथे दिन आनन्द उत्सव सत्र में इंदौर से आई तनाव मुक्ति विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी ने शक्ति परमात्मा का वर्णन करते हुए कहा कि हरेक को जीवन में विपत्ति के समय सच्चा सहारा, सर्व संबंधो का प्यार, सुरक्षा का अनुभव चाहिए। यह सब हम आत्माओं को परमात्मा से जुड़ने पर ही मिलता है। जब परमात्मा के बारे में बहुत सी मतें हो जाती हैं तो वे स्वयं आकर अपना सत्य परिचय देते हैं। परमात्मा व अन्य मनुष्य आत्माओं की विभिन्न बिन्दुओं द्वारा तुलना कर स्पष्ट करते हुए उन्होंने बताया कि परमात्मा अजन्मा है, जन्म मरण से न्यारा है हम मनुष्यात्मा, जन्म.मरण के चक्र में आती है। परमात्मा अवतरित होते हैं। उनका पांच तत्वों का शरीर नहीं हैं। वे सर्वशक्तिमान हैं, जगत नियंता परमात्मा सृष्टि का पालनहार है। वे परमशिक्षक, परम सद्गुरु हैं। वे ज्ञान के सागर हैं, परमात्मा को ही शांति दाता, शक्ति दाता कहा जाता है। वे भोलेनाथ के रूप में सभी की मनोकामनाओं को पूर्ण करते है। भारत में 12 ज्योतिर्लिंग मंदिर ज्योतिस्वरूप परमात्मा की ही यादगार हैं। जैसे आत्मा ज्योति प्रकाश स्वरूप पॉइंट ऑफ लाइट है, ऐसे ही आत्मा के पिता परमात्मा भी प्रकाश स्वरूप है वे हम सभी मनुष्य आत्माओं के पिता हैं। हम उनके बच्चे हैं तो उनकी सारी संपत्ति के हम वारिस यानि मालिक हो गये। जिन्हें प्राप्त करने हमे राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से उनसे सम्बन्ध जोड़ना होगा। पूनम बहनजी ने अभ्यास कराते हुए आज का स्प्रीचुअल इंजेक्शन सर्वशक्तिवान हजार भुजाओं वाला भगवान मेरा साथी हैए स्वयं भगवान मेरे मददगार हैंश् और इसे विश्वास पूर्वक अनुभव करते हुए बार बार लिखकर अभ्यास करने के लिए होमवर्क दिया द्य

## किसान मोर्चा की बैठक आज

**महासमुंद,** 7 जून (देशबंधु)। छग संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा करणी कृपा प्लांट के विरोध में चलाई जा रही जनजागरण मशाल रैली का विस्तार सिरपुर, झलप, पटेवा क्षेत्र में करने के लिए 8 जून को दोपहर दो बजे ग्राम खैरझिटी के श्रीराम जानकी मंदिर में बैठक आहूत की गई है।



# अंतर्राज्यीय आदतन डकैतों को पुलिस ने धर दबोचा

**राजनांदगांव,** 7 जून (देशबन्धु)। चोरी की वारदात को लेकर पुलिस चिंता में थी वहीं एक कॉलोनी जो हर तरह से महफूज थी वहां भी चोरों ने धावा बोल दिया शहर में हो रही वारदातों को लेकर कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान भी खड़े हो रहे थे ऐसे में पुलिस ने वो कर दिखाया जिससे लगा कि पुलिस बस अपने में आ जाए तो चप्पल के निशान से भी दूसरे राज्य से चोरों को ही नहीं डकैतों को भी पकड़ के ला सकती है।

**सिटी कोतवाली घटना क्रमांक 1**

प्रार्थी हेमंत साहू पिता मोहन लाल साहू उम्र 41 साल निवासी न्यू चंद्रा कालोनी राजनांदगांव थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह सहपरिवार अपने गांव मुंदगांव गया था, कि दिनांक 31/05/25 को 10:00 बजे परिवार के साथ गांव से वापस आया तो देखा मेरे घर मे मुख्य द्वार का कुडी टूटा हुआ था और अंदर से दरवाजा बंद था तब पीछे के दरवाजा को देखा तो दरवाजा खुला हुआ था, तब मै घर के अंदर जाकर देखा तो पूरे कमरा का सामान बिखरा हुआ था और लकडी के आलमारी मे रखे सामान को चेक किया तो आलमारी के लाकर मे रखे चांदी के जेवर एवं नगदी रकम 2000 रूपये जुमला कीमती 21000 रूपये को चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध क्रमांक 270/25 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान प्रकरण में डकैती की धारा 310 बीएनएस जोडी गई है।

**थाना बसंतपुर घटना क्रमांक 2**

प्रार्थी गुरविन बग्गा पिता स्व0 अजीत सिंह बग्गा निवासी अर्बन रेगीजेसेंस सोसायटी बसंतपुर राजनांदगांव थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 30.05.2025 को सहपरिवार खाना खाकर सभी लोकर अपने अपने कमरे मे सो गये कि रात्रि करीबन 02:50 बजे अपने बेडरूम से सो राथा कि उसी समय मेरे कमरे का दरवाजे को बाहर से खोलने का आवाज आ रहा था तब मुझे शंका हुआ कि मेरे घर मे कोई अज्ञात चोर चोरी करने घुसा है तब मै जोर-जोर से आवाज देकर बोलने लगा कौन है उसी समय कुछ लोगो के मेरे घर मे दौडने का आवाज आया उसके बाद मै कालोनी के गार्ड को आवाज देकर बुलाया और मै अपने रूम से बार निकाल कर अपने घर का सामान को चेक करने लगा उसी समय गार्ड मेरे घर के पास आया तो देखा कि कालोनी के बाउंड्रीवाल से कुछ व्यक्ति कुदकर भाग रहे थे कोई सामान चोरी नही हुआ है कि रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर राजनांदगांव के अपराध क्रमांक 236/25 धारा



## शहर में था घटना से दहशत का वातावरण

305, 331(4), 62 बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान प्रकरण में डकैती की धारा 310 बीएनएस जोडी गई है।

**"विवेचनाः-"** मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रामेन्द्र सिंह, थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू व सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पम्मार के नेतृत्व मे तत्काल टीम गठित कर नाकाबंदी हेतु शहर के चौक चौराहे एवं दुर्ग भिलाई व नागपुर महाराष्ट्र रूट में अलग-अलग टीम बनाकर रवाना किया गया। तकनिकी सहायता की मदद से हरदा, रायसेन, कटनी (मध्यप्रदेश) प्रयागराज (उत्तरप्रदेश) में पहुंच कर संदेही आरोपियों की घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया जिन्हे राजनांदगांव लाकर पूछताछ करने पर राजनांदगांव में दोनो जगह अपराध करना स्वीकार किये आरोपियों द्वारा बताया गया की राजनांदगांव के अर्बन कालोनी मे चोरी करने एक सुने घर मे घुसे थे वहा आस पास के लोगो के जगने पर घर के बोन्ड्री का दिवाल कुद कर भाग गये थे, वहा से चंद्रा कालोनी के एक सूने मकान जिसमे ताला लगा था लोहे के राड की मदद से ताला तोडकर अंदर घुसे जहां आलमारी को तोडकर उसमे रखे नगदी 2000 रूपये एवं चांदी के पायल, चांदी का सिक्का व चांदी के लोटे को चोरी कर ले गये थे पुरे सामान को एक गठरी मे बांधकर रखे फिर राजनांदगांव मे शराब पीने के बाद हम लोग वहा से डांगरगढ़ के लिए बस मे बैठकर गये और डोंगरगढ़ से ट्रेन मे बैठकर अपने-अपने घर हरदा, प्रयागराज, सांची एवं कटनी चले गये। प्रकरण मे आरोपियो के पास से 725 रूपये नगदी व लोहे की राड को बरामद किया गया। आरोपियों द्वारा पूर्व में हरदा, रायसेन, कटनी एवं उत्तरप्रदेश से चोरी/डकैती करने के संबंधी अपराध अलग-अलग थानों में दर्ज है। आरोपियों के विरूद्ध अपराध धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से दिनांक 07.06.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। जहा जेल वारंट प्राप्त होने से जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया जाता है।

मामले के अनुसंधान में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले पुलिस अधिकारी थाना प्रभारी निरीक्षक रामेन्द्र सिंह थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू, उप निरी0 बलदाउ चंद्राकर, प्र0आर0 जीओसीरिल, संदीप चौहान, आरक्षक एवं सायबर सेल राजनांदगॉव के प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पम्मार उनि0 कैलाश मरई, सउनि0 सुमन कर्ष, प्र0आर0 बसंत राव, आर0 आदित्य सिंह, हेमंत साहू, जोगेस राठौर, अमित, प्रख्यात जैन, धीरज डडसेना, जीवन, अविनाश झा व थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# जिले के सभी थानों में मनाया गया थाना दिवस




**खैरागढ़,** 7 जून (देशबन्धु)। जिला पुलिस टीम केसीजी द्वारा जिले के सभी थानो में थाना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किये जाने के संबंध में दिशा निर्देश जारी होने के बाद 5 जून को प्रथम थाना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना खैरागढ़ एवं गातापार में थाना दिवस मनाया गया जहां क्षेत्र से आये आमजन, जनप्रतिनिधि, अधिवक्ता संघ, पत्रकार संघ, ग्राम प्रमुख व कोटवार सहित बडी संख्या में लोग उत्साह के साथ शामिल हुए। एसपी ने पहले बारी-बारी से कार्यक्रम में उपस्थित लोगो की समस्याएं सुनी जिसमें प्रमुख शिकायते मादक पदार्थ एवं शराबखोरी, यातायात नियमों को अनदेखी कर स्टंटबाजी कर रहे वाहन चालकों पर कार्यवाही, छात्र/छात्राओं द्वारा शैक्षणिक संस्थानो के बाहर खुलेआम सिगरेट पीने, आम रास्ते में घूम रहे मवेशियों के कारण हो रही अव्यवस्था एवं सड़क दुर्घटना के संबंध में थी। शिकायत एवं सुझाव सुनने के बाद एसपी ने त्वरित कार्यवाही करने थाना प्रभारियों को निर्देशित किया। निर्देशानुसार थाना खैरागढ़ के द्वारा उसी दिन आबकारी एक्ट के तहत 21 प्रकरणों पर कार्यवाही की गई। थाना छुईखदान में 2 प्रकरण, थाना गंडई में 1 प्रकरण, थाना ठेलकाडीह में 5 प्रकरण सहित जिले में कुल 29 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई तथा जिले में पेट्रोलिंग नाकाबंदी कर असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। थाना दिवस का उद्देश्य सार्वजनिक जीवन मे पुलिस-पब्लिक संबंधो को मधुर बनाकर और मजबूती प्रदान करना है साथ ही उनकी समस्याओ और चिंताओ के त्वरित निदान, जागरूकता अभियान, सूचना साझा करने और महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों के बारे में आम जनता को सूचित करने के लिए एक सहज सुलभ मंच प्रदान करना है। यह आयोजन सभी थानों में प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय गुरुवार को आयोजित की जाएगी। जिला केसीजी पुलिस के इस नवाचार का आमजनों के द्वारा काफी सराहना की गई।

# महेंद्र ध्रुव अंडर 19 भारतीय वॉलीबॉल टीम के कप्तान बने

## ताशकंद में 10 से 16 जून तक होगी चैंपियनशिप प्रतियोगिता

**राजनांदगांव,** 7 जून। नगर के प्रतिभावान वॉलीबॉल खिलाड़ी महेंद्र ध्रुव ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। उन्हें अंडर 19 भारतीय वॉलीबॉल टीम के कप्तान के रूप में चुना गया है। महेंद्र ने अपने खेल जीवन की शुरुआत अपने स्कूली जीवन से ही कर दी थी। शहर के ही खेल प्रशिक्षकों के सानिध्य में उन्होंने अपने खेल को संवारते हुए आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो उपलब्धि हासिल की है वह चंद चितेरों को ही मिल पाती है । वे आगामी 10 जून से 16 जून तक ताशकंद ( उज़्बेकिस्तान ) में होने वाली सी ए वी ए चैंपियनशिप में भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे।



खेल नगरी एवं संस्कारधानी के नाम से अपनी अलग पहचान रखने वाले राजनांदगांव नगर को आज एक और गौरवान्वित करने वाला नाम महेंद्र ध्रुव के नाम पर मिल गया है। वॉलीबॉल के लिए समर्पित महेंद्र ध्रुव ने अपने वॉलीबॉल खेल की शुरुआत स्कूली जीवन में शुरू कर दी थी । उन्होंने अपने शुरुआती प्रयास के बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा । स्टेट लेवल से लेकर अनेक बार राष्ट्रीय स्तर पर शालेय टूर्नामेंट का प्रतिनिधित्व करते हुए आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंच चुके महेंद्र ने यह सिद्ध कर दिया है कि च्च जिद के आगे जीत है । च्च धर्मपाल - संध्या ध्रुव के सुपुत्र ने अपने संकल्प को जो पंख लगाए उसमें उनके माता - पिता का भरपूर सहयोग रहा है । महेंद्र ध्रुव की माता श्रीमती संध्या ध्रुव वर्तमान में राजनांदगांव पुलिस लाइन में महिला प्रधान आरक्षक के पद पर सेवारत हैं । वे भी इस खेल की माहिर खिलाड़ी रही हैं। महेंद्र, सेंट्रल एशियन वॉलीबॉल एसोसिएशन ( ष्टड्ड ) चैंपियनशिप में भाग लेने जल्द ही ताशकंद रवाना होंगे । यह चैंपियनशिप 10 से 26 जून तक खेली जानी है । उनकी सफलता पर , अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी रेखा पदम के साथ उनके माता - पिता ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की हैं ।

# युक्तियुक्तकरण पर कांग्रेस का निजी स्वार्थवश अनर्गल प्रलाप : मधुसूदन यादव

**राजनांदगांव,** 7 जून (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा शिक्षा विभाग अंतर्गत किये जा रहे शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया का समर्थन करते हुए प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने इसे पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन के द्वारा उत्पन्न शैक्षणिक असंतुलन को सुधारने का प्रयास बताया है। उन्होंने यह भी कहा है कि राज्य मे शिक्षा व्यवस्था को बेहतर एवं समावेशी बनाने के लिए युक्तियुक्तकरण सर्वथा आवश्यक है एवं कांग्रेस पार्टी द्वारा इस मुददे पर सड़क की लड़ाई के ऐलान को मुद्दाविहिन पार्टी का राजनैतिक स्टंट करार देते हुए कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाया है कि, हजारो स्कुल बंद होने एवं शिक्षको के पद समाप्त होने का झुठा भ्रम फैलाकर कांग्रेस राजनैतिक रोटीयॉ सेकने का दुष्कृत्य कर रही है। स्कूलो मे कार्यरत रसोईया, सफाई कर्मी एवं महिला समूहो को हटाने का कोई निर्देश शासन द्वारा आज पर्यन्त जारी नही किया गया है, और ना ही यूडाईस कोड हटाने का कोई निर्देश शासन स्तर से जारी हुआ है, किन्तु कांग्रेस पार्टी निजी स्वार्थवश तत्संबंध में मिथ्या दुषप्रचार कर रही है। भाजपा नेता मधुसूदन ने कांग्रेस पार्टी पर यह भी आरोप लगाया है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन में ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचल की शालाओ के शिक्षको का सर्वाधिक स्थानंतरण शहरी क्षेत्रो मे किया गया है जिसके कारण इन क्षेत्रो मे शिक्षको की कमी लगातार बनी हुई थी और इन क्षेत्रो के छात्रो को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा था। श्री यादव ने बताया है कि वर्तमान साय सरकार ग्रामीण क्षेत्रो के इन छात्रो को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और छात्रहित मे ही संवदेनशीलता से विचार करते हुए शालाओ एवं शिक्षको का युक्तियुक्तकरण करने का निर्णय लिया है। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा शिक्षा विभाग मे भविष्य मे चरणबद्ध भर्तिया होंगी इस बात की पुष्टि की है। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने बताया है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की गलत स्थानांतरण नीतियो के कारण ही नगरीय क्षेत्रो के शालाओ में छात्रो के अनुपात में शिक्षको की संख्या अधिक है तथा सुदुर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षको की कमी के चलते बच्चो की शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित हो रही थी, जिसके डेमेज कंट्रोल हेतु युक्तियुक्तकरण किया जाना छात्रहित मे अनिवार्य है। इससे ग्रामीण क्षेत्र मे छात्र-शिक्षको का अनुपात न केवल संतुलित होगा अपितु विषय विशेषज्ञ शिक्षको की सुलभता भी ग्रामीण क्षेत्र के छात्रो को उपलब्ध होगी।



श्री यादव ने आकड़ो का हवाला देते हुए बताया है कि राज्य मे 212 प्राथमिक शालाये शिक्षकविहीन एवं 6872 शालाएँ एकल शिक्षकीय हैं, तथा पूर्व माध्यमिक स्तर पर 48 शालाएँ शिक्षकविहीन एवं 255 एकल शिक्षकीय है। युक्तियुक्तकरण किये जाने से इन शालाओं में शिक्षकों की सुलभता होगी तथा छात्रों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। श्री यादव ने यह भी बताया है कि राज्य के प्राथमिक शालाओं में 7296 शिक्षक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में 5536 शिक्षकों की आवश्यकता है, जबकि राज्य के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में क्रमश: 3608 एवं 1762 शिक्षक ही अतिशेष है, जिनकी युक्तियुक्तकरण करने से ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को तात्कालिक लाभ मिलेगा और इन पदों की पूर्ति के पश्चात् भी शिक्षकों के कई पद रिक्त रह जायेंगे, जिनपर भविष्य में नियुक्तियॉ देकर प्रदेश के युवाओं को रोजगार दिया जायेगा। छत्तीसगढ़ मे प्राथमिक स्तर पर छात्र शिक्षक अनुपात 21.84 है, तथा माध्यमिक शालाओ में यह अनुपात 26.2 बच्चे प्रति शिक्षक है जो राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। युक्तियुक्तकरण से शिक्षक विहिन विद्यालयो मे शिक्षको की उपलब्धता के होने के साथ-साथ एक परिसर मे एक विद्यालय होने से आधार भूत संरचना मजबूत होगी, जिससे शिक्षा की गुणवता मे वृद्धि होगी तथा एक ही परिसर मे लैब लाइब्रेरी एवं अच्छी बिल्डिग उपलब्ध कराना आसान होगा।

## सार-संक्षेप

### 26 वर्षीय महिला ने किया जहर सेवन, अस्पताल में भर्ती



**खैरागढ़,** 7 जून। ब्लॉक मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम मारूटोला कला की रहने वाली अश्वनी पति महेश्वर निषाद उम्र 26 वर्ष ने शनिवार 7 जून की दोपहर तकरीबन 1 बजे चूहा मारने की दवाई व खेतो में छिड़काव करने वाली जहरीली कीटनाशक दवाई का सेवन कर ली है। जहर सेवन के कुछ देर बाद महिला ने अपने पति को इसकी जानकारी दी जिसके बाद परिजनों ने मोटर साइकिल से महिला को समय रहते सिविल अस्पताल खैरागढ़ लाया जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर भर्ती किया है। बताया जा रहा है कि महिला का एक छोटा बच्चा भी है। फिलहाल महिला ने यह कदम क्यों उठाया इसका कारण अज्ञात है।

# अंधे कत्ल की गुत्थी को पुलिस ने सुलझाया 48 घंटे में लूट की नियत से हत्या

**राजनांदगांव,** 7 जून (देशबन्धु)। राजनांदगांव थाना सोमनी के मर्ग कमांक 39/2025 धारा 194 बीएनएसएस में प्रार्थी राममुहरत सिंह पिता भगवान सिंह उम्र 63 वर्ष निवासी खैरतवा पोस्ट चिवरापल्ली थाना कप्तानगंज जिला कुशीनगर उ0प्र0 हालं मुकाम आदर्श नगर टेडेसरा थाना सोमनी ने मर्ग इंटीमेशन दर्ज कराया कि वह पी0एस0 स्टील कंपनी टेडेसरा में विगत 08-10 वर्षो से काम कर रहा है, मेरे नीचे 20-25 लेबर काम करते हैं, उसमें एक धर्मेन्दर पिता रामबेलास उम्र एक धरमेन्दर पिता राम बेलास उम्र 37 साल करीबन निवासी रोहुवा सतभरिया पोस्ट चिरवापल्ली थाना कप्तान गंज थाना कुशीनगर उ0प्र0 भी है जो कंपनी के लेबर चाटर नंबर 05 में रहता है और कंपनी में हेल्परी का काम करता था दिनांक 30.05.2025 को धरमेन्दर ड्यूटी किया दिनांक 31.05.2025 को कंपनी में अवकाश रहता है, दिनांक 01.06.2025 को धरमेन्दर काम पर नहीं आया तब मैं धरमेन्दर के बाजू में रहने वाले धमेन्द्र कुमार सुंदरे से पूछा तो बताया कि 31.05.2025 के करीबन 07:00 बजे मैं देखा था उसके बाद मैं नहीं देखा उसके कमरे के दरवाजा में ताला लगा है मैं फिर धरमेन्दर दिनांक 2-3/06/2025 को ड्यूटी में नही आने व मोबाईल से संपर्क करना नहीं चाहा उसका मोबाईल बंद था फिर आज दिनांक 04/06/2025 के सुबह 10:00 बजे में उसके कमरे तरफ गया कमरे में आज ताला लगा था कमरा के पास गया तो मुझे कमरे से दुर्गंध आने लगा मुझे अप्रिय घटना होने की आशंका हुई तब मैं सोमनी पुलिस को सूचना दिया थोडी देर बाद पुलिस वाले आये और धरमेन्दर के कमरे का ताला तोडकर दरवाजा खोले कमरे के अंदर धरमेन्दर चित हालात मे पडा है, मुझे धरमेन्दर की मृत्यु कैसे हुई ज्ञात नही कि रिपोर्ट पर देहाती मर्ग इंटीमेशन कायम कर शव पंचनामा कार्यवाही में लिया गया मृतक की मृत्यु संदेहास्पद होने से मौके पर एफएसएल की टीम डॉग स्कवाड, एवं फोटोग्राफर को घटनास्थल पर बुलाकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर, घटनास्थल से खून आलूदा फर्श एवं सादा फर्श के टुकडे को सुरक्षित कर मृतक के शव का पीएम पेंड्री मेडिकल कालेज राजनांदगांव से कराकर शॉर्ट पीएम रिपोर्ट प्राप्त कर अवलोकन करने पर डॉक्टर द्वारा मृतक की मृत्यु का कारण मेरी राय में गर्दन पर वार करना मौत का कारण बनने के लिए पर्याप्त है, मेरी राय में मौत की प्रकृति च्व्हत्याज्ज है। लेख किया गया है, मर्ग सदर की संपूर्ण जांच तारतम्य में, घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज, मृतक के साथ में काम करने वाले मजदूर व ठेकेदार राम मूहरत सिंह के कथन से मृतक की हत्या प्रियांशु थापा, धर्मेन्द्र सुंदरे, हीरामन यादव द्वारा कुरना पाये जाने से आरोपीगणो का कृत्य अपराध धारा 103,311,331,3 (5) बीएनएस का पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, प्रकरण गंभीर प्रकृति का होने से पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन के नेतृत्व में थाना सोमनी पुलिस की टीम गठित कर मामले के आरोपी प्रियांशु थापा को घेराबंदी कर पकडकर पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक 31.05.2025 को तीनों कंपनी में काम पर नहीं गये सुबह 09/00 बजे से तीनो हीरामन के मोटर सायकल क्र0 सीजी 04 स्ब्ब् 7051 से धमेन्द्र सुंदरे के पैर में आई चोट का ईलाज कराने के लिये मनकी गये मनकी से लौटकर तीनो ग्राम साकरा पहुंचकर अपने मजदूर साथी ओमप्रकाश व महावीर के घर खाना खा कर शाम करीब 05-30 बजे सभी साथ में वेतन लेने पी एस स्टील कंपनी पहुंचकर ठेकेदार राम महुरत सिंह से मोबाईल फोन से बात कर वेतन देने के लिए कहा गया किन्तु ठेकेदार बाहर होने से अगले दिन देने की बात बोलने पर हिरामन ठेकेदार को 500 रूपये की आवश्यकता है कहने पर ठेकेदार द्वारा हिरामन को गार्ड मेहत्तर साहू से 500 रूपये लेने कहने पर मोबाईल फोन से गार्ड ठेकेदार से बात कराकर फोन पे के माध्यम से पास के चौधरी जनरल स्टोर व चाय दुकान के माध्यम से हिरामन 500 रूपया नगद प्राप्त किया फिर शाम करीबन 07/00 बजे तीनो आरोपीगण हिरामन के मोटर सायकल क्र0 सीजी 04 एम व्हाय 7051 मै बैठकर शराब पीकर टेडेसरा शराब भट्टी पहुंचकर शराब खरीद कर शराब पीते समय तीनो आरोपीगण मृतक धमेन्दर सिंह के पास रखे रूपये को लुटने की योजना बनाकर, योजना के तहत धमेन्द्र सुन्दरे को अण्डा भूंजी खरीद कर मृतक के घर कमरा नं0 5 लेवर चॅटर अण्डा भूजी और मच्छर अगर बत्ती मृतक के लिए लाने की बात बोलकर दरवाजा खोलवाना है कि योजना बनाकर तीनो आरोपीगण एक राय होकर टेडेसरा शराब भट्टी से हिरामन यादव के मोटर सायकल से पी एस स्टील 2 कंपनी पहुंचकर अपने मो0 सा0 को कंपनी के पास के चाय ठेला के पास तीनो आरोपिगण पैदल मृतक धमेन्दर के कमरे पास पहुंच कर योजना अनुसार आरोपी धमेन्द्र सुदरे मृतक धमेन्दर के घर का दरवाजा खुलवाया जैसे ही मृतक धमेन्दर अपने कमरे का दरवाजा खोला तीनो आरोपीगण धमेन्दर के घर अंदर एक साथ घुस कर धमेन्दर से पैसा लूटने की कोशिस कर झगडा विवाद होने पर आरोपी हिरामन यादव, मृतक धमेन्दर के पैर को आरोपी धमेन्द्र सुन्दरे मृतक के सिर को एवं प्रियांशु थापा मृतक के गले को पकड कर उसे जमीन पर गिरा कर हत्या कर मृतक के पास रखे रकम को लुटने की नियत से गला दबाकर अपने पास रखे चाकू से मृतक के गले में वार किया जिससे मृतक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की मृत्यु होने के बाद तीनो आरापियों एक राय होकर मृतक के जींस पैट में रखे 50,000 रूपये को लूट कर लूट की रकम को आपस मे बराबर बाटने की सहमति होकर आरोपी प्रियांशु थापा द्वारा मृतक के कमरे के दरवाजा को बाहर से ताला बंद कर वहा से भाग गए। मामले की विवेचना में आरोपी प्रियांशु थापा से लूट की रकम 18000 रूपये. घटना में प्रयुक्त खून लगा चाकू, खून लगा पहने हुए कपडे को मुताबिक मेमोरेण्डम कथन के बरामद किया गया, आरोपी प्रियांशु थापा ने बताया कि लूट की रकम में से एक अन्य आरोपी हीरामन यादव को 8000 रू0 एवं 5000 रूपये आरोपी धर्मेन्द्र सुंदरे को देना बताया, बाकी शेष रकम को खर्च कर देना बताया। आरोपी धर्मेन्द्र सुंदरे से लूट की रकम 5000 रूपये व घटना के समय पहने हुए खून लगा कपडा, आरोपी हीरामन यादव से लूट की रकम 2000 रूपये व घटना में प्रयुक्त एक होण्डा साइन मोटर सायकल कमांक सीजी 04 एम व्हाय 7051 को मुताबिक मेमोरेण्डम कथन के वजह सबूत में जप्त किया गया है आरोपीगण का कृत्य अपराध धारा 103,311,331,3(5) बीएनएस का पाये जाने से गिरफ्तारी के कारण से भलीभांति अवगत कराकर आरोपीगण 1) प्रियांशु थापा पिता राजू थापा उम्र 23 वर्ष साकिन सतनामी पारा बाजार चौक थाना सोमनी जिला राजनांदगांव छ0ग0। (2) धर्मेन्द्र सुंदरे पिता सुंदरलाल सुंदरे उम्र 38 वर्ष साकिन सांकरा थाना बालोद जिला, बालोद छ0ग0। (3) हीरामन यादव पिता स्व0 लेखराम यादव उम्र 45 वर्ष साकिन यादव पारा पचपेडी थाना सोमनी जिला राजनांदगांव छ0म0 को दिनांक 07.06.2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया, उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सोमनी सत्यनारायण देवांगन उप निरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक कमांक 149 हेमंत अनंत, प्रधान आरक्षक कमांक 660 डुलेश्वर साहू, आर. कमांक 63 गुलाब चंद्राकर, आर. कमांक 1276 बेनूराम नेताम, आर0कमांक 1183 कालीचरण देशमुख, आर0कमांक 804 शगनूराम निषाद का सराहनीय योगदान रहा है।



## निधन

### गंगा बाई पटेल

**धमतरी,** 7 जून। आमापारा अम्बा चौक निवासी गंगा बाई पटेल (64) पति स्व. नान्हूराम का शनिवार को दोपहर 3 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ्य थी। वे धनराज, छन्नूराम, गणेश और राजेश पटेल की मां थी। उनकी अंतिम यात्रा रविवार को सुबह 9.30 बजे गृहनिवास अम्बा चौक से शांतिघाट के लिए निकलेगी। समस्त आमापारा वार्डवासियों ने उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।




### श्रीमती पुना बाई देशमुख

**दुर्ग,** 7 जून। कसारीडीह निवासी श्रीमती पुनाबाई देशमुख का शनिवार शाम 4 बजे निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 जून रविवार प्रात: 9.30 बजे उनके निवास स्थान कसारीडीह से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी। वे स्व. झन्ना देशमुख, स्व. राधेश्याम देशमुख एवं दुर्ग जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष संजय देशमुख की माताजी थी।



### बिशाल चंद्राकर

**महासमुंद,** 7 जून। ग्राम खरोरा निवासी बिशाल चंद्राकर 80 वर्ष का 7 जून को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृहग्राम खरोरा में किया गया। वे कमलेश चंद्राकर, तुकाराम चंद्राकर के पिता व ग्राम पंचायत खरोरा के सरपंच वीणा चंद्राकर के ससुर, कुणाल चंद्राकर के दादा थे।



## प्रादेशिकी का शेष...

### युक्तियुक्तकरण नीति से ...

को सीधा लाभ मिलेगा। पहले जहां एकल शिक्षक या विषयविहीन विद्यालयों में बच्चों को सीमित शिक्षण सुविधा मिलती थी, वहीं अब विशेषज्ञ शिक्षकों की उपलब्धता से उनका शैक्षणिक स्तर और आत्मविश्वास दोनों बढ़ेगा। राज्य शासन की मंशा है कि हर विद्यार्थी को उसकी रुचि और आवश्यकता के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, चाहे वह शहरी क्षेत्र में हो या सुदूर ग्रामीण अंचल में। युक्तियुक्तकरण इसी दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है, जो शिक्षा व्यवस्था को नई ऊँचाईयों की ओर ले जा रही है।

विद्यालयों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति से अब शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रहकर अनुभव आधारित और व्यवहारिक बनेगी। इससे छात्रों में जिज्ञासा और रचनात्मकता को भी बल मिलेगा। राज्य सरकार का यह प्रयास है कि कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे और हर स्कूल और हर विषय में शिक्षक की पूर्ण उपलब्धता हो। युक्तियुक्तकरण योजना न केवल शिक्षकों के समुचित वितरण का माध्यम बन रही है, बल्कि यह गुणवत्ता, समानता और समावेशी शिक्षा की दिशा में एक ठोस कदम है, जो प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला रख रही है।

### जिले के सभी थानों में ...

तहत 21 प्रकरणों पर कार्यवाही की गई। थाना छुईखदान में 2 प्रकरण, थाना गंडई में 1 प्रकरण, थाना ठेलकाडीह में 5 प्रकरण सहित जिले में कुल 29 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई तथा जिले में पेट्रोलिंग नाकाबंदी कर असामाजिक तत्वो पर पैनी नजर रखी जा रही है। थाना दिवस का उद्देश्य सार्वजनिक जीवन मे पुलिस-पब्लिक संबंधो को मधुर बनाकर और मजबूती प्रदान करना है साथ ही उनकी समस्याओ और चिंताओ के त्वरित निदान, जागरूकता अभियान, सूचना साझा करने और महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों के बारे में आम जनता को सूचित करने के लिए एक सहज सुलभ मंच प्रदान करना है। यह आयोजन सभी थानों में प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय गुरुवार को आयोजित की जाएगी। जिला केसीजी पुलिस के इस नवाचार का आमजनों के द्वारा काफी सराहना की गई।

# झूलेलाल मंदिर में घुस रहा नाली का गंदा पानी

## पूज्य सिंधी पंचायत ने आयुक्त से की नाली को शीघ्र बनवाने की मांग



**राजनांदगांव,** 7 जून (देशबन्धु)। शहर के झूलेलाल नगर (चौखडिया पारा) स्थित श्री झूलेलाल मंदिर प्रांगण में नाली का गंदा पानी घुसने और मंदिर परिसर में जलभराव की समस्या को लेकर पूज्य सिंधी पंचायत नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा को ज्ञापन देकर अधूरी नाली का निर्माण शीघ्र कराकर इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

पूज्य सिंधी पंचायत के मीडिया प्रभारी एवं पूर्व पार्षद अशोक पंजवानी ने बताया कि श्री झूलेलाल मंदिर के पिछले हिस्से में कुछ लोगों के द्वारा नाली पर अतिक्रमण कर लिया गया है, जिसके कारण नाली के पानी का बहाव नहीं पाता और नाली जाम होने के कारण गंदा पानी मंदिर परिसर के साथ ही मंदिर में स्थापित देवी-देवताओं की मूर्तियों तक गंदा पानीभर जाता है। इससे समाज की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंच रही है। इस समस्या को लेकर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष ब्रम्हानंद बजाज के नेतृत्व में समाज के सदस्यों द्वारा नगर निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा को ज्ञापन देकर अधूरी नाली का निर्माण शीघ्र पूरा कराने की मांग की गई है। साथ ही मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

इस अवसर पर समाज के लोकचंद लहरवानी, अर्जुन बजाज, चंद्रपाल भीमनानी, सूरज पंजवानी सहित समाज के सदस्यगण मौजूद रहे।

# दर्दनाक कार हादसे में युवक की मौत



**डोंगरगढ़,** 7 जून (देशबन्धु)। डोंगरगढ़-खैरागढ़ मार्ग पर ग्राम ढारा के पास हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। इस हादसे में 42 वर्षीय नितिन रामटेके की मौके पर ही मौत हो गई। वे डोंगरगढ़ के पूर्व पार्षद मुकेश रामटेके के बड़े भाई थे और पेशे से एक अनुभवी कार ट्रेनर थे। बताया जा रहा है कि नितिन रोज की तरह अपने काम के सिलसिले में डोंगरगढ़ से खैरागढ़ की ओर जा रहे था ग्राम ढारा के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और नितिन की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी असमय मृत्यु ने परिवार को ही नहीं, पूरे डोंगरगढ़ क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। यह कोई पहली घटना नहीं है। क्षेत्र में लगातार हो रही दुर्घटनाओं का कारण नए ट्रक वाले बनते जा रहे हैं, जो डीज़ल बचाने के लिए वैकल्पिक और संकरी ग्रामीण सड़कों से गुजरते हैं। प्रशासन को कई बार इस ओर ध्यान आकर्षित कराया गया है, लेकिन न तो कोई सख्त कार्रवाई हो रही है और न ही भारी वाहनों की आवाजाही पर कोई रोक लगाई जा रही है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर कब तक आम नागरिकों की जान से खिलवाड़ होता रहेगा?

पर्यावरण दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन

# योगेश तिवारी ने 'एक पेड़ माँ के नाम लगाओ, जीवन बचाओ' का दिया संदेश



**बेमेतरा,** 7 जून (देशबन्धु)। बेमेतरा जिले के ग्राम सोढ़ में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक विशेष पर्यावरणीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सतनाम सत्संग समिति और समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से भव्य रूप से किया गया। इस कार्यक्रम की विशेषता रही, बतौर मुख्य अतिथि पधारे भाजपा किसान नेता एवं सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्टीय अध्यक्ष योगेश तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति, जिनके प्रेरणादायक विचारों और नेतृत्व ने पूरे आयोजन को एक नई दिशा दी।

योगेश तिवारी ने स्वयं वृक्षारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की और उपस्थित जनसमूह को प्रकृति के प्रति अपने दायित्व निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, च्पर्यावरण केवल प्रकृति का नहीं, हमारे अस्तित्व का मूल आधार है। जब हम एक पौधा अपने की जीवन देने वाली माँ को नाम लगाते हैं, तो हम आने वाली पीढ़ियों को जीवनदान देने का कार्य करते हैं। 'पेड़ लगाओ जीवन बचाओ' कोई नारा मात्र नहीं, बल्कि यह आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

अपने प्रेरक वक्तव्य में बेमेतरा भाजपा नेता योगेश तिवारी ने गांव वासियों की भागीदारी की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सोढ़ ग्रामवासियों ने आज जो एकजुटता और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी दिखाई है, वह अनुकरणीय है। आज जब पूरा विश्व जलवायु संकट से जूझ रहा है, ऐसे में ग्राम स्तर पर इस तरह के आयोजनों से बड़ा परिवर्तन संभव है।

उन्होंने युवाओं और बच्चों को विशेष रूप से प्रेरित किया कि वे प्रकृति से प्रेम करें, पौधे लगाएं और उनका पालन-पोषण करें। उन्होंने ग्रामवासियों को यह संकल्प भी दिलवाया कि हर व्यक्ति वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएगा।

कार्यक्रम में कई तरह की गतिविधियां की गईं, जिनमें वृक्षारोपण अभियान, स्वच्छता जागरूकता रैली, पर्यावरण पर प्रेरक भाषण, च्पेड़ लगाओ ङ्क जीवन बचाओज्ज जैसे नारों के साथ जागरूकता अभियान के साथ ही प्रत्येक ग्रामवासी हर वर्ष कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएगा और उसकी देखभाल करने की पर्यावरण सुरक्षा की सामूहिक शपथ भी ली गई।

इस आयोजन में अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से शांतिमोहन साहू (सरपंच), विशालराज देशलहरे (अध्यक्ष, नगर पंचायत बेरला), महावीर वर्मा (सरपंच कंतेली), चंद्रकेस चालीसा, गोपाल साहू, सनत वर्मा, अश्वनी साहू, संतोष हिरवानी, दीपक गायकवाड़, हेमंत चंदेल, राखी कुर्रे, रतन सिंह चंदेल, दिलीप पाटिल, सत्यप्रकाश, गौरसिंह चालीसा, अभय चालीसा, नोहर सिंह, धनुष कोसले, और मनोहर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी भी उपस्थित रहें।

# भाजपा सरकार प्रदेश में स्कूल बंद करने की तैयारी में, कांग्रेस ने लगाया आरोप



**बेमेतरा,** 7 जून (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेशानुसार आज जिला कांग्रेस कमेटी राजीव भवन बेमेतरा मे बेमेतरा प्रभारी श्री अरुण वोरा तथापूर्व संसदीय सचिव गुरु दयाल बंजारे ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार मे युक्ति युक्तकरण के नाम पर 10,463 स्कूलों को बंद करने जा रही है। इससे न केवल शिक्षा व्यवस्था प्रभावित होगी बल्कि करीब 45,000 शिक्षकों के पद समाप्त हो जाएंगे। बड़ी संख्या मे रसोइयों, स्वीपर्स, महिला स्व-सहायता समूहों, और अन्य सहायक कर्मचारियों के रोजगार पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। जिससे आने वाले समय मे प्रदेश मे यह नीति अनुसूचित और पिछड़े क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक रूप से पीछे धकेलेगी। साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सीमित हो जाएंगे।

इसके विरोध मे च्शिक्षा-न्याय आंदोलनज्ज 9 जून से, पुरे प्रदेशभर मे चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत करेगी

हमारा सवाल स्पष्ट है क्या भाजपा सरकार शिक्षा व्यवस्था को कमजोर कर अपने बजट या निजीकरण की नीतियों को आगे बढ़ाना चाहती है?

यह आंदोलन केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि प्रदेश के बच्चों, शिक्षकों और कर्मचारियों के भविष्य की लड़ाई है इस अवसर पर ललित विश्वकर्मा महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा सुरेंद्र तिवारी श्रीमती कविता साहू हरीश साहू सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा श्रीमती शशि प्रभा गायकवाड सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा श्रीमती रश्मि मिश्रा श्रीमती योगिता साहू श्रीमती रीता पांडे जोगिंदर छाबड़ा मनोज शर्मा दिनेश पटेल अविनाश तिवारी सुनील नामदेव नवीन ताम्रकार अजय राज सेन प्रकाश ठाकुर रामखिलावन साहू चंद्र प्रकाश साहू राधेश्याम देवांगन दीपक दिनकर भीखम साहू खूबचंद चंद्राकर नरेश सिंहा सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# जनता की थाली तक अन्न की गारंटी

- छत्तीसगढ़ में च्चावल उत्सवज कार्यक्रम में शामिल हुए पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा
- छत्तीसगढ़ सरकार का अनोखा आयोजन चावल उत्सवज्ज एक साप्ताहिक अन्न त्योहार




**बेमेतरा,** 7 जून (देशबन्धु)। नगर पालिका बेमेतरा च्चावल उत्सवज्ञ कार्यक्रम में शामिल पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा भाजपा सरकार ,,विष्णु देव साय द्वारा छत्तीसगढ़ में 1 से 7 जून तक चावल तिहार च्उत्सव पर प्रकाश डालते हुए कहा यह चावल उत्सव एक वृहद अन्न का त्यौहार है जिसमें एक सप्ताह तक सरकार द्वारा तीन माह का एक मुश्त राशन छत्तीसगढ़ की लाभार्थी जनता को दिया जा रहा है ।

आज नगर पालिका परिषद में चावल उत्सव कार्यक्रम के तहत वार्ड 19ट्ठ20ट्ठ21 मे नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा साथ में नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक शर्मा नगर पालिका सभापति खाद्य विभाग विकास तंबोली शामिल होकर हितग्राहियो को चावल वितरण किए।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा एक मुश्त तिमाही चावल वितरण एक संवेदनशील सरकार, गरीबों की सरकार ही कर सकती है। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने 1 जून से 7 जून तक च्चावल उत्सवज्ञ मनाया, जिसका उद्देश्य राज्य के 81 लाख से अधिक राशनकार्डधारी परिवारों को जून, जुलाई और अगस्त के लिए चावल एकमुश्त वितरित करना था।

विजय सिन्हा ने कहा सभी राशन दुकानों से हितग्राहियों को चावल वितरण के साथ राशन सामान दिया ही जाता है, लेकिन इस बार इसमें सरकार, सरकारी पहल से साप्ताहिक आयोजन के माध्यम से गरीब परिवारों को 3 माह का एक मुश्त चावल और खाद्य सामग्री समय से पूर्व उपलब्ध कराने का प्रयास किया है।

विजय सिन्हा ने आगे कहा इससे उन गरीब किसान मजदूर को फायदा होगा जो आने वाले समय में खेती किसानी के कार्य में लगे रहेंगे। अब उन्हें खेती किसानी छोड़कर राशन दुकान के चक्कर काटना नहीं पड़ेगा इसलिए सरकार ने यह योजना जनता के बीच चलाई है।

नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा छत्तीसगढ़ सरकार ने 1 जून से 7 जून तक च्चावल उत्सवज्ञ मनाया, जिसका उद्देश्य राज्य के 81 लाख से अधिक राशनकार्डधारी परिवारों को जून, जुलाई और अगस्त के लिए चावल एकट्ठमुश्त वितरित करना था। इस उत्सव के दौरान, प्रदेश की 13,928 उचित मूल्य दुकानों में चावल का वितरण किया जा रहा है ।

नगर पालिका सभापति खाद्य विभाग विकास तंबोली ने कहा जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में है तभी से भारत विकसित राष्ट्र बनने जा रहा है ।हर देशवासी का पेट भी भरा है पक्का मकान भी है गाँव किसान युवा महिला व्यापारी सब लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो चुकी है भारत देश की अर्थव्यवस्था आज विश्व स्तर पर 3 नम्बर पर आ गई है।

आज के चावल वितरण कार्यक्रम में वार्ड पार्षद लक्की साहू, सिमरन ताम्रकार सहित हितग्राही काफी संख्या में उपस्थित थे।

# भाजपा ने की तीन मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति

## विधायक दीपेश साहू ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को दी शुभकामनाएँ

**बेमेतरा,** 7 जून (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी ने बेमेतरा जिले के तीन मंडलों— शहर मंडल बेमेतरा, सरदा ग्रामीण मंडल, तथा देवरबीजा ग्रामीण मंडल—में नए अध्यक्षों की नियुक्ति की है। पार्टी जिलाध्यक्ष श्री अजय साहू द्वारा जारी आदेश के अनुसार- युगल देवांगन को शहर मंडल बेमेतरा का अध्यक्ष देवेन्द्र वर्मा को सरदा मंडल का अध्यक्ष सेवा राम साहू को देवरबीजा मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। विधायक श्री दीपेश साहू ने दी बधाई एवं शुभकामनायें



नवनियुक्त अध्यक्षों को बधाई देते हुए बेमेतरा विधायक श्री दीपेश साहू ने कहा- भारतीय जनता पार्टी ने योग्य और कर्मठ कार्यकर्ताओं को मंडल अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि युगल देवांगन, देवेन्द्र वर्मा और सेवा राम साहू अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने, और जनकल्याण के संकल्प को आगे बढ़ाने में पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। संगठन की मजबूती ही सुशासन की आधारशिला है। मैं तीनों अध्यक्षों को उज्जवल कार्यकाल के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ।

नियुक्ति के पश्चात तीनों नवचयनित मंडल अध्यक्षों ने विधायक निवास पहुँचकर श्री दीपेश साहू से भेंट की और अपनी नियुक्ति पर आभार प्रकट किया।

शहर मंडल अध्यक्ष बेमेतरा युगल देवांगन ने कहा मैं संगठन के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ और संकल्प लेता हूँ कि पार्टी की नीति व नेतृत्व को और अधिक मजबूती के साथ शहर के प्रत्येक कार्यकर्ता तक पहुँचाऊँगा।

सरदा मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र वर्माने कहा च्यह दायित्व मेरे लिए गर्व का विषय है। मैं बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने हेतु पूरी लगन और मेहनत से काम करूँगा।

देवरबीजा मंडल अध्यक्ष ने सेवा राम साहू ने कहा मैं विधायक दीपेश साहू एवं संगठन का धन्यवाद करता हूँ। हम सब मिलकर कार्यकर्ताओं के साथ एकजुट होकर संगठन को और ऊँचाइयों तक ले जाएँगे।

इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू देवांगन, पार्षद गौरव साहू, सोसायटी अध्यक्ष बिशन साहू, भानू राम साहू, रेवा राम निषाद, छत्रपाल साहू, राकेश वर्मा, दोहाई लाल वर्मा, राजीव तंबोली, नरेश साहू, अमृका निर्मलकर, संदीप यादव, पप्पू देवांगन, गोलू साहू, सियाराम सिन्हा, दीना साहू, रवि गुप्ता, प्रकाश साहू समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजनों को मिली राहत 10 व्हीलचेयर का वितरण

**बेमेतरा,** 7 जून (देशबन्धु)। सेवा पर्मो धर्म- के उद् ?देश से माहेश्वरी महिला संगठन (बेमेतरा) द्वारा महेश नवमी के सुअवसर पर नवजात शिशुओं को हॉस्पिटल में जाकर 22 बेबी किट एवं फल, बिस्कुट आदि भेट दिए गए। साथ ही साथ वृद्धा आश्रम में भी खाने की सामाग्री जैसे फल, बिसकुट, चना - मुर्रा दिया गया और वृद्ध ?जनों से आशीर्वाद पाकर मन अति प्रफुल्लित हो गया। उनके चहरे पर मुस्कान देखकर सभी बहनों को भी प्रसन्नता हुई और आगे भी ऐसे कार्य करते रहने की प्रेरणा मिली। महिला संगठन अध्यक्षा श्रीमति हंसा माहेश्वरी, सचिव श्रीमति रेनू राठी, अ.भा. मा महिला संगठन की कार्यकारणी सदस्या श्रीमति सुनिता चांडक, छ.ग. संगठन की सदस्या श्रीमति सुमन लाखोटिया, श्रीमति सरोज लखोटिया, महिला संगठन उपाध्यक्ष मीना चांडक, सह सचिव ममता बजाज एवं अन्य महिला संगठन के सदस्यों के उपस्थिती में ये कार्य सम्पन्न हुए ।



इसके अलावा विकलांगों की मदद हेतु 6 व्हील चेयर- श्रीमति सरोज लाखोटिया, श्रीमति शोभा लाखोटिया, श्रीमति सुमन लाखोटिया, श्रीमति सुनीता चांडक, भूतड़ा परिवार (बेमेतरा), महिला संगठन (बेमेतरा), स्व. रमेश राठी (भालूकोना), स्व.किशनलाल बजाज (बेमेतरा) द्वारा प्रदान किया गया।

इस सेवा कार्य में समाज सेवी ताराचंद माहेश्वरी, संजय बजाज भी उपस्थित थे।

# फिटनेस वर्ल्ड जिम बालोद के खिलाड़ियों का चयन



**बालोद,** 7 जून (देशबन्धु)। कल 8 मई को होने वाली राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन दल्ली राजहरा में किया जा रहा है जिसमें फिटनेस वर्ल्ड जिम बालोद के खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिसमें कुमारी डोमेश्वरी ठाकुर, कुमारी भूमिका ढीमर,कुमारी प्रेरणा साहू, कुमारी नारायणी, कुमारी ,डिंपल साहू कुमारी पुष्पा ठाकुर, कुमारी हेम शिखा मंडावी का चयन किया गया। इन सभी खिलाड़ियों को प्रतिभा चौधरी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालोद, आर पी यादव पूर्व नगर पालिका अधिकारी, संतोष वासनिक, रितेश कुमार, योगेश कुमार और फिटनेस वर्ल्ड जिम बालोद के कोच नरेंद्र कुमार साहू ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

# प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने का संकल्प: केवीके प्रक्षेत्र में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**बेमेतरा,** 7 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण दिवस 2025 का विशेष थीम च्प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करनाज्ज को लेकर बेमेतरा जिले में विविध गतिविधियां आयोजित की गईं। इसी क्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) प्रक्षेत्र बेमेतरा में अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा फलदार पौधों का वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।



वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री तोषण कुमार ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि प्लास्टिक पर्यावरण में आसानी से विघटित नहीं होता, जिससे यह वायु, जल, मिट्टी एवं खाद्य श्रृंखला में प्रवेश कर पारिस्थितिकी तंत्र को गंभीर नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए हमें एकल-उपयोग प्लास्टिक का कम-से-कम प्रयोग कर, पुनः उपयोग एवं रिसाइक्लिंग के प्रयासों को बढ़ावा देना चाहिए। इस दिशा में जन जागरूकता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इस मौके पर विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत ग्राम कुटरू, केवतर, कुसमी, बहेरा, मल्दा एवं मगरघटा में कृषि वैज्ञानिकों की टीम ने किसानों को खरीफ मौसम पूर्व उन्नत कृषि तकनीकों, जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही जल संरक्षण के महत्व पर भी जोर दिया। इस अवसर पर किसानों को रसायनिक उर्वरकों और पेस्टीसाइड्स के दुष्प्रभावों से बचने की सलाह दी गई, जिससे पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य की रक्षा हो सके।

# सेवा निवृत शिक्षक मन्ना लाल साहू का ग्रामवासियों ने किया सम्मान

**बालोद,** 7 जून (देशबन्धु)। व्यवहार कुशल एवं शांत स्वभाव के धनी छत्तीसगढ़ महतारी के माटी पुत्र शिक्षक खैरतराई बालोद निवासी मन्ना लाल साहू के शिक्षकीय कार्य करते हुए 62 वर्ष की आयु में शासकीय कार्यों से सेवा निवृत होने पर ग्राम खैरतराई वासियों ने उनका फूल माला गुलाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया। चूंकि श्री मन्नालाल साहू शिक्षक होने के साथ-साथ ग्राम खैरतराई के लोक रंजनी मानस मंडली के 20 वर्षों से व्याख्याकार भी हैं जहां उनके मानस मंडली व भगवान श्री राम के प्रति अटूट श्रद्धा व विश्वास होने के चलते मानस मंडली के सदस्यों ने गांव के हनुमान मंदिर में एकदिवसीय मानस गान भजन कीर्तन कर मंडली के सदस्यों ने उनका फूल माला गुलाल श्रीफल एवं भगवान श्री राम की फोटो फ्रेम भेंट किया। इस अवसर पर शिक्षक श्री साहू ने उपस्थित लोगों को अपने संबोधन में कहा कि व्यक्ति को पारिवारिक कार्यों के साथ-साथ हम सभी जनों को सामाजिक धार्मिक व देश एवं राज्य के उत्थान के कार्यों को करना चाहिए। इस अवसर पर ग्राम के ईश्वर लाल साहू, गिरधारी कौशिक, भगवानी सिंह साहू, रूपनारायण साहू, भिखूराम उर्वशा, नरेंद्र साहू, कन्हैया साहू, धीरपाल साहू, रंजन यादव, तीर साहू एवं लोकेंद्र कौशिक सहित सैकड़ो ग्राम वासी उपस्थित रहे।



# प्रदेश की खुशहाली व तरक्की के लिए मांगी दुवाओं के साथ मनाया गया ईद-उल -अज़हा पर्व

- ईदगाह में पढ़ी गई नमाज़
- यातायात व्यवस्था बनाने में पुलिस की सराहनीय भूमिका



**खैरागढ़,** 7 जून (देशबन्धु)। खैरागढ़ मुस्लिम समाज ने खुदा से बेइंतेहा मोहब्बत, त्याग व कुर्बानी का प्रतीक पाक पर्व ईद-उल-अजहा परंपरानुसार मनाया। शनिवार की सुबह 8.30 बजे ईदगाह में ईद -उल-अज़हा पर्व के अवसर पर पेश इमाम मो. फखरुद्दीन मिस्बाही ने सर्वप्रथम तकरीर की और उसके बाद सामूहिक रूप से नमाज अदा कराई जिसके बाद ईद- उल- अजहा का विशेष खुदबा पढ़ा गया और आखिर में सलाम पढ़ने के बाद मुस्लिम समुदाय ने नगर सहित देश व प्रदेश की तरक्की व खुशहाली के लिये दुआएं मांगी। गौरतलब है कि खुदा से बेइंतहा मोहब्बत, समर्पण और त्याग की भावना के साथ हर साल ईद-उल-अजहा का पर्व मनाया जाता है। जिला मुस्लिम समाज के सचिव मो. याहिया नियाज़ी ने बताया कि ईस्लाम धर्म में माना जाता है कि ईश्वर-अल्लाह एक है इस सिद्धांत के प्रथम दूत पैगम्बर हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने अल्लाह की इबादत में अपना सबकुछ बलिदान कर देने की भावना व सच्ची निष्ठा के साथ समर्पण का परिचय दिया था जिसकी याद में ही ईद- उल-अजहा का पाक त्यौहार मनाया जाता है। ईद-उल-अजहा की विशेष नमाज की रस्म अदा करने के बाद जमात के लोगो ने कब्रिस्तान जाकर अपने मरहूमों के इसाले सवाब के लिये फातिहा भी पढ़ी। ईदगाह परिसर के पास नमाज के दौरान व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस विभाग की भूमिका सराहनीय रही। इस अवसर पर हाफिज मोहिब्बुल हक, हाफिज सराफत हुसैन, पूर्व सदर एवं नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, जामा मस्जिद के सदर अरशद हुसैन, नायब सदर जफर हुसैन खान, हाजी उस्मान खान, हाजी नासीर मेमन, हाजी रिज़वान मेमन, हाजी तनवीर मेमन, इकरा फाउंडेशन अध्यक्ष खलील कुरैशी, हाजी ईमरान मेमन, इदरीश खान, अय्यूब सोलंकी, कय्यूम कुरैशी, लुकमान अली, हबीब अशरफी, इनायत रसूल, फारुख मेमन, समसुल होदा खान, जफर उल्लाह खान, डॉ. मकसूद अहमद, अल्ताफ अली, याकूब खान, जुनैद खान, समीर कुरैशी, रियाजुद्दीन कादरी, शौकत अली, नदीम मेमन, कदीर कुरैशी, कलीम अशरफी, सगीर कुरैशी, जाकिर हुसैन, जमीर कुरैशी, सलीम सोलंकी, सुलेमान खान, रहमान खान, इरफान मेमन, तज़म्मुल अली, रफीक सरधारिया, रियाज़ अशरफी, मतीन अशरफ, उबैद खान, शादाब खान, सादिक मोतीवाला, तारिक अमान, सुहैल असरफी, जमीर खान, जफर खान झाडूदिया, इम्तियाज़ हुसैन, सोहेल अशरफ, जमील मेमन, याक़ूब सोलंकी, ईमरान अशरफी, वसीम अहमद, वसीम मेमन, सलीम मेमन, सुलेमान खान व अज़ीम मेमन सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम जमात के लोग उपस्थित थे।

**कांग्रेसी नेताओं ने भी ईदगाह पहुंचकर बधाई दी** - ईद उल अजहा पर्व के अवसर पर आर्यावृत सिंह सहित कांग्रेसी नेताओं में क्रमशः गुलाब चोपड़ा, कपिनाथ महोबिया, पार्षद पुरुषोत्तम वर्मा, दिलीप लहरे, दयाराम पटेल, शत्रुहन धृतलहरे और किशन रजक ने भी ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समाज के अनुयायियों को गले मिलकर ईद उल अजहा पर्व की बधाई दी।

उल्टा पुल्टा

कंजूस का बेटा मिंटू अपनी गर्लफ्रेंड के साथ डेट पर गया.
मिंटू के कंजूस बाप को ये पता चला गया.
बाप (गुस्से में)- नालायक, कितने रुपये खर्च किए तूने?
मिंटू- 500 रुपए
बाप- हैं- 500, शर्म नहीं आई?
मिंटू- वो इतने ही लेकर आई थी.

# यज्ञ स्थल में सत्संग भवन निर्माण का मंत्री टंकराम वर्मा ने किया भूमिपूजन

**बलौदाबाजार,** 7 जून (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय के हृदय स्थल दशहरा मैदान के समीप यज्ञ स्थल मे धर्म रक्षार्थ यज्ञ एवं जनसेवा समिति के सदस्यों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूर्ण करते हुए बलौदाबाजार विधायक एवं केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन टंकराम वर्मा ने सत्संग भवन निर्माण कराने का आश्वासन दिया था जिसे उन्होंने पूरा करते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया जिसका भूमिपूजन 6 जून शुक्रवार को उनके द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा एवं बलौदाबाजार नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन शामिल हुए। कार्यक्रम मे आए अतिथियों का स्वागत अभिनंदन यज्ञ समिति के सदस्यों द्वारा श्रीफल श्री रामनामी पट्टिका पुष्प गुच्छ भेंटकर किया गया।



यज्ञ समिति के संरक्षक एवं धर्माचार्य पं.द्वारिका प्रसाद शास्त्री ने भूमिपूजन विधि संरक्षक एवं यजमान अशोक कुमार तिवारी, श्रीमती कमला देवी तिवारी से सम्पन्न कराई। जिसमें संरक्षक श्यामसुंदर केशरवानी, प्रमोद शुक्ला सचिव, सपन केशरवानी कोषाध्यक्ष, लक्षमेंद्र अग्रवाल व्यवस्थापक, शिवप्रकाश तिवारी, सदस्यगण अभिषेक तिवारी, हेमन्त वर्मा, वासुदेव ठाकुर, गजेंद्र देवांगन, आयुष बरनवाल, नवनीत अग्रवाल, गार्गीशंकर बाजपेयी, दीप बाजपेयी, महेश ठाकुर, विनय गुप्ता, कृष्णानंद अग्रवाल, सुंदर साहू, नीलम दीक्षित, योगेश शुक्ला पीयूष मिश्रा, अरविंद मिश्रा, श्याम शुक्ला अध्यक्ष ब्राह्मण समाज, खोडष राम कश्यप केंद्रीय अध्यक्ष क्षत्रिय मनवा कुर्मी समाज, टेशुलाल धुरंधर अध्यक्ष भारतमाता सेवा ट्रस्ट, सोनचंद स्मृति फाउंडेशन के संयोजक पुष्पराज वर्मा, भारतीय जनता पार्टी के विजय केशरवानी, योगेश अग्रवाल, संकेत शुक्ला, चित्तावर जायसवाल, रवि वर्मा, हरिशचंद्र वर्मा, गणेश जायसवाल, धीरज बाजपेयी, राकेश ध्रुव, नीलम सोनी, सुनीता वर्मा, सरिता मार्के, विहिप बजरंग दल सदस्य दिनेश यादव, खिलावन पटेल, दिपेश पंजवानी, भूपेंद्र यादव, दुर्गेश साहू आदि बड़ी संख्या मे नागरिक एवं वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

यज्ञ स्थल मे हो रहे निर्माण कार्य को लेकर यज्ञ समिति के सदस्यों तथा धर्मप्रेमियों मे खासा उत्साह हैं। समिति के सदस्य अभिषेक तिवारी ने अवगत कराया कि यज्ञ स्थल पर विगत पाँच वर्षों से नगरवासियों, राइस मिलर्स और व्यापारियों के उदार सहयोग से ग्यारह दिवसीय महायज्ञ का गरिमामय आयोजन किया जाता रहा है। इसमें स्थानीय के साथ-साथ राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार भी अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। यज्ञ मंडप का निर्माण समिति के सौजन्य से हुआ है। यज्ञ समिति के सदस्यों द्वारा कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के समक्ष सत्संग भवन की चिरलंबित आवश्यकता रखी गई थी, जिसकी पूर्ति आज हो रही है। भविष्य में धार्मिक कर्मकांड अनुष्ठान इत्यादि संपन्न कराने वालों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए यज्ञ स्थल को सर्वसुविधायुक्त सुंदर और हरा-भरा स्वरूप प्रदान करने की योजना है।

# भव्य कलश यात्रा के साथ भगवान भूतेश्वर नाथ की पुर्नस्थापना समारोह का शुभारंभ



**बलौदाबाजार,** 7 जून (देशबन्धु)। भव्य कलश यात्रा के साथ भगवान भुतेश्वर नाथ की पुर्नस्थापना समारोह का शुभारंभ किया गया। जहां बलौदाबाजार के सोनपुरी स्थित बाबा भुतेश्वर नाथ मंदिर में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ पडी। क्योकि भगवान भुतेश्वर नाथ की पुर्नस्थापना का सैकड़ो वर्ष पूर्व स्थापित मंदिर का नवनिर्माण कर भगवान भुतेश्वर नाथ जी को वहाँ पुर्नस्थापित किया जा रहा है। तीन दिनों तक आयोजित इस कार्यक्रम में भक्ति संगीत से भक्त झुमेंगे। वही नये मंदिर में भगवान जी को सपरिवार स्थापित किया जायेगा।

कार्यक्रम के शुभारंभ पर आज महिलाओं ने नगर में कलश यात्रा निकाली और जल लेकर सोनपुरी स्थित मंदिर पहुंचे। 7,8,9 जुन को आचार्य गणों द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ तीन दिनों तक विशेष पूजा अर्चना कर भगवान शिव की आराधना पुर्नस्थापना का निवेदन कर 9 जुन को विधिविधान के साथ स्थापित किया जायेगा। जिसको लेकर शिवभक्तों में उत्साह का वातावरण है और पुरी तैयारी में भुतेश्वर नाथ मंदिर समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

# नमाज अदा कर कब्र में सोये हुए मरहूमों की मगफिरत की दुआ मांगी

**कटगी/बलौदाबाजार,** 7 जून (देशबन्धु)। आदर्श ग्राम पंचायत कटगी में मुसलमान भाईयों ने 7 जून को ईदुल जोहा बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया। नमाज सुबह 9 बजे स्थानीय ईदगाह भाटा में अदा की गई। ईदुल जुहा की नमाज जनाब मो. इस्लाम मौलाना (बालौदा बाजार) वाले ने पढ़ाई। नमाज से पहले मौलाना ने मुस्लिम भाइयों को बताया ईदु ल जोहा कुर्बानी का त्योहार हजरत इब्राहिम अलैस सलाम व हजरत ईस्माइल अलैस सलाम की याद में मनाई जाती है। हजरत इब्राहिम अलैस सलाम ने अपने बेटे इस्माइल अलैह सलाम को अल्लाह के हुक्म से कुर्बान कर दिया था। उन्हीं की याद में मनाया जाता है। ईदुल जुहा बकरीद का त्योहार।



वही मौलाना इस्लाम ने उपस्थित मुसलमानों भाईयों को मौलाना इस्लाम ने नमाज ईदुल जुहा की नियत भी बताई व ईदुल जुहा की नमाज अदा करायी व खुतबा पढ़ी गई, नमाज बाद मौलाना साहब ने अल्लाह ताला से पूरे मुल्क के लिए अमन चौन की दुआ मांगी व अंत में सलाम पढ़ी गई। नमाज बाद कब्रस्तान जाकर कब्र में सोए हुए मरहूमों की मगफिरत की दुआ मांगी गई। ईदुल जुहा की नमाज में शरिक हुए मुस्लिम समुदाय के लोगों में.. जनाब मो. इस्लाम मौलाना, गुलजार खान, सत्तार खान, इस्लाम खान, हसन खान, आदम खान, शरीफ खान, सलमान खान, अकबर खान, अकरम खान, अब्दुल खान, रोशन खान, सकील खान, मुस्ताक खान, एजाज खान, छोटू खान शेर खान, चांद खान, बाबा खान, शिब्बू खान, आहिल खान, फारुख खान, फैजूल खान, व मदरसा के बच्चों में पलक परवीन, मिनाज परवीन, रिदा, जोया परवीन, सना बनो आदि नमाज में बड़ी संख्या में शरिक हुए। वही दूरभाष से बधाई एवं मुबारकबाद देने वालो की ताता सुबह से शाम तक लगी रही।

# भाजपा का लक्ष्य सत्ता नहीं, बल्कि सेवा है : ऐतराम

**महासमुंद,** 7 जून (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी महासमुंद जिला द्वारा विकसित भारत का अमृतकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष विषय पर आधारित संकल्प से सिद्धि तक नामक भव्य जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय में हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य केंद्र सरकार की ऐतिहासिक योजनाओं एवं उपलब्धियों को बूथ स्तर तक पहुंचाना, संगठन को और अधिक मजबूत बनाना तथा आगामी कार्यक्रमो के लिए कार्यकर्ताओं को रणनीतिक दिशा देना रहा। कार्यशाला में जिले भर के सभी मंडलों से पदाधिकारी, मोर्चा.प्रकोष्ठों के प्रतिनिधि, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष व वरिष्ठ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह कार्यशाला कार्यकर्ताओं को न केवल प्रशिक्षित करने का मंच है, बल्कि उन्हें आगामी चुनौतियों के लिए तैयार करने की प्रेरणा भी देती है। उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य सत्ता नहीं, बल्कि सेवा है और इस विचारधारा को लेकर हम सबको आगे बढ़ना है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा रहीं, जिन्होंने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। महिलाओं की सुरक्षाए सम्मान और स्वावलंबन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उठाए गए कदमों से भारत की आधी आबादी को नया आत्मविश्वास मिला है। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता परिवर्तन का वाहक है और संकल्प से सिद्धि तक की यह यात्रा संगठन के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने सुशासनए पारदर्शिता और विकास के नए आयाम गढ़े हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से कार्यकर्ताओं में जोश और समर्पण की नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे हर योजनाए हर पहल को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध हों। बसना विधानसभा विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने भी कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि संकल्प से सिद्धि तक केवल एक अभियान नहीं, बल्कि देश की आकांक्षाओं को पूर्ण करने की दिशा में उठाया गया ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इस राष्ट्र निर्माण के संकल्प का सशक्त वाहक है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेमशंकर पटेल, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अल्का चंद्राकर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, पूर्व विधायक खल्लारी प्रीतम सिंह दीवान, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिता नायडू, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष थानसिंह दीवान सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन जिला संयोजक राहुल चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह और एकजुटता देखने को मिली। कार्यशाला महासमुंद जिले के राजनीतिक.सामाजिक परिदृश्य में एक मजबूत संदेश के रूप में उभरी, जहां भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अब संकल्प से सिद्धि की दिशा में पूरी ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते नजर आएगा।




**विकसित भारत के अमृतकाल में हुई जिला स्तरीय कार्यशाला**

# नए सेटअप के नाम पर सरकार स्कूलों में शिक्षकों का पद समाप्त करना चाहती है : यदु

**महासमुंद,** 7 जून (देशबन्धु)। विष्णुदेव सरकार नए सेटअप के नाम पर स्कूलों में शिक्षकों के न्यूनतम पदों की संख्या में कटौती कर शिक्षक के हजारों पद खत्म करना चाहती है। शिक्षकों की नई भर्तियां न करनी पड़े इसलिए युक्तियुक्तकरण कर रही है। युक्तियुक्तकरण रोजगार विरोधी, शिक्षा विरोधी कदम है। इस कदम का हम विरोध करते हैं और इसके खिलाफजमीनी लड़ाई लड़ी जाएगी। उपरोक्त बातें शनिवार को कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता में जिला प्रभारी दिनेश यदु ने कही। उन्होंने आरोप लगाया कि युक्तियुक्तकरण के कारण प्रदेश में 45 हजार से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जाएंगे। 10463 स्कूल बंद कर दिए हैं। इससे पहले भी रमन सरकार में प्रदेश के 3300 से अधिक स्कूल बंद किया गया था और 12 हजार शिक्षकों के पद समाप्त किया गया था। यह सरकार शिक्षा विरोधी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक शालाओं में पहली व दूसरी में तीन.तीन विषय एवं तीसरी, चौथी, पांचवी में चार.चार विषय के अनुसार कुल 18 विषय होते हैं, जिन्हें वर्तमान में तीन शिक्षकों को 40 मिनट का 6.6 कक्षाएं लेनी होती है, अब युक्तियुक्तकरण के नए नियम के बाद दो ही शिक्षकों के द्वारा 18 कक्षाओं को पढ़ाना कैसे संभव हो सकता है। मिडिल स्कूल में तीन कक्षा और 6 विषय इस हिसाब से कुल 18 कक्षाएं और 60 बच्चों की कुल संख्या में एचएम और उसके साथ केवल एकमात्र शिक्षक कैसे 18 कक्षाएं ले पाएंगेघ। स्कूलों को जबरिया बंद किए जाने से न केवल शिक्षक बल्कि उन 10463 स्कूलों से संलग्न हजारों रसोईया, स्लीपर और मध्याह्न भोजन बनाने वाली महिलाए, स्वसहायता समूह की बहनों के समक्ष जीवन.यापन का संकट उत्पन्न हो गया है। श्री यदु ने कहा कि नए सेटअप के तहत प्राइमरी, मिडिल, हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलो में शिक्षकों के न्यूनतम पदों में कटौती से नियमित शिक्षक के पद पर नई भर्ती के अवसर भी कम हो जाएंगे। 58 हजार शिक्षकों के पद खाली हैं। विधानसभा में घोषणा की गई थी कि 35 हजार पद भरे जाएंगे, इस वर्ष बजट में भी 20 हजार शिक्षकों की भर्ती की बात की गयी है लेकिन यह भर्तियां न करनी पड़े इसलिए 45 हजार पद समाप्त किए जा रहे हैं। जब पद ही खाली नहीं रहेंगे तो भर्ती कहां से करेंगे। हर महीने सैकड़ों शिक्षक रिटायर हो रहे हैं, वर्षों से शिक्षकों का प्रमोशन रुका हुआ है, स्थानांतरण को लेकर कोई ठोस नीति नहीं बना पाई, समयमान वेतनमान का विवाद अब तक लंबित है ऐसे में युक्तिकरण, सरकार के इस शिक्षा विरोधी फैसले के खिलाफपूरे प्रदेश में आक्रोश है। पत्रकारवार्ता में प्रमुख रूप से खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, जिला अध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, शहर ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन बघेल आदि कांग्रेसी मौजूद थे।



**नई भर्ती के अवसर कम होंगे, 58 हजार पद रिक्त**

# मां के नाम पौधे रोपकर हसदेव की कटाई से प्रदेश वासियों का ध्यान भटका रहा भाजपा : विनोद

**महासमुंद,** 7 जून (देशबन्धु)। पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा ने विगत वर्ष से एक अभियान चला रखा है माँ के नाम पर। जिसके तहत पौधे लगाने का स्वांग रचा जा रहा है। इस बार पुनः यही स्वांग एक पेड़ माँ के नाम 2.0 के तहत रचा जा रहा है। यदि एक पेड़ मां के नाम, तो फिर पूरा हसदेव जंगल किसके नाम, यदि मां के नाम पर पेड़ लगाने का स्वांग रचने के बजाय सदियों से प्रकृति द्वारा संरक्षित संवर्धित हसदेव जंगल की कटाई को भाजपा सरकार रूकवा दें तो माता.पिता, रिश्तेदारों के नाम पर अलग से पेड़ लगाने की आवश्यकता ही न पड़े। श्री चंद्राकर ने कहा कि गत वर्ष राज्यसभा में केंद्र ने बताया था कि परसा ईस्ट केते बासन खदान में पिछले वर्ष 2024 में जून तक 1 लाख पेड़ काटे जा चुके थे। इस जंगल में 2,73,757 पेड़ काटने का लक्ष्य रखा गया है। जून 2025 तक यह आंकड़ा लगभग डेढ़ लाख पहुँच चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा पेड़ लगाने का जो स्वांग रचा जा रहा है, जो केवल माँ के नाम पर प्रदेश वासियों को भावनात्मक रूप से हसदेव के मुद्दे से ध्यान भटकाने का एक सुनियोजित षड़यंत्र है। यह सरकार माँ के नाम पेड़ लगाने का ढोंग रचकर हसदेव जंगल का सुनियोजित विनाश कर रही है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, तब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर हसदेव जंगल की कटाई पर पूरी तरह से रोक लगा दी थी। जिसे विपक्षी भाजपा विधायकों ने भी समर्थन दिया था। अब उन्हीं के सरकार में इस देवभूमि की कटाई पर भाजपा के लोग मौन होकर इस विनाश को देख रहे हैं। श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की सरकार ने आदिवासी समुदाय के अस्तित्व और पर्यावरण को अडानी की लूट के लिए कुर्बान कर दिया है। हसदेव अरण्य वह अद्भुत जंगल है, जहां प्रकृति ने अपनी पूरी खूबसूरती और जीवन को संजोया है। यह भूमि सदियों से आदिवासियों की पहचान रही है। उनकी परंपराओं और आस्थाओं का प्रतीक रही है। आज प्रकृति के अनमोल धरोहर को अडाणी को बेच दिया गया है। यह केवल >> शेष पृष्ठ 9 पर >



# खरे की कविताओं का रेडियो प्रसारण 10 को

**महासमुंद,** 7 जून (देशबन्धु)। आकाशवाणी रायपुर के मोर भुंइया कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ी कवि गोष्ठी में स्थानीय कवि बन्धु राजेश्वर खरे छत्तीसगढ़ी कविता पाठ करेंगे। मंगलवार 10 जून को सुबह साढ़े 8 बजे प्रसारित इस कवि गोष्ठी का संचालन मिथिलेश शर्मा अर्जुन्दा करेंगे व अन्य प्रतिभागी कवियित्री श्रीमती सपना निगम दुर्ग होंगी, संपादक व प्रस्तुतकर्ता महेन्द्र साहू होंगे।



विदित हो कि बन्धु राजेश्वर खरे पद्य व गद्य विधा में छत्तीसगढ़ी एवं हिन्दी के सशक्त हस्ताक्षर हैं। सन् 1976-77 से सृजनरत हैं। छत्तीसगढ़ी साहित्य में इनका महत्वपूर्ण योगदान है। इनकी कविताएं व कहानियाँ छत्तीसगढ़ी संस्कृति और जीवनशैली को दर्शाती हैं। इनकी रचनाएं प्रतिष्ठित पत्र. पत्रिकाओं में प्रकाशित होती हैं। छत्तीसगढ़ी वर्ग पहेली व गुरतुर.चुरपुर स्तंभकार रहे हैं। छत्तीसगढ़ी शब्दों, हाना.मुहावरा संग्रह व आकाशवाणी रायपुर से छत्तीसगढ़ी लोककथाओं के प्रसारण में इनकी सक्रिय भागीदारी रही है। दूरदर्शन रायपुर से भेंटवार्ता काव्य पाठ भी इनकी साहित्यिक यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव हैं। बन्धु राजेश्वर खरे, व्यक्ति व समाज को बारीकी से पढ़कर उन पर कलम चलाते हैं। इनकी रचनाओं की मूल आत्मा व्यंग्य है। छत्तीसगढ़ी काव्य संग्रह खंतिहा बर खरी अउ बइठांगुर बर बरी एवं छत्तीसगढ़ी लोककथा सँग्रह भरम के नाँव टोनही इनकी प्रकाशित कृति है। संप्रति सेवानिवृत सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी अयोध्यानगर महासमुन्द में निवासरत हैं।

# प्रतिदिन मंदिर जाने के वैज्ञानिक कारण : स्वामी राजेश्वरानंद

**राजिम,** 7 जून (देशबन्धु)। कई लोग किसी व्रत या त्योहार पर मंदिर जाते हैं, कई लोग माह में एक बार मंदिर चले जाते हैं, बहुत से लोग सप्ताह में एक बार तो मंदिर जाते ही है, परंतु बहुत कम लोग प्रतिदिन मंदिर जाते हैं ! प्रतिदिन मंदिर जाने की बात को लेकर स्वामी राजेश्वरानंद ने कहा कि इसके बहुत से कारण है जिसमें प्रमुख रूप से सकारात्मक विचार - प्रतिदिन मंदिर जाने से हमारे मन और मस्तिष्क में सकारात्मक विचार और भाव का विकास होगा। जीवन में नकारात्मकता समाप्त होगी तो भविष्य भी सकारात्मक ही होगा।




**मंदिर जाने से मन में विश्वास और बढ़ता है आत्मबल:** मंदिर जाने से आत्मबल का संचार होता है जिसके कारण मन में किसी भी प्रकार का दुख या शोक नहीं रहता है। व्यक्ति सभी परिस्थिति में समभाव से रहता है। समभाव अर्थात न तो भावना में बहता है और न ही कठोर होता है। हर परिस्थिति उसके लिए सामान्य होती है।

**रोग नहीं होगा:** मंदिर में आप नियमों का पालन करते हैं। जैसे आचमन, परिक्रमा, ध्यान, पूजा, आरती, व्रत, उपवास और पाठ आदि के साथ ही सोच-समझकर आहार-विहार करते हैं, तो आपको किसी भी प्रकार का रोग नहीं होगा।

**तनाव या चिंता से मुक्ति रू बहुत से लोगों को:** अनावश्यक भय और चिंता सताती है जिसके कारण वे तनाव में रहने लगते हैं। तनाव में रहने की आदत भी हो जाती है जिसके चलते व्यक्ति कई तरह के रोग से भी घिर सकता है, लेकिन मंदिर जाने वाले के और दिमाग में ये सब नहीं रहता है।

**गृह कलह नहीं होता:** प्रतिदिन मंदिर जाने वाले के मन और मस्तिष्क में कलह या क्रोध नहीं होता है। घर के दूसरे सदस्य यदि उससे झगड़ा करते हैं या घर में गृह कलह हो रहा है तो वह उसे समझदारी से नियंत्रित कर माहौल को खुशनुमा बना देता है।

**पैदल भ्रमण:** प्रातःकाल पैदल ही मंदिर जाने से विहार भी होता है और हमें प्राणवायु भी अच्छे से प्राप्त होता है। प्रतिदिन सूर्य की धूप के स्पर्श से सेहत में सुधार होता है। इसी के साथ मंदिर भूमि को सकारात्मक उर्जा का क्षेत्र माना जाता है। यह ऊर्जा भक्तों में पैर के जरिए ही प्रवेश कर सकती है। इसलिए हम मंदिर के अंदर नंगे पांव जाते हैं।

**मन को मिलती है शांति:** मंदिर में कपूर और अगरबत्ती की सुगंध और कई तरह के सुगंधित फूल अर्पित किए जाते हैं जिनकी सुगंध से मन प्रफुल्लित होकर अवसाद से मुक्त हो जाता है। फूलों के विभिन्न रंग से अंतरमन को शांति मिलती है। मंदिर का वातावरण मन को शांत कर देता है। सुगंध से मन और मस्तिष्क से नकारात्मक विचार हटते ही हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। यह हमें जैविक संक्रमण से भी बचाती है। मंदिर के सुगंधित रहने से बैक्टीरिया नष्ट हो जाते हैं और किसी भी प्रकार का वायरल इंफेक्शन नहीं होता है क्योंकि मंदिर में कपूर होता है।

**घंटी की ध्वनि और आरती:** मंदिर में घंटी की टंकार करीब 7 सेकंड तक गूंजती है जो मन मस्तिष्क से विषाद हटाकर शांति प्रदान करती है। ऐसा भी कहते हैं कि छोटी घंटी से हमारा पित्त दोष संतुलित होता है। साथ ही ध्वनि से भी बैक्टीरिया नष्ट हो जाते हैं। जब हम मंदिर में आरती या कीर्तन के दौरान ताली बजाते हैं तो यह एक्यूप्रेशर का काम करती है। इससे हमारे रक्त संचार सुचारू रूप से संचालित होता है और शरीर की मांस पेशियां भी मजबूत होती है। आरती के बाद नमस्कार और दंडवत प्रणाम करने से हमारे मन में विनम्रता और श्रद्धा का भाव जागृत होता है। अहंकार और घमंड का नाश होता है।

**जप और जयघोष:** आरती या चालीसा को जपने पढ़ने से हमारा वाणी दोष भी दूर होता है। ओम् के उच्चारण से हमारा चित एकाग्र होता है। आरती के बाद देवी देवताओं, भारत माता आदि के जयघोष से आत्म विश्वास के साथ ही देशभक्ति जागृत होती है। इसी के साथ हर मंदिर >> शेष पृष्ठ 9 पर >

**किसान मोर्चा की बैठक आज**

**महासमुंद,** 7 जून (देशबंधु)। छग संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा करणी कृपा प्लांट के विरोध में चलाई जा रही जनजागरण मशाल रैली का विस्तार सिरपुर, झलप, पटेवा क्षेत्र में करने के लिए 8 जून को दोपहर दो बजे ग्राम खैरझिटी के श्रीराम जानकी मंदिर में बैठक आहूत की गई है।



# जनदर्शन में विधायक रोहित साहू ने सुनीं क्षेत्रवासियों की समस्याएं



## शिव मंदिर स्थल को यथावत रखने का दिया आश्वासन

**गरियाबंद,** 7 जून (देशबन्धु)। राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू ने शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय गरियाबंद में विशेष जनदर्शन कार्यक्रम के तहत आम जनता, ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं और मांगें सुनीं। पहली बार जिला मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्रवासियों और भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोग अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक और क्षेत्रीय समस्याएं लेकर पहुंचे।

**शिव मंदिर स्थल को लेकर समिति की मांग, मिला आश्वासन**

जनदर्शन के दौरान शिव मंदिर समिति ने विधायक के समक्ष मंदिर को वर्तमान स्थान पर ही बनाए रखने की मांग रखी। समिति ने स्पष्ट किया कि मंदिर का स्थान धार्मिक आस्था से जुड़ा है, और इसे कहीं अन्यत्र स्थानांतरित नहीं किया जाना चाहिए।

विधायक रोहित साहू ने समिति को आश्वस्त किया कि मंदिर का स्थल यथावत ही रखा जाएगा। वहीं नवनिर्माण होगा। इसके अलावा जनदर्शन में पहुंचे नागरिकों और ग्रामीणों ने पीएम आवास योजना, बंदोबस्त त्रुटि सुधार, सीसी सड़क निर्माण, वन अधिकार पट्टा, जल निकासी, पेयजल संकट, और राशन कार्ड त्रुटियां जैसी अनेक समस्याओं को सामने रखा। विधायक ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को सीधी बातचीत कर आवश्यक निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि बाकि आवेदनों को जिला प्रशासन के माध्यम से जल्द निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

इस मौके पर विधायक रोहित साहू ने कहा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार पूरी तरह से जन सेवा और सुशासन के सिद्धांतों पर काम कर रही है। जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान हमारी पहली प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से आज जनदर्शन का आयोजन किया गया ताकि आम जनता की आवाज सीधे सुनकर मौके पर ही समाधान किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि विधानसभा क्षेत्र के हर कोने से आई समस्याओं को गंभीरता से लिया जा रहा है, और एक-एक प्रकरण का त्वरित निराकरण कराया जाएगा। जनदर्शन कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जनदर्शन के सफल आयोजन से क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है और आम जनता ने भी अपनी बात खुलकर रखी।

# संकल्प से सिद्ध अभियान के तहत भाजपा बताएगी केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियां

**गरियाबंद,** 7 मई (देशबन्धु)। संकल्प से सिद्ध अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी 8 जून से 21 जून तक केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियाँ लेकर जन-जन तक पहुँचेगी। इस अभियान का उद्देश्य मोदी सरकार द्वारा पिछले ग्यारह वर्षों में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता को देना है। अभियान में भाजपा के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, सांसद, विधायक, पूर्व विधायक और नगर निकायों के जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। वे सीधे जनता के बीच जाकर केंद्र सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों और विकास कार्यों का प्रचार-प्रसार करेंगे। अभियान की तैयारी को लेकर शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय गरियाबंद में बैठक हुई। इसमें संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, राजिम विधायक रोहित साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व विधायक गोवर्धन मांझी, अभियान प्रभारी आशीष शर्मा सहित सभी मंडल अध्यक्ष और प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए। आशीष शर्मा ने अभियान से जुड़ी गतिविधियों और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां बताईं।




बैठक में संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बीते 11 वर्षों में कई सशक्त निर्णय लिए हैं। धारा 370 हटाना, राम मंदिर निर्माण और आतंकवाद पर कठोर कार्यवाही जैसे कदमों से देश को सशक्त बनाया गया है। मोदी सरकार ने दो बार पूर्ण बहुमत से सरकार बनाई और अब तीसरी बार ऐतिहासिक हैट्रिक बनाई है। मोदी ने जो संकल्प लिया, उसे पूरा कर रहे हैं। यही संकल्प से सिद्धि है। राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा, मोदी सरकार ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। यह प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व का परिणाम है। केंद्र सरकार गांव, गरीब, किसान और युवाओं के हित में कार्य कर रही है। देश और प्रदेश उन्नति के मार्ग पर हैं। जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा, यह पूरे देश के लिए गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने लगातार 11 साल पूरे किए हैं। इन वर्षों में हर वर्ग के कल्याण और राष्ट्र की उन्नति को प्राथमिकता दी गई है। अब गांव-गांव चौपाल लगाकर योजनाओं का प्रचार किया जाएगा। साथ ही प्रेस वार्ता, बाइक रैली और लाभार्थी सम्मेलन जैसे कार्यक्रम भी होंगे। बैठक में जिले और मंडल के सभी पदाधिकारी, अभियान के मंडल प्रभारी और वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों से अवगत हुए किसान



**महासमुंद,** 7 जून (देशबंधु)। विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम सुखीपाली में शिविर का आयोजन किया गया। यह अभियान 12 जून तक संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य किसानों को आधुनिक और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों से अवगत कराना है। शिविर में ग्राम सुखीपाली, चिखली एवं डुमरपाली के सरपंच, पंचगण, सहकारी समिति सुखीपाली के अध्यक्ष, उप संचालक कृषि एफ आर कश्यप, कृषि विज्ञान केंद्र महासमुंद के डॉ कुणाल चंद्राकर, डॉ श्रीधर तथा कृषि महाविद्यालय के डॉ प्रफ्फुल और बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। इस दौरान शिविर में किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई एवं मशरूम उत्पादन, लाइट ट्रैप, फेरोमोन ट्रैप जैसे जैविक कीट नियंत्रण के उपायों से अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त खेत की तैयारी से लेकर फसल कटाई तक की सम्पूर्ण कृषि क्रियाओं की वैज्ञानिक विधियों की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि कश्यप द्वारा किसानों की समस्याएं सुनी गईं एवं समाधान हेतु सुझाव दिए गए। उन्होंने किसानों से फीडबैक भी प्राप्त किया जिससे आगामी योजनाओं को किसानों की आवश्यकता अनुसार बेहतर ढंग से तैयार किया जा सके। शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधिगण एवं उन्नत किसानों ने भी अपने बहुमूल्य सुझाव और अनुभव साझा किए। जिससे स्थानीय किसानों को अपने जैसे साथियों से प्रेरणा मिली। इस अभियान के माध्यम से जिले के किसानों को कृषि क्षेत्र में नवाचार और स्थायी विकास के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल के स्काउट-गाइड ने रोपे पौधे

**महासमुंद,** 7 जून (देशबंधु)। स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा महासमुन्द के स्काउट गाइड द्वारा संस्था के ग्रुप लीडर एवं जिला आयुक्त गाइड अमी रूफस के मार्गदर्शन एवं स्काउट मास्टर एवं जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे, गाइड कैप्टिन रूपा पांडेय के निर्देशन में एक पेड़ मां के नाम के तहत संस्था परिसर में पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के महाराणा प्रताप स्काउट दल एवं महारानी लक्ष्मीबाई गाइड कंपनी, संस्था के विद्यार्थियों, शिक्षकों के द्वारा विभिन्न प्रकार के फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इसके पूर्व स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए वन विद्यालय महासमुन्द से तुमाडबरी तक साइकिल रेली का आयोजन कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया एवं प्रदुषण मुक्त परिवेश बनाने प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला आयुक्त गाइड अमी रूफस एवं बीईओ लीलाधर सिन्हा ने स्काउट गाइड को अपने-अपने घरों में तथा अपने आसपास के खाली जगहों पर कम से कम एक पौधा रोपकर उनकी सुरक्षा करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के द्वारा भी पौधा रोपण किया गया। जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजली बरमाल, बीईओ लीलाधर सिन्हा, एबीईओ हीना ढालेन, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, जिला मुख्यालय आयुक्त रामकुमार साहू, जिला संगठन आयुक्त गाइड लीनू चन्द्राकर, जिला मीडिया प्रभारी तुलेन्द्र सागर, ब्लाक सचिव लता वैष्णव, सह सचिव हिरेन्द्र साहू, संस्था के जी.आर. टांडेकर, प्रियंका पीटर, मितेश शर्मा, शर्मा प्रणीता शर्मा, विकास यादव, डॉ. शशबीर कौर संधु, कृति थवाईत, कल्याणी सोनकर, आकांक्षा भोई, नेहा दुबे, हीरालाल जोशी, दिव्येश वाणी, ओमप्रकाश देवांगन, योगिता ठाकुर, मधु साहू, मनीषा कन्नौजे, अंजली कहार, रवि ठाकुर, मदन कौशिक, शनि, नेहा सिंह, अंशुमाला बारिक, आकांक्षा जैन, हेमलाल चक्रधारी, प्रेम यादव, अंजू चन्द्राकर, राधिका शर्मा, झम्मन, प्रकाश, सहित संस्था के सभी शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी का आभार प्रमोद कुमार कन्नौजे जिला सचिव ने किया।



# युक्तियुक्तकरण से हाईस्कूल गोरबा और प्राथमिक शाला जोगेसरा को मिला शिक्षक

**बिलाईगढ़,** 7 जून (देशबंधु)। हर स्कूल को शिक्षक मिले इस उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा किए गए शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण से अब कई स्कूलों में शिक्षक उपलब्ध हो रहे हैं। इसी कड़ी में बिलाईगढ़ विकासखंड के प्राथमिक शाला जोगेसरा में एक प्रधान पाठक थे और कोई शिक्षक नहीं था। इस शाला में विद्यार्थी की 55 दर्ज संख्या है। युक्तियुक्तकरण से अब वहां कुलेश्वर प्रसाद निराला सहायक शिक्षक एल.बी. को पदस्थ किया गया है। इससे बच्चों की शिक्षा में सुधार होगा। इसी प्रकार बिलाईगढ़ विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल सलिहा में अंग्रेजी विषय के दो व्याख्याता नियुक्त थे, वहां से युक्तियुक्तकरण से एक व्याख्याता लीलाधर कुम्हार को निकाल कर शासकीय हाईस्कूल गोरबा में पदस्थापना किया गया। हाईस्कूल गोरबा में व्याख्याता लीलाधर कुम्हार के पदस्थापना के पूर्व वहां सिर्फ एक प्राचार्य पदस्थ थे। युक्तियुक्तकरण से स्कूली बच्चों को समान शिक्षक की सुविधा दी जा रही है, वहीं अतिशेष शिक्षकों को शिक्षक विहीन विद्यालयों में पदस्थापना की जा रही है।




**हाईस्कूल सलिहा में अंग्रेजी के 2 व्याख्याता में से 1 को गोरबा में किया गया पदस्थापना**

## सार-संक्षेप

### आपदा पीड़ित 2 परिवारों को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार,** 7 जून (देशबन्धु)। प्राकृतिक आपदा से मृत 2 लोगों के निकट परिजनों के लिए 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 6 जून 2025 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में संतोष डहरिया पिता हीरालाल डहरिया, निवासी संत रविदास वार्ड भाटापारा, तहसील भाटापारा एवं दुखिया बाई ध्रुव पति स्व. दुकाल सिंह, निवासी ग्राम धौराभाठा, तहसील भाटापारा शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के रामसागर तालाब के पानी मे डूबने एवं सर्पदंश से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

# धीवर समाज द्वारा आज 26वां कैरियर काउंसलिंग आयोजित

**धमतरी,** 7 जून (देशबन्धु)। धीवर समाज धमतरी द्वारा समाज के छात्र-छात्राओं को उच्च कक्षाओं में सही विषय चुनने में मदद करने, उनका मनोबल बढ़ाने के लिए विगत 25 वर्ष से कैरियर काउंसलिंग एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । इस वर्ष आयोजन का 26 वां वर्ष है । काउंसलिंग हेतु कक्षा 10वीं 12वीं एवं उच्च कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है । समाज द्वारा विगत आयोजनों से अनुभव किया गया है कि यदि छात्र-छात्राओं को कक्षा पांचवी से ही सही मार्गदर्शन दिया जाए एवं उनका मनोबल बढ़ाया जाए तो उनका परफॉर्मेंस काफी बेहतर होता है । बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है साथ ही इसके माध्यम से बच्चे समाज से भी जुड़ते हैं जो कि समाज के लिए बेहद लाभकारी होता है। इसे ध्यान में रखते हुए इस वर्ष कक्षा 5वीं, 8वीं के बच्चों को भी आमंत्रित किया गया है । छात्र-छात्राओं के काउंसलिंग के लिए डॉक्टर निधी वर्मा, मनोचिकित्सक को जगदलपुर से विशेष रुप से आमंत्रित किया गया है जो परीक्षा की तैयारी करने में बच्चों को होने वाली कठिनाईयां, अच्छी तैयारी करने के बाद भी परीक्षा केन्द्र में भूल जाना, परीक्षा के डर को दूर करना, खूब मेहनत करने के बाद भी उत्तर याद नहीं रह पाना आदि समस्याओं का सरल समाधान एवं परीक्षा की तैयारी करने में माता-पिता एवं पालकों की क्या भूमिका होनी चाहिए आदि विषयों पर वैज्ञानिक विवेचन की जाएगी तथा छात्र-छात्राओं के प्रश्नों का समाधान किया जाएगा। छात्र-छात्राओं के बारीकी से काउंसलिंग करने के लिए बायो विषय पर समाज के बेहद अनुभवी डॉ.दिनेश नाग, बीएएमएस एमएससी, (योग) डीएनवायएस, एफएससीए आयुर्वेद चिकित्सक, पंचकर्म क्षार सूत्र सलाहकार, गणित विषय के अनुभवी व्याख्याता आलोक मत्स्यपाल एमएससी (गणित) एवं कॉमर्स विषय के अनुभवी व्याख्याता ओमप्रकाश नाग, एम.कॉम. एलएलबी द्वारा काउंसलिंग किया जाएगा। धीवर समाज धमतरी परगना के महासंरक्षक परमेश्वर फूटान, संरक्षक होरीलाल मत्स्यपाल, अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, सचिव सोहनलाल धीवर द्वारा जानकारी दिया कि इस वर्ष काउंसलिंग हेतु कुरुद, कण्डेल, आमदी, बालोद एवं कांकेर परगना के समाज के समस्त छात्रों को भी आमंत्रित किया गया है। धमतरी जिले में कक्षा 12वीं में टाप 10 में स्थान बनाने वाली समाज की बेटी कु. हीना तारक सांकरा नगरी को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। काउंसलिंग हेतु 8 जून को प्रात: 10 बजे से पंजीयन प्रारंभ हो जाएगा इसके लिए छात्र-छात्राओं को इस वर्ष की बोर्ड परीक्षा की अनुसूची की फोटो कॉपी या नेट से निकली हुई अंकसूची की कापी प्रस्तुत करना होगा। उच्च कक्षाओं में प्रथम तीन सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को नगद राशि भी पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी। समाज प्रमुखों ने धीवर समाज के समस्त प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं उनके पालकों को इस आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया गया है। कार्यक्रम से समाज को अधिकतम लाभ मिले इसके लिए समाज के पदाधिकारीगण लगातार कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

- अबिनाश मिश्रा कलेक्टर जिला धमतरी होंगे मुख्य प्रेरक
- मनोचिकित्सक एवं विषय विशेषज्ञ भी करेंगे काउंसलिंग
- आयोजन स्थल धीवर समाज भवन शीतला माता मंदिर महिमासागर वार्ड धमतरी

# युक्तियुक्तकरण सरकार का सबसे अच्छा निर्णय : गेंदलाल

**महासमुंद,** 7 जून (देशबंधु)। वर्षों बाद लगभग 20साल की तपस्या कोकड़ी गांव वालों का साकार हो गया,गांव वाले बेहद खुश हुये, प्रधानपाठक कोकड़ी सरकारी स्कूल गेंदलाल कोकडिया के माध्यम से प्रेस को बतायें कि युक्तियुक्तकरण छग सरकार का अब तक का सबसे बड़ा और साहसिक निर्णय है। आज कोकड़ी गांव जो दो दशक से एक शिक्षकीय था,उसे शिक्षक हेमंत कुमार देवांगन के रूप में मिला,ऐसे न जाने कितने गांवों के ग्रामीण खुश होंगे, उसकी कल्पना तो ग्रामीण पालक ही कर सकते हैं। वर्षों से शहरों के स्कूलों में काबिज शिक्षकों को अब गांव के स्कूल वापस आना पड़ा। नेतागिरी नहीं चली, कलेक्टर महासमुंद स्वयं सारी प्रक्रिया के गवाही बनें ,पूरी ईमानदारी से नियुक्ति हुई,सभी एक शिक्षकीय विद्यालय में शिक्षक आ गये,आज तक शिक्षक संगठनों ने कभी अपने साथी शिक्षकों पर गांव जाने के लिए दबाव नहीं बनाया।,पहल नहीं किए, नहीं तो इसकी जरूरत ही नहीं पड़ती। कोकड़ी गांव वालों ने कभी स्कूल में ताला नहीं लगाया। शिक्षक मांगने के लिए आज शहर के एक शिक्षक कोकड़ी गांव में पाकर गांव वाले व बच्चे खुश हो गये, मुख्यमंत्री और छग सरकार, कलेक्टर महासमुंद, स्कूल शिक्षा विभाग महासमुंद को कोकड़ी गांव के ग्रामीणों ने सादर साधुवाद दिया है। श्री कोकडिया ने युक्तियुक्तकरण को सरकार का बेहतर निर्णय बताया है। शिक्षक गेंदलाल को ककडिया ने भी सरकार का समर्थन किया है, शिक्षा जगत में गांव के बच्चे बेहतर पढ़ पायेंगे, जरूरी था बहुत सारे स्कूलों में काबिज आवश्यकता से अधिक शिक्षकों शहर और शहरों के समीप शिक्षकों ने वर्षों तक ऐशो आराम किया,अब गांव की माटी में जाकर बच्चों को पढ़ायेंगे तो शिक्षक भी स्वस्थ होंगे और विकसित भारत का सपना भी साकार होंगे। सरकार के इस निर्णय का श्री कोकडिया ने स्वागत किया है।



## निधन

### गंगा बाई पटेल




**धमतरी,** 7 जून। आमापारा अम्बा चौक निवासी गंगा बाई पटेल (64) पति स्व. नान्हूराम का शनिवार को दोपहर 3 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ्य थी। वे धनराज, छन्नुराम, गणेश और राजेश पटेल की मां थी। उनकी अंतिम यात्रा रविवार को सुबह 9.30 बजे गृहनिवास अम्बा चौक से शांतिघाट के लिए निकलेगी। समस्त आमापारा वार्डवासियों ने उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### श्रीमती पुना बाई देशमुख



**दुर्ग,** 7 जून। कसारीडीह निवासी श्रीमती पुनाबाई देशमुख का शनिवार शाम 4 बजे निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 जून रविवार प्रात: 9.30 बजे उनके निवास स्थान कसारीडीह से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी। वे स्व. झन्ना देशमुख, स्व. राधेश्याम देशमुख एवं दुर्ग जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष संजय देशमुख की माताजी थी।

### बिशाल चंद्राकर



**महासमुंद,** 7 जून। ग्राम खरोरा निवासी बिशाल चंद्राकर 80 वर्ष का 7 जून को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृहग्राम खरोरा में किया गया। वे कमलेश चद्राकर, तुकाराम चंद्राकर के पिता व ग्राम पंचायत खरोरा के सरपंच वीणा चंद्राकर के ससुर, कुणाल चंद्राकर के दादा थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### मां के नाम पौधे रोपकर हसदेव ...

एक जंगल की कटाई नहीं, बल्कि प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर और भविष्य की विनाश की शुरुआत है। यह दुर्भाग्य है कि भाजपा ने सरकार बनते ही देवभूमि हसदेव जंगल की कटाई पर लगे रोक को हटाकर इसे अडानी को सौंप दिया।

### प्रतिदिन मंदिर जाने के ...

में गौ रक्षा का संकल्प भी लिया जाता है। आरती के बाद शंख बजाया जाता है जो श्रद्धालुओं के लिए बहुत सुखदायी और स्वास्थ्य वर्धक है। शंख बजाने वाले के फेफड़े मजबूत होते हैं।

ज्योति: आरती लेने से हमारी हथेली की कोशिकाओं को दिव्य ऊष्मा मिलती है और हमारे भीतर पल रहे सभी विषाणु और जीवाणु समाप्त हो जाते हैं। आखों पर हथेलियां रखने से गर्माहट आंखों के पीछे की सूक्ष्म रक्त वाहिकाओं को खोल देती है और उन में ज्यादा रक्त प्रवाहित होने लगता है जिससे हमारी आंखों कि ज्योति बढ़ती है।

**चरणामृत**

दर्शन, पूजा और आरती के बाद हमें तुलसी पत्र वाला चरणामृत, पंचामृत और प्रसाद मिलता है। यह चरणामृत और पंचामृत हमारी सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। आयुर्वेद के मुताबिक यह चरणामृत हमारे शरीर के तीनों दोषों को संतुलित रखता है। चरणामृत के साथ दी गई तुलसी हम बिना चबाए निगल लेते हैं जिससे हमारे सभी रोग ठीक हो जाते हैं।

**परिक्रमा**

मंदिर में भगवान की परिक्रमा से जहां सेहत के लाभ मिलते हैं वहीं यह धरती के गुरुत्वाकर्षण की शक्ति से जुड़कर हमारे शरीर का तनाव निकल जाता है। इसी के साथ ही गुंबद और उसके कलश से प्रवाहित हो रही ऊर्जा हमारे शरीर को प्रभावित कर सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती है।

# तंबाकू से जुड़े कोटपा एक्ट की कार्रवाई हेतु अंतर्विभागीय कार्यशाला का आयोजन

**बिलाईगढ़,** 6 जून (देशबंधु)। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे के निर्देश पर डॉ एफ आर निराला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में अनुबंधित फर्म के डॉ. शैलेन्द्र मिश्रा राज्य कार्यक्रम समन्वयक, विलेश रावत संभागीय समन्वयक और जिले के डॉ. इन्दु सोनवानी जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के सहयोग से एक दिवसीय अंतर्विभागीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण कार्यशाला में अधिकारियों के द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की चरणबद्ध जानकारी दी गई, जिसमें तंबाकू के उपयोग के दुष्परिणाम, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की बैठक, तंबाकू उत्पाद के उपयोग और रोकथाम संबंधी नीतियों की निगरानी, जिले में संचालित तंबाकू नशा मुक्ति केंद्र , तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन प्रचार प्रयोजन पर प्रतिबंध लागू करना, शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना, प्रवर्तन दल के द्वारा प्रति सप्ताह शनिवार को छापा मारकर चालानी कार्यवाही करना, धूम्रपान निषेध हेतु कोटपा अधिनियम 2003 के विभिन्न धाराओं का जिला स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन करना, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तंबाकू के क्रय- विक्रय तथा उपभोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना, शासकीय कार्यालयों, सार्वजनिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे को तंबाकू मुक्त क्षेत्र घोषित करना, कोटपा एक्ट के नियमों के उलंघन करने वाले व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया जाना, तंबाकू उत्पाद से संबंधित विज्ञापनों को ग्रामों व शहरों से हटवाना, वर्तमान समय में उपयोग की जाने वाली ई सिगरेट इत्यादि की विस्तृत जानकारी दी गई।



कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कार्यशाला के बाद राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समस्त विभागों में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम हेतु 1- 1 नोडल अधिकारी नियुक्त करने, प्रत्येक कार्यालय एवं सार्वजनिक स्थलों को तंबाकू मुक्त क्षेत्र घोषित करने, प्रत्येक कार्यालय में निर्धारित माप अनुसार धूम्रपान मुक्त क्षेत्र का फ्लेक्स चस्पा करने, नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों के द्वारा क्रमश: शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चस्पा हुए तंबाकू सेवन संबंधित विज्ञापन को तत्काल हटवाने, प्रत्येक शिक्षण संस्थानों में के प्रवेश द्वार पर तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान का फ्लेक्स चस्पा कर संस्थान के 100 गज की दूरी के भीतर तंबाकू उत्पाद के क्रय विक्रय प्रतिबंधित करने,18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों के द्वारा क्रय- विक्रय सहित उपभोग करने पर सख्ती से कार्यवाही करने, थोक विक्रेताओं को लक्ष्य बनाकर कार्यवाही करने, ग्राम पंचायतों को तंबाकू मुक्त बनाने में भारत माता वाहिनी, बिहान, मितानिन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं का सहयोग लेने, जिले में प्रत्येक शनिवार को जिला प्रवर्तन दल के टीम जिसमें स्वास्थ्य, खाद्य एवं औषधि सुरक्षा, पुलिस, नगरीय निकाय, आबकारी विभाग के अधिकारी के द्वारा संयुक्त चालानी कार्यवाही करने, कोटपा 2003 अक्षरश: क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए । कार्यशाला में डॉ एफ. आर. निराला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ दीपक जायसवाल सिविल सर्जन, डॉ आर. एल. सिदार (खण्ड चिकित्सा अधिकारी, विनय तिवारी उप संचालक समाज कल्याण विभाग, डॉ महेंद्र पांडेय उप संचालक पशुधन, तहसीलदार मनीष सूर्यवंशी, स्नेहिल साहू एसडीओपी, पुलिस अधिकारी कामिल हक, वीना यादव, सुनीता बंजारे, डॉ. इन्दु सोनवानी जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम, राजस्व विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग, कृषि विभाग, जनसंपर्क विभाग, पशुपालन विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग से आयुष चिकित्सा अधिकारी, अन्य विभाग के प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

# एंटी रेबीज़ वैक्सीन और एंटी स्नेक वेनम की आपूर्ति कम

**भाटापारा,** 7 जून (देशबन्धु)। एंटी रेबीज वैक्सीन और एंटी स्नेक वेनम की कमजोर आपूर्ति अब दवा बाजार को परेशान कर रही है क्योंकि मांग बढ़ते क्रम पर है। शॉर्टेज की यह स्थिति कीमत पर प्रतिकूल असर डाल रही है।

तेज धूप, प्री मानसून बारिश। इन दोनों ने मिलकर उमस को बढ़ाया हुआ है। मौसम का यह बदलता रूप सांप, बिच्छू, मधुमक्खियां को बेचैन किए हुए हैं, तो कुत्तों का स्वभाव तेजी से परिवर्तन ले रहा है। ऐसे में अप्रत्याशित रूप से हमला कर रहे हैं। बचाव के उपायों के बीच एंटी रेबीज और एंटी स्नेक वेनम की शॉर्ट सप्लाई ने कीमत बढ़ाई हुई है।

**शॉर्टेज में एंटी स्नेक वेनम**

पूरे साल मांग में रहते हैं सांप, बिच्छू और मधुमक्खियों के दंश से विषैले प्रभाव को रोकने वाले एंटी स्नेक वेनम। इसका 20 इंजेक्शन का एक डोज़ 20 से 25 हजार



रुपए जैसे उच्च स्तर पर पहुंच चुका है। दवा बाजार का कहना है कि यह तेजी इसलिए आई हुई है क्योंकि सप्लाई लाइन बेहद शॉर्ट है जबकि डिमांड संभावित

**कीमत बढ़ने की आशंका**

स्थिति को देखते हुए लगभग दोगुनी के आसपास पहुंची हुई है।

**दबाव में एंटी रेबीज वैक्सीन भी:** कुत्तों के काटने से पीड़ितों की संख्या लगभग रोज बढ़ रही है। आवश्यक 7 वैक्सीन वाले एक डोज़ की खरीदी 350 से 450 रुपए में पीड़ित परिवार को करनी पड़ रही है। बढ़ी हुई यह कीमत और भी आगे बढ़ने की आशंका इसलिए बन रही है क्योंकि एंटी रेबीज वैक्सीन भी चौतरफा डिमांड के प्रेशर में हैं। इसलिए शॉर्ट सप्लाई की स्थिति में यह भी आ चुका है।

**शिकायत इसलिए नहीं**

जान बचाना पहली प्राथमिकता। यह गंभीर सोच, पीड़ित और पीड़ित परिवार को जिम्मेदार जांच एजेंसियों तक पहुंचने से रोकती हैं। यही वजह है जो अधिकतम खुदरा विक्रय मूल्य से ज्यादा कीमत पर खरीदी करने के लिए पीड़ित परिवारों को विवश करता है। परेशान विक्रेता संस्थानें भी हो रहीं हैं क्योंकि एंटी रेबीज और एंटी स्नेक वेनम कंपनियों ने सप्लाई लाइन अभी भी चुस्त नहीं की हैं।

# पलारी ब्लाक में किसानों को नहीं मिल रहा खाद-बीज

**पलारी,** 7 जून (देशबन्धु)। शिवसेना पलारी ब्लाक इकाई के द्वारा गांव-गांव का दौरा कर जनता की समस्या ओ को जानने व उसके समाधान अभियान चलाया जा रहा है इसी के तहत शिवसेना का प्रतिनिधि दल गुरुवार को पलारी ब्लाक के ग्रामीण क्षेत्रों में कोसमदा दतान पलारी गातापार कुसमी का निरीक्षण किया इस दौरान पलारी में खाद-बीज भंडारण की भारी अस्वस्था सामने आई किसानों ने बताया कि यहां रोज खाद-बीज की किल्लत बनी रहती है क इ दिनों से खाद बीज लेने के लिए चक्कर काट रहे हैं शिवसेना ने वरिष्ठ कृषि अधिकारी गंजानद



**शिवसेना पलारी ब्लाक इकाई ने सौंपा ज्ञापन**

तारण को सौंपा गया ज्ञापन जिसमें पार्टी के जिला महासचिव बद्री प्रसाद वर्मा ओमकार वर्मा जिला सचिव खिलेद सेन संतोष नवरंग शिवशैनिक शामिल हुए।

# कमरौद में हुआ कृषक चौपाल कार्यक्रम

**बागबाहरा,** 7 जून (देशबन्धु)। बागबाहरा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कमरौद ? में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषक चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहाँ जनपद पंचायत बागबाहरा के सभापति श्रीमती थनेश्वरी प्रहलाद साहू, ग्राम पंचायत पोटिया की सरपंच श्रीमती कुमूंद महानंद, सचिव देवनारायण साहू, सरपंच भारती साहू, सरपंच प्रतिनिधि चरौदा, सरपंच प्रतिनिधि डुमरपाली, ग्राम के ?, विशिष्ट नागरिक भुवन लाल साहू, यादराम पटेल, डोमन साहू, गणेश पटेल, कृषि विभाग के अधिकारी, मछली पालन अधिकारी, पशुपालन अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




# कारागुला में मनाया गया भीमसेनी एकादशी का भव्य मड़ई मेला

**बागबाहरा,** 7 जून (देशबन्धु)। बागबाहरा विकासखंड के अंतर्गत ओड़िशा सीमा से लगे ग्राम पंचायत पंडरीपानी के आश्रित ग्राम कारागुला में प्रति वर्ष की भांति ज्येष्ठ मास एकादशी तिथि (भीमसेनी एकादशी) के पावन अवसर पर सन् 1978 के पूर्व से निरंतर समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में भव्य मड़ई मेला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य आतिथ्य स्वीकार कर सम्मिलित होने जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर कारागुला गांव पहुंचे। जहाँ मेला समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों द्वारा अतिथियों का फूल माला एवं गुलाल से जोशिला स्वागत किया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने भव्य मड़ई मेला में उपस्थित लोगों को




सम्बोधित करते हुए कहा कि यहाँ का मड़ई मेला कई दशकों से होती चली आ रही है। जिसका एक प्राचीन इतिहास है।

**जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने की मड़ई मेला में शिरकत**

वहीं दूसरी ओर इस आयोजन से ग्रामीणों में आपसी भाईचारा एवं प्रेमभाव बना रहता है। हर साल यहाँ आने वाले लोग भव्य मड़ई मेला का खूब आनंद लेते हैं। आसपास समेत ओड़िशा क्षेत्र के गांवों के लोग बड़ी संख्या में मड़ई मेला देखने कारागुला गांव पहुँचते हैं। इस कार्यक्रम में नर्रा क्षेत्र के जनपद सदस्य लोचनराम पटेल, जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा दुबेलाल साहू, अध्यक्ष भाजपा मंडल कोमाखान नितिन जैन, महामंत्री श्रीमती लेखमणि पटेल, भाजपा नेत्री श्रीमती किरन यदु, अजय ध्रुव, ओमप्रकाश ध्रुव, गुलशन बघेल, सरपंच प्रतिनिधि परमेश्वर पटेल, पूर्व सरपंच चिंतामणि चंद्राकर, मन्नू पटेल, ग्राम विकास समिति कारागुला के समस्त सम्माननीय ग्राम प्रमुख जन, आसपास के सम्माननीय सरपंच एवं जनप्रतिनिधि गण सहित सुदूर अंचलों से पहुंचे दर्शनार्थी एवं गणमान्य जनों की गरिमामय उपस्थिति रही।

# पेंशनर्स समाज नगरी में पूर्व कलेक्टर आर राणा का ऐतिहासिक प्रबोधन

**नगरी,** 7 जून (देशबन्धु)। छग पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नगरी में पूर्व कलेक्टर जी आर राणा का आगमन हुआ। अध्यक्ष आर एल देव संरक्षक के एस श्रीमाली द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। पेंशनर्स समाज के सभी सदस्य गणों ने उनसे सौजन्य भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। श्री राणा ने अपने उद्बोधन में सिहावा क्षेत्र की पौराणिक कथाओं का वर्णन करते हुए वर्तमान में लुप्त हो रहे ऐतिहासिक धरोहरों की सुरक्षा और उनके संवर्धन हेतु क्षेत्र की जनता और विशेषकर पेंशनर समाज को आगे आने तथा शोध कार्य के द्वारा उनकी जानकारी एकत्रित करने हेतु प्रयास करने की बात कही। उन्होंने विभिन्न पौराणिक कथाओं के माध्यम से विस्तारपूर्वक उन तथ्यों को



सामने रखा जिन्हें अधिकांश लोग नहीं जानते। श्री राणा ने अपने द्वारा प्राप्त विश्व रिकॉर्ड्स के बारे में भी जानकारी दी। पेंशनर्स समाज की समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराने पर उन्होंने इस संबंध में आगामी चर्चा में बात रखने के बारे में जानकारी दी। पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नगरी के सदस्यगण उन्हें अपने बीच पाकर बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने पुनः आने के लिए निवेदन किया। अध्यक्ष आर एल देव जी ने उन्हें श्रीफल और शाल भेंटकर सम्मान सहित विदाई दी। इस अवसर पर बी एस सुरेशा, पी आर चंद्रवंशी, एल एस गजपाल, अलका गजपाल, शकुन कश्यप, जी आर माण्डले, के आर सिन्हा, जी सी साहू, एल एल नाग, एस के नाग, जी एस वर्मा, एम एल साहू और एस पी ग्वाले के अलावा बड़ी संख्या में पेंशनर्स समाज के सदस्यगण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी एस पी ग्वाले ने दी।

# रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न

**पिथौरा,** 7 जून (देशबन्धु)। स्थानीय भगत सिंह खेल मैदान में मॉर्निंग क्रिकेट द्वारा रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमें विजेता व उप विजेता सहित श्रेष्ठ टीमों को सम्मान, पुरस्कार प्रदान किया गया। जिसके अंतर्गत विजेता एमसीए पिथौरा को 31001




रु का नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी उप विजेता एकता झलप टीम को 15001 रु का पुरस्कार एवं ट्रॉफी तृतीय स्थान अंसुला को 7001 रु का नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी व चतुर्थ पुरस्कार श्याम नगर झलप को 4001 रु का नगद पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया। इस अवसर पर दर्जनों खिलाड़ी व दर्शक उपस्थित थे।

# 15 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बिलाईगढ़,** 7 जून (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा अति० पुलिस अधीक्षक निमिषा पाण्डेय एवं उप पुलिस अधीक्षक सारंगढ़ अविनाश मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में मुखबीर की सूचना पर 15 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ 01 आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है।

आज दिनांक 06.06.2025 के सुबह करीबन 06/30 बजे जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति ग्राम बार कच्ची रोड से पैदल चलते भारी मात्रा में अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री हेतु लेकर जा रहा है की सूचना पर हमराह स्टाफ तथा गवाहों के साथ मुखबिर के बताए स्थान



**15 लीटर हाथ भट्ठी का बना कच्ची महुआ शराब कीमत 3000 रुपए जब्त**

पर घेराबंदी कर आरोपी हीरालाल को शराब ले जाते पकड़ा गया जिसके कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी के अंदर पारदर्शी पन्नी में भरा करीब 15 लीटर हाथ भट्टी का कच्ची महुआ शराब कीमती ?3000 मिला जिसे गवाहों के समक्ष जप्त कर आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध थाना सरिया में अप० क्र०-111/2025 धारा 34 (2) 59 (क) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपीया को आज दिनांक 06.06.2025 को रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रमोद यादव, प्र. आर. टीकाराम आर. दिलीप स्नेही, नर्मदा, प्यारे, लक्ष्मी पटेल और ताराचंद्र का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक में अनेक विषयों पर चर्चा

**महासमुंद,** 7 जून (देशबन्धु)। छग पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक हुई। बैठक में नवीन सदस्यों श्रीमती प्रभा पंडा, दिनेश कुमार द्विवेदी का अंग वस्त्र, श्रीफल, सदस्यता सम्मान पत्र एवं पुष्प माला से स्वागत किया गया। इसी तरह प्रांतीय पेंशनर दिवस 2026 में महासमुंद जिले में आयोजित करने के लिए बी के चंद्राकर के प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने सहमति से आयोजन करने का निर्णय लिया गया। जिसके लिए पूर्व मे आयोजन समिति का गठन किया गया जा चुका है। समिति के संयोजक बंसीलाल चंद्राकर, सहसंयोजक डॉ राम कुमार चंद्राकर एवं कोष प्रभारी बलराम धुव्र द्वारा प्रति माह प्रति सदस्य 200 रू राशि संग्रहण की जानकारी दी गई। माह जून में जिन सदस्यों का जन्म दिवस है उन सदस्यों का जन्म दिवस भी मनाया गया जिसके अनुसार चमन लाल चंद्राकार, सालिक राम चंद्राकर, भानु प्रसाद सूर्यवंशी का श्रीफल से सम्मान करते हुए उनके जन्मदिन उत्सव मनाया गया तथा श्रीमती राम बाई गुरु दत्ता को दूरभाष पर जन्मदिवस की बधाई दी। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर डा अशोक गिरि गोस्वामी जिलाध्यक्ष द्वारा पर्यावरण के संबंध में



विस्तार से जानकारी दिया गया, इसके अलावा रघुनाथ सिन्हा, श्रीमती प्रभा पडा, के के हनुमंता ने भी पर्यावरण पर विचार रखे। प्रत्येक वर्ष माह जून जुलाई में आयकर रिटर्न भरा जाता है, इस संबंध में पेंशनधारी कल्याण संघ के उपाध्यक्ष के के हनुमंता द्वारा विस्तार से जानकारी दिया गया। सभी सदस्य रिटर्न अनिवार्य से जमा करें ताकि उनकी पेंशन में किसी प्रकार का प्रभाव न पड़े। पेंशनर भवन में सदस्यों की सहमति से गुप्त दानदाता के द्वारा शौचालय का निर्माण किया जा रहा है इसके संबंध में संघ के सचिव बी आर देवांगन द्वारा जानकारी दी गई। ब्यय अधिक होने के की स्थिति मे सभी सदस्यों से आर्थिक सहयोग की अपील किया गया। पेंशनर भवन में विद्युत आपूर्ति को देखते हुए नए विद्युत मीटर लगाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। पेंशन भवन में शीघ्र ही नए विद्युत मीटर लगाए जाएंगे। बैठक के अंत में दिवंगत पेंशनरों के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर आर के परदल एवं अदालत प्रसाद दुबे को दो मिनट का मौन रख करके श्रद्धांजलि दी गई तथा पेंशनर संघ मे उनकी सेवाओं को याद किया गया। बैठक के अंत में जिला सचिव बैसाखू राम देवांगन ने उपस्थित सदस्यों को आभार व्यक्त किया। बैठक में जिला अध्यक्ष डॉ अशोक गिरि गोस्वामी, सचिव वैशाखू राम देवांगन, कोषाध्यक्ष मनराखन ध्रुव, कार्यालय सचिव बलराम ध्रुव, उपाध्यक्ष के के हनुमंता, वरिष्ठ सदस्य बसंत कुमार चंद्राकर, आयोजन समिति के संयोजक बंसी लाल चंद्राकार, आर के चंद्राकर, आर के वर्मा, बोध राम साहू, बुधारू राम ध्रुव, लखन लाल कनौजे, चमन लाल चंद्राकार, के के चंद्राकर, रघुनाथ सिन्हा, सतीश कुमार पांडेय, डीपी चौधरी, कुवर सिंह देवांगन, मन्नू लाल साहू, सालिक राम चंद्राकर, डीसी राव भोसले, कांतिलाल यादव, भाव सिंह नेताम, भानु सूर्यवंशी, महेश कुमार शर्मा, दिनेश कुमार द्विवेदी, श्रीमती प्रभा पंडा, सनमान सिंह दीवान, रामकुमार जोगी, अरुण कुमार, राम नारायण चंद्राकर, राजेश्वर खरे आदि उपस्थित थे।

# पीएमश्री बीडी सेजेस, खरोरा के छात्रों की मोबाइल ऐप डेवलपमेंट समर कैंप में सहभागिता



**खरोरा,** 7 जून (देशबन्धु)। पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी, अंग्रेजी माध्यम विद्यालय( सेजेस) खरोरा के छात्रों ने रीजनल साइंस सेंटर, रायपुर, छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित चार दिवसीय मोबाइल ऐप डेवलपमेंट समर कैंप में भाग लिया। यह कैंप छत्तीसगढ़ विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा संचालित किया गया।

इस कैंप का उद्देश्य छात्रों को मोबाइल ऐप डेवलपमेंट के मूलभूत सिद्धांतों से परिचित कराना था, जिसमें उन्हें आधुनिक टूल्स और प्लेटफॉर्म्स का उपयोग सिखाया गया। इस कैंप के लिए चयनित छात्र थे ङ्क माया देवांगन, लखेश्वरी वर्मा, भाविका साहू, दीप्ति धीवर और पंकज देवांगन। उनके इस सहभागिता को विद्यालय की प्राचार्य रजनी मिंज तथा व्याख्याताओं का सहयोग प्राप्त हुआ। भौतिक विज्ञान की व्याख्याता श्रीमती पारुल पांडेय भी छात्रों के साथ उपस्थित रहीं।

दिनवार विवरण: प्रथम दिवस~ छात्रों का परिचय कराया गया तथा उन्हें FlutterFlow वेबसाइट के माध्यम से ऐप डेवलपमेंट में उपयोग होने वाले विभिन्न टूल्स की जानकारी दी गई। द्वितीय दिवस~ छात्रों ने अपने ऐप का डिज़ाइन और लेआउट तैयार किया तथा यूजर इंटरफेस की समझ विकसित की। तृतीय दिवस~ छात्रों ने Supabase की मदद से ऐप के बटनों में कार्यक्षमता (फंक्शनैलिटी) जोड़ी और ऐप को डेटाबेस से जोड़ा। चतुर्थ दिवस~ इस दिन डेटा वैलिडेशन, पॉलिसी सेटिंग तथा स्टोरेज क्रिएशन का अभ्यास किया गया। इसी दिन प्रमाण पत्र वितरण एवं समूह फोटो के साथ कैंप का समापन हुआ।

यह प्रशिक्षण छात्रों के लिए एक उपयोगी एवं प्रेरणादायक अनुभव रहा, जिससे उनकी तकनीकी समझ और नवाचार की भावना को बढ़ावा मिला।

# रासेयो ने किया वृक्षारोपण




**खरोरा,** 7 जून (देशबन्धु)। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र मण्डल के संयुक्त तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिनांक 5जून] को एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके लिए प्राचार्य महोदय, महाराष्ट्र मण्डल प्रतिनिधि, सभी कर्मचारी, विद्यार्थी तथा स्वयंसेवक प्रातः 11~00 बजे महाविद्यालय में उपस्थित हुए। सभी आगंतुकों तथा प्राचार्य महोदय का स्वयंसेवको द्वारा हृस्स्बैच लगाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात सभी ने वृक्षारोपण स्थल की ओर प्रस्थान किया। प्राचार्य महोदय सभी महाराष्ट्र मण्डल प्रतिनिधि, कर्मचारियों तथा स्वयंसेवको द्वारा मिलकर महाविद्यालय परिसर मे विभिन्न स्थानों पर कुल 25 पौधे लगाए गए। अंततः आज का यह कार्यक्रम कार्यक्रम अधिकारी श्री प्रशांत साहू सर एवं डॉ. शशिबाला किंडो मैम के तत्वाधान में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।